सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 28.0
RNI NO : UPHIN/2010/31173
डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016
वर्ष-19 अंक-56 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, बुधवार, 13 अगस्त 2025
18 सफर 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com



# चार नए सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट को मंजूरी

**कैबिनेट के फैसले**

■ 18,541 करोड़ रुपये की योजनाओं को मिली मंजूरी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में मंगलवार को तीन बड़े फैसले लिए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 18,541 करोड़ रुपये की योजनाओं की मंजूरी दी गई। केंद्रीय मंत्रीमंडल ने देश में चार नए सेमीकंडक्टर परियोजनाओं की मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं पर करीब 4,594 रुपये खर्च किए जाएंगे। ये परियोजनाएं ओडिसा, पंजाब और आंध्र प्रदेश में शुरू होंगे।

कैबिनैट ने दूसरा बड़ा फैसला लखनऊ मेट्रो के बारे में लिया है। केंद्रीय कैबिनेट ने 5,801 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले लखनऊ मेट्रो के फेज वन बी परियोजना को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही सरकार ने 8,146 करोड़ की लागत वाली क्लीन ग्रोथ टाटो-।। हाइड्रोइलेक्ट्रिक परियोजना को मंजूरी दे दी है। यह परियोजना 700 मेगावाट बिजली पैदा करेगी। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को केंद्रीय कैबिनेट में लिए गए इन फैसलों की जानकारी दी। केंद्रीय मंत्रीमंडल ने भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत चार और सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को मंजूरी दी। आज स्वीकृत प्रस्ताव कॉन्टिनेंटल डिवाइस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ग्लास सॉल्यूशंस इंक और एडवांस्ड सिस्टम इन पैकेज टेक्नोलॉजीज से जुड़े हैं। ओडिशा, पंजाब और आंध्र प्रदेश में विनिर्माण इकाइयां स्थापित की जाएंगी। इन पर 4,600 करोड़ रुपये का खर्च किया जाएगा। इन परियोजनाओं में 2034 कुशल पेशेवरों को रोजगार मिलेगा। यह प्रोजेक्ट लेक्ट्रॉनिक विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देगा। इसके असर से अप्रत्यक्ष नौकरियां भी पैदा होंगी। देश में आईएसएम के तहत अब कुल 10 स्वीकृत परियोजनाएं हैं। पूर्व की परियोजनाओं के तहत 6 राज्यों में लगभग 1.60 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया गया है।

**अरुणाचल प्रदेश में जल विद्युत परियोजना :** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अरुणाचल प्रदेश के शि योमी जिले में 700 मेगावाट की तातो-द्वद्व जल विद्युत परियोजना के निर्माण को मंजूरी दी है। इस परियोजना पर 8146.21 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और इसे 72 महीने की अवधि में पूरा किया जाएगा। इस परियोजना का लक्ष्य 700 मेगावाट की क्षमता स्थापित करना है। जो 2738.06 एमयू ऊर्जा का उत्पादन करेगी। यह परियोजना उत्तर पूर्वी इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड और अरुणाचल सरकार के बीच एक संयुक्त उद्यम कंपनी के माध्यम से चलाई जाएगी।

### लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना का विस्तार

केंद्रीय कैबिनेट ने लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के चरण-1बी को मंजूरी दे दी है। इसके तहत 12 स्टेशनों के साथ 11.165 किलोमीटर लंबा गलियारा तैयार किया जाएगा। परियोजना के तहत सक्रिय मेट्रो रेल नेटवर्क को 34 किलोमीटर तक विस्तारित करने की योजना है। परियोजना का लक्ष्य पुराने लखनऊ के प्रमुख क्षेत्रों को मेट्रो में शामिल करना है। इन इलाकों में शामिल हैं- अमीनाबाद, यहियागंज, पांडेगंज और चौक जैसे वाणिज्यिक केंद्र। इसके बाद मेट्रो नेटवर्क से किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी व प्रमुख पर्यटक आकर्षण, जैसे इमामबाड़ा, छोटा इमामबाड़ा, भूल भुलैया, घंटाघर और रूमी दरवाजा भी जुड़ जाएंगे। शहर की समृद्ध खान-पान की संस्कृति के लिए प्रसिद्ध पाककला स्थल भी मेट्रो के नए फेज से जुड़ जाएंगे।

# ओलंपियाड में बोले पीएम मोदी, भारत रिसर्च के क्षेत्र में अरबों डॉलर का निवेश कर रहा

■ हम चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सफलतापूर्वक उतरने वाले पहले देश हैं



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी पर 18वें अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड के प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अंतरिक्ष विज्ञान में भारत की मजबूत विरासत पर जोर दिया। अपने संबोधन में पीएम ने युवाओं से जिज्ञासा, रचनात्मकता और सहयोगात्मक मानसिकता के साथ ब्रह्मांड की खोज में आगे बढ़ने का आग्रह किया।

मुंबई में आयोजित खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी पर 18वें अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड को वीडियो लिंक के जरिए संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत में परंपरा और नवाचार का संगम है। उन्होंने बताया कि भारत के पास दुनिया की सबसे ऊंची एस्ट्रोनॉमिकल ऑब्जर्वेटरीज़ में से एक है, जो लद्दाख में है। इस ऑब्जर्वेटरी की ऊंचाई समुद्र तल से 4,500 मीटर है। मोदी ने कहा, भारत अंतरराष्ट्रीय सहयोग की ताकत में विश्वास करता है। भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा, हम चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सफलतापूर्वक उतरने वाले पहले देश हैं।

मोदी ने कहा अनुसंधान क्षेत्र में अरबों डॉलर का निवेश हो रहा है। हम युवाओं को दुनिया भर से भारत में पढ़ाई, शोध और सहयोग के लिए आमंत्रित करते हैं। भारत वैज्ञानिक जिज्ञासा को बढ़ावा देने और युवाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। 1 करोड़ से ज्यादा विद्यार्थी अटल टिंकरिंग लैब्स में प्रायोगिक तरीके से शिक्षा ले रहे हैं। मोदी ने कहा, इससे सीखने और नवाचार की संस्कृति बन रही है। ज्ञान तक पहुंच को आसान बनाने के लिए हमने वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन योजना शुरू की है, जिसके तहत लाखों विद्यार्थी और शोधकर्ता प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स को मुफ्त में देख सकते हैं। जब हम ब्रह्मांड की खोज कर रहे हैं, तो यह सोचना जरूरी है कि अंतरिक्ष विज्ञान से पृथ्वी पर लोगों के जीवन को कैसे बेहतर बनाया जा सकता है।

### कैप्टन शुभांशु शुक्ला की तारीफ भी की

मोदी ने हाल में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से 18 दिन का सफल मिशन पूरा कर लौटे भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की भी सराहना की।

# ई20 पेट्रोल से फर्राटेदार चलेगी गाड़ियां

■ किसानों की भी बढ़ रही आय, सरकार ने गिनाएं फायदे




**नई दिल्ली।** 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल (ई20) को लेकर हो रही आलोचनाओं के बीच केंद्र सरकार ने साफ कहा है कि यह कदम प्रदूषण घटाने, किसानों की आय बढ़ाने और विदेशी तेल पर निर्भरता कम करने के लिए जरूरी है।

पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्रालय ने कहा कि ई20 पेट्रोल से गाड़ी की पिकअप और राइड क्वालिटी भी बेहतर होती है। माइलेज को लेकर उठे सवालों पर मंत्रालय ने कहा कि 2020 में ही इस असर का अनुमान लगा लिया गया था। माइलेज कई अन्य कारणों से भी बदलता है, जैसे ड्राइविंग का तरीका, गाड़ी की सर्विसिंग, टायर का प्रेशर। कई गाड़ी मालिकों ने शिकायत की है कि ई20 पेट्रोल से माइलेज कम हुआ है और पुराने इंजनों में पार्ट्स खराब हो रहे हैं। इस पर सरकार का कहना है कि ज्यादातर मामलों में असर मामूली है और कई वाहन 2009 से ही ई20 के अनुकूल बनाए जा रहे हैं। मंत्रालय ने कहा कि यह कदम भारत के 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन लक्ष्य को पाने में मदद करेगा। नीति आयोग के एक अध्ययन के मुताबिक, गन्ने से बने एथनॉल से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन 65 और मक्के से बने एथनॉल से 50 प्रतिशत कम होता है।

### ब्राजील में ई27 का हो रहा इस्तेमाल

सरकार का कहना है कि ई20 का ऑक्टेन नंबर (108.5) पेट्रोल (84.4) से ज्यादा है, जिससे गाड़ियों में बेहतर पिकअप और वॉल्यूमेट्रिक एफिशिएंसी मिलती है। खासकर शहरों में ड्राइविंग के लिए यह फायदेमंद है। ब्राजील का उदाहरण देते हुए सरकार ने कहा कि वहां 27 प्रतिशत एथनॉल वाला फ्यूल (ई27) कई सालों से बिना दिक्कत के इस्तेमाल हो रहा है और वही कंपनियां वहां भी गाड़ियां बेचती हैं जो भारत में हैं।

## दिल्ली-एनसीआर में 10-15 साल पुराने वाहनों को फिलहाल राहत


**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में डीजल के 10 साल पुराने और पेट्रोल के 15 साल पुराने वाहनों के मालिकों को फिलहाल बड़ी राहत दी है। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि ऐसे वाहनों के मालिकों पर फिलहाल कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जाएगी।

चीफ जस्टिस बी.आर.गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और एन.वी. अंजारिया की बेंच ने यह आदेश दिया। यह फैसला तब आया, जब दिल्ली सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया कि ऐसे वाहनों के मालिकों पर जबरदस्ती कोई कार्रवाई न की जाए। शीर्ष कोर्ट ने कहा, नोटिस जारी किया जाए। चार हफ्तों में जवाब मांग गया है। इस बीच, हम निर्देश देते हैं कि डीजल के 10 साल पुराने और पेट्रोल के 15 साल पुराने वाहनों के मालिकों के खिलाफ सख्ती न की जाए।

# कानून हाथ में लेने वालों को सख्त सजा मिलेगी

**फतेहपुर घटना**

■ रिपोर्ट दर्ज, किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा



**लखनऊ।** यूपी विधानमंडल के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को विधानसभा में फतेहपुर में हाल ही में घटी घटना को लेकर विपक्ष के सवालों के बीच वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार और उसका कोई भी तंत्र इस घटना में किसी भी प्रकार से शामिल नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद हैं और सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जो भी कानून अपने हाथ में लेगा उसको सख्त सजा देने का काम हमारी सरकार करेगी।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे के सवाल का जवाब देते हुए सुरेश खन्ना ने कहा कि इस घटना में सरकार का और सरकारी तंत्र का कोई इनवॉल्वमेंट नहीं है, इसका हम पूरी तरह से खंडन करते हैं। उन्होंने कहा कि घटना के तुरंत बाद 11 अगस्त को थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। इस एफआईआर में 10 नामजद आरोपियों के अलावा 150 अज्ञात लोगों को भी शामिल किया गया है। इन सभी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की गंभीर धाराओं धारा 190, 191(2), 191(3), 301, 196 के साथ ही आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम-7 और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा-2,3 के तहत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि ये धाराएं इस बात का संकेत हैं कि सरकार इस घटना को बेहद गंभीरता से ले रही है और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। मामले की गंभीरता को लेकर योगी सरकार सख्ती से कार्रवाई कर रही है। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि जो हिंदुवादी नेता मामले में पुलिस पर दबाव बना रहे हैं, उनका सरकार पर कोई दबाव नहीं है।

### कानून अपना काम करेगा

सुरेश खन्ना ने कहा कि घटना के संबंध में दर्ज की गई रिपोर्ट से स्पष्ट है कि सरकार अपना काम कर रही है। इसमें कानून अपना काम कर रहा है और जो भी व्यक्ति कानून अपने हाथ में लेने की कोशिश करेगा, उसे न्यायिक प्रक्रिया के तहत दंड जरूर मिलेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार की प्राथमिकता हर हाल में लॉ एंड ऑर्डर को मेंटेन रखना है और किसी भी तरह की अराजकता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# अंबानी की संपत्ति अदाणी से दोगुनी होकर 28 लाख करोड़ हुई

■ बीते एक साल में अंबानी परिवार की संपत्ति 10 फीसद बढ़ी

**नई दिल्ली।** अरबपति मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाले अंबानी परिवार के पास 28 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति है। यह अदाणी परिवार की 14.01 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति से दोगुनी से अधिक है। हुरुन की ओर से बार्कलेज के सहयोग से तैयार की रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि देश के 300 सबसे मूल्यवान भारतीय परिवारों के पास 1.6 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (140 लाख करोड़ रुपये) से अधिक की संपत्ति है। यह देश के सकल घरेलू उत्पाद के 40 प्रतिशत से भी अधिक है। अकेले अंबानी परिवार की संपत्ति देश के सकल घरेलू उत्पाद का 12 प्रतिशत है। रिपोर्ट के अनुसार, अंबानी परिवार की संपत्ति में पिछले वर्ष 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इससे यह देश में सबसे मूल्यवान पारिवारिक व्यवसाय के रूप में अपनी रैंकिंग बरकरार रखने में सफल रहा है।






# अमेरिकी टैरिफ से न डरें, नए बाजार तलाशेंगे : कृषि मंत्री

■ शिवराज सिंह चौहान ने किसानों को दिया भरोसा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को किसानों को आश्वस्त किया कि अमेरिका की तरफ से भारतीय कृषि उत्पादों पर बढ़ाए गए शुल्क से घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत अपने विशाल घरेलू बाजार के साथ-साथ नए अंतरराष्ट्रीय बाजार भी तलाश करेगा, ताकि किसानों की उपज को उचित मूल्य मिल सके।

दिल्ली के पूसा कॉम्प्लेक्स में किसान नेताओं को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री ने कहा, किसान भाइयों, चिंता मत करो। थोड़ी कठिनाई जरूर आएगी, लेकिन हम देख लेंगे। भारत जैसे बड़े देश में ही सारी उपज खप सकती है। उन्होंने अमेरिका और यूरोप की जनसंख्या का उदाहरण देते हुए कहा कि अमेरिका की आबादी मात्र 30 करोड़ और यूरोप की 50 करोड़ है, जबकि भारत की 140 करोड़ की आबादी हमारी सबसे बड़ी ताकत है, कमजोरी नहीं। शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री के हालिया बयान को दोहराते हुए कहा कि देश के किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं होगा, चाहे इसके लिए बड़ी कीमत ही क्यों न चुकानी पड़े। उन्होंने साफ किया कि समझौता केवल बराबरी के आधार पर होगा- थोड़े हमारे, थोड़े तुम्हारे। कृषि मंत्री ने कहा कि अमेरिका और भारत की खेती की स्थिति अलग है।


## मोदी की उज्बेक राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव से द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव से फोन पर बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के प्रमुख क्षेत्रों, खासकर व्यापार, कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य और प्रौद्योगिकी में हुई प्रगति पर चर्चा की। पीएम ने मिर्जियोयेव के साथ हुई बातचीत को सार्थक बताया।

मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा, हमने अपने द्विपक्षीय सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में हुई प्रगति की समीक्षा की और भारत-उज्बेकिस्तान साझेदारी को आगे बढ़ाने के अपने साझा संकल्प की पुष्टि की। उज्बेकिस्तान राष्ट्रपति की ओर से यह फोन तब आया जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप यूक्रेन युद्ध को लेकर रूसी राष्ट्रपति पुतिन से 15 अगस्त को अलास्का में मिलने वाले हैं।

# हिंद महासागर में चीन और पाकिस्तान की जुगलबंदी से भारत अलर्ट

■ महासागर क्षेत्र में भारत अपनी सैन्य ताकत बढ़ाए : समिति




**नई दिल्ली।** चीन अपनी विस्तारवाद नीति को गंभीरता से लेते हुए सैन्य ताकत को लगातार बढ़ रहा है। हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की मौजूदगी बढ़ती जा रही है। भारत ने भी इस बात पर चिंता जाहिर की है।

विदेश मामलों की संसदीय समिति ने चेतावनी दी है कि चीन लगातार अपनी नौसेना को ताकतवर बनाने में जुटा है। वहीं, समिति ने कहा कि चीन-पाकिस्तान नौसैनिक गठजोड़ ने भारत की चिंता बढ़ा दी है। संसदीय समिति ने भारत सरकार से आग्रह किया है कि वह सैन्य क्षमताओं को मजबूत करे और रणनीतिक संतुल बनाए रखने के लिए साझेदार देशों के साथ लगातार संयुक्त सैन्य अभ्यास करे। कांग्रेस सांसद शशि थरूर की लीडरशिप में 31 सदस्यीय समिति ने इस बात पर जोर दिया कि महासागर क्षेत्र में भारत की लीडरशिप उसके भू-राजनीतिक और आर्थिक हितों का स्वाभाविक और आवश्यक विस्तार है। समिति ने कहा कि हिंद महासागार निस्संदेह भारत की वैश्विक रणनीति का एक अभिन्न अंग है।

### पनडुब्बी रोधी युद्धपोतों को बेड़े में शामिल करे सेना

पिछले हफ्ते ही भारत ने दक्षिण चीन सागर में फिलीपींस के साथ अपना पहला संयुक्त नौसैनिक अभ्यास किया, जिसका उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री साझेदारी को मजबूत करना है। हालांकि, विशेष रूप से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में, समिति ने भारत से किसी भी उभरते खतरे से निपटने के लिए तैयारी सुनिश्चित करने के लिए पनडुब्बी रोधी युद्धपोतों, निगरानी विमानों और परमाणु ऊर्जा चालित पनडुब्बियों को शामिल करके अपनी नौसेना को मजबूत करने का आग्रह किया है।

# विद्यालयों का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण प्रधान पर गिरी गाज 95-जी का नोटिस

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल मंगलवार सुबह



औचक निरीक्षण पर निकलीं तो सीधे ब्लॉक सदर क्षेत्र के परिषदीय विद्यालय यूपीएस कोरैया जंगल, पीएस निपनिया, पीएस धौरहरा खुर्द और पीएस बौठा सहित विद्यालय भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों का भी स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षाओं में बच्चों की पढ़ाई, शिक्षक-छात्र उपस्थिति, मिड डे मील की गुणवत्ता, साफ-सफाई और मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से आकलन किया। इस दौरान डीपीआरओ विशाल सिंह, डीपीओ भारत प्रसाद, बीईओ देवेश राय मौजूद रहे निरीक्षण की शुरुआत डीएम ने यूपीएस कोरैया जंगल से की। यहां पहुंचकर उन्होंने मिड डे मील के तहत तैयार दाल-चावल की गुणवत्ता की जांच की और पाया कि दाल पतली थी। उन्होंने बच्चों को गाढ़ी दाल परोसने के निर्देश दिए। शिक्षा की गुणवत्ता परखने के लिए बच्चों से कई सवाल पूछे, उनसे किताब पढ़वाई और रीडिंग स्किल का परीक्षण किया। विद्यालय के शौचालयों की क्रियाशीलता और पेयजल की उपलब्धता की भी जांच की इसके बाद डीएम प्राथमिक विद्यालय निपनिया पहुंचीं, जहां उन्होंने उपस्थिति पंजिका समेत अन्य अभिलेखों की गहन जांच की। शिक्षकों को निर्देश दिए कि विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए अभिभावकों के साथ नियमित संपर्क बनाए रखें। जो बच्चे लगातार अनुपस्थित रहते हैं, उनके घर जाकर उन्हें विद्यालय भेजने की व्यवस्था करें पीएस धौरहरा खुर्द में निरीक्षण के दौरान डीएम ने पाया कि मिड डे मील में दी जा रही दाल में न तो सब्जी डाली गई थी और कम हल्दी का प्रयोग हुआ था। साथ ही उपस्थित बच्चों की संख्या के अनुपात में दाल कम बनी थी। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने डीपीआरओ को ग्राम प्रधान के विरुद्ध 95 जी का नोटिस निर्गत करने के निर्देश दिए।निरीक्षण का अंतिम पड़ाव प्राथमिक विद्यालय बौठा रहा। यहां शिक्षिका नौनिहालों को मुद्रा पहचानना सिखा रही थीं। डीएम ने मौके पर बच्चों से अलग-अलग मूल्य के नोट पहचानने को कहा। बच्चों ने सही उत्तर देकर अपनी सीखने की क्षमता का परिचय दिया। सही उत्तर देने वाले बच्चों को डीएम ने प्रोत्साहित करते हुए इनाम भी दिया जिले के 49 परिषदीय विद्यालयों के 1291 बच्चों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से उन्हें निकटवर्ती स्कूलों से पेयरिंग किया गया है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने निर्देश दिए कि उपस्थिति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आगले 10 दिन तक पेयरिंग स्कूल के प्रधानाध्यापक व शिक्षक स्वयं बच्चों को घर से लाएंगे और पढ़ाई के बाद सुरक्षित घर छोड़ेंगे। खंड शिक्षा अधिकारियों को व्यवस्था की सतत निगरानी के निर्देश भी दिए गए हैं।

## सहायक महाप्रबंधक इंजीनियर के आवास का ताला तोड़ नकदी समेत पांच लाख से अधिक के जेवर आदि सामान चोरी कर ले गए चोर

### खंभारखेड़ा स्थित चीनी मिल परिसर में घुसे चोर

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** सदर कोतवाली के खंभारखेड़ा स्थित चीनी मिल परिसर में घुसे चोर मिल के सहायक महाप्रबंधक इंजीनियर के आवास का ताला तोड़ दिया और नकदी समेत पांच लाख से अधिक के जेवर आदि सामान चोरी कर ले गए। घटना के बाद से मिल आवासीय परिसर में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।बिजनौर जिले के गांव इनायतनगर निवासी वीरेंद्र सिंह बजाज चीनी मिल की खंभारखेड़ा इकाई में सहायक महाप्रबंधक इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। वीरेंद्र सिंह ने बताया कि वह तीन अगस्त को अवकाश लेकर परिवार के साथ सुबह करीब सवा चार बजे अपने पैतृक गांव गए थे। 11 अगस्त की सुबह करीब 09.30 बजे वह जब वापस आ रहे थे। तभी सुबह करीब सवा आठ बजे पड़ोसी राजीव राय ने उन्हें सूचना दी कि आवास का ताला खुला हुआ लग रहा है। यह सुनकर उनके होश उड़ गए उन्होंने कारखाना प्रबंधक को मामले की जानकारी दी। कारखाना प्रबंधक की सूचना पर सुरक्षा गार्ड मौके पर पहुंचे तो देखा कि ताला टूटा हुआ था। उन्होंने मौके पर पहुंचकर देखा तो मुख्य द्वार का कुंडा टूटा मिला। आवास में रखा सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारियों के ताले टूटे हुए थे। उनमें रखा कैश और जेवर आदि सामान गायब था यह देख उनके होश उड़ गए। घर के मुख्य द्वार का कुंडा टूटा हुआ था। उन्होंने बताया कि चोर अलमारी के लॉकर को तोड़कर उसमें रखी नकदी और पांच लाख रुपये से अधिक के पत्नी के जेवर आदि सामान चोरी कर ले गए हैं। उन्होंने घटना की तहरीर पुलिस को दी है।

## भाजपा की ओर से जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में किया गया तिरंगा यात्रा का आयोजन

**लखीमपुर खीरी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में मंगलवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। संपूर्णानगर में भाजपा के मंडल अध्यक्ष प्रदीप कुमार और पार्टी नेता शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के अलावा आम जन भी शामिल हुए। तिरंगा यात्रा सेमरी बमनगर से होते हुए संपूर्णानगर में आकर समाप्त हुई। इस दौरान भारत माता की जय के नारों से पूरा वातावरण गूंजता रहा। इसके अलावा बरबर और संसारपुर में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकाली।

## मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को किया अस्त-व्यस्त

**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार सुबह हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। बारिश के कारण मुख्य सड़कों और मोहल्लों में जलभराव की स्थिति बन गई। कई निचले इलाकों में पानी सड़कों पर जमा हो गया, जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कतें हुईं। मोहल्ले की गलियों और नालियों में पानी ओवरफ्लो होने से गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा। कई मोहल्लों में घरों के अंदर भी पानी घुस गया, जिससे लोगों का सामान खराब हो गया। नगर पालिका ने बारिश के दौरान ही युद्ध स्तर पर सफाई कर्मी लगाकर पानी निकालने और नालों की सफाई का काम शुरू कराया।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** पलिया थाना के नेतृत्व में दिनांक 12.08.2025 को मु0अ0सं0 314/25 धारा 2(ख)(2)/3 उ0प्र0 गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 में वांछित अभियुक्त मनी गुप्ता पुत्र विजयपाल गुप्ता उर्फ शेरु निवासी मो0 बाजार प्रथम कस्बा व थाना पलिया जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

## किसानों के साथ धोखाधड़ी करने वाले दो शातिर आरोपी गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना नानौता पुलिस ने जैविक खाद प्लांट लगाने व किसानो को निवेशित रकम पर दोगुना मुनाफा कमाने का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी करने वाले दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मोबाइल फोन, एक लाख रुपये नगद व कूटरचित दस्तावेज बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया है। पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों के समक्ष घटना का खुलासा करते हुए एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि विगत् 9 अगस्त वादी गुरजीत सिंह पुत्र तेजपाल सिंह निवासी ग्राम शिवपुर पोस्ट खेड़ा मुगल थाना देवबन्द की तहरीर पर सुशील व तीन अन्यों द्वारा वादी से जैविक खाद का प्लांट लगाने के नाम पर करीब 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर पैसे लेने के सम्बन्ध में थाना नानौता पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री जैन ने बताया कि थाना नानौता प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार व वरिष्ठ उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक अनुज कुमार व धीरज सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर देवबन्द रोड ठसका मोड़ के पास से मुकदमें में वांछित दो आरोपियों संजीव कुमार पुत्र बीरबल निवासी ग्राम बालू माजरा थाना बडगाँव व सुशील पुत्र मांगेराम निवासी ग्राम बिलासपुर थाना गंगोह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार मोबाइल फोन, एक लाख रुपये नगद व कूटरचित फर्जी दस्तावेज बरामद कर लिये। श्री जैन ने बताया कि दबोचे गये आरोपियों के खिलाफ जनपद सहारनपुर के अन्य थानों पर भी विभिन्न अभियोग पंजीकृत है। पकड़े गए आरोपियों व उनके सहयोगियो के बैंक खातों व अन्य अवैध सम्पत्तियों की भी जाँच की जा रही है। पुलिस पूछताछ में दबोचे गये आरोपियों ने बताया कि हमने कई किसानों व अन्य व्यक्तियों से जैविक खाद का प्लांट लगाने के नाम पर ली गयी रकम से अपने व अपने रिश्तेदारों के नाम पर कार, प्लाट व अन्य सामान खरीदते थे। जब भी कोई किसान या अन्य व्यक्ति हमसें जैविक खाद के प्लांट के बारे में पूछता था, तो हम उन्हें कोई बहाना बताकर प्रोजेक्ट में देरी होना बता देते थे। पुलिस ने दबोचे गये आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## बरेली-रामपुर में बर्ड फ्लू का बड़ा खतरा आया सामने, 2 किमी दायरे में होगी मुर्गियों की मौत

**बरेली/रामपुर।** बरेली-रामपुर सीमा पर बिलासपुर इलाके में बर्ड फ्लू की दस्तक ने प्रशासन और आम लोगों की नींद उड़ा दी है। देश के सबसे बड़े पशु रोग अनुसंधान संस्थान IVRI के डायरेक्टर डॉ. त्रिवेणी दत्त ने साफ कह दिया है कि स्थिति बेहद गंभीर है और लापरवाही का नतीजा बड़ा नुकसान हो सकता है। डॉ. दत्त ने बताया कि बिलासपुर में बर्ड फ्लू के केस कन्फर्म हो चुके हैं। अब संक्रमित क्षेत्र से 2 किलोमीटर के दायरे में मौजूद सभी मुर्गियों को मारकर नष्ट किया जाएगा, ताकि संक्रमण आगे न फैल सके। यह कार्रवाई तुरंत शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसके अलावा 10 किलोमीटर के दायरे में कड़ी निगरानी रखी जाएगी। यहां पर हर पोल्ट्री फार्म, दुकानों, खेतों और आसपास के इलाकों में सैंपलिंग होगी, बीमार या मृत पक्षियों की जांच की जाएगी और रिपोर्ट आते ही कार्रवाई होगी। IVRI ने सभी पोल्ट्री फार्म मालिकों, व्यापारियों और ग्रामीणों को सख्त चेतावनी दी है कि वे सरकार की एडवाइजरी का पालन करें। इसमें संक्रमित पक्षियों के डिस्पोजल से लेकर पोल्ट्री प्रोडक्ट्स के ट्रांसपोर्ट तक हर नियम शामिल है। किसी भी तरह की ढिलाई पर कानूनी कार्रवाई होगी। संस्थान ने इज्जतनगर थाना क्षेत्र में स्थित ढ्ढङ्क्रढ्ढ कैंपस में भी हाई अलर्ट जारी कर दिया है। सभी विभागों को सतर्क रहने, आने-जाने वाले वाहनों और व्यक्तियों की सख्त जांच, सैनिटाइजेशन और बायो-सिक्योरिटी नियमों का पालन करने के आदेश हैं। डॉ. दत्त ने कहा कि बर्ड फ्लू मानव स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बन सकता है, हालांकि अभी तक मानव संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है। फिर भी, संक्रमित मुर्गियों या पक्षियों को हाथ न लगाएं, मृत पक्षियों की तुरंत सूचना प्रशासन को दें और बिना पकाए या अधपके पोल्ट्री प्रोडक्ट्स का सेवन न करें।

## दो महिलाओं का एक-दूसरे के पति से हैं अवैध संबंधज लगाए रंगदारी, हत्या जैसे कई आरोप

**बरेली।** शहर में एक अजीबोगरीब पारिवारिक विवाद ने पुलिस को भी उलझा दिया है। दो महिलाएं आमने-सामने हैं और दोनों ने एक-दूसरे पर नाजायज रिश्तों, ब्लैकमेलिंग, रंगदारी व हत्या की साजिश तक के आरोप जड़ दिए हैं। मामला मोहब्बत, शादी, धोखा और बदले के आरोपों से भरपूर है, जिसमें हर मोड़ पर कहानी पलट रही है। दोनों पक्षों की शिकायत पुलिस के पास पहुंच चुकी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपों के इस संगीन खेल ने मोहल्ले से लेकर सोशल मीडिया तक में सनसनी फैला दी है। सुभाषनगर क्षेत्र निवासी चंचल प्रजापति का कहना है कि उनके पति दानिश सक्सेना ने गुपचुप तरीके से मनी सक्सेना से शादी कर ली और पिछले आठ महीने से उसी के साथ रह रहा है। आरोप है कि पति और मनी मिलकर लोगों को झूठे मुकदमों में फंसाकर मोटी रकम वसूलते हैं। पीड़िता के मुताबिक दोनों ने उनसे भी 40 लाख रुपये की रंगदारी मांगी और इनकार करने पर जेल भिजवाने व जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने दावा किया कि प्रीति पर पहले से कई आपराधिक केस दर्ज हैं और वह फर्जी मुकदमे दर्ज कराकर लोगों को ब्लैकमेल करती है। उनका कहना है कि इज्जतनगर थाने में दर्ज एक केस में मनी सक्सेना ने जानबूझकर उनका नाम अपने पति मनमोहन के साथ जोड़ा, जबकि उनका उससे कोई संबंध नहीं है। पीड़िता का कहना है कि वह अपने बेटे की कस्टडी के लिए पति से कोर्ट में केस लड़ रही हैं। इसी दौरान मनी सक्सेना कोर्ट में खुद को उनकी बहन बताती है, जबकि असलियत में वह उनके पति के साथ पत्नी की तरह रह रही है। दूसरी ओर प्रेमनगर क्षेत्र निवासी मनी सक्सेना का आरोप है कि उनके पति मनमोहन सिंह ने तीन साल पहले उनकी मां की हत्या की थी और इस केस में वह तीन साल जेल में रहे। दो महीने चंचल प्रजापति की जमानत पर उसे बेल मिल गई, और वह जेल से छूट बाहर आए हैं। पीड़ित का कहना है कि 8 अगस्त को पति ने रास्ते में रोककर गालियां दीं और गला दबाकर मारने की कोशिश की, लेकिन उनका भाई बीच में आ गया और जान बची।

## चोरी की एक मोटरसाइकिल तथा 06 मोबाइल फोन बरामद कर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा, चोरी की एक अदद मोटरसाइकिल तथा 06 अदद मोबाइल फोन बरामद करके अभियुक्त छुटक्के उर्फ कमरुद्दीन पुत्र वाजिद उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम सैजखुर्द थाना पिसावां जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही करके अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया है दिनांक 05.08.2025 को ग्राम चौखडिया मे अज्ञात चोर द्वारा मुकेश कुमार सिंह पुत्र इन्द्रपाल सिंह नि0ग्राम चौखडिया थाना मैगलगंज की एक अदद मोटर साइकिल संख्या रजि0 नं0 क्क32 स्नक्क 1666 व दो अदद मोबाइल फोन चोरी करने की सूचना पर थाना मैगलगंज पर मु0अ0सं0 273/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। घटना के अनावरण के क्रम मे आज दिनांक 12.08.2025 को थाना मैगलगंज पुलिस टीम द्वारा एक नफर अभियुक्त छुटक्के उर्फ कमरुद्दीन पुत्र वाजिद उम्र करीब



35 वर्ष निवासी ग्राम सैजखुर्द थाना पिसावां जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया जिसके पास से मु0अ0सं0 273/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस से संबंधित मोटर साइकिल संख्या रजि0 नं0 UP 32 FP 1666 व एक किपैड फोन जिसका IMEI N0 - 351266844219164 व 351266846224196 है,बरामद किया गया तथा अन्य जगहों से चोरी के 05 अदद एण्ड्रायड मोबाइल फोन व 01 अदद किपैड मोबाइल फोन क्रमशः 01. ओप्पो एण्ड्रायड मोबाइल फोन जिसका IMEI N0 - 869238076186234 व 869238076186226,02.सैम संग एण्ड्रायड मोबाइल फोन जिसका IMEI N0- 350292732550859 व 352693352550855, 03. सैमसंग एण्ड्रायड मोबाइल फोन जिसका IMEI N0 350292736205179 व 352693356205175, 04. रेडमी एण्ड्रायड मोबाइल फोन जिसका IMEI N0 - 868565079695345 व 868565079695352,05.इनफ निक्स एण्ड्रायड मोबाइल फोन जिसका IMEI N0 357767733989787 व 357767733989795,06. आईटेल किपैड मोबाइल फोन जिसका IMEI N0 354797252089290 व 354797252089308 बरामद किये गये जिसके सम्बन्ध मे अलग से मु0अ0सं0 281/2025 धारा 317(2)/317(4) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया।

## बरेली में आजादी के जश्न का हुआ आगाज, स्कूली बच्चों ने वॉक फॉर यूनिटी से दिया एकता का सन्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** स्वतंत्रता दिवस के जश्न की शुरुआत बरेली में जोश और उत्साह के साथ हो गई। अमर उजाला के 'मां तुझे प्रणाम' अभियान के तहत मंगलवार को वॉक फॉर यूनिटी रैली का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूलों के पांच हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर देशभक्ति और एकता का संदेश दिया। सुबह डीडीपुरम स्थित शहीद चौक से महापौर डॉ. उमेश गौतम, मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, बीडीए उपाध्यक्ष मनिकंडन ए., नगर आयुक्त संजीव मौर्य और बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शंखनाद के बीच हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। भारत माता के जयघोष, वंदे मातरम के नारों और लहराते तिरंगों से शहर का माहौल देशभक्ति से सराबोर हो गया।

**देशभक्ति के रंग में रंगी रैली**

रैली में नन्हें-मुन्ने बच्चे भी शामिल हुए। कोई महात्मा गांधी, कोई भगत सिंह, तो कोई रानी लक्ष्मीबाई के रूप में सजे नज़र आए। एनसीसी कैडेट्स और स्काउट-गाइड का जोश देखते ही बन रहा था। कड़ी धूप भी बच्चों के उत्साह को कम नहीं कर सकी।

स्कूलों के शिक्षक, व्यापारी, सामाजिक संगठन और आम नागरिक बड़ी संख्या में रैली में शामिल हुए। व्यापारी संगठनों ने जगह-जगह फूल बरसाकर प्रतिभागियों का स्वागत किया। इस दौरान देशभक्ति के गीत और नारे गूंजते रहे भारत माता की जय, झंडा ऊंचा रहे हमारा, हिंदुस्तान जिंदाबाद।

**मार्ग और कार्यक्रम**

वॉक फॉर यूनिटी का सफर शहीद चौक से शुरू होकर सील चौराहा, बांके बिहारी मंदिर, वंदना स्वीट होते हुए फिर से शहीद चौक पर संपन्न हुआ। बच्चों ने करतब दिखाते हुए तिरंगा लहराया, जिसे देखकर लोग मंत्रमुग्ध रह गए।

## कच्ची शराब की कसीदगी करते एक आरोपी गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना बड़गांव पुलिस ने कच्ची शराब की कसीदगी करते एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 70 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद किए है। पुलिस ने मौके पर 180 लीटर लहन नष्ट कराते हुए आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया है।

थाना बड़गांव प्रभारी विनय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक आलोक कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम सावंतखेडी से आरोपी अमित पुत्र शेर सिंह निवासी ग्राम सावंतखेड़ी थाना बड़गांव को 70 लीटर अवैध कच्ची शराब व मय शराब कसीदगी के उपकरणो के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से बरामद करीब 180 लीटर लहन को नष्ट कराया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## पार्षदों ने की नगरायुक्त से भेंट, नोटिस भेजे जाने का किया विरोध

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा 150 क्वार्टरों को खाली करने के भेजे गए नोटिस को लेकर क्षेत्रीय लोगों में हड़कम्प मच गया है। लोगों ने पार्षद डॉ.अहमेशाम व पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा के नेतृत्व में नगरायुक्त से भेंट की और कहा कि निगम को मकान खाली कराने का कोई अधिकार नहीं है। यदि ऐसा किया गया, तो वह बर्दाश्त नहीं करेंगे। कलसिया रोड वार्ड 36 पर स्थित 150 क्वार्टरों के मसले में नगर आयुक्त नगर निगम से पार्षद डॉक्टर एहतेशाम और पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने मिलकर 150 क्वार्टर में निवास कर रहे क्षेत्रवासियों का पक्ष रखा। गौरतलब रहे कि सन् 1960 में नगर निगम द्वारा डेढ़ सौ परिवारों को क्वार्टरों का आवंटन किया गया था और शर्तों के माध्यम से किस्तों के रूप में क्वार्टर की कीमत पूरी कर ली गई थी। उसके बाद लगातार नगर निगम टैक्स विभाग टैक्स की वसूली कर रहा है, लेकिन अभी पिछले दो माह



से इन लोगों को क्वार्टर खाली करने का नोटिस जारी किया गया है, जिस संबंध में आज नगरायुक्त को क्षेत्रवासियों ने सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर नगर आयुक्त ने जांच करने के उपरांत ही कोई कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। पार्षदों ने कहा कि क्षेत्रीय लोगों ने नियमों को पूरा करते हुए अपने-अपने आवंटित क्वार्टरों की पूरी राशि जमा कर दी है, यदि लोगों के साथ ज्यादती की गई, तो उसे सहन नहीं किया जायेगा और सभी पार्षद मिलकर उनकी लड़ाई को लड़ने का काम करेंगे। इस मौके पर पार्षद परवेज मलिक, पार्षद भूरा मलिक, पार्षद कलीम अहमद, पार्षद राजीव अन्नू, पार्षद स्वराज, पार्षद अहमद मलिक, पार्षद नितिन जाटव, पार्षद हाजी गुलशेर, पार्षद डॉक्टर मोहतसीन, पार्षद अहमद मलिक, पार्षद नूर आलम, पार्षद मोहर्रम अली पप्पू, पार्षद अब्दुल खालिक, पार्षद नदीम अंसारी, पार्षद फराज अंसारी, पार्षद इमरान सैफी और क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बरेली के शीशगढ़ में पुलिस सेवाओं को मिली कई नई सौगात

### एसएसपी बरेली ने किया कई नवनिर्मित सुविधाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** पुलिस सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने की दिशा में बरेली पुलिस ने एक और कदम आगे बढ़ाया है। मंगलवार, 12 अगस्त 2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली ने थाना शीशगढ़ क्षेत्र में कई नवनिर्मित सुविधाओं का लोकार्पण किया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

थाना शीशगढ़ में आधुनिक सुविधाओं से लैस एसएचओ कार्यालय का उद्घाटन किया गया, जिससे थाने का कार्य बेहतर और सुचारू रूप से हो सकेगा। इसके साथ ही निरीक्षक अपराध/विवेचक कक्ष का भी लोकार्पण किया गया, जिसमें 07 अलग-अलग केबिन और पुलिसकर्मियों के लिए व्यक्तिगत लॉकर की व्यवस्था की गई है। यह पहल विवेचना कार्य की गोपनीयता और दक्षता बढ़ाने में सहायक होगी।

बढ़ते साइबर अपराधों से निपटने के लिए थाना शीशगढ़ में साइबर हेल्पडेस्क कार्यालय का उद्घाटन किया गया। यह सुविधा साइबर अपराध पीड़ितों को त्वरित सहायता प्रदान करने और मामलों की जांच में गति लाने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

सीसीटीएनएस कार्यालय का भी शुभारंभ किया गया, जो अपराध और अपराधियों के डेटाबेस को डिजिटल रूप से प्रबंधित करने में मदद करेगा। इससे केस ट्रैकिंग और आपराधिक रेकॉर्ड प्रबंधन में और अधिक पारदर्शिता आएगी।

पुलिस कर्मियों के लिए बेहतर भोजन व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से थाना मैस का जीर्णोद्धार किया गया है। वहीं, थाना परिसर स्थित मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के साथ उसका भी नवीनीकरण संपन्न हुआ, जिससे धार्मिक और सांस्कृतिक माहौल को बढ़ावा मिलेगा।

क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए नवनिर्मित चौकी ढकिया डाम का उद्घाटन किया गया। साथ ही, महिलाओं की सुरक्षा और सहायता के लिए शीशगढ़ बरेली अड्डे पर विशेष रूप से पिंक बूथ की स्थापना की गई, जो महिला सुरक्षा के प्रति पुलिस की गंभीरता को दर्शाता है।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली ने कहा कि इन नवनिर्मित सुविधाओं से पुलिस सेवाओं की गुणवत्ता में निश्चित रूप से सुधार होगा। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया कि वे इन संसाधनों का पूर्ण उपयोग जनसेवा और कानून व्यवस्था बनाए रखने में करें।

बरेली पुलिस ने एक बार फिर यह साबित किया है कि वह न केवल अपराध नियंत्रण बल्कि जनता को बेहतर और त्वरित सेवाएं देने के लिए भी लगातार प्रयासरत है।

## बरेली पुलिस का गुडवर्क: 5 महीने में जोड़े 52 बिखरते रिश्ते

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** घर-परिवार की कड़वाहट अगर वक्त रहते मीठी कर दी जाए तो रिश्तों की डोर टूटने से बच सकती है। आंवला कोतवाली में बना पुलिस मध्यस्थता एवं परामर्श केंद्र इसका जीता-जागता उदाहरण है। महज पांच महीने में यहां 85 पारिवारिक विवाद आए, जिनमें से 52 मामलों में पति-पत्नी और परिवारजन फिर से साथ हो गए। बाकी 33 मामलों में समझौते की कोशिश जारी है।

12 मार्च 2025 को शुरू हुआ यह केंद्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता से जुड़ा प्रशासन वाले विजन का हिस्सा है। शुरुआत से ही एसएसपी अनुराग आर्य और एसपी (दक्षिणी) की निगरानी में यह पहल तेजी से असर दिखा रही है। यहां हर बुधवार को काउंसलिंग होती है, जिसमें दोनों पक्षों को बैठाकर बातचीत कराई जाती है। कई बार तो तलाक की कगार पर पहुंचे रिश्ते भी फिर से पटरी पर लौट आए।

**परामर्श केंद्र की टीम में 6 सम्मानित**

नागरिक और 2 महिला पुलिसकर्मी हैं, जो अपनी समझदारी और तजुर्बे से मामला सुलझाने की कोशिश करते हैं। इनकी मेहनत से अब तक 61.17 फीसदी मामलों में समझौता हो चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस केंद्र ने न सिर्फ परिवारों को टूटने से बचाया, बल्कि समाज में भरोसा भी बढ़ाया है। लोग अब सीधे अदालत की राह पकड़ने से पहले यहां आकर बात करने को तैयार हो रहे हैं।

इस दौरान सीओ आंवला नितिन कुमार, इस्पेक्टर आंवला कुंवर बहादुर सिंह, अध्यक्ष जय गोविन्द सिंह, एडवोकेट रमाकांत तिवारी, रजिया सुल्तान, शोरवी अग्रवाल, रामदीन सागर, एडवोकेट योगेश माहेश्वरी, महिला हेड कांस्टेबल किरन मनी, महिला कांस्टेबल दयावती मौजूद रहे।

# बदहाली के आंसू रोता गांव

## बरसात के मौसम में जमा हो जाता है बारिश का पानी





*अवधनामा संवाददाता*
*सरफराज़ अहमद*

**नजीबाबाद।** ब्लॉक नजीबाबाद के ग्राम छोटी ज्वाली आज भी सफाई के मामले में बदहाली के आंसू रो रहा है। साफ-सफाई को लेकर गांव के प्रधान अंजान बने हुए हैं। पंचायत घर पर जाने वाली सड़क पर गंदगी के अंबार लगे हुए हैं और बरसात में हालत और भी ज्यादा खस्ताहाल हो गए हैं क्योंकि बारिश का पानी जमा हो जाने से चारों तरफ कीचड़ खाबड़ और गंदेगी ही गंदेगी की फैली हुई है चारों ओर गंदा पानी जमा है, जिसमें जहरीले मच्छर और कीड़े पैदा हो रहे हैं और प्रतिदिन गांव वालों का उधर से आना-जाना लगा रहता है और इसी रास्ते से होकर नन्हे मुन्ने बच्चे भी स्कूल आते जाते हैं जो इस कीचड़ और गंदगी का सामना कर गुजर रहे हैं। इस गंदगी और बरसात के भरे हुए पानी से जानलेवा बीमारी होने का भय बना हुआ, परंतु ग्राम प्रधान का ध्यान इस ओर नहीं है और अगर ध्यान है तो वह इससे अंजान बने हुए हैं। जब इस संबंध में ग्राम प्रधान से बात की गई तो उन्होंने बताया बारिश होने की वजह से पानी भर गया था जिसकी वजह से गंदगी हो रही है और जल्द ही काम कर दिया जाएगा, यानी कुल मिलकर बरसात के पानी का निकासी का कोई रास्ता नहीं है जिसकी वजह से गंदगी के अंबार लगे हैं। वहीं जब इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव नीरज कुमार से जानकारी लेना चाहिए उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# एसपी ने कजली मेले का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया



**कार्यालय संवाददाता**

**महोबा।** आगामी त्योहार और चल रहे कजली मेले में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ नगर के संवेदनशील स्थानों, प्रमुख चौराहो का पैदल गश्त कर निरीक्षण किया। एसपी ने गश्त दौरान सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी के साथ जायजा लेते हुए यातायात प्रबंधन को लेकर पुलिस कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए साथ ही व्यापारियों से संवाद कर शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

गौरतलब है कि आगामी राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस तथा धार्मिक पर्व चेहल्लुम के साथ साथ चल रहे ऐतिहासिक कजली मेले को देखते हुए नगर में लोगों का भारी हुजूम उमड़ रहा है। नगर के प्रमुख चौराहो, मेला स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए है, जिससे पर्व व कजली मेला सकुशल सम्पन्न कराया जा सके। सोमवार की रात पुलिस अधीक्षक ने पुलिस फोर्स के साथ पैदल गश्त करते हुए मेला स्थल, ऊदल चौक, आल्हा चौक, परमानंद चौराहा के अलावा मिश्रित आबादी वाले इलाकों आदि पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी के साथ निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों से सुरक्षा व्यवस्था के बावत जानकारी और यातायात प्रबंधन को लेकर निर्देश दिए।

निरीक्षण दौरान पुलिस अधीक्षक ने ऐतिहासिक कजली मेला के मद्देनजर मेले के आसपास की सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को पूर्ण मनोयोग और सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा। पैदल गश्त दौरान पुलिस अधीक्षक ने व्यापारी बंधुओं से भी संवाद किया और उनसे शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने व्यापारियों को विश्वास दिलाया कि पुलिस हर समय उनके साथ है और किसी भी स्थिति में उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है।

# दो छात्रों ने एशिया रोलर स्केटिंग चौंपियनशिप में जीता रजत पदक



**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** दो प्रतिभाशाली छात्र, अमानउल्लाह फारूकी और संतोष जीएम, ने दक्षिण कोरिया में आयोजित 20वीं एशिया रोलर स्केटिंग चौंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया और रजत पदक अपने नाम किया। दोनों होनहार खिलाड़ी अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के छात्र हैं।

मंगलवार को दोनों खिलाड़ी जिलाधिकारी के आमंत्रण पर कलैक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी संजीव रंजन से भेंट की। जिलाधिकारी ने दोनों खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल अलीगढ़ और एएमयू के लिए गर्व का विषय है, बल्कि देश के खेल जगत के लिए भी प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को खेलों के प्रति समर्पण, मेहनत और अनुशासन से आगे बढ़ना चाहिए, ताकि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का गौरव बढ़ा सकें। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने प्रशिक्षकों, विश्वविद्यालय प्रशासन और परिवार को दिया, जिन्होंने उन्हें निरंतर प्रोत्साहित किया। यह उपलब्धि अलीगढ़ के खेल प्रेमियों के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत है, जो आने वाली पीढ़ियों को भी खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करने की राह दिखाएगी।

# जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता दिवस को लेकर सफाई अभियान चलाने पर दिया जोर

**कार्यालय संवाददाता**



**महोबा।** स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रमों को लेकर एक बैठक जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने कहा कि जिले में स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व पूर्व की तरह धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ के अवसर पर पूरे वर्ष भर आजादी का अमृत महोत्सव गरिमामय ढंग से मनाया जा रहा है, स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ के मौके पर 13 से 15 अगस्त 2025 तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम मनाया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सभी सरकारी कार्यालयों, भवनों, विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर निर्धारित समय में ध्वजारोहण किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व साफ.सफाई व कचरा निस्तारण के संबंध में विशेष अभियान चलाया जाएगा। नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में सफाई का विशेष अभियान चलाया जाएगा। प्रत्येक वर्ष की तरह सभी सरकारी भवनों, कार्यालयों, सार्वजनिक स्थलों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था की जाएगी। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व उनके आश्रितों को सम्मानित किए जाने की व्यवस्था की जाएगी।

जिलाधिकारी नें जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि विद्यालयों में खेल प्रतियोगिता आयोजित की जाएं और खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र दिए जाएं एवं खेल प्रतियोगिता के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया जाये, जिससे बच्चे खेल के क्षेत्र में आगे बढ़कर अपना भविष्य उज्जवल कर सकें। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित करने के साथ विभिन्न महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ सफाई एवं माल्यार्पण नगर क्षेत्र में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायत एवं ग्रामीण क्षेत्र में जिला पंचायती राज अधिकारी के द्वारा कराया जाएगा। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि 15 अगस्त के शुभ अवसर पर राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी को स्वतंत्रता दिवस पर वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए। जिले में जिन 22 जगहों पर वृहद वृक्षारोपण कराया गया था, सभी नोडल अधिकारी वृक्षारोपण स्थल का निरीक्षण करके पौधों की देखरेख कराना सुनिश्चित करें तथा पौधों को बढ़ाने का प्रयास किया जाए।

# एनसीसी से मिलती है अनुशासन और देशभक्ति की प्रेरणा : लेफ्टिनेंट संदीप



**अवधनामा संवाददाता**

- **एमजीयूजी में एनसीसी प्री-स्क्रीनिंग कैम्प में शामिल हुए में 187 विद्यार्थी**

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) में नामांकन के लिए 102 यूपी बटालियन के सैन्य अधिकारियों की देखरेख में प्री-स्क्रीनिंग शारीरिक दक्षता कैम्प का आयोजन किया गया। इसमें187 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. संदीप श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को प्री-स्क्रीनिंग के नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि एनसीसी सैन्य सेवा में प्रवेश का मुख्य द्वार है जहां से राष्ट्र के भविष्य निर्माता अपने सफर की शुरुआत करते हैं। यह केवल एक चयन प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक आदर्श कैडेट के निर्माण की पहली सीढ़ी है। जो छात्र इसे गंभीरता से लेते हैं, वे न केवल एनसीसी में, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में अग्रणी बनते हैं। एनसीसी से अनुशासन, नेतृत्व और देशभक्ति की प्रेरणा मिलती है। 102 यूपी बटालियन के जेसीओ सूबेदार धरेश माने ने कहा कि प्री-स्क्रीनिंग में निष्ठा, शारीरिक योग्यता और मानसिक तत्परता की परख होती हैं। एनसीसी प्री-स्क्रीनिंग में कैडेट्स का चयन विभिन्न चरणों के माध्यम से किया जाता है।

## फसल का मुआवजा दिलाने का एमएलसी ने सदन में उठाया मुद्दा

**महोबा।** मानसून सत्र के दूसरे दिन उच्च सदन में सदस्य विधान परिषद जितेन्द्र सिंह सेंगर ने महोबा, हमीरपुर, बांदा और चित्रकूट जिले में अत्यधिक वर्षा, अतिवृष्टि से किसानों को हुए भारी नुकसान के चलते उन्हे मुआवजा राशि दिलाये जाने का मामला सदन में उठाया। जिससे किसानों के खाद बीज और बुवाई में खर्च हुआ पैसा मिल सके।

इस सीजन मे बुंदेलखंड क्षेत्र मे अत्याधिक वर्षा एवं अतिवृष्टि से विशेष कर चित्रकूट धाम मंडल में उर्द, मूंग, तिल आदि की बोई हुई फसल का पूर्ण रूप से नष्ट होने के कारण किसानों को नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। कृषको को तत्काल बीमा का लाभ दिलाया जाए, एवं जहां खेती की भूमि पर बीमा नहीं हुआ है, वहां नुकसान की भरपाई की जाए। इसके अतिरिक्त बैंको एवं सरकारी संस्थाओ द्वारा ऋण की वसूली स्थगित कर साथ ही ब्याज भी माफ़ किया जाए।

# हर घर तिरंगा अभियान में बढ़-चढ़ कर भागीदारी का डीएम का आग्रह

**अवधनामा संवाददाता**

- **स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता फैलाना हम सभी का कर्तव्य**

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने जिले के समस्त ग्राम प्रधानों, पंचायत प्रतिनिधियों, सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानों के कर्मियों तथा आम नागरिकों से 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' अभियान में उत्साहपूर्वक सहभागिता करने का आह्वान किया है।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिरंगे के सम्मान और राष्ट्रीय एकता के संदेश को घर-घर तक पहुँचाने के साथ-साथ स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता फैलाना हम सभी का कर्तव्य है। 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम न केवल देशभक्ति का प्रतीक है, बल्कि 'हर घर स्वच्छता' पहल के साथ यह हमारे गांव-गांव और मोहल्लों में स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ वातावरण बनाने में भी सहायक होगा। जिलाधिकारी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत 13 अगस्त से 15 अगस्त तक प्रत्येक घर, प्रतिष्ठान और सरकारी भवन पर तिरंगा ध्वज फहराया जाएगा। इसके साथ ही 17 अगस्त तक गांवों और शहरी क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें नालियों की सफाई, कूड़ा निस्तारण, सार्वजनिक स्थलों की धुलाई और प्लास्टिक कचरे के निपटान जैसी गतिविधियाँ की जाएंगी।

उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने घर, आस-पास और सार्वजनिक स्थलों को साफ-सुथरा रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं। ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया गया है कि वे ग्राम स्तरीय समितियों का गठन कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जनभागीदारी सुनिश्चित करें।

# भाजपा ने हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिले में तिरंगा यात्राएं निकाली गई

**समीउल्लाह खान ब्यूरो चीफ**



**फर्रुखाबाद।** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जनपद के विभिन्न मंडलों में तिरंगा यात्राएं आयोजित हुई जिसमें भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

कायमगंज नगर क्षेत्र में आयोजित यात्रा कायमगंज ब्लॉक से चलकर ट्रांसपोर्ट चौराहे के आगे स्थित शिवाजी मूर्ति पर संपन्न हुई यात्रा का नेतृत्व भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने किया। तिरंगा यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जयकारे लगाए यात्रा में देशभक्ति के गाने चल रहे थे। कायमगंज ब्लॉक पर आयोजित यात्रा कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया भारतीय जनता पार्टी के द्वारा जनपद के सभी मंडलों में तिरंगा यात्रा आयोजित की हैं जिसमें सभी कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा में देशभक्ति के नारों के साथ चलेंगे प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी यह यात्रा सफलतापूर्वक पूरे जनपद में संपन्न होगी यात्रा का उद्देश्य है भारतीय सेना के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकवाद को प्रोत्साहित करने वाला देश पाकिस्तान को जिस तरीके से जवाब दिया गया पूरी दुनिया ने भारत की ताकत का एहसास किया। यह यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब पूरे देश में देशभक्ति का जुनून छाया हुआ है भारत की सेना और भारत की सरकार ने पहली बार वैश्विक पटल पर एक रणनीति के साथ पूरी दुनिया को आतंक से लड़ने का अदम्य साहस दिखाया है। यह यात्रा देश के वीर सैनिकों को समर्पित है।

# जन्माष्टमी व चेहल्लुम के जुलूस को लेकर राजघाट थाने पर भी पीस कमेटी की बैठक



**अवधनामा संवाददाता**

- **बैठक में मुतवल्ली, धर्मगुरु व क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक रहे मौजूद**
- **शासन द्वारा जारी गाइड लाइंस के बारे में थाना प्रभारी ने कराया अवगत**

**गोरखपुर।** शासन के निर्देश पर राजघाट थाना प्रभारी सदानन्द सिन्हा की अध्यक्षता में आज शांति समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक में चेहल्लुम व जन्माष्टमी को लेकर शासन द्वारा जारी गाइडलाइंस के बारे में सभी को अवगत कराया गया। सभी लोगों से अपील की गई की त्योहार को सकुशल संपन्न करने में पुलिस का सहयोग करें।

बैठक के दौरान क्षेत्र के मुतवल्ली ,धार्मिक गुरु, जुलूस के आयोजक व संभ्रांत व्यक्तियों ने आगामी त्यौहार चेहल्लुम और जन्माष्टमी के त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए समस्याओं और सुझाव पर चर्चा किया गया शासन द्वारा जारी दिशा निर्देश को राजघाट थाना प्रभारी ने सबको बताया कि शासन द्वारा जो गाइडलाइन जारी किया गया है उसका सभी को पालन करना है। जुलूस के दौरान अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन नहीं किया जाएगा, मानक के अनुसार डीजे का संचालन किया जाएगा, जुलूस में किसी प्रकार का हुड़दंग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जुलूस में शराब पीकर आने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। जुलूस के मुतवल्लीओ से अपील की गई है कि वह जुलूस के दौरान अपने वॉलिंटियर को भी तैनात करें। पुलिस आपकी सुरक्षा में सदैव तत्पर है।

बैठक के दौरान राजघाट थाना प्रभारी सदानन्द सिन्हा ,पाण्डेयहाता चौकी इंचार्ज पप्पू राय, बसंतपुर चौकी इंचार्ज उमाशंकर कनौजिया, ट्रांसपोर्ट नगर चौकी इंचार्ज विजय कुमार सिंह अमरूतबाग चौकी इंचार्ज ज्ञानेंद्र सिंह उपनिरीक्षक वैभव उप निरीक्षक शादाब खान हेड कांस्टेबल हरेंद्र सिंह , सर्राफा मंडल अध्यक्ष महेश वर्मा ,इमामचौक मुतवल्ली एक्शन कमेटी अध्यक्ष अब्दुल्लाह आबिद अली खान नासिर अली रिजवान अहमद इरफान अहमद बिलाऊ मास्टर समेत अन्य संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

# विद्यार्थी के भविष्य पर असर डाल सकता है रैगिंग : डॉ. रघुराम



**अवधनामा संवाददाता**

- **एमजीयूजी के आयुर्वेद कॉलेज में रैगिंग के खिलाफ युवा विषय पर व्याख्यान**

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) में मंगलवार को ÷रैगिंग के खिलाफ युवा÷ विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें अतिथि वक्ता विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. रघुराम ने अपने संबोधन में रैगिंग के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों और पीड़ितों पर पड़ने वाले मानसिक एवं शारीरिक प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

डॉ. रघुराम ने कहा कि रैगिंग एक अपराध है, जो छात्रों के भविष्य और जीवन पर गंभीर असर डाल सकता है। रैगिंग के खिलाफ जागरूकता जरूरी है क्योंकि यह इससे पीड़ित विद्यार्थी के अध्ययन, उसके व्यक्तित्व विकास पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को सकारात्मक नेतृत्व, सहयोगी वातावरण और आपसी संवाद को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि शिक्षा संस्थान भयमुक्त और सौहार्दपूर्ण बने रहें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गिरिधर वेदांतम ने की। कार्यक्रम का संयोजन और संचालन डॉ. दीपू मनोहर और नितेश ने तथा आभार ज्ञापन डॉ. मिनी ने किया। कार्यक्रम में डॉ. सुमित, डॉ. साध्वी नन्दन पाण्डेय, डॉ. गोपीकृष्ण डॉ. रश्मि सहित कई प्राध्यापक और सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## भारत माता की जयकारा के साथ निकली गई तिरंगा यात्रा

**देवरिया।** मंगलवार को भाजपा भाटपार रानी मंडल के तत्वाधान में तिरंगा यात्रा का आयोजन मंडल अध्यक्ष विशंभर पांडे की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीश चंद तिवारी जी रहे। तिरंगा यात्रा बीआरडी इंटर कॉलेज से शुरू होकर नगर पंचायत तक पहुंची जहां महात्मा गांधी की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों के द्वारा माल्यार्पण अर्पित किया गया।

इस यात्रा में सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए हर कार्यकर्ता के हाथ में तिरंगा झंडा लहरा रहा था एवं भारत माता की जय, वंदे मातरम् का नारा गुंजायमान हो रहा था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीश चंद तिवारी ने कहा कि तिरंगा झंडा हमारे देश की आन, बान एवं शान है। राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का प्रतीक है। तिरंगा झंडा हमें देश की आजादी पर मर मिटने वाले देशभक्तों की याद दिलाता है।

## ताहरपुर के अन्नदाता ने सीडीओ का किया सम्मान विकास कार्यों को मिली नई ऊर्जा

**अलीगढ़।** ताहरपुर निवासी सुरेश चन्द दीक्षित ने मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह का सम्मान का प्रतीक पारंपरिक पटका पहनाकर हार्दिक स्वागत किया। यह स्वागत न केवल सम्मान का प्रतीक था, बल्कि ग्रामीणों की ओर से विकास कार्यों में उनकी सक्रिय और परिणाममुखी कार्यशैली के प्रति आभार व्यक्त करने का भी अवसर बना। सीडीओ प्रखर कुमार सिंह के नेतृत्व में जिले में पारदर्शी प्रशासन, तेजी से परियोजना क्रियान्वयन और जनसुनवाई के माध्यम से त्वरित समस्या समाधान की संस्कृति विकसित हुई है। उनकी कार्यशैली ने ग्रामीणों में विश्वास और उत्साह का माहौल पैदा किया है, जिससे योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँच रहा है। उन्होंने कहा कि सीडीओ के मार्गदर्शन में सड़क, पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम भ्रमण करने के लिए भी आमंत्रित करते हुए कहा कि उनके आने से विकास कार्यों को और गति मिलेगी। सीडीओ ने सुरेश दीक्षित को आश्वस्त किया कि जल्द ही वह गांव भ्रमण पर आएंगे। सीडीओ ने कहा कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए विकास योजनाओं का क्रियान्वयन तेज़ी और पारदर्शिता से जारी रहेगा, ताकि जिले का हर गांव प्रगति की नई ऊँचाइयों को छू सके।

## प्राथमिक शिक्षक संघ जिला मंत्री राज किशोर शुक्ल व राजेश यादव ने उप जिलाधिकारी से वार्ता की

**हबीब खान संवाददाता, फर्रुखाबाद।** उपजिलाधिकारी कायमगंज से वार्ता करते हुए शिक्षक संघ के पदाधिकारी - उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार, ब्लाक अध्यक्ष निर्देश गंगवार , आर्येंद्र यादव, मुकेश राजपूत, विक्रांत पाठक, वीरेंद्र सिंह,देवेन्द्र सत्यार्थी सहित दर्जन भर शिक्षकों ने बीएलओ ड्यूटी में प्रधानाध्यापकों, इंचार्ज हेड,दिव्यांगों व प्रसूति अवकाश पर चले रही महिलाओं की ड्यूटी लगाने से शिक्षकों में घोर असंतोष के चलते शिक्षक संघ पदाधिकारियों ने एसडीएम कायमगंज से वार्ता की। वार्ता के बाद एसडीएम ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जिनकी जायज समस्या होगी उन्हें बीएलओ ड्यूटी से हटा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाकी बीएलओ तत्काल अपनी ड्यूटी रिसीव करें अन्यथा उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण समिति एवं बाल विवाह जिला ट्रांस्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई

**अल्ताफ उल्लाह खान, फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण समिति एवं बाल विवाह जिला टास्क फोर्स की बैठक संबंध की गई। जिलाधिकारी महोदय द्वारा खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि ग्राम बाल संरक्षण समिति की बैठक 3 माह नियमित कराए। उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के 38 आवेदन को डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। जिला परिषद अधिकारी को निर्देशित किया गया कि बाल श्रम को रोकने हेतु श्रम विभाग, पुलिस विभाग, महिला कल्याण विभाग की संयुक्त टीम बना कर अभियान चलाया जाए। बाल विवाह के एक प्रकरण पर वरिष्ठ जिला अभियोजन अधिकारी से सलाह लेकर तत्काल निस्तारण किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, क्षेत्राधिकारी अमृतपुर, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी व संवंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम एवं एसपी द्वारा संयुक्त रूप से बाढ प्रभावित परिवारों को बाढ राहत सामग्री वितरित की गई

**अता उल्लाह खान, फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा संयुक्त रूप से बाढ़ प्रभावित अमृतपुर तहसील के रामनिवास महाविद्यालय चित्रकोट गांधी पहुँचकर चित्रकोट गाँव के 205 बाढ़ प्रभावित परिवारों को निशुल्क बाढ़ राहत सामिग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अमृतपुर व तहसील के कर्मचारी मौजूद रहे।

# इकतीस अगस्त तक चलेगा स्कूल आधारित विशेष टीकाकरण अभियान

- **सीएमओ ने महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज से किया शुभारंभ**

**अवधनामा संवाददाता**



**गोरखपुर।** जिले में इकतीस अगस्त तक स्कूल आधारित विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा ने महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज से मंगलवार को इस अभियान का उद्घाटन किया। अभियान के दौरान जिले के सभी स्कूलों में कक्षा पांचवीं और दसवीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को टिटनेस-डिप्थीरिया (टीडी) का टीका लगाया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि कक्षा पांच में पढ़ने वाले दस वर्ष के विद्यार्थियों को टीडी दस और कक्षा दस में पढ़ने वाले सोलह वर्ष तक के विद्यार्थियों को टीडी सोलह वैक्सीन लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि नियमित टीकाकरण बारह प्रकार की जानलेवा बीमारियों से रक्षा करता है। इन बीमारियों में डिप्थीरिया (गलघोटू) और टिटनेस भी शामिल हैं। डिप्थीरिया (गलाघोंटू) बीमारी अब अपेक्षाकृत बड़े बच्चों में अधिक हो रही है, इसी वजह से कक्षा पांचवीं और दसवीं में पढ़ने वाले बच्चों का टीकाकरण किया जा रहा है। उद्घाटन स्थल पर सत्र के दौरान 145 विद्यार्थियों की टीकाकरण किया गया।

सीएमओ डॉ झा ने बताया कि टीकाकरण के बाद कुछ बच्चों में बुखार और इंजेक्शन वाली जगह पर लालिमा या सूजन की दिक्कत हो सकती है । यह सामान्य प्रतिक्रिया है और इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। इससे बचाव के उपाय बताने के साथ साथ बुखार की दवा भी दी जाती है। उद्घाटन कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एके चौधरी , जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ नंदलाल कुशवाहा, प्रधानाचार्य महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज, उप जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी सुनीता पटेल, विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि और कई अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहे। सीएमओ डॉ झा ने जनपदवासियों से अपील की है कि स्कूलों से उनके बच्चों के टीकाकरण के लिए जब भी कंसेंट मांगा जाए, अपनी सहमति अवश्य दे दें।

# ऐतिहासिक कजली महोत्सव के तीसरे दिन शहीद मेले में ग्रामीणों की जुटी भारी भीड़

**कार्यालय संवाददाता**



**महोबा।** बुंदेलखंड के मशहूर ऐतिहासिक ग्रामीण कजली मेले के तीसरे दिन शहीदों की याद में हवेली दरवाजा मैदान में मेले का आयोजन किया गया। पुरानी परम्परा के अनुसार आज भी मेले में ग्रामीणों की भारी भीड़ जुटती है। इतना ही नहीं ग्रामीण अंचलों से आने वाले लोग घरेलू सामान की सबसे ज्यादा खरीददारी करते हैं। कोई उलसा बेलन, चिपटा, तबा, बर्तनों की खरीददारी करता दिखाई दिया तो वहीं दूसरी तरफ प्लास्टिक और फाइवर के सामान की भी खूब बिक्री हुई। फाइवर की प्लेट, कटोरी और ट्रे की दुकाने देख ग्रामीण खरीददारी मे जुट गए। वहीं बच्चों और महिलाओं ने झूलों का आनंद लिया। नगर पालिका के अधीशासी अधिकारी अवधेश कुमार और लेखाकार अरुण शुक्ला मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे।

कजली मेले के तीसरे दिन हवेली दरवाजा मैदान में शहीद मेला स्थल पर कजली मेले में तमाम दुकानदारों ने अपनी अपनी दुकानें तैयार कर ली थी। तमाम दुकानदारों ने बारिश के मौसम को देखते हुए पानी से बचने के लिए वाटरफ्रूफ दुकाने बनाई। इतना ही नहीं दुकानदार सुबह से ही दुकानें तैयार करके बिक्री करने में जुट गए। दुकानदार बिक्री देख खासा गदगद दिखाई दिए और पालिका प्रशासन के निर्णय की खासी सराहना की। तेज धूप के चलते तमाम दुकानदार सारा दिन खुले आसमान के नीचे दुकानें लगाकर बिक्री करने के लिए बैठे रहे।

दो दशक पहले तक हवेली दरवाजा मैदान में बड़ा मैदान था, जहां पर बड़े बड़े दुकानदार और बड़े बड़े झूले मेले में लगाकर अच्छी खासी कमाई करते थे। इतना ही नहीं मेले में दुकानदारों की अच्छी खासी बिक्री होने के कारण दूर दराज से बड़े बड़े दुकानदार और झूला संचालक दो दिन तक डेरा जमाए रहते थे, लेकिन अब शहीद स्थल में तमाम लोगों द्वारा अस्थाई दुकानें बनाकर कब्जे कर लिए जाने से हवेली दरवाजा मैदान सिकुड़ गया है।

अवधनामा

लखनऊ, बुधवार , 13 अगस्त 2025



# एसडीएम विकास धर दूबे ने पार्क निर्माण कार्य का किया औचक निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मां कामाख्या नगर पंचायत में बन रहे पार्क के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर एसडीएम ने कड़ा रुख अपनाया है। सोमवार को एसडीएम विकास धर दूबे ने क्षेत्राधिकारी आशीष निगम के साथ पार्क निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण सामग्री की गुणवत्ता और कार्यशैली पर असंतोष जताते हुए उन्होंने मौके पर ही संबंधित ईओ को जमकर फटकार लगाई।एसडीएम ने निर्माण कार्य में अनियमितता पाए जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, बाबू! ऐसे नहीं चल पाएगा। उन्होंने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि कार्य मानक के अनुरूप न हुआ तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई तय है। मौके पर मौजूद अफसरों को उन्होंने निर्देश दिए कि जल्द से जल्द निर्माण कार्य में सुधार लाया जाए और उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए।स्थानीय नागरिकों ने भी निर्माण कार्य में लापरवाही की शिकायत की थी, जिसके बाद यह निरीक्षण किया गया। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि जनसुविधा से जुड़ी योजनाओं में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## जनता दर्शन में डीएम ने सुनी जनता की पीड़ा, अधिकारियों को दिए तत्काल समाधान के निर्देश



**अयोध्या।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन में जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने जिलेभर से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं और तत्काल समाधान के निर्देश दिए।शिकायतों में भूमि विवाद, पेंशन, जलापूर्ति, स्वास्थ्य, सड़क मरम्मत, बिजली तथा जनकल्याण योजनाएं प्रमुख रहीं। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत की साप्ताहिक समीक्षा करनी होगी और शिकायतकर्ता को निस्तारण की स्थिति से अवगत कराना अनिवार्य होगा। उन्होंने यह भी कहा कि लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता व कराटे कोच को पूर्व मंत्री ने किया सम्मानित

**अयोध्या।** पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय %पवन% ने राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर लौटे कृष्णा यादव और कराटे कोच नीरज कुमार को बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।पूर्व मंत्री ने कहा कि अयोध्या के इन होनहार युवाओं ने प्रदेश ही नहीं, पूरे देश में शहर का नाम रोशन किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार में खिलाड़ियों की उपेक्षा हो रही है, जबकि समाजवादी पार्टी ने खेलों के लिए मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किया था।महानगर अध्यक्ष ने कहा कि खिलाड़ियों को आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

# थार और फॉर्च्यूनर सवार दबंगों ने भाई-बहन से की अभद्रता, भाई को पीटा




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** थाना इनायतनगर क्षेत्र में रायबरेली हाईवे पर थार और फॉर्च्यूनर सवार दबंग युवकों द्वारा भाई-बहन के साथ की गई अभद्रता और मारपीट का मामला सामने आया है। घटना के बाद हरकत में आई पुलिस ने दोनों आरोपी सगे भाइयों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।घटना कल देर शाम की है, जब पीड़ित युवक अपनी बहन का इलाज कराकर ई-रिक्शा से इनायतनगर स्थित घर लौट रहा था। रास्ते में ओवरटेक करने के प्रयास में थार और फॉर्च्यूनर में सवार युवकों ने ई-रिक्शा को रोका और अपने 8-10 साथियों के साथ मिलकर युवक की जबरदस्त पिटाई कर दी।भीड़भाड़ वाले इलाके में हुई इस मारपीट के दौरान पीड़ित की बहन ने साहस दिखाते हुए पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो और बहन के बयान के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।इनायतनगर थाना प्रभारी के अनुसार, दोनों आरोपी सगे भाई हैं, जिनकी पहचान वीडियो और चश्मदीदों के माध्यम से की गई है। उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, और पूरे मामले की विधिक कार्रवाई की जा रही है।पुलिस का कहना है कि इस मामले में अन्य शामिल आरोपियों की भी पहचान की जा रही है, और जल्द ही सभी को कानूनी शिकंजे में लिया जाएगा।

## बंधन स्वच्छता का कार्यक्रम में दिखा स्वच्छता के प्रति समर्पण, छात्राओं ने सफाई कर्मियों को बांधी राखी



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** नगर पंचायत भदरसा, अयोध्या में स्वच्छता की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए बंधन स्वच्छता का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत इंटर कॉलेज में सम्पन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता अधिशासी अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी ने की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही।शासन की मंशा एवं अध्यक्ष मोहम्मद राशिद के निर्देशों के अनुरूप इस आयोजन का संचालन अनुराग मौर्या द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत ढूश्वष्ट गतिविधियों के अंतर्गत किया गया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के महत्व को समझाते हुए जागरूक किया।

कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि रही विद्यालय की छात्राओं द्वारा रिसाइकिल की गई राखियों का निर्माण और उन्हें नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक बाँधना। इस पहल ने न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, बल्कि समाज में सफाई कर्मियों के प्रति सम्मान की भावना को भी प्रबल किया।छात्राओं द्वारा बनाई गई स्वच्छता विषयक रंगोली ने कार्यक्रम की सुंदरता को और अधिक बढ़ा दिया। वहीं, स्वच्छता पर आधारित आर्ट प्रतियोगिता ने बच्चों की रचनात्मकता को मंच प्रदान किया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# स्वास्थ्य सेवाओं में हो रहा विस्तार,अब जिले की सीएचसी-पीएचसी पर झटपट पहुंचेंगी दवाएं

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। बीकापुर में लगभग 9 करोड़ रुपये की लागत से एक हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में आधुनिक ड्रग वेयर हाउस का निर्माण कराया गया है। यह जिले का पहला अत्याधुनिक वेयर हाउस है, जहां वैक्सीन स्टोरेज की व्यवस्था अलग से की गई है। इसके निर्माण के साथ दवाओं के देरी से पहुंचने की शिकायत भी समाप्त हो जाएगी। क्योंकि यह जिले की 13 सीएचसी दो दर्जन से अधिक पीएचसी और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तत्वावधान में बीकापुर की पुरानी पीएचसी के स्थान पर अक्टूबर 2023 में इस



अत्याधुनिक ड्रग वेयरहाउस का निर्माण शुरू कराया गया था। पहले जिले में दवाओं का भंडारण और वितरण दर्शननगर में एक किराए के भवन से किया जाता था, जो अपर्याप्त सुविधाओं और सीमित स्थान के कारण कई चुनौतियों का सामना करता था। नया ड्रग वेयरहाउस इन समस्याओं का समाधान करने के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बीकापुर और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों ने इस ड्रग वेयरहाउस के निर्माण का स्वागत किया है। स्थानीय निवासी रामप्रकाश वर्मा ने कहा कि पहले दवाओं की कमी के कारण हमें कई बार परेशानी होती थी। अब इस नए वेयरहाउस से उम्मीद है कि स्वास्थ्य केंद्रों में दवाएं समय पर उपलब्ध होंगी।

यह ड्रग वेयरहाउस अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है। इसमें दवाओं के भंडारण के लिए एक बड़ा हॉल बनाया गया है, जिसमें तीन से चार अतिरिक्त कक्ष भी शामिल हैं। इन कक्षों का उपयोग दवाओं को व्यवस्थित करने और विभिन्न श्रेणियों में भंडारण के लिए किया जाएगा। विशेष रूप से वैक्सीन स्टोरेज के लिए अलग से व्यवस्था की गई है, ताकि टीकों को उचित तापमान पर सुरक्षित रखा जा सके। यह सुविधा वैक्सीन की गुणवत्ता और प्रभावशीलता को बनाए रखने में मदद करेगी।

योगी सरकार द्वारा इस ड्रग वेयरहाउस से जिले की सभी स्वास्थ्य इकाइयों में दवाओं की आपूर्ति की जाएगी। बीकापुर में स्थित होने के कारण यह केंद्र रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह जिले के विभिन्न हिस्सों में आसानी से दवाएं पहुंचाने में सक्षम होगा।

## सरकारी स्कूलों के विलय के विरोध में राज्यपाल के नाम सौपा ज्ञापन

**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** पूरे देश की जीडीपी का 6प्रतिशत शिक्षा का बजट होना चाहिए परन्तु वित्तीय वर्ष 2025-26 में 4.65 प्रतिशत ही जारी किया गया। यह विचार व्यक्त करते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि पूरे देश की जीडीपी का 6प्रतिशत शिक्षा का बजट होना चाहिए परन्तु वित्तीय वर्ष 2025-26 में 4.65 प्रतिशत ही जारी किया गया, जिससे देश का युवा शिक्षा से वंचित होगा। उत्तर प्रदेश में सरकारी प्राथमिक एवं जूनियर हाई स्कूलों के विलय के विरोध में प्रदर्शन कर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से दिया गया। पार्टी के राज्य परिषद सदस्य प्रवीण कुमार ने कहा कि सरकार की गलत शिक्षा नीतियाँ गरीबों और ग्रामीणों के बच्चों को शिक्षा से वंचित कर रही हैं कोषाध्यक्ष शिवदर्शन वर्मा ने कहा कि सर्व शिक्षा अभियान के तहत प्रत्येक बच्चे को शिक्षा देने के लिए ही प्रत्येक गांव में सरकारी स्कूल खोले गये थे, जिन्हे सरकार बंद कर रही है। इस अवसर पर सह सचिव विनय कुमार सिंह, प्रमेन्द्र कुमार, मुनेश्वर गोस्वामी, ज्ञानेश्वर वर्मा,एड. श्याम सिंह, एड.अंकुल वर्मा, दीपक वर्मा, दीपक शर्मा, एड संदीप वर्मा, एड. राजेंद्र सिंह, निर्मल वर्मा, सच्चिदानंद श्रीवास्तव, करण राजपूत, आशीष शुक्ला, प्रेमचंद वर्मा, जितेन्द्र श्रीवास्तव, आशीष वर्मा, राम नरेश वर्मा, आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थिति रहे।

## बच्चों के पोषण पर डीएम ने विशेष ध्यान देने के दिये निर्देश

**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय पोषण समिति की मासिक समीक्षा एवं कन्वर्जेंस बैठक आयोजित की गई। पोषण ट्रैकर ऐप पर गर्भवती महिलाओं का वजन फीडिंग, मैम और सैम बच्चों से संबंधित सूचना, वी.एच.एस.एन.डी., एन.आर.सी. प्रगति विवरण, हॉट कुक्ड फूड योजना का संचालन, समुदाय आधारित गतिविधियां, खाद्यान्न वितरण संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि बेबी वेट मशीन सहित ग्रोथ ट्रैकिंग हेतु जरूरी उपकरणों से टीकाकरण सत्र के जांच की साथ ही इस दौरान सभी गर्भवती महिलाओं की एब्डोमिनल जांच सहित सभी प्रकार की जांच की जाय इस कार्य मे लापरवाही पर ब्लॉक सूरतगंज,सिरौली गौसपुर, दरियाबाद व बाराबंकी शहर के सीडीपीओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

## उद्योग व्यापार मंडल की पहल पर कोल्हुई में होगा नाला निर्माण

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** जनपद युवा उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष प्रिन्स जायसवाल व कोषाध्यक्ष उद्देश्य मद्धेशिया के नेतृत्व में पिछले कुछ दिन पूर्व कोल्हुई उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियो, व्यापारियों एवं आम नागरिकों के साथ जिला पंचायत कार्यालय पहुंचकर अपर मुख्य अधिकारी सुधीर कुमार पाल को एक ज्ञापन सौंपकर कोल्हुई बाजार के मुख्य लोटन तिराहे से चंदनपुर पुलिया तक नाला निर्माण का मांग किया था। जिस पर बीते दिन जिला पंचायत महाराजगंज अपर मुख्य अधिकारी सुधीर कुमार पाल के निर्देश पर जिला पंचायत अवर अभियंता रफीउल्लाह ने मौके पर पहुंचकर युवा उद्योग व्यापार मंडल जिला ध्यक्ष के साथ मिलकर कोल्हुई लोटन रोड पर नाला निर्माण के लिए सर्वे किया सर्वे के बाद उन्होंने अपना रिपोर्ट अपर मुख्य अधिकारी सुधीर कुमार पाल को दिया। इस बात जानकारी उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष ने प्रेस विज्ञप्ति में दिया। प्रिन्स जायसवाल ने बताया कि अपर मुख्य अधिकारी सुधीर कुमार पाल जी ने आज आश्वासन दिया कि कोल्हुई लोटन रोड पर चंदनपुर पुलिया से उत्तर दिशा की ओर से 400 मीटर ढ़क्कन युक्त आरसीसी नाला का निर्माण होगा।

# किसानों के मसीहा मुकेश की जयंती पर 25 किसानों ने किया रक्तदान

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** शोषित और पीड़ितों की बुलन्द आवाज व सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले स्व मुकेश सिंह की जयंती के मौके पर भाकियू के 25 कार्यकर्ताओं ने जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान किया।इसके साथ ही अलग अलग जगहों पर मरीजों को फल वितरित किये गए तथा जनपद के समस्त ब्लाकों में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने अपने प्रिय किसान नेता की याद में पौधरोपण किया और पर्यावरण को बचाने का संकल्प भी लिया। गौरतलब हो कि भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव रहे स्व मुकेश सिंह ने किसान,गरीब और मजदूरों की लड़ाई लड़ने के साथ ही नेत्रदान, देहदान रक्तदान और सामूहिक विवाह जैसे पुनीत



कार्यक्रमो का आगाज कर जनपद में एक कुशल जननेता के रूप में अपनी पहचान बनाई थी।उनके इसी सेवा भाव को देखते हुए 12 अगस्त दिन मंगलवार को अपने चहेते किसान नेता की जयंती पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाई गई।जिला अध्यक्ष अनुपम वर्मा की अगुवाई में जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।इसी क्रम में सीएचसी सतरिख में शिव शंकर सोनी,देवां व जहांगीराबाद में उत्तम सिंह,जैदपुर में शिवनरायन सिंह के द्वारा फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किये गए।इसके अलावा जनपद के सभी ब्लॉकों में कार्यकर्ताओ ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण को बचाने का संकल्प भी लिया।रक्तकोष प्रभारी डॉ गौरव वर्मा की देखरेख में ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर में उत्साहित कार्यकर्ताओ ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।3 घण्टे चले इस कार्यक्रम में कुल 25 लोगो ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालो में मुख्य रूप से बृजेश कुमार,अतुल वर्मा,राहुल वर्मा,जितेन्द्र सिंह, संजय वर्मा, शशिकांत, मनोज कुमार, रवि कुमार, रामफेर, सुजीत कुमार, विवेक कुमार, शिवम वर्मा, अमन,अल्ताफ़, नितिन कुमार, महेश,शिव नरायन सिंह,शाहिद अली,वीरेन्द्र कुमार, शिवचन्द्र, सुनील वर्मा आदि शामिल रहे। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष राम किशोर पटेल, मीडिया प्रभारी सतीश वर्मा %रिन्कू% ओम प्रकाश वर्मा, मुन्नालाल, रामानंद, देवेंद्र कुमार, शिव नरायन सिंह, जागेश्वर चौधरी, राजेश कुमार, संजय रस्तोगी, पन्नालाल, हाजी इम्तियाज, अरविन्द वर्मा, कुलदीप वर्मा, पप्पू वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## अखिलेश यादव पर अभद्र टिप्पणी करने पर पूर्व विधायक ने कार्यवाही करने की माँग



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री लोकसभा सांसद अखिलेश यादव का फोटो लगाकर अखिलेश यादव के ऊपर फेसबुक सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाले के ऊपर कारवाई की मांग के लिए पूर्व मंत्री मौजूदा रामनगर विधायक हाजी फरीद महफूज किदवाई जिला समाजवादी संगठन के पदाधिकारियों के साथ बाराबंकी पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अखिलेश यादव पर अभद्र टिप्पणी करने वाले ठाकुर अतुल सिंह पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग करते हुए विधानसभा रामनगर अध्यक्ष जयसी राम यादव ने पुलिस अधीक्षक महोदय को शिकायती पत्र सौंपा। पूर्व मंत्री हाजी फरीद महफूज किदवई ने पुलिस अधीक्षक बाराबंकी से मांग करते हुए कहा ठाकुर अतुल सिंह द्वारा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर की गई अभद्र टिप्पणी से हम सब पार्टी के लोग आहत हैं समाज में दुर्भावना फैलाने वाले इस व्यक्ति पर रिपोर्ट दर्ज कर तुरंत कार्रवाई करें।

इस मौके पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव लल्लन वर्मा हुमायूं नईम खान जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद जिला महासचिव हिमांशु यादव जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा जिला अध्यक्ष अधिवक्ता सभा शांति ओम, निसाद खान एडवोकेट, अनिल यादव एडवोकेट, सुनील यादव एडवोकेट, रामकरन वर्मा एडवोकेट, मोहम्मद आफाक एडवोकेट, सिद्धांत कपिल एडवोकेट आदि पार्टी के प्रमुख पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कार ने स्कूल जा रही छात्रा को मारी टक्कर, घायल



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** कार की जोरदार टककर से स्कूल जा रही 15 वर्षीय छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया गया लेकिन हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है कार चालक कार को छोड़कर फरार हो गया जिसे पुलिस ने अपने कब्जे मे ले लिया है। मंगलवार की सुबह थाना क्षेत्र के ग्राम किन्हौली निवासी बृजेश यादव की 15 वर्षीय पुत्री अर्पिता यादव गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बिन्दौरा साईकिल से स्कूल जा रही थी छात्रा बिन्दौरा गाव पहुँचती इससे पूर्व तेज रफ्तार मे आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई दुर्घटना के बाद कार चालक गाडी को छोड़कर फरार हो गया है घायल छात्रा को सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया गया लेकिन गंभीर चोटे होने के कारण जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने कार को अपने कब्जे मे ले लिया है।

## महीनों से सफाई कर्मी नदारत, स्कूल व गांव में गन्दगी का अंबार

### राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त आने वाला, प्राथमिक विद्यालय जंगल में तकदील

*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए सरकार साफ-सफाई पर विशेष जोर दे रही है। जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में सफाईकर्मियों की तैनाती की गई है, अधिकतर सफाई कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन सही तरीके से नहीं करते हैं। इसकी वजह से जनपद के हरख ब्लॉक के मौथरी ग्राम पंचायत की गलियों में गंदगी का अंबार, पूर्व माध्यमिक विद्यालय में गंदगी फैली हुई है जगह-जगह घास फैल गई है कीड़े मकोड़े सहित संक्रमण का बच्चों के ऊपर खतरा मंडरा रहा है, जिसको प्रशासन व उच्च अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। नालियां चोक होने की वजह से रास्ते में जलभराव की समस्या है, इसका



जीता जागता नमूना विकास खंड हरख ब्लॉक ग्राम पंचायत मौथरी में देखा जा सकता है। कई बार सफाई कर्मी को फोन करके स्कूल व गांव की गंदगी के बारे में अवगत कराया गया लेकिन इसका कोई फर्क नहीं पड़ा ग्रामीणों को सफाई कर्मी का नाम तक नहीं पता अगर वह गांव आए तभी तो नाम पता होगा सफाई कर्मी सूत्रों की माने तो ब्लॉक में अधिकारियों की संरक्षण में बाबू बन बैठा है, ग्राम पंचायत मौथरी के हाशिम, गुलजार, लायकराम, विजय, विनोद वर्मा, अंकित कुमार ने बताया कि सफाई कर्मी महीनो से गांव देखना तक नहीं आया है, जबकि राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त आने वाला है कोई भी सफाई नही हुए हैं। ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मचारी पिछले काई महीनो से गांव नहीं आया है।

इससे गांव में चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। गांव की नालियां पूरी तरीके से चोक हो चुकी हैं। सरकारी स्कूल भी गंदा पड़ा हुआ गांव वे संक्रामक बीमारी की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में सफाईकर्मी के न आने की शिकायत पूर्व में प्रधान से की लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हुआ।

## उर्वरक की कालाबाजारी पर कड़ी कार्यवाही का निर्देश

### जिलाधिकारी ने समितियों का किया स्थलीय निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज तहसील फरेंदा में विभिन्न समितियों का स्थलीय निरीक्षण कर की उर्वरक उपलब्धता और वितरण की जांच की गई। जिलाधिकारी ने गोपलापुर दूबे, आनंदनगर और परसा बेनी सहकारी समिति की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान खाद की उपलब्धता, स्टॉक रजिस्टर आदि की जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने स्टॉक रजिस्टर, वितरण प्रणाली आदि की जांच की और किसानों से वार्ता भी की। जिलाधिकारी ने सबसे पहले गोपलापुर दूबे सहकारी समिति का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने स्टॉक रजिस्टर और खाद के उपलब्धता को देखा। उन्होंने वितरण प्रणाली की जानकारी ली। एआर कोऑपरेटिव ने बताया कि किसानों को टोकन के आधार पर पारदर्शी तरीके से खाद वितरित किया जा रहा



है। साथ ही लेखपाल, पुलिस और अन्य ब्लॉक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर पारदर्शी खाद वितरण कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने समितियों पर पेयजल आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने आनंदनगर और परसा बेनी का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी फरेंदा और एआर कोऑपरेटिव को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी लोग सुनिश्चित करें कि किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप खाद मिले। अगर कहीं पर भीड़ ज्यादा है, तो आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त उर्वरक की उपलब्धता कराते हुए आवंटन कराएं। जिलाधिकारी ने कालाबाजारी जैसी घटना पर कड़ी कार्यवाही करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम शैलेंद्र गौतम, एआर कोऑपरेटिव सुनील कुमार गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## टांडा के गांवों में मनरेगा के कार्यों में बरती जा रही पारदर्शिता : बीडीओ

**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** शासन की मंशा के अनुसार जनपद के टाण्डा विकास खण्ड में आने वाले विभिन्न ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना के अंतर्गतकराए जा रहे कार्यो को लेकर टाण्डा विकास खण्ड अधिकारी डॉ0 राघवेंद्र प्रताप सिंह मनरेगा कार्यो को लेकर काफी सजग दिखाई दे रहे है।

इस योजना के तहत चल रहे कार्यो की कार्यप्रणाली नजर आ रही है । इसी क्रम में उन्होंने बताया विगत दिनों एक समाचार पत्र में ऐसे बिंदु पर बिना जानकारी भ्रामक समाचार प्रकाशित कर उनकी छवि को धूमिल करने का कृत्य किया गया ऐसे में इसे सिरे से खारिज करते हुए बताया कि अपने कार्यो के प्रति सजग रहते हुए ग्रामीण क्षेत्रो व किसानों के सम्बंधित कार्यो को बहुत ही बारीकी से वह स्वयं देखते हैं। मनरेगा के चल रहे कार्यो को लेकर माझा उल्टाहवा के ग्राम प्रधान ने बताया कि गत दिनों हो रही वर्षा के कारण कार्य बंद था अब पुनः प्रारम्भ होगा। योजना के तहत चल रहे कार्यो का खण्ड विकास अधिकारी स्वयं निरीक्षण करते रहते हैं।

# टांडा विकास खण्ड से निकाली गई तिरंगा यात्रा



अवधनामा संवाददाता

**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** टाण्डा खण्ड विकास के खंड विकास अधिकारी डॉ0 राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता व उन्ही की देखरेख मे खण्ड विकास टाण्डा परिसर से तिरंगा यात्रा निकाली गई । जो वोवर ब्रिज बाईपास से होता हुआ ईनामीपुर चौराहा बाई पास तक भव्य रूप से चलकर पुनः उसी रास्ते वापस विकास खण्ड में समापन किया गया । जिसमें ऑगनीबड़ी कार्यालय, एन0आर0एल0एम0 स्टाफ, एवं विकास खण्ड के समस्त स्टाफ द्वारा तिरंगा योत्रा में प्रतिभाग किया गया।

खण्ड विकास अधिकारी श्री सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर देश का राष्ट्रीय ध्वज घर घर बच्चे के हाथों में घरों घरों में सम्मान के साथ फहराया जाए। उन्होंने कहा कि ब्लाक परिसर को साफ सफाई व किसानों की समस्याओं का समाधान समय रहते किया जाता है। उन्होंने बताया कि विगत दिनों एक समाचार पत्र में मनरेगा को केन्द्र बिंदु बनाते हुए एक समाचार प्रकाशित किया गया था जो भ्रामक व मिथ्या है। शासन की मंशानुरूप किसानों की विभिन्न समस्याओं को सुना जाता है।

उन्होंने कहा कि घर घर तिरंगा की अगली कड़ी में 12.08.2025 को समस्त सचिव, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, समूह सखी, ग्राम प्रधान का वालेन्टियर के रूप में कराया जा रहा है। विकास खण्ड के समस्त पंचायत भवनों से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जायेगा। समस्त पंचायत भवन में तिरंगा प्रकाश की भी व्यवस्था की जा रही है।

## राजस्व निरीक्षक के नेतृत्व में टांडा पालिका प्रशासन ने निकाली यात्रा




**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** नगर पालिका टांडा के राजस्व निरीक्षक सलमान खान के नेतृत्व में शासन की मंशा के अनुसार पालिका टांडा गेट से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई जो यात्रा नगर के स्टेट बैंक होते हुए ज़ुबैर चौराहा चौक सब्ज़ी मंडी होते हुए पुनः नगर पालिका परिषद टांडा में सम्पन्न हुई निकाली गई तिरंगा यात्रा में पालिका प्रशासन में तैनात सफ़ाई नायक मोहम्मद अहमद मोहम्मद इदरीस सुहैल अहमद मंशाराम कनौजिया मोहम्मद रब्बानी सहित मोहम्मद हुसैन अरशद जमाल लेखाकार जलील अहमद निशांत पाण्डेय अज़ीज़ जगदम्बा प्रसाद सहित सैकड़ों की संख्या में तैनात सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

## जलालपुर बार एसो. चुनाव में कृपाशंकर अध्यक्ष चुने गये

**जलालपुर (अंबेडकरनगर)।** बार एसोसिएशन जलालपुर के चुनाव में मंगलवार को अध्यक्ष पद पर कृपा शंकर मौर्य अध्यक्ष निर्वाचित हुए। मतदान में 122 अधिवक्ताओं ने भाग लिया। निर्वाचन अधिकारी घनश्याम शर्मा ने बताया कि मंगलवार सुबह अध्यक्ष व मंत्री पदों के लिए जलालपुर तहसील में मतदान शुरू हुआ।

बार के 125 मतदाताओं में से 122 ने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद कराई गई मतगणना में अध्यक्ष कृपा शंकर मौर्य इस पद पर निर्वाचित हुए। उन्हें 83 मत मिले। अशोक यादव को 39 मत मिला। मंत्री पद पर घनश्याम वर्मा को जीत मिली। उन्हें 65 मत प्राप्त हुए। पंकज मिश्रा को 57 मत ही हासिल हुए। संयुक्त मंत्री पद पर सुभाष कुमार, उपाध्यक्ष हाशिम रजा व योगेश कुमार शुक्ला कोषाध्यक्ष चंद्र विजय राव,यशोदा नंदन मिश्र निर्विरोध निर्वाचित हुई। सहायक निर्वाचन अधिकारी जगदीश चंद्र यादव सहित पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह सत्य प्रकाश मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# फसल बीमा के भुगतान का सजीव प्रसारण सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

**मनकापुर (गोंडा)।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर में सोमवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत क्षतिग्रस्त फसलों के बीमा भुगतान कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कृषकों को दिखाया गया । मुख्य कार्यक्रम शिवराज सिंह चौहान केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री की अध्यक्षता में झुंझुनू राजस्थान में आयोजित किया गया । कार्यक्रम में भजन लाल शर्मा मुख्यमंत्री राजस्थान, किरोड़ी लाल मीणा कृषि मंत्री, देवेश चतुर्वेदी सचिव कृषि भारत सरकार आदि ने कृषकों को संबोधित कर फसल बीमा योजना के बारे में जानकारी दी। डॉ. रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर ने कृषकों से फसल बीमा करवाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर डॉ. डी.के.




श्रीवास्तव, डॉ. अजीत सिंह वत्स, डॉ. मनोज कुमार सिंह, डॉ. हनुमान प्रसाद पांडेय, डॉ. दिनेश कुमार पांडेय, रवि सिंह प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार, राजेश जायसवाल बीटीएम, मनोज पांडे, आशीष शुक्ला एटीएम, कुलदीप कुमार त्रिपाठी क्षेत्रीय प्रबंधक पारादीप फास्फेट लिमिटेड, विजय सिंह जिला प्रबंधक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, हेमवंत यादव तहसील कोआर्डिनेटर फसल बीमा योजना सहित कृषकों अयोध्या प्रसाद वर्मा, रामसागर वर्मा, छीटन प्रसाद यादव, राधेश्याम मिश्रा आदि ने प्रतिभाग कर योजना की जानकारी प्राप्त की।

# मुडिला समिति पर पुलिस की मौजूदगी में वितरण किया गया यूरिया खाद

- कम खाद होने के कारण लाइन में लगे लोगों को नही मिली खाद

अवधनामा संवाददाता



**लोटन सिद्धार्थनगर।** जिले मे धान के खेती के जीसन मे यूरिया खाद के लिए किसान सरकारी समितियों पर सुबह से ही लाइन लगाकर अपनी अपनी बारी का इंतजार कर रहे लेकिन जितनी खाद विकास खण्ड लोटन क्षेत्र के समितियों पर खाद चाहिए उतनी मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही जिससे किसान परेशान नजर आ रहे है कुछ किसानों ने बताया कि हम लोग सुबह से लाइन में लगे थे लेकिन खाद नही मिला खत्म हो गया।

लाइन में खड़े किसानों ने बताया की इसी तरह डी ए पी खाद जब समिति पर आइ थी तब भी लम्बी लम्बी लाइन लगी थी खाद न मिलने के कारण हम लोगों की फसल खराब हो गई है प्राइवेट दुकान पर भी खाद उपलब्ध रहता तो फसल खराब नही होता कही कही प्राइवेट दुकान पर खाद रहता है तो कुछ सर्त लगा कर खाद 500,600या 700तक पैसा लेकर दे रहे है हम गरीब किसान कहा से ले । हम लोग सचिव से बार बार सम्पर्क कर रहे थे कि मुडिला साधन सहकारी समिति पर खाद किस दिन मिलेगा जानकारी होते ही हम लोग सुबह से लाइन में खड़े है।

सचिव दिपक कुमार सिंह ने बताया कि समिति पर जो खाद उपलब्ध था मुडिला न्याय पंचायत के लोगों को आधार कार्ड व खतौनी के हिसाब से सरकार द्वारा निर्धारित दर पर किसानों को खाद दे दिया है कुछ किसानों को खाद नही मिला है खाद खत्म हो गया था। काफी भीड़ होने के कारण लोटन थाने से हल्का दरोगा वीरेन्द्र कुमार पासवान को मय फोर्स के साथ बुलाना पडा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव पेड़ से लटकता हुआ मिला

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** चिल्हिया थाना के क्षेत्र ग्राम पंचायत धेन्सा में बीती रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में शव पेड़ की डाल से लटकता हुआ मिला पास में युवक की मोटरसाइकिल भी खड़ी थी।फोरेंसिक टीम ने जांच कर साक्ष्य एकत्र किया ।चिल्हिया पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

चिल्हिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत धेन्सा निवासी विजय कुमार उर्फ सूरज पुत्र सुकई उम्र 20 वर्ष सोमवार की रात भोजन कर रहा था कि इसी दौरान किसी का उसके मोबाइल पर फोन आया वह घर से बाइक लेकर निकल गया। रात में जब वह नहीं आया तो स्वजन काफी चिंतित हो गये। गांव वालों ने मंगलवार की सुबह गांव के पास स्थित पोखरे के पास एक पेड़ से एक शव लटकता हुआ दिखाई दिया। इतने में वहां काफी भीड़ इकठ्ठा हो गई। लोगों ने मृतक युवक के स्वजन को सूचना दी सूचना पाकर मृतक के स्वजन भी घटनास्थल पर पहुंचकर दहाड़ मारकर रोने लगे।

# नपं शोहरतगढ़ में निकाली गई तिरंगा यात्रा

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ अध्यक्ष उमा अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को दोपहर तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में शामिल मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान रहें।और उन्होंने कहा कि भारत का गौरव व अभिमान है तिरंगा। देश के वीर जवानों ने अपना सब कुछ न्यौछावर कर तिरंगा के लिए कुर्बान हो गये थे।

नगर पंचायत अध्यक्ष उमा अग्रवाल ने कहा कि तिरंगा में 140 करोड़ देशवासियों का दिल धड़कता है।आज भारत देश हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर होता जा रहा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ संकल्प व सोच से भारत हर कार्यक्षेत्र में खुद उत्पादन व निर्माण करता जा रहा है। एक दिन ऐसा आएगा जब भारत की बनी वस्तुओं पर विदेशी आत्मनिर्भर होंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने कहा कि आज पूरा देश तिरंगा उत्सव मना रहा है। तिरंगा यात्रा आदर्श नगर पंचायत कार्यालय शोहरतगढ़ से निकलकर भारत माता चौक शहीद बुधई स्मारक,पुलिस बूथ से श्रीराम जानकी मंदिर होते हुए गड़ाकुल तिरंगा चौक पहुंचा।तिरंगा यात्रा में शामिल सभी ने वीर जवानों को नमन किया।कार्यक्रम के संयोजक अजय उपाध्याय रहें।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान,नपं अध्यक्ष उमा अग्रवाल, ईओ सचिन कुमार, अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, विपिन सिंह, अजय उपाध्याय,रमेश मणि त्रिपाठी, संजय कौशल, अजय वर्मा, गौरव कसौधन, मनीष श्रीवास्तव, विकास त्रिपाठी,दिनेश यादव, विवेक यादव, हरिओम, राम उजागिर तिवारी, कृष्णपाल चौधरी, राममिलन चौधरी, भोला अग्रहरि, जितेन्द्र नाथ पाण्डेय,चंद्र प्रकाश उर्फ चिन्टू, अशोक दूबे, पिंकू त्रिपाठी, त्रिपाठी, सभासद राजकुमार मोदनवाल, वकील खां, बब्लू गौड़, दिनेश कुमार, सतीश कुमार वर्मा,मनोज कुमार,दिनेश कुमार, हरिओम, बाबूलाल यादव, अनूप कसौधन, बाबू जी अंसारी, बी डी कसौधन, दुर्गा प्रसाद त्रिपाठी, रवि श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहें।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 कौशल विकास के साथ एक श्रेष्ठ नागरिक के निर्माण में सहायक है : प्रो. पीके पांडे



अवधनामा संवाददाता

**हजपुरा, अम्बेडकर नगर।** बाबा बरुआ दास पीजी कॉलेज परुइया आश्रम, अम्बेडकर नगर में ÷राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020÷ विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय और राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें विषय के विविध पक्षों पर गहन मंथन किया गया।

संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में उप-प्राचार्य प्रोफेसर पवन कुमार गुप्त ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन का मूल तत्व है, और जब तक इसकी दिशा भारतीय नहीं होगी, तब तक राष्ट्र की प्रगति अधूरी रहेगी। उन्होंने वर्तमान शिक्षा व्यवस्था की सीमाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नई शिक्षा नीति केवल परीक्षा प्रणाली में सुधार नहीं, बल्कि एक जीवंत शिक्षण व्यवस्था की ओर अग्रसर है।

मुख्य वक्ता डा.पवन कुमार दुबे ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति की आवश्यकता, उसकी चुनौतियाँ एवं पिछले पांच वर्षो की प्रमुख उपलब्धियों को विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि यह नीति वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की संकल्पना के साथ आगे बढ़ रही है। इसमें हाशिए के समाज को मुख्यधारा में लाने, परीक्षा और मूल्यांकन प्रणाली में सुधार तथा विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी पर विशेष जोर दिया गया है। डा सुधीर कुमार पाण्डेय ने अपने वक्तव्य में कहा कि ह्श्वक्क2020 नई शिक्षा नीति मे आधार स्तंभ की भांति है।

अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर परेश कुमार पाण्डेय ने नीति निर्माण की पृष्ठभूमि और डॉ. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में बनी एनईपी 2020 की गहराई और दूरदर्शिता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह नीति कौशल विकास के साथ एक श्रेष्ठ नागरिक के निर्माण में सहायक होगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सत्येन्द्र कुमार यादव ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के मुख्य नियंता डा. कुलदीप सिंह,डा. राजेश उपाध्याय, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. रमेश कुमार, डा चंद्रकेश कुमार, एवं समस्त शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों तथा अधिक संख्या में छात्र -छात्राओं की उपस्थिति रही।

# जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान के नेतृत्व निकाली गई तिरंगा यात्रा



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से भाजपा नेतृत्व के निर्देश पर स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत संपूर्ण उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में सभी विधानसभा क्षेत्रों के सभी मंडलों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को विधानसभा कपिलवस्तु के मंडल नौगढ़ देहात में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा रैली मोहना चौराहे से सड्डा, रसूलपुर होते हुए यूसुपुर तक जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान के नेतृत्व तिरंगा यात्रा निकला गया।

इस दौरान तिरंगा यात्रा का नेतृत्व करते हुए जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने कहा कि तिरंगा भारत की समृद्धि, सामर्थ्य और सम्मान का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वाहन पर हर- घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आयोजित तिरंगा यात्रा के माध्यम से भाजपा जन- जन में राष्ट्र भक्ति का भाव बढ़ाने का अभियान चला रही हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वाहन पर आज देश की जनता इस उत्सव को पूरे उमंग व उत्साह से मनाती है और देश के एक-एक घर पर तिरंगा लहराता है।

इस अवसर पर जिला सह संयोजक तिरंगा यात्रा/जिला मंत्री भाजपा अजय उपाध्याय, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा निशांत पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष सोनू गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख प्रति0 राजेश मिश्रा, करीम खान,अजय गुप्ता, अनिल चौधरी आदि लोग मौजूद रहें।

## कपिलवस्तु में स्थापित किए जाएं हांगकांग से लौटे 331 रत्न व संरक्षित अस्थिकलश : टीम यशोभूमि

**अवधनामा संवाददाता, सिद्धार्थनगर।** टीम यशोभूमि ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की है कि हाल ही में हांगकांग से भारत लौटे 331 रत्न तथा नई दिल्ली संग्रहालय में संरक्षित रखे गए अस्थिकलश को कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर में स्थापित किया जाए। संस्था के अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि उत्तर प्रदेश के कपिलवस्तु का ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्व है। यह स्थान भगवान गौतम बुद्ध के जीवन से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ है। वर्ष 1898 में कपिलवस्तु पिपरहवा से मिले 331 रत्न कपिलवस्तु और जिले के बौद्ध समुदाय के लिए गर्व का विषय हैं। उन्होंने बताया कि 1972 में खुदाई के दौरान भगवान बुद्ध से संबंधित अश्र्कलश मिला था, जिसे नई दिल्ली के संग्रहालय में सुरक्षित रखा गया है। स्थानीय नागरिक और बौद्ध अनुयायी वर्षों से इसकी वापसी की मांग कर रहे हैं ताकि इसे इसके मूल स्थान पर श्रद्धापूर्वक स्थापित किया जा सके। इससे जिले में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

संस्था ने उम्मीद जताई है कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार इस मांग पर शीघ्र कार्रवाई कर कपिलवस्तु में इन धरोहरों को स्थापित कराएगी, जिससे देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों और बौद्ध अनुयायियों को प्रत्यक्ष दर्शन का अवसर मिल सकेगा।

## मेडिकल असेसमेंट कैंप में 80 बच्चों की हुई जांच, 55 को मिला प्रमाण पत्र




**अवधनामा संवाददाता, बांसी सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र मिठवल में बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से कक्षा 1-12 तक अध्यनरत दिव्यांग बच्चों के लिए मंगलवार को मेडिकल असेसमेंट कैंप लगा। इसमें 55 को दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए चिंहित किया गया। समेकित शिक्षा के जिला समन्यवक करुणापति त्रिपाठी और बीईओ धर्मेंद्र पाल ने कैंप का संचालन किया। करुणापति त्रिपाठी ने बताया कि इस कैंप में कुल 80 बच्चों ने प्रतिभाग किया, इसमें से 55 बच्चों को प्रमाण पत्र हेतु चिंहित किया गया। कैंप में बौद्धिक अक्षमता के 18, श्रवण बाधित के पांच, दृष्टि दिव्यांगता के चार, सीपी-आर्थो के 28 बच्चे मिले। जबकि 15 बच्चों की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया, दस बच्चों को प्रमाण पत्र हेतु अपात्र पाया गया। चिकित्सकों की टीम में माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज से आर्थो सर्जन डॉ. विमल द्विवेदी, नेत्र सर्जन डॉ. शमीम, ईएनटी सर्जन डॉ. संजय कुमार शर्मा, साइकेट्रिस्ट डॉ. विशाल गौतम, ऑडियोलॉजिस्ट बृजदीप कुमार, ऑप्टोमेट्रिस्ट बाबूलाल शामिल थे।

## लड़की का अपहरण करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता, गोंडा।** थाना को0 मनकापुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 265/2025 धारा 137(2)/87 बीएनएस थाना कोतवाली मनकापुर जनपद गोण्डा से सम्बन्धित रु0-10,000/- के ईनामिया अभियुक्त अमित कुमार पुत्र केवलदास निवासी सैदपुर थाना गोपालपुर जिला भागलपुर राज्य बिहार को रेलवे स्टेशन मनकापुर से गिरफ्तार किया गया। दिनांक 11.06.2025 को थाना को0 मनकापुर क्षेत्रान्तर्गत निवासी एक व्यक्ति द्वारा थाना को0 मनकापुर में लिखित तहरीर के द्वारा सूचना दी कि दिनांक 09.06.2025 को दोपहर में उसकी लड़की घर से अचानक गायब हो गई है। वादी की लिखित तहरीर पर थाना को0 मनकापुर में अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा प्रकरण को संज्ञान में लेकर लड़की की सकुशल बरामदगी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया।

# शिक्षामित्र के भरोसे चल रहा करमैनी प्राथमिक विघालय

- ग्रामीणों ने लगाया आरोप नही रहती है अध्यापिका बच्चों के भविष्य से खिलवाड़

अवधनामा संवाददाता



**लोटन सिद्धार्थनगर।** बीआर सी लोटन क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत रसियावल कला टोला करमैनी प्राथमिक विद्यालय पर तैनात शिक्षिकाओं की अनुपस्थिति का मामला समाने आया है।ग्रामीणों मे काफी चर्चा का विषय बना हुआ है।रसियालकला के तमाम ग्रामीणो ने बताया कि काफी दिनों से विद्यालय पर दोनों अध्यापिकाओं के न आने से बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है ग्रामीणो ने आरोप लगाया है। ग्रामीणों के अनुसार शिक्षामित्र अशोक कुमार दूबे ही स्कूल पर बच्चों को पढ़ाने के लिए मौजूद रहते है अध्यापिका रितू सिंह व मोरिश रानी विघालय पर बराबर नही रहती है जब कि सरकार चाह रही है की हर घर के बच्चे शिक्षित हो कोई निरक्षर न रहे ।जब शिक्षक ही स्कूल पर मौजूद नही रहेंगे तो बच्चे कैसे शिक्षित होंगे उन लोगों के खिलाफ विभाग द्वारा कोई कार्यवाही भी नही किया जा रहा है।

जब कि शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों ने बताया कि अध्यापिका कफी कफी आती है । इन लोगों के लापरवाही से 67 बच्चों का नामांक होने के बाद 12 अगस्त को सिर्फ 18 बच्चे मौके पर उपस्थित मिले जिससे लगता है कि फर्जी रुप से नामांकन किया गया है। शिक्षा मित्र अशोक कुमार दूबे से पूछा गया तो उन्होंने बताया दोनों अध्यापिकाओं को एक ही समय कैस छुट्टी मिल जाती है तो उन्होंने बताया कि घर का मालिक सही रहे तो कोई गड़बड़ी नहीं हो सकती है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि सम्बंधित अधिकारियों के ही मिलीभगत से कभी सीएल लेकर गायब रहती है तो कभी मेडिकल के नाम पर अवकाश पर रहती है।एक साथ दोनों लोगों को छुट्टी देना विभागीय लापरवाही दर्शाता है।बारह बजे तक बच्चों की उपस्थिति न भरना एम डी एम में भी घपला करने का संकेत दर्शाता है ।ऐसे स्थित में विद्यालय पर सरकार द्वारा पैसा खर्च करने के बाद विद्यालय का रवैया ठीक नहीं है।काफी अभिवावकों सहित तमाम लोगों ने जिलाधिकारी से जांच करवा कर उक्त अधिपिकाओ के खिलाफ कार्यवाही कराने की मांग की है।खंड शिक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार शुक्ला ने कहां कि अनुपस्थिति शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा जायेगा। शिक्षकों की अनुपस्थिति विघार्थियों की पढ़ाई प्रभावित करती है विघालय पर नियमित और अनुशासित माहौल बनाए रखने के लिए सभी शिक्षकों की उपस्थिति जरुरी है। शिकायत मिली है तो जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

## स्व. राम लखन त्रिपाठी ने स्वतंत्रता संग्राम में बढ़कर लिया था हिस्सा

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र के जीवा गांव निवासी भारत माता के वीर सपूत स्वतंत्रता सेनानी स्व राम लखन त्रिपाठी ने स्वतंत्रता संग्राम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया था । जिसके लिए उन्हें काफी यातना सहना पड़ा और कई बार जेल गए। इन्हें महान क्रांतिकारी अमर शहीद चंदशेखर आजाद का सानिध्य प्राप्त था।

इनका जन्म सन् 1906 में ग्राम-जीवा तहसील-बांसी, अब सिद्धार्थनगर के ब्राह्मण परिवार में हुआ था । स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका होने के कारण उनके घर अक्सर ब्रिटिश सरकार की पुलिस पकड़ने के लिए छापा मारी करती थी परंतु वह कभी पकड़े नहीं गए । उसके बाद वह क्रांतिकारियों के गढ़ कानपुर पहुंच गए और यहां भी अग्रेजों के विरुद्ध चलाए जा रहे आंदोलन में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने लगे । परिणामस्वरूप नौघड़ा कुली बाजार बादशाही नाका कलक्टरगंज



आदि में यह काफी लोकप्रिय हो गए। उनकी एक आवाज पर वहां काफी सेनानी इक्ट्ठा हो जाया करते थे । अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद से इनके अच्छे सम्बन्ध थे । यही कारण था, कि आजाद अपनी मृत्यु से लगभग एक वर्ष पूर्व गोरखपुर के तत्कालीन अत्याचारी अंग्रेज कमिश्नर को मारने के लिए जब गोरखपुर जा रहे थे तभी खुफिया एजेंसी ने मामले को भांप लिया और कमिश्नर की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दिया इसका अभास होने पर खलीलाबाद से ही रास्ता बदलकर वह रात में ग्राम जीवा पहुंचे कुछ देर रूकने के बाद वहां से चले गए। राम लखन त्रिपाठी को वर्ष 1940 में डीआईआर में गिरफ्तार कर जिला कारागार कानपुर बंद कर दिया गया।

# ट्रम्प को सही जवाब

भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर ट्रम्प अपने टैरिफ की व्यवस्था दूसरे देशों पर लादने से असफल होने के बाद ट्रम्प ने भारत की अर्थव्यवस्था के डेड बतलाया। भारत ट्रम्प की नहीं अमेरिका की दोस्ती का ख्याल कर ट्रम्प से सभ्य शब्दों में जवाब देता रहा। पर ट्रम्प अपनी असफलता की हतासा को छिपाते हुये भारत की अर्थव्यस्था पर गलत बयान थोपते रहे। दुनियां मान रही है भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से विकास करते हुये दुनियां की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर सही तरीके से बढ़ रही है। अमेरिका भारत के आर्थिक विकास के प्रति हताशा में डेड इकानमी बता रहा है। भारत कह रहा है वह अपने हितो से बता रहा है। भारत कह रहा है वह अपने हितो से समझौता नहीं करेगा। भारत कृषि प्रधान देश है कृषि और डेयरी फार्मिंग भारतीय किसानों की लाइफ लाइन है।

रिजर्व बैंक ने पिछले हफ्ते भारत की जीडीपी ग्रोथ के 2025-26 के लिय अनुमान 65 प्रतिशत बनाये रक्खा। बाकी दुनियां के लिये यह ग्रोथ का अनुमान 3 प्रतिशत है। आईएमएफके आंकड़े बताते है 2024 में भारत ने ग्लोबल जीडीपी ग्रोथ में तकरीबन 17 प्रतिशत का योगदान दिया। अगले पांच साल में यह आंकड़ा 20 प्रतिशत तक पहुंच सकता है।

महामारी के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था ने सबसे शानदार रिकवरी की वैश्विक उथल पुथल और युद्धों के बीच भी वह अपनी बढ़त बनाये हुये है। असलियत है कि खुद अमेरिका की अर्थवस्था इस समय संकट के दौर में है। ट्रम्प की नीतियों की वजह से अमरिकी अर्थशास्त्रियों को वहां महंगाई बढ़ने का डर सता रहा है। स्वभाविक है आर्थिक विकास दर पर बुरा असर पड़ेगा। ट्रम्प टैरिफ पालासी की वजह से अगर अमेरिका में मन्दी के हालात बनते है तो असर दूसरे मुलकों पर भी होगा।

ट्रेड और टैरिफ पर ट्रम्प का सख्त रूख के लिये भी ठीक नही है। टैक्स अगर बढ़ेगे इसकी कीमत अमरीकियों को भी चुकानी पडेगी। ऐसे में बीच का कोई रास्ता निकालना लाभदायक होगा। पर रास्ता निकालने के लिये बातचीत एकतरफा नहीं होनी चाहिये। अमेरिका को अपनी थोपने वाली नीति से परहेज करना होगा। अपनी ग्रोथ बनाये रखने लिये भारत की एनर्जी सम्बन्धी जरूरतें अमेरिका से बिल्कुल अलग है। भारत के अपने किसानों और डेयरी भारतीय किसानों और देश की अर्थव्यवस्था की लाइफ लाइन है। किसी भी समझौते में इस पहलू की अनदेखी नहीं की जानी चाहिये। भारत में पुरानी कहावत है उत्तम खेती मध्यम बान निकृष्ट चाकरी भीख निदान भारत की बड़ी आबादी इन्ही आदर्शो पर टिकी हुई है। इस लाइफ लाइन से भारत किसी भी हालत में अलग नहीं हो सकता। भारत में किसानों की बड़ी आबादी छोटे छोटे आकार के खेतों पर टिकी है जबकि अमेरिकी की थोड़ी आबादी कृषि पर टिकी है। उनके पास छोटे छोटे नही है बड़े बड़े फार्म है। उनकी खेती मशीनों पर निर्भर है जबकि भारत की छोटे छोटे औजारों पर निर्भर है। अमेरिका को यह अन्तर समझना होगा।

# दर्द में क्या बंदा रोए भी नहीं!


सुशील कुमार 'नवीन'

हरियाणवीं में एक प्रसिद्ध कहावत है जिसकै लागै, वोह-ए जाणै. अर्थ है कि चोट का वास्तविक दर्द उसी को होता है,जिसे चोट लगी हो। दूसरों के पास तो सांत्वना के मलहम के अतिरिक्त कुछ नहीं होता है। उपदेशक बन दूसरों को दर्द सहन करने की हिम्मत बंधाना बड़ा सहज है और वही चोट का दर्द खुद पर बन आए तो सांत्वना का मलहम दर्द को और बढ़ा जाता है। इसलिए दर्द का भाव जितना निकले, उसे निकलने देना चाहिए। दर्द को नासूर नहीं बनने देना चाहिए।

कांग्रेस के युवराज भी लगभग आजकल दर्द की ऐसी ही स्थिति से गुजर रहे हैं। बंदे ने मेहनत करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी हुई है। पर परिणाम वही ढाक के तीन पात। मई 2014 से शुरू हुआ वनवास लगातार खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा। हर रात के बाद नई सुबह वाला मुहावरा भी रोजाना इस रात की सुबह नहीं कहकर और चिढ़ाकर निकल जाता है। फिर भी राजनीति की हांडी कब शिखर चढ़ जाए, उम्मीद तो बनाकर रखनी ही पड़ेगी। इसी संकल्प को शिरोधार्य कर बंदा सिर पर अमृत का लेप लगाकर सत्ता की चौखट को उखाड़ने का प्रयास जारी रखे हुए है। छह माह की कड़ी मशक्कत के बाद बंदे ने वोट की चोरी नामक नये जिन्न का अवतरण किया। कुछ चर्चा-परिचर्चा ,राजनीतिक गहमागहमी बनती। महीने-दो महीने राजनैतिक गलियारे में हंसी-ठठ्ठे चलते। देश की जनता का बातों का चटखारा लगाने का अवसर मिलता,इससे पहले ही चुनाव आयोग बाबा लट्ठ उठाकर फिर बैठ गया। कह दिया या तो शपथ पत्र दो, या फिर देश की जनता से माफी मांगो। ये अच्छी बात नहीं है। इसकी कड़े शब्दों में निंदा जरूरी है। निंदा क्या? चुनाव आयोग का बायकॉट कर देने का सार्वभौमिक फैसला अब तक हो जाना चाहिए था। क्या सुप्त शक्तियों के कुंभकर्णी निद्रा जागरण का समय नहीं हो पाया है?

मेरा तो यही मानना है कि चुनाव आयोग को ऐसा नहीं करना चाहिए। इतनी शीघ्रता से तो कतई नहीं। ये हिंदुस्तान है। यहां हर किसी को भावों को प्रकट करने की आजादी है। आप इसे स्वीकारो चाहे न स्वीकारो। आप बंदे की मेहनत देखिए। कागज की एक फाइल को सर्च करने में दिमाग झन्ना जाता है और बंदे ने न जाने कितनी फाइलें चैक की होंगी। खुद उनके अनुसार कागजों की बड़ी फाइल थी। एक फोटो को लाखों फोटो के सामने कंपेयर किया है। हर एक नाम को चैक किया है। एक सीट की सच्चाई निकालने के लिए छह महीने लगे। ग्राउंड लेवल की मेहनत को इस तरह नकारा नहीं जा सकता।

संज्ञा से सर्वनाम तक, उपमेय से उपमान तक, मान से अपमान तक, अर्श से फर्श तक, सुलभ से दुर्लभ तक, आह्वान से विसर्जन तक, भूगोल से खगोल तक सबको इस बात का पूरा दर्द है। दर्द हो भी क्यों न हो 2014 के बाद क्या आयोग बाबा ने बंदे को ऐसा कोई मौका दिया है कि जिससे वो खुलकर हंस सके, जश्न मना सके। क्या बंदे का मन नहीं करता कि वो भी अपने घर के बाहर लड़ी वाले पटाखे छोड़े, गुलाल उड़ाए, जलेबी बंटवाए। दूर तलक तक महक बिखेरता सौ किलो के हार में सौ लोगों के साथ फोटो खिंचवाए।

और सुनें! सत्ता का दर्द और सभी दर्द से भारी होता है। अभाव में नौजवान को बुजुर्ग बनते देर नहीं लगती। कई तो इसी दर्द को लिए समय से पहले सटक जाते हैं। जिनका भाग्योदय हो जाता है वो बुजुर्ग नौजवान हो जाते हैं। बुढ़ापा सीधे पच्चीस-तीस साल आगे सरक जाता है। और आप चाहते हैं कि बंदा दर्द में भी चुपचाप बैठा रहे, न रोए न चिल्लाए। ऐसा कदापि नहीं हो सकता। इसलिए भावों को लगातार बहने दें। और यदि आपको डर है कि भावों की गंगा आपको लपेटे में न लेले तो मंत्र का जाप करें कि ज्है तो मुमकिन है। इस मंत्र के सुबह शाम जाप करने से कोई भी विपरीत शक्ति प्रभाव नहीं दिखा आएगी। सुभाषितावलि का यह श्लोक और भी संभल देगा -

उदेति सविता ताम्रः, ताम्र एवास्तमेति च।
सम्पत्तौ च विपत्तौ च, महतामेकरूपता।।

(सूर्य लाल वर्ण का ही उदित होता है और लाल वर्ण का ही अस्त होता है। सम्पत्ति और विपत्ति इन दोनों परिस्थितियों में महान् पुरुष एक जैसे रहते हैं।)

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।
किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।
**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**अदालत ने कहा आवारा कुत्तों के बारे में शिकायत मिलने के चार घंटे के भीतर कार्रवाई होनी चाहिए और कुत्तों की नसबंदी के बाद उन्हें वापस पुरानी जगह न छोड़ा जाए। अदालत ने कहा कि रेबीज की वैक्सीन की उपलब्धता भी चिंता का कारण है। अदालत ने वैक्सीन की उपलब्धता की भी पूरी रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि नवजात, छोटे बच्चे किसी भी कीमत पर इन आवारा कुत्तों के शिकार नहीं बनने चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने एक हेल्पलाइन स्थापित करने के भी निर्देश दिए।**

# पूरे देश के आवारा कुत्तों पर कार्रवाई क्यों नहीं?


अशोक मधुप

दिल्ली एनसीआर में आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, एनसीआर के नागरिक प्रशासन और स्थानीय निकाय को सख्त निर्देश जारी किए हैं। इनमें आवारा कुत्तों को पकड़ने, उनकी नसबंदी करने और उन्हें आश्रय गृह में रखने के निर्देश दिये गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि अगर कोई व्यक्ति या संगठन आवारा कुत्तों के खिलाफ कार्रवाई में अड़ंगा डालता है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई करें। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने सोमवार को सुनवाई के दौरान कहा कि एनसीटी-दिल्ली, एमसीडी, एनएमडीसी तुरंत आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान शुरू करें और खासकर उन इलाकों में जहां आवारा कुत्तों का खतरा ज्यादा है। पीठ ने स्थानीय निकायों को निर्देश दिया कि आठ हफ्तों में वे आवारा कुत्तों को रखने के लिए आश्रय स्थल बनाने की जानकारी दें। अदालत ने कहा कि आवारा कुत्तों के खिलाफ कार्रवाई में कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। अगर कोई व्यक्ति या संगठन इस काम में आड़े आए तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई करें। पीठ ने ये भी कहा कि एमसीडी/एनडीएमसी और दिल्ली एनसीआर के संबंधित प्राधिकरण दैनिक आधार पर आवारा कुत्तों को पकड़ने का रिकॉर्ड रखें और पकड़े जाने के बाद एक भी आवारा कुत्ता वापस छोड़ा नहीं जाना चाहिए और सभी को आश्रय स्थल में रखा जाए। पीठ ने कहा कि अगर इस मामले में लापरवाही की गई तो हम सख्त कार्रवाई करेंगे। अदालत ने कहा आवारा कुत्तों के बारे में शिकायत मिलने के चार घंटे के भीतर कार्रवाई होनी चाहिए और कुत्तों की नसबंदी के बाद उन्हें वापस पुरानी जगह न छोड़ा जाए। अदालत ने कहा कि रेबीज की वैक्सीन की उपलब्धता भी चिंता का कारण है। अदालत ने वैक्सीन की उपलब्धता की भी पूरी रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि नवजात, छोटे बच्चे किसी भी कीमत पर इन आवारा कुत्तों के शिकार नहीं बनने चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने एक हेल्पलाइन स्थापित करने के भी निर्देश दिए। पीठ ने कहा कि एक हफ्ते में हेल्पलाइन स्थापित की जाए, ताकि इस पर लोग कुत्तों के काटने की घटनाओं को रिपोर्ट कर सकें। न्यायालय ने कहाकि आवारा कुत्तों को पकड़कर शेल्टर में रखें, अड़ंगा डालने वालों पर कार्रवाई करें।



जस्टिस पारदीवाला ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि नसबंदी हो चुकी है या नहीं, सबसे पहली चीज है कि समाज आवारा कुत्तों से मुक्त होना चाहिए। एक भी आवारा कुत्ता शहर के किसी इलाके या बाहरी इलाकों में घूमते हुए नहीं पाया जाना चाहिए। हमने नोटिस किया है कि अगर कोई आवारा कुत्ता एक जगह से पकड़ा जाता है और उसकी नसबंदी करके उसे उसी जगह छोड़ दिया जाता है, ये बेहद बेतुका है और इसका कोई मतलब नहीं बनता। आवारा कुत्ते क्यों वापस उसी जगह छोड़े जाने चाहिए और किस लिए? पीठ ने कहा कि हालात बेहद खराब हैं और इस मामले में तुरंत दखल दिए जाने की जरूरत है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया तुषार मेहता ने भी अदालत से अपील की कि वे इस मामले में सख्ती से दखल दें ताकि आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान हो सके। मेहता ने कहा कि नसबंदी से कुत्तों की सिर्फ संख्या बढ़नी रुकती है, लेकिन रेबीज का संक्रमण फैलाने की उनकी क्षमता कम नहीं होती।

सवाल यह है कि ये आदेश दिल्ली /एनसीआरके लिए ही क्यों हैं।देश में भी तो नागरिक रहते हैं। उनके लिए क्यों नही। आवारा कुत्तों का आंतक तो पूरे देश में है। देश में कुत्तों के काटने से औसतन प्रति वर्ष 29 हजार से ज्यादा व्यक्ति मरते हैं। यह तो संख्या वह है जो रिपोर्ट हो जाती है। गांव देहात के मामले से रिपोर्ट ही नही हो पाते। न वे खबरों की सुर्खियां बनते हैं।

उत्तर प्रदेश का बिजनौर बहुत छोटा जिला है। यहां हाल ही में 24 जुलाई की शाम थाना अफजलगढ़ क्षेत्र के गांव झाड़पुरा भागीजोत में खेत पर काम कर रहीं 65 वर्षीय वृद्धा को आवारा कुत्तों के झुंड ने नोच कर मार डाला। तीन अगस्त को हीमपुर दीपा के गांव गांगू नंगला में हिंसक कुत्ते ने हमला कर दो बच्चों सहित 10 लोगों को बुरी तरह से घायल कर डाला। छह जून 2025 को अफजलगढ़ में पांच साल की बच्ची यास्मीन को आवारा कुत्तों के झुंड ने नोच-नोचकर मार डाला. दरअसल, बच्ची मां के साथ दूध लेने गई थी और पीछे रह जाने पर बच्ची कुत्तों के हि लग गई। 23 अक्तूबर 2023 को देश की प्रमुख चाय कंपनियों में से एक वाघ बकरी चाय के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पराग देसाई का निधन हो गया है। मीडिया खबरों के मुताबिक 49 साल के पराग पिछले हफ्ते अहमदाबाद में मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इस दौरान आवारा कुत्तों ने उन पर हमला कर दिया। खुद को बचाने में वह फिसलकर गिर गए और उन्हें ब्रेन हेमरेज होने से निधन हो गया।

भारत सरकार के स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण मंत्रालय ने पिछले साल संसद में हुए एक सवाल का जवाब देते हुए बताया कि 2019 में 72 लाख 77 हजार 523 कुत्तों के हमले रिपोर्ट हुए। वहीं साल 2020 में कुल 46 लाख 33 हजार 493 कुत्तों के हमलों रिपोर्ट हुए, जबकि साल 2021 में कुल 1701133 कुत्तों के काटने के मामले रिपोर्ट हुए।साल 2022, जुलाई तक भारतीय लोगों पर हुए कुत्तों के हमले की कुल संख्या स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, 14 लाख 50 हजार 666 थी। इन हमलों में कई लोगों ने अपनी जान भी गंवाई है। ये हमले आवारा और पालतू दोनों कुत्तों के हैं। इसके साथ ही इन हमलों के शिकार, बच्चे, बुजुर्ग और जवान तीनों हुए हैं। साल 2018 में मेडिकल जर्नल लैंसेट में छापी इस रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत में हर साल 20 हज़ार लोग रेबीज के कारण मरते हैं. इनमें से ज्यादातर रेबीज के मामले कुत्तों द्वारा इंसानों तक पहुंचे हैं।ऐसा नहीं है कि हर कुत्ते के काटने से आपको रेबीज हो सकता है, लेकिन ज्यादातर आवारा कुत्तों के काटने से रेबीज का खतरा रहता है। कुत्तों के इन हमलों के सबसे ज्यादा शिकार छोटे बच्चे, महिलाएं और जवान होते हैं। सुप्रीम कार्ट को यह समझना होगा कि अवारा कुत्तों की परेशानी दिल्ली- एनसीआर में ही नही है, ये पूरे भारतवर्ष की समस्या है।देश के देहात के तो हडवार ( मरे जानवर डालने के स्थान के पास) रहने वाले कुत्ते तो और भी ज्यादा खतरनाक होते हैं। ये महिलाएं, बीमार और बच्चों समेत अकेले आते जाते व्यक्ति को मारकर उसके मांस से अपना पेट भरतें हैं।आवारा कुत्तों की समस्या भारत व्यापी है। इसलिए इस मामले पर कार्रवाई भी देशव्यापी होनी चाहिए।

# आवारा कुत्तों पर स्वतः संज्ञान से सुप्रीम न्याय की ऐतिहासिक गूँज

**सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार, एमसीड और एनडीएमसी को 8 हफ्तों के अंदर करीब 5000 कुत्तों के लिए शेल्टर होम बनाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि इन शेल्टर्स में कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण के लिए पर्याप्त कर्मचारी होने चाहिए। कोर्ट ने अधिकारियों को इस बुनियादी ढांचे को तैयार करने और नियमित अंतराल पर इसकी संख्या बढ़ाने का आदेश दिया है।**


किशन भावनानी


वैश्विक स्तरपर भारतीय न्यायपालिका की प्रतिष्ठा पारदर्शिता व निष्पक्षता का गुणगान यूं ही नहीं किया जाता, यहां मानवीय संवेदनशीलता के साथ- साथ-साथ मूक बधिर जीवों की सुरक्षा करने के साथ साथ संवेदनशीलता, व उनकी हिंसा से मानवीय जीवो को बचाने उनकी सुरक्षा करने के लिए स्वतः संज्ञान भी लिया जाता है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि भारत माता की मिट्टी में पैदा हुए हर व्यक्ति में सृष्टि में पैदा हुए जीवों के प्रति गहरी संवेदनाओं संवेदनशीलता गुण हृदय में भरा रहता है जो किसी न किसी रूप में झलक जाता है, ऐसा ही हमने देखे कि आवारा कुत्तों के संबंध में स्वयंसेवी संगठन व माननीय न्यायालय तथा कबूतरों के संबंध में एक संगठन व माननीय न्यायालय के केस में माननीय सुप्रीम कोर्ट ने दिनांक 11 अगस्त 2025 को अहम् फैसला दिया है। एक बच्ची को आवारा कुत्तों द्वारा काटने पर उसकी मृत्यु हो गई इसके स्वतः संज्ञान पर बेंच नें लावारिस कुत्तों की समस्या से जूझ रहे दिल्ली को लेकर बड़ा आदेश दिया है। देश की सबसे बड़ी अदालत ने कहा है कि 8 सप्ताह के भीतर सभी लावारिस कुत्तों को पकड़कर डॉग शेल्टर में शिफ्ट किया जाए व इन कुत्तों को वापस नहीं छोड़ा जाएगा। दिल्ली में रोहिणी के पास पूठ कलां में आवारा कुत्ते के काटने से रेबीज के कारण 6 साल की बच्ची की मौत के बाद 28 जुलाई 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने इस समस्या का स्वतः संज्ञान लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने इसको लेकर प्रकाशित एक मीडिया रिपोर्ट का जिक्र करते हुए इसे 'बेहद परेशान करने वाला और चिंताजनक बताया था। अदालत ने कहा था कि शहर और उसके बाहरी इलाकों में हर दिन सैकड़ों कुत्तों के काटने की खबरें आ रही हैं। कुत्तों के काटने से रेबीज हो रहा है।आमतौर पर बच्चे और बुजुर्ग इसके शिकार हो रहे हैं।सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, एमसीड और एनडीएमसी को निर्देश दिया है कि वे तत्काल प्रभाव से आवारा कुत्तों को सभी इलाकों से पकड़ना शुरू करें, कोर्ट ने कहा कि यह कदम बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है, जिससे वे बिना किसी डर के पार्कों और सड़कों पर जा सकें,कोर्ट ने यह भी साफ किया है कि पकड़े गए कुत्तों को किसी भी परिस्थिति में वापस उन्हीं इलाकों में नहीं छोड़ा जाएगा ,इस आदेश का मकसद राष्ट्रीय राजधानी को आवारा कुत्तों से मुक्त करना है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार, एमसीड और एनडीएमसी को 8 हफ्तों के अंदर करीब 5000 कुत्तों के लिए शेल्टर होम बनाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि इन शेल्टर्स में कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण के लिए पर्याप्त कर्मचारी होने चाहिए। कोर्ट ने अधिकारियों को इस बुनियादी ढांचे को तैयार करने और नियमित अंतराल पर इसकी संख्या बढ़ाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि यह कार्रवाई इसलिए जरूरी है क्योंकि जब तक शेल्टर बनते हैं, तब तक और लोग कुत्तों के काटने का शिकार हो सकते हैं। दूसरी ओर 11 अगस्त 2025 को ही मुंबई में कबूतरों को दाना खिलाने पर लगे प्रतिबंध के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है और याचिकाकर्ताओं से हाईकोर्ट जाने को कहा है। इतना ही नहीं माननीय पीठ ने बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ भीड़ द्वारा दादर कबूतरखाना को जबरदस्ती खोलने और कबूतरों को दाना डालने की घटना पर गुस्सा जाहिर करते हुए कहा है कि जो लोग भी, इस तरह कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर रहे हैं, इन्हें गिरफ्तार किया जाए और उनके खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाए। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्वतः संज्ञान लेने के 14 दिनों के भीतर निर्णय की फास्ट ट्रैक प्रवृत्ति जनहित की आपात समस्या निदान का सटीक उदाहरण सराहनीय है।



साथियों बात अगर हम सुप्रीम कोर्ट द्वारा आवारा कुत्तों संबंधित स्वतः संज्ञान पर एक बेंच द्वारा दिए गए जजमेंट की करें तो, यह संज्ञान 28 जुलाई 2025 को लिया था। उस दिन कोर्ट ने टाइम्स ऑफ इंडिया में प्रकाशित सिटी होउंडेड बाय स्ट्रास, किड्स पे प्राइस शीर्षक वाले समाचार लेख को आधार मानकर मामला अपने संज्ञान में लिया और इसे सु मोटो रिट पेटिशन (सिविल) नों. 5/2025- 'सिटी होउंडेड बाय स्ट्रास, किड्स पे प्राइसके रूप में रजिस्टर्ड किया था। कोर्ट ने दिल्ली सरकार व नगर निकायों (एमसीडी) को 11 अगस्त 2025 तक जवाब दाखिल करने का निर्देश भी जारी किया था। जिसकी मुख्य बातें इस प्रकार है।(1) तत्काल कारवाई का आदेशसुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि दिल्ली-एनसीआर (दिल्ली-एनसीआर) सहित नोएडा, गुरुग्राम और गाजियाबाद के सभी स्थानीय निकायों को आवारा कुत्तों को तुरंत पकड़कर शेल्टर में ले जाने की प्रक्रिया तुरंत प्रारंभ करनी चाहिए, चाहे वे नसबंद (स्टेरिलीज्ड) हों या नहीं। कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया कि एक भी कुत्ता सार्वजनिक स्थानों पर वापस नहीं छोड़ा जाएगा।(2)शेल्टर्स व संरचना की व्यवस्था-कोर्ट ने दिल्ली सरकार, एमसीड औरएनडीएमसी को निर्देशित किया कि वे आने वाले आठ सप्ताह के भीतर पर्याप्त कुत्ते शेल्टर तैयार करें, जहां नसबंदी, टीकाकरण, रखरखाव और संरक्षित परिवेश सुनिश्चित किया जा सके। इन शेल्टरों में पिछले निर्णयों के विपरीत, सीसीटीवी लगाए जाएंगे और पर्याप्त कर्मचारी लगाए जाएंगे जिससे कोई कुत्ता बच न जाए। (3) अवरोध करने वालों के खिलाफ कार्रवाई-कोर्ट ने सख्त चेतावनी दी कि अगर कोई व्यक्ति या संगठन इस कार्य में बाधा डालता है-जैसे किशेल्टर स्थापित करने या कुत्ते पकड़ने में-तो उसके खिलाफ न्यायिक कार्रवाई (कानूनी कदम) की जाएगी। यह स्पष्ट किया गया कि यह आदेश सार्वजनिक हित (लार्जर पब्लिक इंटरेस्ट) में हैं, और इनफाट्स एंड यंग चिल्ड्रन, नॉट एट एनी कॉस्ट, शुड फाल प्रेय टू रबीजयह संदेश पूरी सख्ती के साथ दिया गया। (4) हेल्पलाइन और टीकाकरण व्यवस्था-कोर्ट ने आदेश दिया कि एक डॉग-बाइट हेल्पलाइन एक सप्ताह के भीतर स्थापित की जाए, जिस पर लोग कुत्ते काटने की घटनाओं की सूचना दे सकें। इसके साथ ही, राज्य सरकार को टीकों की उपलब्धता, स्टॉक, और इससे संबंधित जानकारी नियमित रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। (5) एबीसी रूल्स का विरोध- सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट आक्षेप जताया कि एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) नियम, जो नसबंद और टीकाकृत कुत्तों को उनके पहले स्थान पर वापिस छोड़ने की परंपरा स्पष्ट रूप से अबसूर्ड और अनरेसनेबल है। अदालत ने कहा,फॉरगेट द रूल्स एंड फेस रियलिटी, यह कहते हुए कि समाज को आवारा कुत्तों से मुक्त होना चाहिए,चाहे वे नसबंद हों या नहीं। (6) लोकहित की प्राथमिकता- कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण अपनाया जिसमें लोकहित (पब्लिक इंटरेस्ट) को सर्वोच्चता दी गई। कोर्ट ने स्पष्ट रूप से एनीमल राइट्स पर आधारित संगठनात्मक हस्तक्षेप को अस्वीकार कर दिया और कहा कि इस विषय में केवल विशेषज्ञ सलाह (अमिकस कुरिए) और सरकारी पक्ष की सुनवाई की जाएगी।

# चुनाव आयोग पर फूटा राहुल का 'एटम बम'?

**राहुल गांधी ने कथित वोट चोरी में शामिल चुनाव आयोग के शीर्ष से लेकर निचले स्तर तक के अधिकारियों को चेतावनी भी दी कि उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद भी परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने उनके कार्यों को देशद्रोही और राष्ट्रहित के विरुद्ध क़रार दिया, और कहा कि कांग्रेस उन्हें जवाबदेह ठहराएगी। राहुल गांधी ने छः महीने की कड़ी मशक्क़त के बाद कांग्रेस द्वारा जुटाए गए इन सबूतों को परमाणु बम का नाम दिया।**


तनवीर जाफ़री

भारत वर्ष को विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में जहां दुनिया जानती है वहीं यहाँ होने वाले चुनाव भी पूरी दुनिया को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। कई बार विश्व के नेताओं के प्रतिनिधिमंडल हमारे विशाल देश की चुनावी प्रक्रिया को देखने व समझने के लिये चुनावों के दौरान भारत आते रहे हैं। उधर भारतीय चुनाव आयोग जहां इस विशाल चुनाव के सफल संचालन का हमेशा श्रेय लेता आया है वहीं इन्हीं चुनावों में प्रायः कहीं न कहीं चुनावी धांधली के आरोप भी लगते रहे हैं। विगत में लोकसभा व विधानसभा के कुछ चुनाव तो ऐसे भी संपन्न हुये जिनके परिणामों ने चुनाव पूर्व होने वाले सभी सर्वेक्षणों को पूरी तरह नकार दिया। वैसे भी जब से देश में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से वोट पड़ने शुरू हुये हैं उसी समय से मतदान की निष्पक्षता पर सवाल उठते रहे हैं। स्वयं भारतीय जनता पार्टी के ही वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुब्रह्मण्यम स्वामी, व राज्यसभा सांसद जी.वी.एल. नरसिम्हा राव जैसे कई प्रमुख नेताओं ने समय-समय पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुये इसके इस्तेमाल का विरोध किया है।

बहरहाल 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद ईवीएम की विश्वसनीयता का सवाल अब विपक्षी दलों द्वारा किया जाने लगा है। पिछले एक दशक से होने वाले लगभग सभी चुनावों में ईवीएम से होने वाली धांधलियों के अनेक आरोप लगते रहे हैं। कभी ईवीएम बदलने के तो कभी ईवीएम चोरी होने के। कभी मतदाताओं को यह कहते सुना गया कि उन्होंने वोट तो कहीं और दिया परन्तु वीवीपैड मशीन किसी दूसरे निशान पर वोट पड़ा बताती है। हालाँकि पिछले चुनावों में कई बार कई राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें भी बनीं परन्तु ईवीएम का विरोध निरंतर जारी रहा। दिल्ली में जंतर मंतर पर अनेक बार ईवीएम विरोधी प्रदर्शन भी हुये। देश के वकीलों का एक बड़ा वर्ग खुलकर ईवीएम के विरोध में खड़ा हुआ परन्तु सरकार व चुनाव आयोग ईवीएम पर ही विश्वास जताते रहे। परन्तु अब मामला ईवीएम की विश्वसनीयता से भी आगे बढ़कर वोटर लिस्ट में हो रही भयंकर धांधली का उजागर हुआ है। और इसका भंडाफोड़ किया है लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी ने।



गत 7 अगस्त को राहुल गांधी ने बड़े पैमाने पर हो रही चुनावी धोखाधड़ी को उजागर किया। उन्होंने विशेष रूप से कर्नाटक के बेंगलुरु मध्य लोकसभा क्षेत्र में, महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए मतदाता सूचियों में, विशिष्ट अनियमितताओं को उजागर किया। राहुल गांधी ने दावा किया कि केवल (महादेवपुरा) क्षेत्र में, कुल 6.5 लाख मतदाताओं में से, 1 लाख से अधिक फ़र्ज़ी मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा गया, जिससे उस क्षेत्र में भाजपा की 1,14,046 मतों के महत्वपूर्ण अंतर से जीत हुई। उन्होंने मतदाता सूची में विसंगतियों के उदाहरण दिए और मतदाता सूचियों में हेराफेरी, डुप्लिकेट मतदाता, साक्ष्यों का विनाश और पारदर्शिता का अभावः, असामान्य मतदान पैटर्न आदि विषयों को प्रमाण सहित उठाया। गांधी ने कथित वोट चोरी में शामिल चुनाव आयोग के शीर्ष से लेकर निचले स्तर तक के अधिकारियों को चेतावनी भी दी कि उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद भी परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने उनके कार्यों को देशद्रोही और राष्ट्रहित के विरुद्ध क़रार दिया, और कहा कि कांग्रेस उन्हें जवाबदेह ठहराएगी। राहुल गांधी ने छः महीने की कड़ी मशक्क़त के बाद कांग्रेस द्वारा जुटाए गए इन सबूतों को परमाणु बम का नाम दिया। उन्होंने कहा कि इनके सार्वजनिक प्रकाशन से चुनाव आयोग की भूमिका उजागर हो जाएगी और उसके पास छिपने की कोई जगह नहीं बचेगी।

दरअसल राहुल गाँधी के मांगने पर चुनाव आयोग ने लगभग तीन क्विंटल से भी अधिक काग़ज़ों के विशाल बण्डल उन्हें भेजे थे। राहुल ने अपने विशेषज्ञों के साथ इन काग़ज़ात में से केवल 4 किलो काग़ज़ का चुनाव किया और बड़ी बारीकी से उनका डेटा अध्ययन किया। जब इन काग़ज़ात में ही वोटों की बड़ी चोरी पकड़ी गयी तभी राहुल गांधी इस नतीजे पर पहुँच गये कि जब 4 किलो काग़ज़ात फ़र्ज़ी हैं तो शेष सैकड़ों किलो काग़ज़ात भी फ़र्ज़ी ही हैं। गोया अब सवाल महादेवपुरा विधानसभा का ही नहीं बल्कि देश की प्रत्येक विधानसभा और लोकसभा सीटों के चुनाव का है? यही वजह है कि अब राहुल गाँधी देश की सभी 543 लोकसभा का वोटर डेटा मांग रहे हैं। वह इसीलिये मशीन रिडेबल डेटा की मांग कर रहे हैं ताकि डेटा और फ़ोटो एनालिसिस हो सके। कांग्रेस का मानना है कि यदि चुनाव आयोग ने मशीन डेटा दे दिया तो मात्र 7 दिनों में हर एक वोटर की पहचान हो जाएगी और एसआईआर करने की कोई आवश्यकता ही नहीं रहेगी। और मशीन डेटा से रोहंगिया, बांग्लादेशी, पाकिस्तानी, नेपाली जो भी फ़र्ज़ी मतदाता होंगे सभी सामने आ जायेंगे।

परन्तु आश्चर्य है कि भारतीय इतिहास में पहली बार नेता प्रतिपक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा चुनाव आयोग पर इतने गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। पूरी सरकार व प्रधानमंत्री तक को फ़र्ज़ी सरकार का फ़र्ज़ी प्रधानमंत्री बताया जा रहा है। परन्तु भाजपा व चुनाव आयोग दोनों ही एक दूसरे के पीछे छिपने की कोशिश कर रहे हैं। वही पुराना राग अलाप रहे हैं कि राहुल गांधी के आरोप निराधार, शर्मनाक और लोकतंत्र का अपमान हैं। और भाजपा नेताओं के अनुसार ये आरोप कांग्रेस की हार से उपजी हताशा का परिणाम हैं । उन्होंने कांग्रेस को क़ानूनी रास्ता अपनाने की चुनौती दी और निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता का बचाव किया। साथ ही भाजपा ने इसे कांग्रेस द्वारा संवैधानिक संस्थानों पर हमले के रूप में वर्णित किया। याद कीजिये केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का वह आरोप जिसमें उन्होंने कहा था कि उनके लोकसभा क्षेत्र में साढ़े तीन लाख वोटरों के नाम काट दिये गए थे। किसने कटवाये थे यह नाम? क्यों काटे गये? ऐसी अनियमिताओं की ज़िम्मेदारी चुनाव आयोग की नहीं तो किसकी है? किसके इशारे पर होता है यह काम? क्या यह देश के लोकतांत्रिक ढांचे के ख़िलाफ़ साजिश नहीं? राहुल गांधी ने यह आरोप भी लगाया कि महाराष्ट्र में केवल पाँच महीनों में लगभग 40 लाख संदिग्ध मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा गया, जिससे चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर संदेह पैदा होता है।

# हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रव्यापी आंदोलन का स्वर- महापौर

**अवधनामा संवाददाता**



■ हर घर तिरंगा राष्ट्र का गर्व का पर्व- संजय गुप्ता

**प्रयागराज।** निषाद राज पार्क करेला बाग से डीजे ढोल नगाड़े के साथ वंदे मातरम का जयकारा लगाते हुए विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ महापौर गणेश केसरवानी ने किया और कहा कि हर घर तिरंगा अभियान विकसित भारत निर्माण का राष्ट्रव्यापी आंदोलन का सामूहिक एकता का स्वर बन चुका है। जिसकी गूंज पूरी दुनिया को हमें सुनाना है और फिर एक बार अपने घरों पर तिरंगा झंडा लगाकर भारत की एकता को दिखलाना है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष गया प्रसाद निषाद, पूर्व उपमहापौर और मुरारी लाल अग्रवाल, पूर्व पार्षद गिरी शंकर प्रभाकर गिरी बाबा, आदि सैकड़ो महिलाएं एवं मंडल कार्यकर्ता रहे।

भाजपा कीडगंज मंडल के द्वारा मसूरिया दिन मंदिर से निकाली तिरंगा यात्रा का शुभारंभ महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने किया और कहा कि हर घर तिरंगा राष्ट्र का गर्व का पर्व है। इसलिए इस पर्व को हमें गर्व के साथ मनाना है और हर घर तिरंगा लगाना है। इस पर मंडल अध्यक्ष कबीर जायसवाल, प्रमोद जायसवाल, राजेश केसरवानी आदि मंडल कार्यकर्ता रहे।

प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि इसके अलावा चौक मंडल के द्वारा चंद्रलोक चौराहे से शिवकुटी मंडल द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क से, मंडल के द्वारा मंडल कार्यालय नैनी से, यमुना पट्टी के द्वारा पीपल गांव नर्सरी से, भारद्वाज मंडल के द्वारा चंद्रशेखर आजाद पार्क से ढोल नगाड़े डीजे बैंड एवं देश भक्ति गीतों के साथ विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई।

तिरंगा यात्रा का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष गण अजय आनंद, कबीर जायसवाल, सुमित वैश्य, गया प्रसाद निषाद, भोला सिंह, रजत दुबे, श्रवण पाल, ने किया। संचालन सुभाष तिवारी, संजय केसरवानी, ओमप्रकाश मिश्रा, महेंद्र तिवारी, बचपन गुप्ता, गणेश वर्मा ने किया। इस अवसर भाजपा मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी, राघवेंद्र मिश्रा, मनोज मिश्रा,विजय पटेल, विश्वास श्रीवास्तव, आदि सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में लोगों को मिला सरकारी योजनाओं का लाभ

**हरदोई।** कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की शिकायतों को सुना। जन सुनवाई के दौरान कुल 69 शिकायतें प्राप्त हुई जिनके त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को दिए। पात्रों का वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन व दिव्यांग पेंशन हेतु पंजीकरण कराया गया। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गो के मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनवाये गए। आज 01 बुजुर्ग का आयुष्मान कार्ड बना। इस प्रकार जिलाधिकारी अनुनय झा की जन सुनवाई के दौरान अब तक 237 बुजुर्गो के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि अंश निर्धारण व पैमाइश के प्रकरणों में देरी न की जाये। भूमि विवाद के स्थायी समाधान के लिए थाकबंदी के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कराया जाये। चकरोड पर कब्जे की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाये।

# बाढ़ में डूबे युवकों के परिजनों से मिले सपा प्रदेश अध्यक्ष, दी सांत्वना

**अवधनामा संवाददाता**



■ बाढ़ ने खोली स्मार्ट सिटी की पोल, जनता के करोड़ों रूपये चढ़े भ्रष्टाचार की भेंट- श्यामलाल पाल

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल आज गत दिनों बाढ़ के चलते मनसैता नदी में डूबकर हादसे में जान गंवा देने वाले थरवई थाना क्षेत्र के निवासी उत्कर्ष पाल, अभिषेक गौतम एवं शशांक पाल के घर पहुंचे। सपा प्रदेश अध्यक्ष ने असमय काल के गाल में समा जाने वाले इन किशोरों की चित्र पर फूल अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए इनकी आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की।

परिजनों को ढाढ़स बधाते हुए कहा कि पूरी समाजवादी पार्टी उनके दुःख में साथ खड़ी है।सपा प्रदेश अध्यक्ष बिजली करंट लग जाने से कुरेशर गाँव में एक विश्वकर्मा परिवार के चाचा-भतीजे की मौत पर शोक व्यक्त करने पहुंचे। सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने इस मौके पर केंद्र एवं प्रदेश सरकार सहित स्थानीय प्रशासन पर बाढ़ के दौरान गंभीरता से हर खतरे से बचाव के लिये तैयार रहने तथा राहत कार्य में ढिलाई तथा लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन की लापरवाही का नतीजा है इन किशोरों की मौत। बाढ़ के चलते जिले भर में जीवन पर आए संकट पर कहा कि जनता के करोड़ों रूपये स्मार्ट सिटी और कुम्भ में बहा दिए गए लेकिन यहाँ के लोंगो को समस्याओं से निपटने के कोई ठोस एवं स्थाई उपाय नहीं किये गए। जो निर्माण भी हुए सब बाढ़ के पानी में बहते हुए नजर आए। जलभराव से शहर के कई मोहल्लों में लोंगो के घरों में पानी घुस गया। लोग घरों में कैद रहें। सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने बाढ़ के खत्म होने के बाद आसन्न संक्रामक बीमारियों के बचाव के लिये एवं पशुओं में फैलने वाली बीमारी के रोकथाम के लिये तथा बाढ़ में गिर गए घरों एवं बर्बाद हो गई फसलों का मुवाजा देने के लिये तत्काल आवश्यक कदम उठाने की मांग सरकार से की है।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष अनिल यादव, पूर्व मंत्री अंसार अहमद, डॉ रामकरण निर्मल, राम सुमेर पाल, दूधनाथ पटेल, अजीत यादव, दान बहादुर मधुर, पूर्व प्रमुख संदीप यादव, नवीन यादव, मनीष यादव बबलू, संतलाल वर्मा, राम अवध पाल, सुमित विश्व कर्मा, संजू यादव, नन्द लाल पटेल, राजेश यादव, सुरेश कुमार, शांति प्रकाश, डॉ प्रेम चंद्र कुशवाहा, सचिन श्रीवास्तव आदि सहित अनेकों पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान ने निकाली विशाल शंखनाद रैली




**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत अगस्त क्रांति के उपलक्ष में ललितपुर जिले में स्वदेशी वस्तुओं के प्रति जागरूकता को लेकर स्वदेशी जागरण मंच ललितपुर एवं स्वावलंबी भारत अभियान ललितपुर के तत्वाधान में जनपद स्तर के समस्त सामाजिक व्यापारिक संगठनों ने सामूहिक सहयोग से स्वदेशी के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक विशाल शंखनाद रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ विभिन्न संगठनों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया। शंखनाद रैली का प्रारंभ तुवन मंदिर प्रांगण से किया गया, यह रैली दुकान से मंदिर से होते हुए घंटाघर, सावरकर चौक, तालाबपुरा साई मंदिर होते हुए वापस तुवन मंदिर प्रांगण में एकत्रित हुई. इस अवसर पर विभिन्न संगठनों के साथियों ने स्वदेशी के प्रति जागरूकता लाने के लिए अपने उदगार व्यक्त किये। स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान के अंतर्गत शंखनाद कार्यक्रम विदेशी कंपनियां भारत छोड़ो का संचालन स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक डी एस विवेक, एवं स्वावलंबी भारत अभियान के जिला समन्वयक इंजी हाकिम सिंह के नेतृत्व में अभियान संयोजक रामेश्वर मालवीय, रुचिका सिंह बुंदेला, विनोद शर्मा के संयोजन में विद्यालय के बच्चों एवं विभिन्न सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों के द्वारा जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। अभियान के संयोजन में प्रमुख रूप से शुभम कौशिक, भरत रिछारिया, प्रबल सक्सेना, बृजेंद्र सिंह गौर एवं विकास झा का सहयोग सराहनीय रहा। लायंस क्लब ललितपुर के सभी संगठनों ने अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं बच्चों को मिष्ठान वितरण किया। सेंट्रल पब्लिक स्कूल, जीडी मेमोरियल स्कूल, प्रशांति विद्या मंदिर एवं जय गुरुदेव बाल विद्या मंदिर के बच्चों ने रैली में प्रतिभा कर स्वदेशी अपनाने के लिए नारे लगाए। शंखनाद रैली में बच्चों का उत्साह सराहनीय रहा।

# तिरंगा यात्रा में शान से निकली बाइक, लेकिन हेलमेट गायब!



**अवधनामा संवाददाता**

**बिलग्राम।** आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत मंगलवार को निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा में एक ऐसा नज़ारा देखने को मिला जिसने लोगों को हैरान कर दिया। तिरंगा लहराती सैकड़ों बाइकों के बीच बिलग्राम ब्लॉक के वीडीओ खुद बिना हेलमेट के बाइक पर सवार नज़र आए।

सोशल मीडिया पर भी यह तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं, जिसमें साफ दिख रहा है कि सुरक्षा के नियम खुद जिम्मेदार अधिकारी ने ही ताक पर रख दिए। लोगों का कहना है कि जब नियम बनाने और लागू करने वाले ही लापरवाही करें, तो आम जनता से पालन की उम्मीद कैसे की जाए। अब देखना यह होगा कि इस मामले में जिम्मेदार विभाग क्या कार्रवाई करता है या यह मामला भी खानापूर्ति में दब जाएगा।

# कटरा बाजार में श्रीगणेश प्रतिमा स्थापना के पूर्व सड़क निर्माण की मांग

**अवधनामा संवाददाता**



■ सराफा एसोशियेशन के बैनर तले लोगों ने ईओ को सौंपा ज्ञापन

**ललितपुर।** आगामी दिनों में जिले में प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाओं की झांकियां लगायी जायेंगी। शहर में सबसे बड़ी प्रतिमा कटरा बाजार में स्थापित की जाती है। लेकिन वार्ड संख्या 10 कटरा बाजार में काफी समय से सड़क खराब पड़ी हुयी है। यहां लोगों को वाहन या पैदल चलने में भी भारी परेशानियां उठानी पड़ती हैं। ऐसे में झांकी तक आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानियां सामने आ रहीं हैं। ऐसे में कटरा बाजार में सड़क निर्माण कराया जाना अत्यन्त आवश्यक है। सड़क निर्माण की प्रमुख मांग को लेकर सराफा एसोशियेशन (रजि.) के अध्यक्ष मनोज कुमार मज्जू सोनी के नेतृत्व में सराफा व्यापारियों व श्रद्धालुओं ने लामबंद होकर एक ज्ञापन नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा को सौंपा है। कार्यालय परिसर में सौंपे गये ज्ञापन में ईओ को लोगों ने अवगत कराया कि कटरा बाजार में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा स्थापित की जानी है। लेकिन यहां सड़क निर्माण के लिए प्रस्ताव पास हुआ था। चूंकि कुछ दिनों बाद ही यहां गणपति प्रतिमा विराजमान होनी है, उसके पहले यदि सड़क निर्माण किया जाये तो लोगों को आसानी होगी।

यह भी बताया कि श्रीगणेश प्रतिमा के उपरान्त मां भगवती की भी विशालकाय प्रतिमा यहां स्थापित की जाती है। आगामी इन त्यौहारों के मद्देनजर कटरा बाजार में सड़क निर्माण कराये जाने की अत्यन्त आवश्यकता है। ईओ ने लोगों की मांग को सुनकर यथाशीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया है। ज्ञापन देते समय अध्यक्ष मनोज कुमार मज्जू सोनी, पार्षद अफजुल रहमान, पार्षद अमरदीप रजक, विद्याकान्त मालवीय, मकरंद किलेदार विक्की भैया, हृदेश कुमार हुण्डैत, मिन्टू सिंघई, रामदास मुंशी, रिंकू बबेले, अभय पारौल, कुक्कन महाराज, राजेन्द्र, अरविन्द जैन, रीतेश, राजेन्द्र के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# इण्डिया गठबंधन के युवा नेताओं ने किया जोरदार प्रदर्शन



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** विगत दिवस नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा इंडिया गठबंधन के नेताओं की बैठक बुलाई, जिसमें वोटर लिस्टों में गड़बड़ी, मतगणना में धांधली, वोटिंग प्रक्रिया में धांधली, मतदान एजेंटों में भेदभाव आदि के सम्बन्ध में चुनाव आयोग द्वारा की जा रही वोट चोरी किये जाने का आरोप लगाया गया है।

इसको लेकर 11 अगस्त को इंडिया गठबंधन के सांसद चुनाव आयोग जा रहे थे उन्हे बीच रास्ते मे रोककर असंवैधानिक रूप से गिरफ्तार किया गया। जिसके विरोध मे ललितपुर जनपद के इंडिया गठबंधन के युवा संगठन जिला युवा कांग्रेस एवं जिला मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के नेतृत्व मे कम्पनी बाग से जिला निर्वाचन कार्यालय तक मार्च कर प्रदर्शन किया एवं आगामी चुनाव निष्पक्ष कराने के लिए चेताया।

मार्च के दौरान युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंकित ने कहा कि 2024 में केन्द्र सरकार फर्जी वोटो के आधार पर बनी है, जिसे तत्काल सरकार भंग कर देनी चाहिए।

# तिरंगा यात्रा में सभी ने हाथों में थामा तिरंगा

**अवधनामा संवाददाता**



■ देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों एवं भारत माता की जयकारों से गूंजी सड़कें व गलियां

**ललितपुर।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के जिला प्रशासन द्वारा राष्ट्र की एकता, अखण्डता, पंथ निरपेक्षता एवं साम्प्रदायिक सौहार्द को सुदृढ़ करने तथा प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रप्रेम की भावना को पल्लवित करने के लिए पुलिस लाइन प्रांगण में जनपद के अधिकारियों, नागरिकों व विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडिट, स्काउट गाइड आदि को शामिल करते हुए एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह तिरंगा यात्रा पुलिस लाइन प्रांगण से प्रारंभ होकर कचहरी चौराहा, तुवन चौराहा, घण्टाघर होते हुए वापस पुलिस लाइन में समाप्त हुई।

यात्रा का शुभारंभ तिरंगा ध्वज लहराकर किया गया। यात्रा में देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों एवं भारत माता की जयकारों से सड़कें व गलियां गूंज रही थीं, जिससे तिरंगा यात्रा की भव्यता और अधिक निखकर आकर्षण का केन्द्र बन रही थी। तिरंगा यात्रा से उत्साहित होकर लोग जगह-जगह पुष्पवर्षा कर रहे थे। तिरंगा यात्रा में छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट ने तिरंगा लहरा कर और ढोल बजाते अन्य लोगों में देश प्रेम की भावना जागृत किया और लोगों ने भी तिरंगा रैली के साथ जोरशोर से भारत माता की जय के नारे लगाये।

यात्रा के दौरान बूढ़े, युवा, दिव्यांग सभी ने अपने हाथों में तिरंगा थामा और शान से तिरंगा लहराते हुए हजारों की संख्या में यात्रा में प्रतिभाग किया। इस दौरान एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एएसपी कालू सिंह, एसडीएम सदर मनीष कुमार, डीआईओएस, डीआईओ, ईओ नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारीगण, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, छात्र-छात्राएं, एनसीसी कैडिट, स्काउट गाइड एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।

### एसपी के नेतृत्व में निकाली गयी तिरंगा रैली

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के नेतृत्व में 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार चलाये जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के क्रम में तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ रिजर्व पुलिस लाइन्स से वर्णी चौराहा, तुवन मंदिर, सदर कांटा, कंपनी बाग, घण्टा घर, सावरकर चौक, कलेक्ट्रेट चौराहा आदि स्थानों से होते हुये वापस पुलिस लाइन में समापन कर देश प्रेम का संदेश दिया गया। यात्रा के दौरान समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी, शाखा प्रभारी व अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पिता-पुत्र से मारपीट करने वाले चार दबंग पुलिस ने दबोचे

**ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)।** सोमवार की शाम करीब 6 बजे मसौरा बैरियल पर पिता-पुत्रों से मारपीट करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने चारों हमलावरों को दबोच लिया है। घटना के महज चंद घण्टों बाद ही पुलिस ने चार बदमाशों को धर-पकड़ा है। बताया गया है कि निकटवर्ती ग्राम रघुनाथपुरा के प्रकाश कुशवाहा पुत्र रामदास ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि सोमवार को वह अपने पुत्र पवन के साथ मसौरा बैरियल पर था। शाम 6 बजे ग्राम सतरवांस निवासी रूद्रप्रताप ठाकुर पुत्र भगवत सिंह, अजय ठाकुर, बंटी पुत्र भूरे व सागर नाम के लोगों ने जमानत होने के बाद फिर से गालियां देते हुये उसे व उसके पुत्र संजय व पवन को लात-घूसों और लाठियों से मारपीट कर दी, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आयी है। वहीं पुत्र पवन का हाथ टूट गया और संजय भी घायल है।

### डीएम की अध्यक्षता में हुई नगर निकाय व डूडा की बैठक

**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में नगर निकायों व डूडा की समीक्षा बैठक हुई।



जिलाधिकारी ने कहा कि 15वें वित्त के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार नगर निकायों में विकास कार्य कराये जाएं। नगर निकायों में पर्याप्त संख्या में मोबाइल टॉयलेट की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। वाटर टैंकरों की आवश्यकतानुसार खरीद की जाये। ई रिक्शा की पर्याप्त संख्या में खरीद करायी जाये। निकायों में वेंडिंग जोन बनाये जाएं। सांडी व शाहाबाद नगर निकाय में आधुनिक पुस्तकालय की स्थापना करायी जाये। बिलग्राम नगर पालिका में दुकाने बनवायी जाये। बाबा मंशानाथ मंदिर का द्वार बनवाया जाये। मल्लावां में वेंडिंग जोन बनवाया जाये।

# बीजेपी कार्यकर्ताओं की तिरंगा बाइक रैली नगर में गूंजे भारत माता के जयकारे

**अवधनामा संवाददाता**



**बिलग्राम।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को नगर में एक ऐतिहासिक और भव्य तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया।

सुबह से ही नगर के विभिन्न इलाकों से सैकड़ों कार्यकर्ता, समर्थक और आम नागरिक तिरंगे झंडे और भगवा साफों के साथ जुटने लगे। रैली का प्रारंभ नगर पालिका स्थल से हुआ, जहां पार्टी के नगर पालिका अध्यक्ष अनिल राठौर ब्लॉक प्रमुख मुन्ना सिंह अम्बेश तिवारी व वरिष्ठ नेताओं ने ध्वज फहराकर और भारत माता की जय के नारों के साथ रैली को हरी झंडी दिखाई।

रैली में युवा बाइकर्स से लेकर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं तक का जोश देखने लायक था। मोटरसाइकिल, स्कूटी और चारपहिया वाहनों पर तिरंगे लहराते हुए कार्यकर्ता जब सड़कों पर निकले, तो पूरा नगर मानो एक विशाल जश्न-ए-आजादी के मंच में बदल गया। रास्ते में जगह-जगह आम नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर बाइकर्स का स्वागत किया। महिलाएं घरों की बालकनी और छतों से तिरंगे लहराकर रैली में शामिल हुईं। कई स्थानों पर देशभक्ति गीत बजते रहे, जिनकी धुन पर कार्यकर्ता नाचते-गाते आगे बढ़ते रहे।

रैली के सुचारू संचालन के लिए पुलिस प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की। ट्रैफिक पुलिस ने मार्गों को व्यवस्थित रखा और रैली के लिए विशेष रूट तैयार किया गया। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। नगर पालिका अध्यक्ष अनिल राठौर नें कहा कि तिरंगा सिर्फ एक झंडा नहीं, बल्कि देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे आजादी के वीर सपूतों के बलिदान को याद रखें और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। नेताओं ने यह भी संकल्प लिया कि आने वाले वर्षों में तिरंगा बाइक रैली को और भव्य स्वरूप दिया जाएगा।

# भाषा विश्वविद्यालय में 'एंटी रैगिंग सप्ताह' का शुभारंभ



**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशन में एंटी रैगिंग सप्ताह का उद्घाटन कुलपति प्रो. अजय तनेजा की अध्यक्षता में हुआ। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ कुलानुशासक डॉ. नीरज शुक्ल ने किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, विधि संकाय के डॉ. पीयूष द्विवेदी ने रैगिंग से संबंधित विभिन्न कानूनी प्रावधानों एवं दंडात्मक कार्यवाहियों पर विस्तार से चर्चा की। कुलानुशासक डॉ. नीरज शुक्ल ने बताया कि वरिष्ठ छात्रों द्वारा कनिष्ठ छात्रों के साथ सामान्य व्यवहार से भिन्न कोई भी असामान्य, शारीरिक या मानसिक पीड़ा पहुंचाने वाला आचरण रैगिंग की श्रेणी में आता है। वाणिज्य विभाग के सहायक आचार्य डॉ. मनीष कुमार ने संचालन करते हुए विद्यार्थियों को सूचित किया कि विश्वविद्यालय में एंटी रैगिंग सेल सक्रिय रूप से कार्यरत है। यदि किसी छात्र या छात्रा को किसी प्रकार की परेशानी हो, तो वह एंटी रैगिंग सेल अथवा प्रोटोरियल बोर्ड को अपनी शिकायत दर्ज करा सकता/सकती है। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शान ऐ फातिमा ने किया। इस अवसर पर डॉ. श्वेता अग्रवाल, डॉ. ममता शुक्ला, डॉ. कौशलेश कुमार शाह, डॉ. अंशु पांडेय सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत भव्य तिरंगा यात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन




**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में आज 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा विश्वविद्यालय कैंपस से आरंभ होकर चक्करपुरवा गाँव होते हुए पुनः विश्वविद्यालय परिसर में आकर संपन्न हुई। इस दौरान आस-पास के गाँवों के लोग भी बड़ी संख्या में यात्रा में शामिल हुए।

हज़ारों की संख्या में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएँ, शिक्षकगण एवं कर्मचारी इस तिरंगा यात्रा का हिस्सा बने। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने देशभक्ति के नारों और तिरंगे के साथ पूरे मार्ग को राष्ट्रभक्ति के रंगों में रंग दिया। यात्रा के साथ-साथ देशभक्ति से जुड़े सिंगिंग और डांसिंग प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर अजय तनेजा ने कहा, तिरंगा केवल हमारा राष्ट्रीय ध्वज ही नहीं, बल्कि यह हमारी अस्मिता, स्वतंत्रता और एकता का प्रतीक है। 'हर घर तिरंगा' अभियान हमारे देश के हर नागरिक में देशभक्ति की भावना को सशक्त करने का एक उत्कृष्ट प्रयास है, और हमें गर्व है कि हमारी विश्वविद्यालय परिवार ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. नलिनी मिश्रा, डॉ. उधम सिंह और डॉ. बुशरा अलवेरा उपस्थित रहे और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। यह अभियान कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन में 2 अगस्त से प्रारंभ हुआ है, जो पूरे उत्साह और जोश के साथ 15 अगस्त तक चलाया जाएगा।

# त्यौहारों पर अमन-चैन और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन सतर्क

■ शांति समिति की बैठक, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने दिए निर्देश



**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** आगामी त्यौहारों–चेहल्लुम, स्वतंत्रता दिवस और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी–के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में शांति समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता, विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा सेवाओं और अन्य तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सतर्क निगरानी रखी जाए, सार्वजनिक स्थानों की सफाई व प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र सक्रिय रखा जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें और आमजन में भाईचारा एवं सौहार्द का वातावरण बनाए रखने के लिए सतत संवाद किया जाए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि त्यौहारों पर गश्त को और तेज किया जाएगा, ड्रोन व सीसीटीवी से निगरानी रखी जाएगी तथा भीड़-नियंत्रण के लिए विशेष पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) योगेंद्र सिंह, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) प्रेमचंद मौर्य, अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, जनपद के सभी उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी, चेयरमैन प्रतिनिधि जालौन पुनीत मित्तल, चेयरमैन प्रतिनिधि उरई विजय चौधरी, समाज सेवी लक्ष्मण दास बाबानी, विकास, चंद्र प्रकाश, गजराज, चंद्रपाल सिंह गुर्जर, सुरेंद्र सिंह, नारायण सिंह, अलीम सर, हाफिज शेख मोहम्मद, जमील अहमद, मोहम्मद दावर, सलीम अंसारी, मौलाना सुल्तान कादरी, आदि गणमान्य नागरिक और विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु उपस्थित रहे।

## ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन का संचालन ठप्प होने से यात्रियों को हो रही असुविधा

**उरई (जालौन)** रेल यात्रियों को सरलता से टिकट उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रेलवे स्टेशन कालपी में स्थापित कराई गई ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन की उपयोगिता नहीं हो रही है। जिससे टिकट के लिए यात्रियों को स्टेशन खिड़की में लाइन लगाने पर मजबूर होना पड़ रहा है। ज्ञातव्य है कि रेल यात्रियों को स्टेशन में तत्परता से टिकट उपलब्ध कराने के लिए रेलवे विभाग की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत टिकट विंडो के नजदीक ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन को स्थापित कराया गया था। एक साल पहले स्थापित उक्त आधुनिक मशीन ठप पड़ी हुई है। मशीन ठप होने से मजबूरन यात्रियों को स्टेशन की खिड़की में लाइन में खड़े होकर टिकट लेने पर मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे कई यात्रियों की तो ट्रेन भी छूट जाती है। स्टेशन अधिकारियों ने बताया कि ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन के उपकरण तथा तार, केबिल को बंदर खराब कर देते हैं। जिससे मशीन का संचालन ठप हो जाता है। यात्रियों के हितों को दृष्टिगत रखकर यात्रियों की सुविधा के लिए ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन का संचालन जल्द से जल्द शुरू कराया जाएगा।

# राजस्व वसूली व प्रवर्तन कार्यों में लाएं तेजी, लक्ष्य प्राप्ति में न हो कोताही: डीएम

**अवधनामा संवाददाता**



**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में वाणिज्य कर विभाग की वसूली 60 प्रतिशत, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन 76 प्रतिशत, वाहन कर/यात्री कर 85 प्रतिशत तथा आबकारी विभाग की वसूली 98 प्रतिशत पाई गई। यह प्रगति निर्धारित लक्ष्यों से कम होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया और तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि विभागों द्वारा जारी आरसी के सापेक्ष शत-प्रतिशत वसूली हर हाल में सुनिश्चित की जाए। सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि राजस्व वसूली एवं प्रवर्तन कार्यों में व्यक्तिगत सक्रियता दिखाएं। माधौगढ़, कदोरा और एट मंडी के सचिवों द्वारा वसूली में अपेक्षित रुचि न लेने पर उन्हें कड़ी फटकार लगाई गई और चेतावनी दी गई कि कार्य में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खनन एवं परिवहन विभाग को अवैध परिवहन, ओवरलोड वाहनों, बिना रॉयल्टी और नंबर प्लेट के वाहनों के विरुद्ध सघन अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। एआरटीओ को विशेष रूप से ओवरलोडिंग और अवैध परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों और तहसीलदारों को 5 वर्ष और 3 वर्ष पुराने राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धारा 34 के वाद पेंडिंग न रहें, इसके लिए विशेष प्रयास किए जाएं। साथ ही सरकारी भूमि, तालाब, चारागाह और अन्य सरकारी संपत्तियों पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कड़ा अभियान चलाने के निर्देश दिए। अवैध अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त होते ही तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के विकास कार्यों को गति देने और शासन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सभी विभाग अपने कार्यों में पारदर्शिता, तत्परता और उत्तरदायित्व की भावना के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि लक्ष्यों की प्राप्ति में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## न्यायालय परिसर से चोरों ने पार की बाइक

**उन्नाव।** हसनगंज कोतवाली के चंद कदम पर एसडीएम के न्यायालय के बगल से बेखौफ चोरों ने स्प्लेंडर प्रो बाइक पार कर दिया। हसनगंज कोतवाली से दो मीटर की दूरी पर स्थित तहसील परिसर में वादकारियो की भारी भीड़ के बाद खड़ी बाइक संख्या यूपी32एफटी-4491 चोर उठा ले गये। बता दे अजगैन थाने के सुंदरपुर निवासी शिवबरन 70 अपने लडके अनूप पाल के साथ बाइक से उपजिलाधिकारी न्यायालय तारीख पेशी पर आया था। बाइक सवार युवक बरगद एसडीएम न्यायालय के बगल बरगद पेड़ के नीचे बाइक खड़ी कर दी और न्यायालय जाकर पेशकार से तारीख की जानकारी ली और बाहर आया तो बाइक गायब हो गयी जबकि गेट के सामने चाय-पान की दुकानें हैं और तहसील में वादकारियों की आने-जाने की भारी भीड़ है फिर बेखौफचोरों ने बाइक पार कर दिया। न्यायालय के बाहर एसडीएम के सुरक्षा गार्ड ड्यूटी पर तैनात रहते हैं। यह कोई पहली घटना नही है इससे पूर्व भी तहसील थाने व अस्पताल से कई बाइकों को चोर उठा ले गये लेकिन किसी का खुलासा अब तक नहीं हुआ।

# 7 नामजद सहित दो सैकड़ा अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** रविवार को क्षेत्र के एक गांव में जंगली जानवरों का शिकार करने आए लगभग एक दर्जन संदिग्ध लोगों को ग्रामीणों ने चोर समझकर मारपीट कर दी। साथ ही उनकी एक बाइक को आग के हवाले कर दिया। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने सभी संदिग्धों को पुलिस चौकी पहुंचाया। इसी बीच कुछ ग्रामीणों ने पुलिस चौकी का घेराव कर लिया। थाना पुलिस ने संदिग्धों के साथ मारपीट व आगजनी के मामले में सात को नामजद करते हुए डेढ़ सौ से दो सौ अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। वही सभी संदिग्धों को शांतिभंग की धारा में निरुद्ध कर मजिस्ट्रेट के समझ प्रस्तुत किया है। फतेहपुर चौरासी क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरुआ घाट के मजरा ग्राम मुन्नीखेड़ा के पास मार्ग के किनारे खड़ी झाड़ियों में रविवार को कानपुर नगर के चौबेपुर थाना क्षेत्र के निवासी संदिग्ध 11 लोगों जंगली जानवरों सूअर एवं स्याही आदि का शिकार करने आए जिन्हें ग्रामीणों ने संदिग्ध चोर समझकर मारा पीटा। साथ ही एक बाइक में आग लगा दी। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस सभी संदिग्धों को हिरासत में लेकर राजेपुर पुलिस चौकी पहुंची। थोड़ी देर बाद ग्रामीणों ने पुलिस चौकी का घेराव कर लिया। इसके बाद कड़ी सुरक्षा में सभी संदिग्धों को थाने पहुंचाया गया। पुलिस के मुताबिक ग्रामीणों द्वारा पकड़े गये लोग जंगली सूअर, स्याही आदि जंगली पशुओं का शिकार करने वाले निकले। सोमवार को राजेपुर चौकी इंचार्ज न्यूटन सिंह ने होशराम, शिवकुमार, शालू, नन्हा निवासीगण गांव मुन्नीखेड़ा, सोनू सिंह निवासी बद्रीपुरवा व रामू, ब्रजेश निवासी बरुआघाट को नामजद करते हुए दो सौ अज्ञात लोगों के खिलाफ बलवा, मारपीट, आगजनी, गाली-गलौज आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# विशेष विद्युत शिविर में दर्ज हुई 25 शिकायतें, वसूले 1,25,000

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के कस्वा समधन में विभाग द्वारा आयोजित विशेष विद्युत शिविर में उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान एवं बकाया वसूली के लिए विद्युत विभाग की ओर से कार्यवाही की गई। इस दौरान एसडीओ पंकज कुमार के समक्ष कुल 25 स्मार्ट मीटर सीलिंग न दिये जानें की शिकायत आई, जिसपर उन्होनें जल्द से जल्द निस्तारण का भरोसा दिलाया।

मंगलवार को शिविर में मौजूद विद्युत उपखंड अधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि मौके पर ही कई शिकायतों का निस्तारण किया गया, जबकि शेष मामलों पर शीघ्र कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा बकाया बिलों से 1,25,000 की राशि वसूल की गई। उन्होंने उपभोक्ताओं से समय पर बिल जमा करने और विद्युत चोरी से बचने की अपील की। अधिकारियों ने शिविर में आए उपभोक्ताओं को विद्युत संयोजन संबंधी योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी भी दी, साथ ही यह भी बताया कि विभाग समय-समय पर ऐसे शिविर आयोजित करता रहेगा ताकि लोगों को कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। इस मौके पर जेई राम आशीष, लाइनमैन विजय यादव, सोनू, शिवम, संजीव कुमार, सनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।

## कार की टक्कर से बाइक सवार मामा की मौत, भांजा घायल

**उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के परियर-चकलवंशी मार्ग पर बहन को छोड़कर लौट रहे बाइक सवार युवक को कार ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई जबकि भांजा गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। माखी थाना क्षेत्र के सुदेशा बहादुरपुर मजरा शंकरखेडा निवासी गौरीशंकर 25 पुत्र स्व. बाबूलाल गुजरात के सूरत शहर में फैक्ट्री में मजदूरी करता था।. शादी के बाद से वह गांव में रहकर किसानी करता था। रक्षाबंधन के दूसरे दिन वह रविवार शाम सफीपुर क्षेत्र के मरौंदा गांव में ब्याही बहन सरोजनी को बाइक से ससुराल छोडने गया था। रात करीब नौ बजे भांजे रंजीत को लेकर गांव वापस लौट रहा था तभी परियर-चकलवंशी मार्ग पर सफीपुर क्षेत्र के बरहली गांव के पास पीछे से कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में मामा-भांजे गम्भीर रुप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें सफीपुर सीएचसी भेज दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### सदर विधायक के नेतृत्व में मसवासी में निकली तिरंगा यात्रा



**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** सदर विधानसभा क्षेत्र के मसवासी मंडल में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। भाजपा मसवासी मंडल अध्यक्ष सुशील रावत के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक पंकज गुप्ता ने किया। तिरंगा यात्रा मे उपस्थित लोगो को सदर विधायक पंकज गुप्ता ने सम्बोधित करते हुए कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान है। यह भारत की पहचान है। उन्होंने बताया कि हर घर तिरंगा यात्रा एक विशाल आयोजन होगा। उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से इस यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चल रहे इस अभियान का उद्देश्य जन-जन में राष्ट्रप्रेम की भावना को और मजबूत करना है। कार्यक्रम में बडी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### पुलिस ने हाईस्पीड और यातायात नियमों के उल्लंघन पर कसा शिकंजा

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशानुसार कानपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक यातायात सुनील कुमार सिंह और उनकी टीम ने हाईस्पीड वाहनों और यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की। अभियान के दौरान स्पीड लेजर गन से कुल 25 हाईस्पीड वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई, जबकि यातायात नियमों का पालन न करने वाले 175 वाहनों के विरुद्ध भी चालान काटे गए। आम जन के सुरक्षित सफर और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों का पालन करना आवश्यक है तथा यातायात पुलिस निरंतर अभियानों के माध्यम से लोगों को जागरूक करेगी और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करेगी।

### नगर गश्त पर निकले पुलिस अधिकारियों ने किया जन संवाद



**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह और क्षेत्राधिकारी नगर दीपक यादव द्वारा थाना कोतवाली सदर क्षेत्रांतर्गत मुख्य बाजार में पैदल गश्त की गई। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और आम जनता से संवाद किया। पैदल गश्त के पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी एवं क्षेत्राधिकारी नगर ने थाना कोतवाली सदर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस, महिला हेल्पडेस्क, मालखाना और थाना परिसर का निरीक्षण कर पुलिस अधीक्षक द्वारा संबन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# बाढ प्रभावित परिवारों को विधायक व डीएम ने राहत सामग्री किट का किया वितरण

**अवधनामा संवाददाता**



**उन्नाव।** बाढ प्रभावित परिवारों को विधायक व जिलाधिकारी ने राहत सामग्री किट वितरित की। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह से बाढ़ से बचाव के लिए प्रतिबद्ध है, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार टीमें कार्य कर रही हैं, दवाओं का छिड़काव पशुओं का टीकाकरण अभियान चला कर किया जा रहा है, सभी लोग पूरी तरह से सुरक्षित हैं, स्थिति पर लगातार निगरानी की जा रही है। क्षेत्र में हुई भारी वर्षा तथा गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि के दृष्टिगत जिलाधिकारी गौरांग राठी व सदर विधायक पंकज गुप्ता ने संयुक्त रूप से तहसील सदर के शुक्लागंज क्षेत्र के ओमप्रकाश ज्वाला देवी इंटर कॉलेज में विभिन्न वार्डो के नागरिकों के परिवारों को आटा, चावल, दाल, नमक आलू, तेल, मसाले, चायपत्ती, मोमबत्ती इत्यादि की राहत सामग्री किट वितरित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि 15 दिन के लिए 110 परिवारों को राहत सामग्री वितरित की गई है जो कि उन परिवारों के लिए उपयोगी साबित होगी। कहा कि इस बार तिरपाल बाल्टी और मग भी दिया गया है बेहतर क्वालिटी की सभी सामग्री वितरित की गई है। बाढ़ से बचाव की पूरी तैयारी है डॉक्टरों की टीम लगातार सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं क्षेत्र में दवाओं का छिड़काव अभियान चलाकर किया जा रहा है बीमार व्यक्तियों एवं पशुओं का समुचित इलाज की व्यवस्था की गई है पशुओं का टीकाकरण कराया जा रहा है कोई भी दिक्कत नहीं है सभी लोग सुरक्षित हैं 12 नाव लगाई गई हैं 122 नावें पूरे शुक्लागंज क्षेत्र के लिए लगाई गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन स्थिति पर लगातार निगरानी रख रहा है एवं आवश्यकतानुसार आगे भी राहत कार्य जारी रखा जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड़, उपजिलाधिकारी सदर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद शुक्लागंज, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, सांसद प्रतिनिधि अमितेश नंदू, शुक्लागंज नगर पालिका अध्यक्ष कौमूदी उपस्थित रही।

## युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी से लटका मिला शव

**उन्नाव।** फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने अज्ञात कारणों के चलते नीम के पेड़ में दुपट्टा एवं अंगौछा के सारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटनास्थल पर विषैले पदार्थ की खाली डिब्बी व पानी की बोतल मिली है। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। क्षेत्र की ग्राम पंचायत खैरी गुरदासपुर के मजरा ग्राम श्यामपुरवा निवासी नन्हौनू के लगभग 30 वर्षीय पुत्र जगन्नाथ उर्फ राजू ने अज्ञात कारणों के चलते सोमवार को प्रतापगंज निवासी अर्पित पुत्र सुबेदार के खेत मे नीम के पेड़ में काले दुपट्टे व सफेद अंगोछे के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ग्रामीणों के अनुसार घटनास्थल पर सल्फास की खाली डिब्बी एवं पानी की बोतल पाई गई है। ग्रामीणों में चर्चा है कि मृतक कई दिनों से पारिवारिक कलह से परेशान था। युवक की मौत के बाद पत्नी सुशीला, दस वर्षीय पुत्र आयुष एवं सात वर्षीय पुत्री शगुन का रो-रोकर बुरा हाल है।

# जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में सुनी आमजन की समस्याएं

**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** प्रदेश सरकार के जनहित एवं पारदर्शी प्रशासन की नीति के तहत मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आमजन की समस्याएं सुनीं। उन्होंने शिकायतकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना-पत्रों एवं शिकायतों पर गंभीरता से विचार करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

गुड्डी देवी ने प्रार्थना-पत्र में बताया कि वह अत्यंत गरीब परिवार से हैं और उनके पति की पूर्व में दुर्घटना में मृत्यु हो चुकी है। उनके दो बच्चों की पढ़ाई और पोषण के लिए उन्होंने उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री वात्सल्य सेवा योजना के अंतर्गत आवेदन किया है, किंतु बैंक अधिकारी खाता खोलने में विभिन्न प्रकार की अड़चनें बता रहे हैं। जिलाधिकारी ने इस प्रकरण को प्राथमिकता से लेते हुए लीड बैंक मैनेजर एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी को तत्काल समाधान कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार माया देवी ने शिकायत की कि हाल की भारी वर्षा से उनके मकान की कच्ची दीवारें गिर गई हैं, जिससे उन्हें रहने में कठिनाई हो रही है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को तत्काल सर्वे कर आज ही नियमानुसार राहत दिलाने के आदेश दिए। जनता दर्शन में ग्रामों में जलभराव, चक रोड कब्जा की स्थिति, घरेलू विवाद तथा अन्य विषयों से संबंधित शिकायतें भी प्राप्त हुई, जिन पर जिलाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए अधिकारियों से संवाद कर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान और हर वर्ग तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुँचाना है।सभी अधिकारी उसी को ध्यान में रखकर कार्यवाही करें ।

## जालौन ने 8 गोल्ड सहित 14, ललितपुर ने 6 गोल्ड सहित 15 पदक जीते

**उरई (जालौन)।** राजेंद्र नगर स्थित रामजी लाल पांडे गर्ल्स इंटर कॉलेज की आरएलपी शूटिंग रेंज में 69वीं मंडलीय विद्यालयी राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने निशाना साधकर किया। जिलाधिकारी ने कहा कि मेडल जीतना एक उपलब्धि है, लेकिन किसी खेल में भाग लेना उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि खेल अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना को मजबूत करते हैं। मुझे विश्वास है कि आप सभी खिलाड़ी न केवल मंडल बल्कि प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे। जालौन में नवंबर 2025 तक अत्याधुनिक शूटिंग रेंज का निर्माण पूरा हो जाएगा, जहां और भी उच्चस्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में पीपसाइट राइफल स्पर्धा में जालौन ने 8 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य पदक सहित कुल 14 पदक जीते, जबकि ललितपुर ने 6 स्वर्ण, 5 रजत और 4 कांस्य पदक सहित कुल 15 पदक अपने नाम किए।

# सांस्कृतिक एकता का संगम है पवित्र पर्व रक्षाबंधन : डॉ. अली जफर

■ मुस्लिम राष्ट्रीय मंच, गौरक्ष प्रान्त द्वारा रक्षा बंधन उत्सव का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**महमूदाबाद।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच, गौरक्ष प्रान्त के तत्वावधान में आज रक्षा बंधन उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. अली जफर रहे, जिन्होंने बताया कि रक्षा बंधन केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि भाईचारे, आपसी विश्वास और सामाजिक एकता का प्रतीक है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य राम स्नेही पराशर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दर्जनों मुस्लिम छात्र-छात्राओं ने डा. अली जफर को तथा एक-दूसरे को राखी बांधकर प्रेम, सौहार्द और सद्भाव का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत सभी धर्मों और समुदायों को जोड़ने का कार्य करती है, और ऐसे आयोजनों से आपसी समझ और सम्मान की भावना मजबूत होती है। डॉ. अली जफर ने कहा कि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच वर्षों से विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्र निर्माण से जुड़ी गतिविधियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कार्यरत है। रक्षा बंधन उत्सव इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो सभी वर्गों में भाईचारे का वातावरण बनाने में सहायक है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राम स्नेही पराशर ने अपने उद्बोधन में कहा, ÷रक्षा बंधन हमारी भारतीय संस्कृति का ऐसा पर्व है, जो सभी धर्मों और समुदायों के बीच प्रेम और सुरक्षा का बंधन मजबूत करता है। आज यहां मुस्लिम राष्ट्रीय मंच द्वारा यह उत्सव मनाना, इस बात का प्रमाण है कि भारत की गंगा-जमुनी तहज़ीब आज भी जीवंत है। ऐसे आयोजन न केवल सामाजिक दूरी को मिटाते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी आपसी सम्मान और एकता का संदेश देते हैं। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिक, शिक्षाविद, छात्र-छात्राएं और समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया

**अवधनामा संवाददाता**



**सम्भल (बहजोई)** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रत्नेश कुमार ने रैंकिंग आदि विभिन्न बिन्दुओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की रैंक के विषय में जानकारी प्राप्त की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने इस योजना के अन्तर्गत बैंकों से ऋण प्रदान करने के विषय में जानकारी प्राप्त की। मनरेगा को लेकर भी निर्देशित किया। आंगनवाड़ी भवन निर्माण एवं पीएमजेएसवाई को लेकर अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को आवश्यक दिशा निर्देशित किया। विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए दैनिक विद्युत आपूर्ति में रैंक के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की। जल जीवन मिशन ग्रामीण तथा फैमिली आईडी पर भी चर्चा की गयी एवं पंचायती राज विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने जिला पंचायती राज अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देशित किया तथा पर्यटन, सामाजिक वानिकी,पर चर्चा की गयी एवं ऑपरेशन कायाकल्प को लेकर भी चर्चा की गयी। गौवंश संरक्षण तथा टीकाकरण को लेकर संबोधित को निर्देशित किया।

लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत नई सड़कों तथा सड़कों के अनुरक्षण को लेकर चर्चा की गयी। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री के भ्रमण कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराए जाने को लेकर समस्त अधिकारियों को शुभकामनाएं दीं और उन्होंने कहा कि शुक्रवार को समस्त अधिकारी जन चौपाल में उपस्थित रहेंगे और उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में ग्रीन चौपालों का आयोजन किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, परियोजना अधिकारी डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला विकास अधिकारी राम आशीष,उप कृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी एवं जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रत्नेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक श्यामा कुमार एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सिंगल मदर्स कम बजट में बच्चे के साथ प्लान करें ट्रिप

## बस फॉलो करें सिंपल हैक्स



अगर आप भी सिंगल मदर हैं और बजट में ट्रिप प्लान करने में परेशान हो रही हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे हैक्स बताने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करके आप सिर्फ 10 हजार रुपए में घूमने का प्लान बना सकती हैं।

सिंगल मदर्स के लिए बच्चे की परवरिश करना आसान नहीं होता है। क्योंकि उनकी जिंदगी में ऐसी कई परेशानियां आती हैं, जिन्हें वह अकेले मैनेज करती हैं। लेकिन सिंगल मदर्स अपने बच्चे को हर खुशी देने की कोशिश करती हैं। इस समय गर्मी की छुट्टियां चल रही हैं और बच्चे घूमने जाने की जिद करते हैं। ऐसे में मां अपने बच्चे के लिए भी ट्रिप प्लान करती हैं। लेकिन सवाल यह है कि वह कम बजट में ट्रिप कैसे प्लान करें। क्योंकि उन्हें अकेले ही घर और बाहर सब मैनेज करना होता है। वहीं अगर आप भी सिंगल मदर हैं और बजट में ट्रिप प्लान करने में परेशान हो रही हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे हैक्स बताने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करके आप सिर्फ 10 हजार रुपए में घूमने का प्लान बना सकती हैं।

**ऐसे प्लान करें ट्रिप**

बजट में ट्रिप प्लान करने के लिए जरूरी है कि आप सही लोकेशन का चुनाव करें। क्योंकि सही लोकेशन आपके बजट को कम करती है। भले ही आप इन जगहों पर घूम चुकी हों, लेकिन बच्चे के लिए आप किसी सस्ती जगह का चुनाव कर सकती हैं।

वहीं सिंगल मदर्स को ऐसी जगह का चुनाव करना चाहिए, जहां पर अच्छी सुविधा और सुरक्षा के लिहाज से भी ठीक हो। जहां पर सस्ते ऑटो या कैब आदि आसानी से मिल सकें। जैसे पहाड़ों वाली जगह पर हर चीज का दाम अधिक रहता है। इन जगहों पर खाने-पीने से लेकर स्टे तक के साधन काफी महंगे होते हैं।

वहीं आपको अपने साथ कुछ खाने पीने की ऐसी चीजें रखनी चाहिए, जो जल्दी खराब न हों। ट्रिप के दौरान आप साथ में फल लेकर जा सकती हैं। इससे स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा और जल्दी भूख भी नहीं लगेगी।

बजट में घूमने के लिहाज से टूर पैकेज बेस्ट ऑप्शन होते हैं।

सही लोकेशन का चुनाव करने पर आपको होटल भी कम दाम में मिल जाते हैं और यहां पर पहुंचना भी आसान होता है।

अधिकतर सिंगल मदर्स शहर से बाहर नहीं जाना चाहती हैं, तो आप शहर में रहकर भी घूमने जाने का प्लान बना सकती हैं। आप शहर में बच्चे को ऐसी जगह घुमाएं, जहां पर बच्चे हमेशा से जाना चाहते थे। ऐसा करने से न सिर्फ ट्रैवल और होटल का खर्चा बचेगा, बल्कि शहर में रहकर बच्चे अपनी पसंदीदा जगह घूम सकेंगे।

दूसरे शहर में कम खर्चे के लिहाज से आप शेयरिंग के साधन से घूम सकती हैं। क्योंकि इसमें कम बजट होता है। वहीं बच्चों के साथ घूमने के लिए यह टिप्स आपकी यात्रा को आसान बना देगी।

# देहरादून में करना चाहते कुछ तूफानी तो जरूर एक्सप्लोर करें ये जगहें

## जमकर कर सकेंगे मस्ती



अगर आप देहरादून में ऐसी जगहों की तलाश करना चाहते हैं, जहां पर कुछ अच्छी एक्टिविटी कर सकें। अगर आप भी देहरादून में कुछ तूफानी करना चाहते हैं, तो आपको आसपास के हिल स्टेशन पर घूमने जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

देहरादून एक ऐसी जगह है, जहां पर आपको खूबसूरत हिल स्टेशन मिलेंगे। यहां से हरिद्वार, ऋषिकेश, मसूरी और धनोल्टी जैसी कई जगहों पर आप जा सकते हैं। वहीं अगर आप देहरादून में कुछ रोमांचक अनुभव करना चाहते हैं। वहीं कुछ देहरादून में ऐसी जगहों की तलाश करना चाहते हैं, जहां पर कुछ अच्छी एक्टिविटी कर सकें। अगर आप भी देहरादून में कुछ तूफानी करना चाहते हैं, तो आपको आसपास के हिल स्टेशन पर घूमने जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको देहरादून की कुछ खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**रॉबर्स केव देहरादून**

देहरादून की यह आपको काफी रोमांचक लगेगी। क्योंकि इसकी बनावट लोगों को आकर्षित करती है। जिन लोगों ने पहले कभी गुफा वाली जगहों पर प्रवेश नहीं किया है, उनके लिए यह एडवेंचर्स साबित हो सकता है। क्योंकि यहां पर आपको पैदल जाना होगा। पैरों में पानी होता है और मछलियां आपके पैरों को छूती हैं। हालांकि शुरूआत में आपको गुफा में चलने में थोड़ा डर लग सकता है, लेकिन धीरे-धीरे अंदर जाते ही नॉर्मल लगने लगेगा। प्रयास करें कि आप सुबह-सुबह पहुंचें, क्योंकि यहां पर बहुत भीड़ लगती है। यह मसूरी के पास घूमने लायक अच्छी जगहों में से एक है।

**रॉक क्लाइबिंग**

अगर आप कुछ तूफानी करना चाहते हैं और बिना किसी सहारे के पेड़ पर चढ़ना चाहते हैं। तो आपको देहरादून में रॉक क्लाइंबिंग का लुत्फ उठा सकते हैं। यह सालन गांव में रॉक क्लाइबिंग करवाई जाती है। जहां पर आपको हर दिन भीड़ देखने को मिलेगी। आप यहां पर कैंपिंग के साथ कई तरह की एक्टिविटी भी कर सकते हैं। वहीं आप यहां पर पैकेज भी बुक कर सकते हैं और पूरा रात टेंट में बिता सकते हैं। इस दौरान आपको मिट्टी के बर्तन में खाना बनाना होगा और पूरी लाइफ कैंप की तरह जीना होगा। यह आपके लिए एक रोमांचक अनुभव हो सकता है।

**मालसी डियर पार्क**

अगर आप देहरादून में कुछ रोमांचक करना चाहते हैं, तो मालसी डियर पार्क जा सकते हैं। क्योंकि यह जगह आपको निराश नहीं करेगी। आप यहां पर जिप लाइनिंग और तरह-तरह की एक्टिविटी भी कर सकेंगे। बच्चों को भी यहां पर एक्टिविटी करवाई जाती है। वहीं अगर आप छोटा ट्रिप प्लान कर रही हैं, तो आपको यहां पर आपको भूलकर भी नहीं जाना चाहिए। यह देहरादून के पास घूमने वाली बेस्ट जगहों में से एक है।

# खज्जियार पर्यटन स्थल को ऐसे ही नहीं कहा जाता है भारत का मिनी स्विट्ज़रलैंड



खज्जियार एक गोलाकार हरे मैदान के रूप में फैला हुआ है, जिसके बीचों-बीच एक झील स्थित है। चारों ओर ऊँचे-ऊँचे पेड़ और दूर तक फैले पहाड़ इसकी शोभा को और भी बढ़ाते हैं। यहाँ का वातावरण इतना शांत और स्वच्छ होता है कि यहाँ आकर हर व्यक्ति खुद को प्रकृति के और करीब महसूस करता है।

हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में स्थित खज्जियार एक छोटा लेकिन अत्यंत मनमोहक पर्यटन स्थल है, जिसे अक्सर ÷भारत का मिनी स्विट्ज़रलैंड÷ कहा जाता है। समुद्र तल से लगभग 6,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित यह स्थान देवदार और चीड़ के घने जंगलों, हरे-भरे घास के मैदानों और एक सुंदर झील के लिए प्रसिद्ध है। इसकी प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण इसे पर्यटकों के बीच अत्यंत लोकप्रिय बनाते हैं।

**खज्जियार का सौंदर्य**

खज्जियार एक गोलाकार हरे मैदान के रूप में फैला हुआ है, जिसके बीचों-बीच एक झील स्थित है। चारों ओर ऊँचे-ऊँचे पेड़ और दूर तक फैले पहाड़ इसकी शोभा को और भी बढ़ाते हैं। यहाँ का वातावरण इतना शांत और स्वच्छ होता है कि यहाँ आकर हर व्यक्ति खुद को प्रकृति के और करीब महसूस करता है।

**क्यों कहा जाता है भारत का मिनी स्विट्ज़रलैंड?**

1992 में स्विट्ज़रलैंड के राजदूत विल्ली ब्लेज़र ने खज्जियार की प्राकृतिक समानता को देखते हुए इसे ÷मिनी स्विट्ज़रलैंड÷ की उपाधि दी थी। उन्होंने यहाँ एक पत्थर भी स्थापित किया जो यह दर्शाता है कि खज्जियार स्विट्ज़रलैंड से कितनी दूरी पर स्थित है।

**प्रमुख आकर्षण**

1. खज्जियार झील

खज्जियार के केंद्र में स्थित यह छोटी सी झील यहाँ का प्रमुख आकर्षण है। झील के चारों ओर फैला मैदान पिकनिक, फोटोग्राफी और शांत समय बिताने के लिए आदर्श स्थान है।

2. खज्जी नाग मंदिर

यह प्राचीन मंदिर 12वीं शताब्दी में निर्मित हुआ था और भगवान खज्जी नाग को समर्पित है। यह मंदिर लकड़ी की नक्काशी और पौराणिक कथाओं से जुड़ी मूर्तियों के लिए प्रसिद्ध है।

3. एडवेंचर स्पोर्ट्स

खज्जियार में पैराग्लाइडिंग, ज़ोरबिंग, घुड़सवारी और ट्रेकिंग जैसी गतिविधियाँ भी की जा सकती हैं, जो रोमांच प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं।

4. खज्जियार वन्यजीव अभयारण्य

प्राकृतिक प्रेमियों के लिए यह अभयारण्य एक शांत और सुरम्य स्थल है जहाँ वन्य जीवों और पक्षियों को नजदीक से देखा जा सकता है।

खज्जियार में करने योग्य गतिविधियाँ

- प्राकृतिक दृश्यावली की फोटोग्राफी
- खुले मैदानों में पिकनिक और परिवार के साथ समय बिताना
- एडवेंचर खेलों का आनंद लेना
- मंदिरों और सांस्कृतिक स्थलों की यात्रा
- आसपास के ट्रेकिंग मार्गों की खोज

यात्रा का सर्वोत्तम समय

मार्च से जून - गर्मियों में सुहावने मौसम और हरियाली का आनंद लेने के लिए।

सितंबर से नवंबर - साफ आसमान और शांत वातावरण के लिए।

दिसंबर से फरवरी - बर्फबारी देखने और ठंड का आनंद लेने वालों के लिए आदर्श समय।

कैसे पहुँचे?

**निकटतम शहर:** डलहौज़ी (लगभग 22 किमी)

**रेल मार्ग:** पठानकोट रेलवे स्टेशन, जहाँ से टैक्सी या बस द्वारा खज्जियार पहुँचा जा सकता है।

**हवाई मार्ग:** निकटतम हवाई अड्डा गग्गल (कांगड़ा) है, जो लगभग 120 किमी दूर है।

**सड़क मार्ग:** डलहौज़ी, चंबा और धर्मशाला से बस और टैक्सी सेवाएं उपलब्ध हैं।

खज्जियार उन यात्रियों के लिए स्वर्ग समान है जो प्रकृति की गोद में सुकून के पल बिताना चाहते हैं। यहाँ की शांत वादियाँ, हरे मैदान और पवित्र स्थल आत्मा को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। चाहे आप फोटोग्राफी के शौकीन हों, रोमांच के प्रेमी हों या शांति की तलाश में हों खज्जियार हर किसी के लिए एक आदर्श गंतव्य है।

# भीड़ से दूर बेहद शांत है उत्तराखंड का ये हिल स्टेशन, जन्नत में आने का होगा एहसास

कुछ लोग ऋषिकेश-नैनीताल नहीं जाना चाहते हैं, क्योंकि इन जगहों पर समर वेकेशन में यहां पर पर्यटकों की अधिक भीड़ आती है। इसलिए अगर आप किसी ऐसी जगह की तलाश कर रहे हैं, जो नैनीताल और ऋषिकेश से भी अधिक सुंदर हो।

समर वेकेशन में हजारों लोग घूमने-फिरने के लिए निकल गए हैं। तो वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं, जिन्होंने अभी तक कोई ट्रिप प्लान नहीं कर पाए हैं। वह किसी पहाड़ी जगह पर घूमने जाना चाहते हैं, लेकिन लोकेशन नहीं ढूंढ पा रहे हैं। वहीं कुछ लोग ऋषिकेश-नैनीताल नहीं जाना चाहते हैं, क्योंकि इन जगहों पर समर वेकेशन में यहां पर पर्यटकों की अधिक भीड़ आती है। इसलिए अगर आप किसी ऐसी जगह की तलाश कर रहे हैं, जो नैनीताल और ऋषिकेश से भी अधिक सुंदर हो। तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उत्तराखंड की एक सबसे खूबसूरत जगह के बारे में बताने जा रहे हैं।



अगर आप भी दिल्ली की गर्मी से परेशान होकर अपने परिवार के साथ उत्तराखंड में अच्छी जगह ढूंढ रहे हैं। तो फौरन आपको मुनस्यारी का ट्रिप प्लान करें। यहां की प्राकृतिक सुंदरता, ट्रेकिंग और ऊंचे पहाड़ों के लिए जाना जाता है। मुनस्यारी में गर्मियों में आपको अधिक भीड़ नहीं मिलने वाली है। क्योंकि मुनस्यारी काफी ऊंचाई पर स्थित है। नैनीताल से मुनस्यारी पहुंचने में आपको करीब 11 से 12 घंटे का समय लगता है। वहीं ऋषिकेश से भी यहां तक पहुंचने में करीब इतना ही समय लगेगा। यह मसूरी के पास घूमने के लिहाज से काफी अच्छी जगह है।

**ऐसे पहुंचे मुनस्यारी**

अगर आप दिल्ली से यात्रा करने का प्लान बना रहे हैं, तो बस से यात्रा करने के लिए अच्छा है। हालांकि इसमें ज्यादा समय लग सकता है।

अगर आप चाहें तो दिल्ली से देहरादून के लिए ट्रेन ले सकते हैं। फिर मुनस्यारी के लिए बस ले सकते हैं।

इसके साथ ही मुनस्यारी के लिए कैब की सुविधा भी मौजूद है। लेकिन इसमें खर्च ज्यादा होता है। वहीं अगर आप बजट में यात्रा करने का प्लान बना रहे हैं, तो बस से यात्रा करें।

आने-जाने में असुविधा न हो इसके लिए पहले से बस की बुकिंग कर लें। क्योंकि अधिक भीड़ होने पर आपको बस में सीट मिलने में मुश्किल हो सकती है।

दिल्ली से मुनस्यारी की दूरी करीब 604 किमी है। यहां पर पहुंचने में आपको 13-14 घंटे का समय लग सकता है।

प्रयास करें कि आप रात में बस ले लें। जिससे कि सुबह मुनस्यारी में ही आंख खोलें। इससे आपका सफर आराम से सोकर बीतेगा।

मुनस्यारी परिवार के साथ घूमने के लिहाज से काफी अच्छी जगह है।

# प्रकृति, शांति और रोमांच का संगम है पार्वती घाटी में बसा कसोल



कसोल एक शांत और सुरम्य गाँव है, जो पार्वती नदी के किनारे स्थित है। यहाँ का वातावरण बेहद शांत, स्वच्छ और ठंडा होता है। ऊँचे पहाड़, घने देवदार के जंगल, कलकल बहती पार्वती नदी और रंग-बिरंगे कैफ़े इस स्थान को बेहद आकर्षक बनाते हैं।

हिमाचल प्रदेश की पार्वती घाटी में बसा कसोल एक छोटा लेकिन बेहद खूबसूरत पर्यटन स्थल है, जो खासकर युवाओं, ट्रेकिंग प्रेमियों और विदेशी पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है। समुद्र तल से लगभग 1,580 मीटर की ऊँचाई पर स्थित कसोल को ÷भारत का मिनी इज़राइल÷ भी कहा जाता है, क्योंकि यहाँ बड़ी संख्या में इज़राइली पर्यटक आते हैं और यहाँ की संस्कृति में उनका प्रभाव देखा जा सकता है।

**कसोल की खासियत**

कसोल एक शांत और सुरम्य गाँव है, जो पार्वती नदी के किनारे स्थित है। यहाँ का वातावरण बेहद शांत, स्वच्छ और ठंडा होता है। ऊँचे पहाड़, घने देवदार के जंगल, कलकल बहती पार्वती नदी और रंग-बिरंगे कैफ़े इस स्थान को बेहद आकर्षक बनाते हैं।

**प्रमुख आकर्षण**

**1. पार्वती नदी**

यह तेज बहाव वाली नदी कसोल की जान मानी जाती है। इसके किनारे टहलना, चट्टानों पर बैठकर मन को शांति देना और फोटोग्राफी करना पर्यटकों को बहुत पसंद आता है।

**2. तोश और मणिकरण**

कसोल से थोड़ी दूरी पर स्थित ये गाँव अपने प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध हैं। मणिकरण में गर्म पानी के झरने और गुरुद्वारा प्रमुख आकर्षण हैं, जबकि तोश ट्रेकिंग प्रेमियों का पसंदीदा गाँव है।

**3. चालल गाँव**

कसोल से लगभग 30 मिनट की पैदल दूरी पर स्थित यह छोटा गाँव ट्रेकिंग और कैम्पिंग के लिए आदर्श है। यहाँ आप स्थानीय संस्कृति को करीब से जान सकते हैं।

**4. इज़राइली कैफ़े और भोजन**

कसोल में कई इज़राइली कैफ़े और रेस्तराँ हैं जहाँ आप फलाफल, शाकशूका, हुम्मस आदि विदेशी व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं।

कसोल में करने योग्य गतिविधियाँ

ट्रेकिंग (खीरगंगा, तोश, चालल, ग्रहन)

कैम्पिंग और बोनफायर

रिवर साइड कैफ़े में समय बिताना

स्थानीय लोगों से मिलकर पहाड़ी संस्कृति को समझना

हर्बल चाय और हिमाचली हस्तशिल्प की खरीदारी

यात्रा का उत्तम समय

मार्च से जून: गर्मियों में ठंडी जलवायु और ट्रेकिंग के लिए अनुकूल मौसम।

सितंबर से नवंबर: मानसून के बाद की हरियाली और साफ आसमान।

दिसंबर से फरवरी: बर्फबारी का आनंद लेने के लिए उत्तम।

**कैसे पहुँचे कसोल?**

**हवाई मार्ग** निकटतम हवाई अड्डा भुंतर (कुल्लू) है, जो कसोल से लगभग 31 किमी दूर है।

**रेल मार्ग** निकटतम रेलवे स्टेशन जोगिंदरनगर है, लेकिन सड़क मार्ग से पहुँचना अधिक सुविधाजनक है।

**सड़क मार्ग** दिल्ली, चंडीगढ़ और मनाली से कसोल तक नियमित बस और टैक्सी सेवाएं उपलब्ध हैं।

कसोल एक ऐसा गंतव्य है जहाँ आप भीड़भाड़ से दूर प्रकृति के साथ एक गहरा रिश्ता बना सकते हैं। यहाँ का शांत वातावरण, रोमांचक ट्रेक्स, विदेशी भोजन और पहाड़ी सौंदर्य, हर पर्यटक को मंत्रमुग्ध कर देता है। चाहे आप सोलो ट्रैवलर हों, कपल या दोस्तों के साथ - कसोल हर किसी के लिए एक यादगार अनुभव है।

# भारत की विरासत को करीब से देखने के लिए जरूर घूमें बिहार की ये जगहें

## टूरिस्ट की नहीं मिलेगी भीड़

अगर आप भी भारत की विरासत को देखने और जानने में दिलचस्पी रखते हैं, तो आपको बिहार जरूर घूमना चाहिए। बिहार की प्राचीन भूमि सिर्फ साम्राज्यों और ज्ञानोदय की जन्मस्थली नहीं, बल्कि आपको यहां पर ऐसी चीजें देखने को मिलेंगी, जो सदियों से स्थापित हैं।

जब भी भारत में विरासत की बात की जाती है, तो सबसे पहले राजस्थान के किले और दिल्ली के फेमस स्मारकों की चर्चा सबसे ज्यादा होती है। लेकिन इन सबके बीच बिहार लोगों के दिमाग से निकल जाता है। अगर आप भी भारत की विरासत को देखने और जानने में दिलचस्पी रखते हैं, तो आपको बिहार जरूर घूमना चाहिए। बिहार की प्राचीन भूमि सिर्फ साम्राज्यों और ज्ञानोदय की जन्मस्थली नहीं, बल्कि आपको यहां पर ऐसी चीजें देखने को मिलेंगी, जो सदियों से स्थापित हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बिहार के उन विरासत स्थलों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके बारे में काफी कम लोग जानते हैं।

**तेलहरा**

तेलहरा बिहार में नालंदा जिले के एकंगरसराय प्रखंड का गांव है। यह प्राचीन भारत में एक बौद्ध मठ का स्थल हुआ करता था, जोकि पहली शताब्दी ईस्वी पूर्व का है। लेकिन इस जगह के बारे में भी बहुत कम लोगों को जानकारी है। भारत के इतिहास से जुड़ी कई चीजों को खोजने के लिए इस स्थान पर खुदाई चल रही है, ऐसे में आप भी यहां पर जा सकते हैं। इसके साथ ही बौद्ध मठ स्थल जाना न भूलें। यहां पर ध्यान कक्ष और प्रार्थना कक्ष में आपको काफी शांति मिलेगी।

**रोहतासगढ़ किला**

रोहतास जिले में एक पहाड़ी की चोटी पर रोहतासगढ़ किला स्थित है। यह किला काफी प्राचीन है, जिस कारण इसको भूतिया भी कहा जाता है। रोहतासगढ़ किले का निर्माण शेरशाह शूरी ने कराया था। यह बेहद विशाल किला है और रहस्यमय चीजों से भरा हुआ है। हालांकि इस किले तक पहुंचने के लिए आपको थोड़ी मेहनत जरूर करनी पड़ेगी। इस किले तक पहुंचने वाली चढ़ाई आपको थका देगी। जिन लोगों को घूमने-फिरने और एडवेंचर का शौक है, उनके लिए यह जगह परफेक्ट है। आपको यहां पर अकेले जाने की सलाह नहीं दी जाती है, क्योंकि स्थानीय लोग यहां पर भूत-प्रेत होने का दावा करते हैं।

**केसरिया स्तूप**



बिहार में मौजूद केसरिया स्तूप के बारे में काफी कम लोग जानते हैं। यह स्तूप 10 मंजिला अपार्टमेंट बिल्डिंग से भी ज्यादा ऊंचा है। 104 फीट ऊंचे इस स्तूप को दुनिया के सबसे बड़े बौद्ध स्तूपों में से एक है। अगर आप भारत के विरासत स्थलों को देखने में दिलचस्पी रखते हैं, तो आपको यहां पर जरूर आना चाहिए। यहां पर आपको भीड़ भी नहीं मिलेगी, लेकिन आपको यहां पर गहरी आध्यात्मिक शांति जरूर मिलेगी, जोकि अन्य फेमस स्थानों पर नहीं मिल सकती है।

**विक्रमशिला**

बता दें कि विक्रमशिला महाविहार भारत का एक फेमस शिक्षा-केंद्र था। यह प्राचीन भारत के शीर्ष बौद्ध विश्वविद्यालयों में से एक था। हालांकि अब यह विश्वविद्यालय सिर्फ एक खंडहर के रूप में दिखाई देता है। वहीं कुछ समय पहले पीएम मोदी ने विक्रमशिला विश्वविद्यालय के उद्धार की बात की थी। ऐसे में अगर आप प्राचीन बौद्ध विश्वविद्यालय देखने के इच्छुक हैं, तो आप यहां पर आ सकते हैं।

# मंत्री केएन राजन्ना के निष्कासन के विरोध में उतरे समर्थक

**तुमकुरु।** कांग्रेस को लेकर दिए गए बयान के बाद सहकारिता मंत्री केएन राजन्ना से इस्तीफा ले लिया गया था। इसे लेकर उनके समर्थक विरोध में उतर आए। समर्थकों ने राजन्ना को बिना किसी वैध कारण के हटाने के लिए कांग्रेस आलाकमान की निंदा करते हुए नारे लगाए। कर्नाटक के वरिष्ठ कांग्रेस विधायक और सहकारिता मंत्री केएन राजन्ना के सरकार से निष्कासन को लेकर विरोध तेज हो गया है। मंगलवार को उनके निर्वाचन क्षेत्र तुमकुरु जिले के मधुगिरी में समर्थकों ने जमकर हंगामा किया। समर्थकों ने अपने नेता के समर्थन में मार्च निकाला। वहीं शहर में जगह-जगह प्रदर्शन हुए। इसके अलावा राजन्ना के खास पार्षद गिरिजा मंजूनाथ ने मधुगिरी नगरपालिका से इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस को लेकर दिए गए बयान के बाद सहकारिता मंत्री केएन राजन्ना से इस्तीफा ले लिया गया था। इसे लेकर उनके समर्थक विरोध में उतर आए। समर्थकों ने राजन्ना को बिना किसी वैध कारण के हटाने के लिए कांग्रेस आलाकमान की निंदा करते हुए नारे लगाए। साथ ही अपने नेता के लिए न्याय की मांग की।


समर्थकों ने मंगलवार दोपहर को बंद का आह्वान भी किया। पुलिस ने भीड़ को शांत करने की कोशिश की लेकिन गुस्साए समर्थकों ने दुकानदारों को अपनी दुकानें बंद करने पर मजबूर किया। गुस्साई भीड़ ने कुछ दुकानों को भी नुकसान पहुंचाया और उनके मालिकों और कर्मचारियों के साथ मारपीट भी की।

कर्नाटक के सहकारिता मंत्री केएन राजन्ना ने 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में वोट चोरी के लिए कर्नाटक में अपनी पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार को कथित तौर पर दोषी ठहराया था। उन्होंने कहा, कर्नाटक में अनियमितताएं तब हुईं जब कांग्रेस सत्ता में थी। यह सब हमारी आंखों के सामने हुआ। इस बयान के बाद कांग्रेस आलाकमान का गुस्सा भड़क गया था। इसके बाद उनको मंत्रिमंडल से हटा दिया गया।

# सिर्फ आधार, पैन या वोटर आईडी से नहीं बन सकते भारतीय नागरिक, बॉम्बे हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी

**अवैध**

**पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या इस मामले के पीछे कोई बड़ा गिरोह है जो अवैध घुसपैठ और पहचान धोखाधड़ी में शामिल है।**



**मुंबई।** एक कथित अवैध घुसपैठ के मामले की सुनवाई करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट ने भारतीय नागरिकता को लेकर अहम टिप्पणी की है। कोर्ट ने अपने बयान में साफ कहा है कि सिर्फ आधार, पैन कार्ड और वोटर आईडी पास होने से कोई भी भारत का नागरिक नहीं बन सकता है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि किसी व्यक्ति के पास आधार कार्ड, पैन कार्ड या वोटर आईडी होना ही यह साबित नहीं करता कि वह भारतीय नागरिक है। अदालत ने यह टिप्पणी उस समय की जब उसने एक व्यक्ति को जमानत देने से इनकार कर दिया, जिस पर आरोप है कि वह बांग्लादेश से अवैध रूप से भारत आया और फर्जी दस्तावेज बनाकर यहां रह रहा था। बता दें कि आरोपी बाबू अब्दुल रुफ सरदार पर आरोप है कि वह पिछले 10 साल से ज्यादा समय से भारत में रह रहा है और उसके पास नकली आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी और यहां तक कि भारतीय पासपोर्ट भी है। न्यायमूर्ति अमित बोर्कर की पीठ ने कहा कि नागरिकता कानून, 1955 स्पष्ट रूप से तय करता है कि कौन भारतीय नागरिक होगा और नागरिकता कैसे मिलेगी या खत्म होगी। आधार, पैन या वोटर आईडी जैसे दस्तावेज सिर्फ पहचान और सरकारी सेवाओं के लिए होते हैं, लेकिन वे नागरिकता का सबूत नहीं होते। अदालत ने कहा कि कानून कानूनी नागरिकों और अवैध रूप से रहने वालों के बीच साफ अंतर करता है। अवैध प्रवासियों को नागरिकता के ज्यादातर कानूनी रास्तों से रोका गया है, ताकि देश की संप्रभुता सुरक्षित रहे और नागरिकों के अधिकार गलत तरीके से किसी और को न मिलें। सरदार के खिलाफ जांच अभी जारी है और पुलिस का कहना है कि अगर उसे जमानत दी गई तो वह भाग सकता है। अदालत ने माना कि यह आशंका सही है, क्योंकि मामला केवल बिना अनुमति भारत में रहने का नहीं, बल्कि फर्जी पहचान बनाकर खुद को भारतीय नागरिक दिखाने का है।

पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या इस मामले के पीछे कोई बड़ा गिरोह है जो अवैध घुसपैठ और पहचान धोखाधड़ी में शामिल है। आरोपी ने दावा किया कि वह भारतीय नागरिक है और उसके दस्तावेज आयकर व व्यापार पंजीकरण से जुड़े हैं, लेकिन अदालत ने कहा कि जांच पूरी होने तक जमानत नहीं दी जा सकती। संविधान बनने के समय देश में विभाजन के कारण बड़े पैमाने पर लोगों का पलायन हुआ था, तब नागरिकता तय करने के लिए खास प्रावधान बनाए गए थे। बाद में संसद को कानून बनाने का अधिकार दिया गया, जिसके तहत 1955 का नागरिकता कानून लागू हुआ और आज भी यही नागरिकता तय करने का मुख्य आधार है।

## बीआरएस नेता केटी रामा राव ने केंद्रीय मंत्री को भेजा कानूनी नोटिस, सात दिनों के भीतर माफी की मांग की

**हैदराबाद।** नोटिस में कहा गया है कि अगर संजय कुमार ने नोटिस मिलने के सात दिनों के भीतर बिना शर्त माफी नहीं मांगी तो रामा राव उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के लिए बाध्य होंगे, जिसमें दीवानी और फौजदारी दोनों शामिल हैं। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव ने केंद्रीय मंत्री बंदी संजय कुमार को कानूनी नोटिस भेजा है। संजय कुमार ने पिछली बीआरएस सरकार के दौरान फोन टैपिंग के आरोप लगाए थे। केटी रामा राव ने संजय कुमार के आरोपों को बेबुनियाद बताया है और कानूनी नोटिस भेजकर माफी की मांग की है। 11 अगस्त को जारी नोटिस में, रामा राव के वकील ने आरोप लगाया कि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री संजय कुमार ने झूठे, मानहानिकारक और अपमानजनक बयान दिए, जिनमें दावा किया गया कि उनके मुवक्किल (रामा राव) ने फोन टैपिंग कराई। सबसे पहले, हमारे मुवक्किल का कहना है कि संजय कुमार द्वारा लगाए गए आरोप बेबुनियाद और सरासर गलत हैं और इन आरोपों से हमारे मुवक्किल की प्रतिष्ठा, छवि और साख को धूमिल करने की कोशिश की गई।

नोटिस में कहा गया है कि संजय कुमार ने केटी रामा राव के खिलाफ मानहानिकारक बयान सिर्फ राजनीतिक फायदे के लिए दिए। नोटिस में संजय कुमार से बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष से बिना शर्त माफी मांगने की मांग की गई है। नोटिस में कहा गया है कि अगर संजय कुमार ने नोटिस मिलने के सात दिनों के भीतर बिना शर्त माफी नहीं मांगी तो रामा राव उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के लिए बाध्य होंगे, जिसमें दीवानी और फौजदारी दोनों शामिल हैं।

तेलंगाना में अवैध फोन टैपिंग मामले में एसआईटी के समक्ष गवाह के तौर पर पेश हुए संजय कुमार ने 8 अगस्त को इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग की थी। केंद्रीय मंत्री ने फोन टैपिंग के आरोप लगाते हुए दावा किया कि माओवादी गतिविधियों की निगरानी के लिए इस्तेमाल की जाने वाली प्रक्रिया से उनका फोन टैप किया गया था।

## पेधम्मा थल्ली मंदिर विवाद में भाजपा अध्यक्ष नजरबंद, हिंदू संगठन के कार्यक्रम में होना था शामिल

**हैदराबाद।** रामचंद्र राव ने कहा कि मंगलवार तड़के पुलिस मेरे घर आई और मुझे बताया गया कि मुझे नजरबंद कर दिया गया है। पूछने पर उन्होंने बताया कि ये पेधम्मा थल्ली मंदिर से जुड़ा है। मंदिर को सरकार ने अवैध बताकर ढहा दिया था।

हैदराबाद के बंजारा हिल्स इलाके में पेधम्मा थल्ली मंदिर को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। अब इस मामले में राज्य सरकार ने तेलंगाना भाजपा के अध्यक्ष रामचंद्र राव को उनके घर में ही नजरबंद कर दिया है। रामचंद्र राव पेधम्मा थल्ली मंदिर मामले को लेकर हिंदू संगठन द्वारा बुलाई गई बैठक में शामिल होने वाले थे। जैसे ही पुलिस की इसकी सूचना मिली तो कानून व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को नजरबंद कर दिया गया।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष रामचंद्र राव पेधम्मा थल्ली मंदिर में आयोजित होने वाले एक प्रार्थना कार्यक्रम में शामिल होने वाले थे। इस कार्यक्रम का आयोजन हिंदू संगठनों ने किया है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने रामचंद्र राव को घर में ही नजरबंद कर लिया। इस पर रामचंद्र राव ने आरोप लगाया कि राज्य की कांग्रेस सरकार, हिंदुओं की धार्मिक गतिविधियों को सीमित कर रही है।

गौरतलब है कि राज्य सरकार और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने बीते दिनों हैदराबाद के बंजारा हिल्स जैसे हाईप्रोफाइल इलाके में स्थित एक मंदिर को अवैध बताकर ढहा दिया था। हिंदू संगठन और भाजपा समर्थक इसका विरोध कर रहे हैं और मंदिर के पुनर्निर्माण की मांग कर रहे हैं। रामचंद्र राव ने कहा कि मंगलवार तड़के पुलिस मेरे घर आई और मुझे बताया गया कि मुझे नजरबंद कर दिया गया है। पूछने पर उन्होंने बताया कि ये पेधम्मा थल्ली मंदिर से जुड़ा है। मंदिर को सरकार ने अवैध बताकर ढहा दिया था। स्थानीय लोग अब मंदिर का पुनर्निर्माण करने की मांग कर रहे हैं। इससे पहले पुलिस ने भाजपा नेता माधवी लता को भी इस मामले में नजरबंद किया था।

## त्रिशूर लोकसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में हेरफेर का आरोप

**त्रिशूर।** वरिष्ठ भाकपा नेता वीएस सुनील कुमार ने भाजपा पर मतदाता सूची में हेराफेरी का आरोप लगाया था। इसे लेकर केरल के सामान्य शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी ने चुनाव आयोग से फिर से चुनाव कराने की मांग की है। त्रिशूर लोकसभा सीट से 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को भारी जीत मिली थी।

केरल के त्रिशूर लोकसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में हेरफेर का आरोप लगा है। इसे लेकर केरल के सामान्य शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी ने चुनाव आयोग से फिर से चुनाव कराने की मांग की है। त्रिशूर लोकसभा सीट से 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को भारी जीत मिली थी। इस सीट पर भाजपा नेता सुरेश गोपी ने 74,000 से अधिक वोटों से जीत हासिल की थी।

# आवारा कुत्तों को लेकर शीर्ष अदालत का नया आदेश

**आदेश**

**दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों को सड़क से हटाकर आश्रय गृहों में भेजने के आदेश के बाद सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नए निर्देश जारी किए।**



**नई दिल्ली।** शीर्ष अदालत ने नए निर्देश में कहा कि सुप्रीम कोर्ट के गलियारों और परिसर की लिफ्ट में आवारा कुत्तों के घूमने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

इसलिए सभी बचे हुए खाद्य पदार्थों को केवल उचित रूप से ढके हुए कूड़ेदानों में ही फेंका जाना चाहिए। किसी भी परिस्थिति में भोजन को खुले स्थानों या बिना ढके कंटेनरों में नहीं फेंकना चाहिए। दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों को सड़क से हटाकर आश्रय गृहों में भेजने के आदेश के बाद सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नए निर्देश जारी किए। शीर्ष अदालत ने कहा कि कुत्तों के काटने से बचने के लिए कोर्ट परिसर में बचा हुआ खाना खुले में न फेंकें। निर्देश में कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट के गलियारों और परिसर की लिफ्ट में आवारा कुत्तों के घूमने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। मंगलवार को शीर्ष अदालत ने निर्देश में कहा कि सभी बचे हुए खाद्य पदार्थों को केवल उचित रूप से ढके हुए कूड़ेदानों में ही फेंका जाना चाहिए। किसी भी परिस्थिति में भोजन को खुले स्थानों या बिना ढके कंटेनरों में नहीं फेंकना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि जानवरों को भोजन की ओर आकर्षित होने और उसे खाने के लिए इधर-उधर भटकने से रोकने के लिए यह जरूरी है। इससे कुत्तों के काटने का जोखिम काफी कम हो जाता है और स्वच्छता के मानक भी बने रहते हैं। इस निर्देश को लागू करने में आपका सहयोग सभी की सुरक्षा के लिए आवश्यक है।

शीर्ष अदालत ने सोमवार को कहा था कि आवारा कुत्तों के काटने से रेबीज होने की वजह से स्थिति बेहद गंभीर हो गई है। खासकर छोटे बच्चे इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि समय के साथ कुत्तों के आश्रयों की संख्या बढ़ानी होगी। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने दिल्ली के अधिकारियों को छह से आठ हफ्तो में लगभग 5,000 कुत्तों के आश्रय स्थल बनाने का निर्देश दिया। बीते दिन पीठ ने कहा था,अगर कोई व्यक्ति या संगठन आवारा कुत्तों को पकड़कर उन्हें इकट्ठा करने वाले ऐसे बल के आड़े आता है और अगर हमें इसकी सूचना दी जाती है, तो हम ऐसे किसी भी प्रतिरोध के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। पीठ ने आगे टिप्पणी की कि क्या पशु कार्यकर्ता और तथाकथित प्रेमी रेबीज के शिकार बच्चों को वापस ला पाएंगे? पीठ ने कहा, क्या वे उन बच्चों को जीवन वापस दे पाएंगे? जब परिस्थिति की मांग हो, तो आपको कार्रवाई करनी होगी।

शीर्ष अदालत राष्ट्रीय राजधानी में आवारा कुत्तों के काटने से रेबीज होने के मामले में 28 जुलाई को स्वतः संज्ञान लेते हुए शुरू किए गए एक मामले की सुनवाई कर रही थी। शीर्ष अदालत ने सोमवार को दिल्ली सरकार और गुरुग्राम, नोएडा और गाजियाबाद के नगर निकायों को सभी आवारा कुत्तों को हटाकर आश्रय स्थलों में रखने का निर्देश दिया। पीठ ने कुत्तों के आश्रय स्थलों में कुत्तों की देखभाल के अलावा टीकाकरण आदि काम समेत पर्याप्त कर्मचारी रखने का आदेश दिया था। कोर्ट ने इन केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी रखने के निर्देश दिए थे।

# अमेरिकी हवाई अड्डे पर खड़े एयरक्राफ्ट से टकराया विमान, लगी भीषण आग...; दिखा धुएं का गुबार

**गुबार**

**एक लॉज चलाने वाले रॉन डेनियलसन ने बताया कि मैंने हादसे की आवाज सुनी और क्षेत्र में काले धुएं का गुबार भर गया।**



**वॉशिंगटन।** मोंटाना हवाई अड्डे पर सोकाटा टीबीएम 700 टर्बोप्रॉप विमान जमीन पर एक खाली खड़े विमान से टकराया। इसके बाद लगी आग घास वाले इलाके में फैल गई और काला धुआं उठा। मोंटाना हवाई अड्डा कालीस्पेल शहर के दक्षिणी इलाके में है। अमेरिका के मोंटाना हवाई अड्डे पर उतरते वक्त एक छोटा विमान यहां खड़े एयरक्राफ्ट से टकरा गया। इससे विमान में भीषण आग लग गई। आग लगने के बाद आसमान में धुएं का गुबार दिखा। आग लगने की सूचना पर पहुंची टीम ने बचाव कार्य तेज कर दिया। हालांकि विमान में सवार किसी भी व्यक्ति को गंभीर चोट नहीं आई है। एफएए के अनुसार सोकाटा टीबीएम 700 टर्बोप्रॉप विमान जमीन पर एक खाली खड़े विमान से टकराया। इसके बाद लगी आग घास वाले इलाके में फैल गई और काला धुआं उठा। मोंटाना हवाई अड्डा कालीस्पेल शहर के दक्षिणी इलाके में है। कालीस्पेल के अग्निशमन प्रमुख जे हेगन ने बताया कि एक विमान दक्षिण दिशा की ओर से आया और रनवे के अंत में हादसे का शिकार हो गया। इसके बाद वहां खड़े विमान से टकरा गया। विमान में आग लग गई। इससे पहले विमान में सवार पायलट और तीन यात्री स्वयं बाहर निकलने में सफल रहे। हेगन ने बताया कि दो यात्री मामूली रूप से घायल हो गए, जिनका हवाई अड्डे पर उपचार किया गया। एक लॉज चलाने वाले रॉन डेनियलसन ने बताया कि मैंने हादसे की आवाज सुनी और क्षेत्र में काले धुएं का गुबार भर गया। ऐसा लग रहा था जैसे आप अपना सिर बास ड्रम में डाल दें और कोई उसे पूरी ताकत से पीट दे। एफएए के रिकॉर्ड के मुताबिक यह विमान 2011 में बनाया गया था और इसका स्वामित्व वॉशिंगटन के पुलमैन स्थित मीटर स्काई एलएलसी के पास है। विमानन सुरक्षा सलाहकार जेफ गुजेट्टी ने कहा कि सामान्य विमानन में वर्ष में कई बार ऐसी घटनाएं होती हैं, जिनमें विमान खड़े एयरक्रॉफ्ट से टकरा जाते हैं। इससे पहले फरवरी में मोटली क्रू गायक विंस नील की एक लीयरजेट कार स्कॉट्सडेल, एरिज़ोना में एक रनवे से फिसलकर एक खड़ी गल्फस्ट्रीम ट्रेन से टकरा गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई।

# ट्रंप ने ईजे एंटनी को श्रम सांख्यिकी ब्यूरो का प्रमुख बनाया, नौकरी और महंगाई का डेटा रखती है

**नियुक्त**

**एरिका को पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल में श्रम सांख्यिकी ब्यूरो का आयुक्त नियुक्त किया गया था। ट्रंप ने 1 अगस्त को मैकएंटार्फर को बर्खास्त कर दिया था।**




**वॉशिंगटन।** एरिका को पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल में श्रम सांख्यिकी ब्यूरो का आयुक्त नियुक्त किया गया था। ट्रंप ने 1 अगस्त को मैकएंटार्फर को बर्खास्त कर दिया था। दरअसल बीते दिनों मैकएंटार्फर ने जुलाई महीने में रोजगार के आंकड़े जारी किए थे।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नौकरी और महंगाई के आंकड़े जारी करने वाली एजेंसी ब्यूरो ऑफ लेबर स्टेटिक्स (श्रम सांख्यिकी ब्यूरो) के प्रमुख के पद पर रूढ़िवादी अर्थशास्त्री ईजे एंटनी की नियुक्ति की है। ईजे एंटनी कंजर्वेटिव हेरिटेज फाउंडेशन के मुख्य अर्थशास्त्री है। अभी एंटनी की नियुक्ति को सीनेट से मंजूरी मिलना बाकी है।

ट्रंप ने सोमवार देर रात सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में कहा, हमारी अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और ईजे यह सुनिश्चित करेंगे कि जारी किए गए आंकड़े ईमानदारी और पूरी सटीकता के साथ जारी किए जाएं। अगर ईजे एंटनी के नाम को सीनेट से मंजूरी मिल जाती है, तो वह एरिका मैकएंटार्फर की जगह लेंगे। ईजे एंटनी की सरकारी खर्च, कराधान और केंद्रीय बैंक की नीतियों के गहन विश्लेषण में विशेषज्ञता है। एंटनी ने नॉर्दर्न इलिनोइस विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है और कई शैक्षणिक संस्थानों में अध्यापन किया है। एंटनी के व्यापक राजकोषीय प्रोत्साहन पैकेजों की आलोचनाएं और दीर्घकालिक ऋण संचय के बारे में चेतावनियां जैसे लेख प्रकाशित हुए हैं। एरिका को पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल में श्रम सांख्यिकी ब्यूरो का आयुक्त नियुक्त किया गया था। ट्रंप ने 1 अगस्त को मैकएंटार्फर को बर्खास्त कर दिया था। दरअसल बीते दिनों मैकएंटार्फर ने जुलाई महीने में रोजगार के आंकड़े जारी किए थे। इन आंकड़ों में बताया गया था कि मई और जून में रोजगार वृद्धि अनुमान से काफी कम रही थी। ट्रंप ने इस रिपोर्ट पर नाराजगी जाहिर की थी और बिना किसी ठोस सबूत के राजनीतिक कारणों से रोजगार के आंकड़ों में हेराफेरी करने का आरोप लगाया था। राष्ट्रपति ट्रंप ने मैकएंटार्फर को पद से बर्खास्त करते हुए कहा, हमें ऐसे लोगों की आवश्यकता है जिन पर हम भरोसा कर सकें। मैकएंटार्फर करीब डेढ़ साल तक श्रम सांख्यिकी ब्यूरो की प्रमुख रहीं थी।

## ऑस्टिन में पार्किंग स्थल में गोलीबारी, तीन की मौत; संदिग्ध हमलावर गिरफ्तार




**वॉशिंगटन।** पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब 2.15 बजे उन्हें टारगेट की पार्किंग में गोलीबारी की सूचना मिली थी। सूचना पाकर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां दो लोग मृत पाए गए और एक गंभीर रूप से घायल था। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई।

अमेरिका में गोलीबारी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब ताजा घटना टेक्सास के ऑस्टिन शहर में सामने आई है, जहां एक आरोपी ने रिटेल स्टोर टारगेट की पार्किंग में तीन लोगों को गोली मार दी। गोली लगने से तीनों की मौत हो गई। गोलीबारी के बाद आरोपी घटनास्थल से फरार हो गया। हालांकि बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। जांच में पता चला है कि आरोपी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध आरोपी करीब 30 वर्षीय है। आरोपी हत्याएं करने के बाद कार चुराकर घटनास्थल से फरार हुआ था। भागने के दौरान उसकी कार क्षतिग्रस्त हो गई तो उसने एक कार डीलर की दुकान से एक और कार चुरा ली। हालांकि उसकी पूरी ये कवायद काम नहीं आ सकी और पुलिस ने घटनास्थल से करीब 32 किलोमीटर दूर शहर के दक्षिणी छोर पर उसे टेजर गन की मदद से हिरासत में ले लिया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब 2.15 बजे उन्हें टारगेट की पार्किंग में गोलीबारी की सूचना मिली थी। सूचना पाकर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां दो लोग मृत पाए गए और एक गंभीर रूप से घायल था। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि यह ऑस्टिन के लिए बेहद दुखद दिन है और उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जाहिर की। ऑस्टिन के मेयर किर्क वॉटसन ने एक्स पर साझा एक पोस्ट में कहा, यह एक विनाशकारी स्थिति है और मेरी संवेदनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। घटना की जांच जारी है, मैं बस इतना कहूंगा कि यह बंदूक हिंसा का एक घिनौना और कायराना कृत्य था।% लोनी ली (22) नामक स्थानीय महिला ने बताया कि वह अपनी बहन के साथ कुछ घंटे पहले ही टारगेट स्टोर गई थीं। दोपहर में वे अपने दादा-दादी के साथ दोपहर का भोजन करने के लिए गए और जब वे खरीदारी करने के लिए वापस उस जगह पर लौटे, तो उन्होंने देखा कि पार्किंग स्थल को पुलिस ने घेरा हुआ है। ली ने कहा, हम वाकई बहुत भाग्यशाली रहे, लेकिन कुछ लोगों की किस्मत इतनी अच्छी नहीं रही।

# पेंसिल्वेनिया के यूएस स्टील प्लांट में धमाका, दो की मौत, कई घायल; पूर्व में भी विवादों में रहा ये प्लांट

**धमाका**

**अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में एक स्टील प्लांट में धमाका हुआ है, जिसमें दो लोगों की मौत हुई है और 10 अन्य घायल हुए हैं।**




**वॉशिंगटन।** यूएस स्टील अब जापान की निप्पोन स्टील कंपनी की सब्सिडयरी कंपनी है। कंपनी प्रशासन ने कहा है कि हादसे की वजह का पता लगाने के लिए जांच करेंगे। अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में एक स्टील प्लांट में धमाका हुआ है, जिसमें दो लोगों की मौत हुई है और 10 अन्य घायल हुए हैं। घटना सोमवार को पेंसिल्वेनिया के पिट्सबर्ग के नजदीक स्थित यूएस स्टील प्लांट में हुई। धमाके के चलते प्लांट को भारी नुकसान पहुंचा है। धमाके के बाद घटनास्थल से काला धुआं उठता देखा गया। पुलिस ने बताया कि मोन वैली इलाके में स्थित प्लांट में सोमवार सुबह 10.51 बजे आग लगी। आग के बाद धमाका हुआ और उसके बाद कई और छोटे-छोटे धमाके हुए, जिसमें एक कर्मचारी की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने लोगों को घटनास्थल से दूर रहने की हिदायत दी है। धमाके की वजह का अभी तक पता नहीं चल सका है। बता दें कि यूएस स्टील अब जापान की निप्पोन स्टील कंपनी की सब्सिडयरी कंपनी है। कंपनी प्रशासन ने कहा है कि हादसे की वजह का पता लगाने के लिए जांच करेंगे।

गौरतलब है कि सितंबर 2009 में भी प्लांट में धमाका हुआ था, जिसमें एक कर्मचारी की मौत हुई थी।

जुलाई 2010 में एक बार फिर से प्लांट में धमाका हुआ, जिसमें 14 कर्मचारी और छह कॉन्ट्रैक्टर घायल हुए। साल 2014 में भी प्लांट में हादसा हुआ था, जिसमें एक कर्मचारी की जलने से मौत हो गई थी। इन हादसों के चलते यूएस स्टील पर सुरक्षा उल्लंघन के लिए जुर्माना भी लगा था।

यूएस स्टील के पेंसिल्वेनिया प्लांट में करीब 1400 कर्मचारी काम करते हैं। यह प्लांट प्रदूषण चिंताओं को लेकर भी चर्चाओं में रहा है।

साल 2019 में यूएस स्टील प्लांट ने वायु प्रदूषण के एक मुकदमे को 85 लाख डॉलर में सुलझाया था। साथ ही कंपनी ने अपने प्लांट के अपग्रेड के लिए भी करोड़ों डॉलर खर्च किए थे। साथ ही 50 लाख डॉलर स्थानीय वायु प्रदूषण से निपटने के लिए भी कंपनी ने खर्च किए थे। इसके बावजूद यह प्लांट किसी न किसी गलत कारणों से चर्चा में बना रहता है।

# पुलिस लाइन से शाही किले तक 13 अगस्त 2025 को प्रातः 08:00 बजे से निकलेगी ऐतिहासिक तिरंगा रैली



हर घर तिरंगा अभियान का तीसरा चरण 13 से 15 अगस्त 2025 तक होगा आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** शासन के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत तीसरे चरण की तैयारियों के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान का तीसरा चरण 13 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक आयोजित होना है, जिसके अंतर्गत कल 13 अगस्त 2025 को प्रातः 8:00 बजे से पुलिस लाइन से शाही किले तक ऐतिहासिक और विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया जाएगा, जिसमें टीडी इंटर कॉलेज, जनक कुमारी इंटर कॉलेज, अशोक इंटर कॉलेज, राजा डीएम शिया इंटर कॉलेज, मो0 हसन इंटर कॉलेज सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, अधिकारी कर्मचारीगण आम जनमानस सहित लगभग 25 हजार लोग प्रतिभाग करेंगे। रैली को 5 सेक्टर में बांटा गया है- रिजर्व पुलिस लाइन से थाना लाइन बाजार तक, थाना लाइन बाजार से अंबेडकर तिराहा तक, अंबेडकर तिराहा से जोगियापुर पुल तक, जोगियापुर पुल से सद्भावना पुल तक तथा सद्भावना पुल से शाही किला तक, जिसके लिए मजिस्ट्रीयल ड्यूटी भी लगाई गई है जो रैली के दौरान उपस्थित रहकर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएंगे। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को रैली के दौरान एंबुलेंस की व्यवस्था, ओआरएस घोल, आदि की व्यवस्था कराने, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को साफ सफाई कराने, यातायात निरीक्षक को ट्रैफिक व्यवस्था हेतु प्रबंधन करने के निर्देश देने के साथ ही अन्य अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी तथा मा0 मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से हम शहीदों की शान में तिरंगा फहराएंगे। उन्होंने सभी से अपील किया कि इस तिरंगा रैली में प्रतिभाग कर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाएं तथा 13 से 15 अगस्त तक अपने अपने घरों पर तिरंगा प्रदर्शित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 लक्ष्मी सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अम्बष्ट, नगर मजिस्ट्रेट इंद्र नंदन सिंह, परियोजना निदेशक के के पांडे, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# श्रेय अग्रवाल को अध्यक्ष पद का कार्यभार सौंपा गया



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** रोटरी क्लब का 57वां दायित्वग्रहण समारोह रविवार को रोडवेज स्थित होटल गोल्डन फॉर्च्यून के सभागार में आयोजित हुआ। जिसमें वाराणसी से आए पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर उत्तम अग्रवाल बतौर अतिथि शामिल हुए। समारोह से पूर्व रोटरी के नव नवनियुक्त अध्यक्ष श्रेय अग्रवाल के नेतृत्व में बवाली मोड़ स्थित इस्कॉन मंदिर में भक्तों के लिए वाटर कूलर सप्रेम भेंट किया गया। जिसके बाद देर रात मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। जिसमें 2024-25 के पूर्व अध्यक्ष अमरनाथ अग्रवाल ने पूर्व सचिव श्रेय अग्रवाल को अपना कॉलर पहनाकर अध्यक्ष पद का कार्यभार सौंपा तो वही श्रेय ने भी अपना कॉलर रवि शंकर को पहनाकर सचिव पद का कार्यभार सौंपा। मुख्य अतिथि द्वारा 2025-26 के नवनियुक्त 12 सदस्यों को बैच लगाकर कार्यभार ग्रहण कराया गया। समारोह में शामिल हुए भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, पूर्व सांसद प्रतिनिधि हरिकेश यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष जयनाथ सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष सूरज श्रीवास्तव, मोहिता जैन सहित मौजूद सभी लोगों ने नई कार्यकारिणी के उज्जवल भविष्य की कामना की। दायित्व ग्रहण करते ही नव नियुक्त अध्यक्ष श्रेय अग्रवाल ने जनपद के राजघाट पर इलेक्ट्रिक शवदाह गृह लगाने और नेत्र चिकित्सा शिविर के माध्यम से मोतियाबिंद के मरीजों का निःशुल्क इलाज की घोषणा की। इस दौरान रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष चंदन अग्रवाल, मुकुंद अग्रवाल, अतुल कुमार अग्रवाल, सुंदरम अग्रवाल, आशीष गोयल, अजय अग्रवाल, मधुर गोयल, मंजु अग्रवाल, रुचि अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, समाजसेवी ऋत्विक जयसवाल, भाजपा नेता प्रवीन सिंह सहित समारोह में विभिन्न सामाजिक संगठनों व भाजपा के वरिष्ठजन शामिल हुए।

# देशभक्ति के तरानों से गूंजा सभागार



पीयू में 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत भव्य म्यूजिकल कॉन्सर्ट

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में 'हर घर तिरंगा अभियान 2025' के तहत मंगलवार को आर्यभट्ट सभागार, रज्जू भइया संस्थान में भव्य म्यूजिकल कॉन्सर्ट का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि करंजाकला ब्लॉक प्रमुख सुनील यादव 'मम्मन' ने दीप प्रज्वलित कर किया। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं में देशभक्ति और गर्व की भावना को सुदृढ़ करते हैं।

वित्त अधिकारी आत्म प्रकाश धर द्विवेदी ने संयोजक मंडल को बधाई देते हुए स्वयं भी कई गीत प्रस्तुत कर तालियाँ बटोरीं। उन्होंने किसी की मुस्कराहटों पे हो निसार से हुई, जिसने श्रोताओं के मन में संवेदनशीलता और देशप्रेम जागृत किया। इसके बाद उनका गीत माना मैं जेब से फकीर हूं, लेकिन मैं दिल से अमीर हूं भावनात्मक स्पर्श छोड़ गया।

प्रो. अविनाश पाथर्डीकर ने लोकसंगीत रंग में का करूं सैंया, आए ना बालम गाकर सभागार में पारंपरिक मिठास घोल दी। सुशील प्रजापति की होंठों से छू लो तुम प्रस्तुति ने श्रोताओं को रूहानी आनंद दिया। डॉ. रसिकेश के ये मेरे प्यारे वतन और एक दिन बिक जाएगा माटी के मोल गीतों ने दर्शकों को भावुक कर दिया। विश्वविद्यालय परिसर के विद्यार्थियों ने भी नृत्य एवं गायन प्रस्तुतियां दी।

नोडल अधिकारी प्रो. राकेश कुमार यादव और सहायक नोडल अधिकारी डॉ. अनुराग मिश्र के कुशल संयोजन में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति एवं प्रेरणादायी गीत प्रस्तुत किए। संयोजक डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी और छात्र-छात्राओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रो. अविनाश डी. पाथर्डीकर, सुशील प्रजापति, आशीष यादव, योगिता रिया, स्नेहा मिश्रा, स्तुति और आशीष सहित अन्य विजेताओं को सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को उवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं। कार्यक्रम का संचालन डॉ दिग्विजय सिंह राठौर एवं छात्र सुमित सिंह ने किया।

# शातिर चोर आदिल समेत चार गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर (खेतासराय)।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिले की खेतासराय थाना पुलिस ने मंगलवार को चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक शातिर चोर आदिल जोगी भी शामिल है। खेतासराय थाना प्रभारी रामाश्रय राय के नेतृत्व में कस्बा इंचार्ज तारीक अंसारी, उप निरीक्षक कपिलदेव, अनिल सिंह, हेड कांस्टेबल संजय पाण्डेय, हरखनाथ यादव के साथ अपराधियों के खिलाफ गोरारी, रानीमऊ मार्ग पर निरंतर चेकिंग में लगे हुए थे। इस दौरान मुखबिर ने बताया कि चोरी की कई घटनाओं में शामिल शातिर चोर आदिल जोगी पुत्र उजागिर जोगी निवासी मोहल्ला जोगियाना थाना खेतासराय इस रास्ते से अभी गुजरने वाला है। पुलिस टीम ने शातिर चोर को आते ही घेराबंदी कर पकड़ लिया। पुलिस उसे तत्काल हिरासत में लेकर खेतासराय थाने लाई। यहां पूछताछ के दौरान उसने खेतासराय नगर में हुई चोरी की कई घटनाओं में शामिल होना स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस टीम ने विधिक कार्रवाई करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया। इसके अलावा तीन अन्य लोगों को शांति भंग में गिरफ्तार किया गया है। जिसमें अजय कुमार पुत्र रामसेवक निवासीगण ग्राम बर्जी, अरविन्द पुत्र स्व हीरालाल निवासी राजेपुर थाना सरायख्वाजा, मोहम्मद फरहान पुत्र शोएब निवासी पाराकमाल थाना खेतासराय जिला जौनपुर शामिल हैं।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत डोभी में भव्य रैली का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**




**जौनपुर।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुँचाने और राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रबल करने के उद्देश्य से खंड शिक्षा क्षेत्र डोभी, जनपद जौनपुर में एक भव्य और ऐतिहासिक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का शुभारंभ अत्यंत उत्साह और जोश के साथ किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं से लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और शिक्षक संघ के सदस्यों तक सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. गोरखनाथ पटेल बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हर घर तिरंगा अभियान न केवल राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे देश की आन, बान, शान, एकता, अखंडता और संप्रभुता का भी प्रतीक है। यह हमें हमारे स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों के बलिदान की याद दिलाता है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि 15 अगस्त के अवसर पर प्रत्येक घर पर तिरंगा लहराए और देशभक्ति का संदेश जन-जन तक पहुँचे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड विकास अधिकारी, डोभी नंदलाल कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि यह रैली एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश लेकर आई है, और यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी डोभी रमाकांत सिंह ने कार्यक्रम के आयोजन में अग्रणी भूमिका निभाई और सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में बाल विकास योजना अधिकारी डोभी, शिक्षक संघ के अध्यक्ष आलोक रघुवंशी, संरक्षक संजय यादव, संतोष सिंह, अरविंद यादव, सतीश यादव, आनंद सिंह,संजय सिंह, सतीश मिश्रा, प्रवीण सिंह, अनिल सिंह सहित समस्त शिक्षक, शिक्षिका शिक्षामित्र अनुदेशक व संघ की टीम ने सक्रिय सहभागिता निभाई। रैली चंदवक स्कूल से प्रारंभ होकर बाजार में अंबेडकर चौराहे तक पहुँची, जहाँ अंबेडकर जी की मूर्ति पर सभी जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित अतिथियों ने माल्यार्पण किया। इसके बाद रैली का समापन हुआ। रैली में प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों ने तिरंगे के रंगों से सजे परिधानों में, हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर देशभक्ति गीतों और नारों के माध्यम से सभी को प्रेरित किया। रैली का मार्गदर्शन पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षित और सुव्यवस्थित तरीके से किया गया। थानाध्यक्ष चंदवक एवं उनकी टीम ने पूरे कार्यक्रम में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का उत्कृष्ट संचालन किया। इस अवसर पर सभी उपस्थित जनों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाएंगे और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों, दुकानों और कार्यालयों पर तिरंगा फहराकर भारत माता के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### जमैथा गांव में लगा कजरी का मेला

**जौनपुर (जफराबाद) अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के जमैथा गांव के हनुमानजी के मंदिर के पास मंगलवार को कजरी का मेला लगा।मेले में आसपास के लोगों की भीड़ रही। मेले में सुबह से ही दुकानदारों ने अपनी अपनी दुकान लगा लिए।इस मेले में तीन से गांव के लोग खासकर महिलाएं व बच्चे आते है।मेले में आये लोगों ने हनुमानजी का दर्शन पूजन किया। महिलाओं ने श्रृंगार का सामान खरीदा।बच्चों ने खिलौने खरीदे।मेले में काफी महिलाओं ने झूले का आनंद उठाया।मेले में डॉ कोमल प्रकाश पाल, विनीत सिंह, रामदवर पाल आदि व्यवस्था में लगे रहे।सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस की टीम लगी रही।

### समाजसेवी द्वारा बच्चों को किया गया कॉपी, पेन, पेंशल वितरण



**जौनपुर (जफराबाद)** छेत्र के संघईपुर प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाई कर रहे गरीब एवं निराश्रित बच्चों को समाजसेवी द्वारा मंगलवार को निःशुल्क पाठ्य सामग्री वितरित की गई जिसमे कापी , पेंसिल, पेन, इरेजर, स्केच, आदि प्रमुख थे। समाजसेवी दिनेश चौहान ने बताया कि हम आने यथाशक्ति से गरीब एवं निराश्रित परिवारों हेतु कार्य कर रहे है, इसी कड़ी में हमारी टीम द्वारा प्रत्येक ग्राम सभा के कुछ सरकारी स्कूलों को चिन्हित किया गया है जहां पहुंचकर हम उन बच्चों को पाठ्य सामग्री निःशुल्क उपलब्ध करा रहे हैं। समाजसेवी दिनेश चौहान ने बताया कि हमारा उद्देश्य गरीब, जरूरतमंद, निराश्रित, शोषित, वंचित व्यक्तियों एवं उनके परिवारों तक राहत सामग्री पहुंचाना है।

### फतेहपुर मकबरे पर हमला यू.पी कानून व्यवस्था की विफलता है : अरशद अली



**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** अल्पसंख्यक कांग्रेस के निवर्तमान शहर अध्यक्ष अरशद अली ने कहा उ. प्र. के फतेहपुर में जिस तरह सैकड़ों साल पुराने नवाब अब्दुस समद ख़ान के मकबरे को लेकर सांप्रदायिकता का तांडव किया गया वो यूपी की क़ानून व्यवस्था के लिये बेहद शर्मनाक है। जब प्रशासन को पता था कि उपद्रवी लगातार फतेहपुर का माहौल ख़राब कर रहे थे उसके बावजूद प्रशासन ने मामले में लापरवाही की। उन्होंने कहा कि भाजपा जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल की अगुवाई में ही मकबरे में पूजा करने के लिए लोग इकट्ठा हुए इससे साबित होता है कि इस पूरी घटना के पीछे भाजपा सांप्रदायिक राजनीति कर रही है। अरशद अली ने कहा यूपी में क़ानून व्यवस्था पूरी तरह विफ़ल है। अरशद ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि सत्ता की कठपुतली ना बने बल्कि माहौल बिगाड़ने वालों पर न्याय सम्मत कार्यवाही करें।

### हर घर तिरंगाः रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल नैनी में आज हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में देशभक्ति की भावना को बढ़ाना था। कक्षा 6 के बच्चों द्वारा बहुत ही आकर्षक रंगोली बनाई गई जिसे प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। कक्षा 8 के छात्रों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा कक्षा 7 के छात्रों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधान अध्यापिका शाइमा मसीए ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उनकी प्रशंसा की तथा प्रमाण- पत्र देकर पुरस्कृत किया। विद्यालय प्रबंधक एस. के. मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा हमारे देश की आत्मा है और यह स्वतंत्रता, एकता और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से देश के प्रति सदैव सजग और समर्पित रहने का आह्वान किया।

### डेढ़ लाख घरों पर लगेगा तिरंगा झंडा

**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज महानगर सिविल लाइन कार्यालय में महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने मंडल अध्यक्षों के द्वारा बूथ अध्यक्षों को और मोर्चा प्रकोष्ठ एवं विभाग के कार्यकर्ताओं को हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए तिरंगा झंडा वितरित किया। उन्होंने कहा कि 13 एवं 14 अगस्त को कार्यकर्ता अपने बूथों पर जाकर तिरंगा झंडा वितरित करें और हर घरों पर लगवाएं।प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए महानगर के प्रत्येक बूथों पर 100 झंडा लगाने का लक्ष्य दिया गया है। प्रयागराज महानगर में कुल 1216 बूथ है। जिसके अंतर्गत 1 लाख 21600 झंडा बूथ स्तर पर लगाए जाएंगे। इसके अलावा मोर्चा, प्रकोष्ठ, विभाग एवं मंडल के कार्यकर्ताओं एवं पार्षदों को 5000 और महापौर को 70000 और सांसद और विधायकों को 50000 तिरंगा झंडा लगाने का लक्ष्य दिया गया है।

# भारतीय ज्ञान परम्परा की संवाहिका संस्कृत भाषा अत्यंत महत्वपूर्ण



जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज , प्रयागराज के संस्कृत विभाग द्वारा संस्कृत दिवस आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज, प्रयागराज के संस्कृत विभाग द्वारा संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्या प्रो. आशिमा घोष एवं मुख्य वक्ता डा. प्रतिभा आर्या, इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्राचार्या ने भारतीय ज्ञान परम्परा की संवाहिका संस्कृत भाषा को अत्यंत महत्तवपूर्ण बताया और संस्कृत दिवस की शुभकामनाएं दीं।

छात्राओं ने संस्कृत श्लोकों ,सूक्तों एवं गीतों की सुन्दर प्रस्तुतियां दीं। साथ ही अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का एक - एक संकल्प संस्कृत भाषा में लिया। छात्राओं ने रोचक और उत्कृष्ट संकल्प लेते हुए एक -दूसरे को रक्षासूत्र बांधा। मुख्य वक्ता डा. प्रतिभा आर्या ने संस्कृत दिवस का औचित्य विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए संस्कृत दिवस के इतिहास और उसकी प्रासंगिकता पर बहुविध प्रकाश डाला।

इस अवसर पर विभाग के तीन शोध अध्येताओं अम्बुज सिंह, शिखा मिश्रा और उपासना सिंह को सम्मानित किया गया। वे महाविद्यालय से शोधोपाधि प्राप्त करने वाले पहले विद्यार्थी हैं।

ईसीसी महाविद्यालय के डा. आरुणेय मिश्र द्वारा प्रदत्त संस्कृत सूक्तियों से सजी राखियों के प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा. प्रमा द्विवेदी एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो. रतनकुमारी वर्मा ने किया। कार्यक्रम में शिक्षकगण प्रो. अंशुमाला मिश्रा, डा. अजिता ओझा, डा. रमा गुप्ता, शोध अध्येताओं चंद्रधर मिश्र, रुचि मिश्रा तथा साक्षी, गरिमा, स्वाती, निहारिका और श्रेया इत्यादि विद्यार्थियों ने महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

### जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में बी0ए0 प्रथम वर्ष प्रवेश काउंसिलिंग शुरू

**प्रयागराज।** प्राचार्या, जगत तारन गर्ल्स डिग्री कालेज ने बताया है कि बी0ए0 प्रथम वर्ष सत्र 2025-26 की काउंसिलिंग प्रारम्भ है। प्रवेश हेतु वे छात्राएं जिन्होंने महाविद्यालय के प्रवेश पोर्टल पर सीयूईटी (यूजी) 2025 के अंतर्गत दिनांक 12 अगस्त तक पंजीकरण कराया है, वे फार्म वेरीफिकेशन एवं विषय आवंटन हेतु महाविद्यालय में ऑनलाइन आवेदन फार्म की प्रिन्टेड प्रति (स्वप्रमाणित संलग्नकों सहित) तथा अपने प्रमाणपत्रों की मूलप्रति के साथ निर्धारित तिथियों पर स्वयं प्रवेश समिति के सामने उपस्थित हों। अभ्यर्थियों को एसएमएस एवं प्रवेश पोर्टल के माध्यम से भी काउंसिलिंग तिथि एवं विषय आवंटन की सूचना भेज दी गयी है। उन्होंने बताया कि 14 अगस्त को प्रातः 10.00 से 11.30 बजे तक सामान्य एवं अनारक्षित 263 या अधिक कट ऑफ की छात्राओं की काउंसलिंग की जाएगी। इसी प्रकार 14 अगस्त को ही प्रातः 10:00 बजे से 11:30 बजे तक अनुसूचित जाति की 111 या अधिक कट ऑफ वाली छात्रों की काउंसलिंग होगी। उन्होंने बताया कि काउंसिलिंग मेरिट के आधार पर होगी और ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया सीटों की उपलब्धता तक लगातार चलती रहेगी। काउंसिलिंग की सूचना महाविद्यालय की वेबसाइट एवं प्रवेश पोर्टल पर अद्यतन की जाती रहेगी। निर्धारित तिथि को उपस्थित नहीं होने वाली छात्राओं का सीट आवंटन रद्द कर दिया जायेगा एवं उन्हें फिर महाविद्यालय के प्रवेश पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा।

# सर्वोदय पब्लिक स्कूल के 10 वें पद ग्रहण समारोह का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** हरबंशपुर स्थित सर्वोदय पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 10 वें पद ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि विद्यालय के संस्थापक / प्रबंधक श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव विद्यालय की निदेशिका श्रीमती कंचन यादव एवं प्रधानाचार्या श्रीमती बीना पी उथुप ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन किया। तत्पश्चात सरस्वती वन्दना के उपरान्त कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। विद्यालय में बनाए गए चार सदन-राजगुरू, आजाद, सुभाष और भगत सदन के कप्तान और उपकप्तान को उनके सदन के ध्वज के सम्मान का उत्तरदायित्व दिया गया। कार्यक्रम को आगे बढाते हुए सांस्कृतिक, खेलकुद व अनुशासन विभाग के पदो पर भी बच्चों को उक्त विभाग के ध्वज को देकर गुरुतर उत्तरदायित्व हेतु प्रोत्साहित किया गया। संस्था के संस्थापक / प्रबन्धक श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी विद्यालय को सुचारू रूप से चलाने वाले सभी स्तंभों की अपनी-अपनी जिम्मेदारी होती है। आज के इस पद ग्रहण समारोह में विद्यार्थियों को उनकी जिम्मेदारी देते हुए कहा कि आप सभी विद्यालय के वो चार स्तंभ हैं जिनके द्वारा विद्यालय की व्यवस्था को सुव्यवस्थित रूप से संचालित एवं अनुशासित किया जाएगा। प्रधानाचार्या श्रीमती बीना पी उथुप ने विद्यार्थियों के कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों को दिए गए दायित्वों से उनके सर्वांगीण विकास में सहायता मिलेगी, जो उनके भविष्य के निर्माण में एक अहम भूमिका निभाएगी।

# अधिवक्ताओं ने फतेहपुर मस्जिद कांड पर सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन से जुड़े अधिवक्ताओं ने मोहम्मद हंजला उर्फ सद्दाम हुसैन के नेतृत्व में जनपद फतेहपुर के अबूनगर क्षेत्र में स्थित एक ऐतिहासिक मकबरे को ÷ठाकुर जी का मंदिर÷ घोषित करते हुए बलपूर्वक ढहा दिया गया और वहां भगवा ध्वज फहराये जाने पर रोष व्यक्त किया है। आज जिलाधिकारी कार्यालय पर विरोध करने पहुंचे वकीलों ने एडीएम सिटी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि इस घटनाक्रम से क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव व्याप्त हो गया है, जिससे समाज में भय, अविश्वास एवं वैमनस्य की स्थिति उत्पन्न हो गई है। यह न केवल संविधान प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता एवं सांस्कृतिक संरक्षण के अधिकारों का उल्लंघन है, अपितु सामाजिक सौहार्द एवं राष्ट्रीय एकता के लिए भी गंभीर चुनौती है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज के अधिवक्ता गण, इस घटना की घोर निंदा करते हैं और मांग करते हैं कि उक्त प्रकरण की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष न्यायिक जांच कराई जाए। धार्मिक स्थलों के विषय में भ्रामक प्रचार करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध विधिसम्मत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। घटनास्थल की ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक वास्तविकता की जांच पुरातत्वविदों एवं विशेषज्ञों के माध्यम से कराई जाए। क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बहाल रखने हेतु प्रशासन द्वारा प्रभावी एवं त्वरित कदम उठाए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उक्त मामले में प्रशासन द्वारा शीघ्र एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो अधिवक्ता समुदाय लोकतांत्रिक मर्यादाओं के अंतर्गत जनजागरण एवं जनआंदोलन करने को बाध्य होगा, जिसकी संपूर्ण ज़िम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी।

# तिरंगा महोत्सव कार्यक्रम में डीएम ने छात्रों को किया संबोधित

**अवधनामा संवाददाता**



**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत श्रीदेवी मेला ग्राम सुधार प्रदर्शनी के कादम्बरी पंडाल में आयोजित तिरंगा महोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों, महिलाओं, शिक्षकों, जन-सामान्य को सम्बोधित करते हुये कहा कि विभिन्न विद्यालयों के छात्रों, सांस्कृतिक विभाग के कलाकारों द्वारा राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुति बेहद मोहक थी, कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों में गजब की ऊर्जा है, देशभक्ति के जज्बे से भरे बच्चों ने अपने कार्यक्रमों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों, वीर बलिदानियों को स्मरण कराने का कार्य किया है। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सब उस जनपद के निवासी हैं, जिस जनपद का बहुत बड़ा योगदान स्वतंत्रता संग्राम आन्दोलन में रहा है, यहां के युवाओं को जनपद के स्वाधीनता आंदोलन के इतिहास के बारे में बताया जाए, बेवर के 03 क्रांतिकारियों की जानकारी दी जाए, बेवर के इन 03 क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की बलि देकर इतिहास में अपना नाम अमर किया। उन्होंने कहा कि कुछ वर्षों पूर्व प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर पर झंडा फहराने की अनुमति नहीं थी लेकिन कुछ वर्षों से सरकार ने झंडा फहराने के नियमों में शिथिलता, छूट देकर प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर पर झंडा फहराने का अधिकार प्रदान किया है, झंडे भी जिला प्रशासन की ओर से मुफ्त में उपलब्ध कराये जा रहे है, सभी अपने-अपने घरों में झंडा फहराकर देशभक्ति की अलख जगायें। उन्होने शिक्षकों का आव्हान करते हुये कहा कि आने वाली पीढ़ियों, बच्चों को अपने देश के स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों के बारे में ज्यादा से ज्यादा पढ़ायें, उनके मन में देशभक्ति की भावना को जागृत करें। उन्होंने विद्यालय प्रबन्धकों, प्रधानाचार्यों, प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों का आह्वान करते हुए कहा कि सभी विद्यालय दि. 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा लाइट से जगमग रहें, विद्यालयों के बीच स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा रहे ताकि इस अवधि में सभी विद्यालयों में सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम, सजावट हो, सभी बढ़-चढ़कर स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रमों में भागीदारी करें।

मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु ने तिरंगा महोत्सव में उपस्थित व्यक्तियों, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों का आह्वान करते हुए कहा कि आप सब इस देश की प्रगति में अपना योगदान दें, हमें अंग्रेजों की दास्तां से आजाद कराने में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर आजादी के दीवानों के सपनों को साकार करें। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं से कहा कि अपने देश के स्वतंत्रता आंदोलन के स्वर्णिम इतिहास की जानकारी करें, आजादी दिलाने में हमारे अनगिनत आंदोलनकारियों ने अपने प्राणों की आहुति दी, कठोर यातनाएं झेलीं, लंबे संघर्षों के बाद जाकर हमें आजादी मिली, हम सब कर्तव्य बोध से अपने दायित्वों का निर्वहन कर भारत को विकसित देश बनाने में अपना योगदान दें।

# जियो हॉटस्टार ने 'ऑपरेशन तिरंगाः तिरंगा एक, कहानियाँ अनेक' के साथ देश को एकजुट किया

**नई दिल्ली।** भारत के 79 वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जियो हॉटस्टार ने 'ऑपरेशन तिरंगा' लॉन्च किया है, जो देश की आज़ादी की भावना का सम्मान देने की एक खास कोशिश है। ÷तिरंगा एक, कहानियां अनेक÷ के तहत, इस प्लेटफॉर्म ने देशभक्ति से जुड़ी खास कहानियों को चुना है, जो भारतीय तिरंगे में समाए अलग-अलग रंग, भावनाएं और आदर्शों को दिखाती हैं। इस 15 अगस्त को पूरे दिन के लिए जियो हॉटस्टार की पूरी कंटेंट लाइब्रेरी फ्री में देखने को मिलेगी। इससे देश के हर कोने में एक समावेशी और सबके लिए सुलभ ब्रांड बनाने का इसका प्रयास साफ दिखाई देता है।

जियो हॉटस्टार अपनी कहानियों को देश को सम्मान देने में बदल रहा है, जहां दर्शकों का स्वागत भारत के रंगों और भावना से भरे स्प्लैश स्क्रीन से किया जाएगा। नया डिज़ाइन ऐसा माहौल बनाएगा, जिसमें भारत के साहस और चरित्र को सलाम करने वाली चुनिंदा कहानियों का खास संग्रह होगा। साहस, बलिदान और राष्ट्रीय पहचान की कहानियों के साथ



इसकी शुरुआत होती। तिरंगे के रंगों से प्रेरणा लेते हुए, इस लाइन-अप में केसरिया, सफ़ेद और हरे रंग से जुड़ी कुछ ख़ास फ़िल्मों की सौगात होगी। इसमें केसरिया रंग बहादुरी और गुप्त वीरता की कहानियों से जोड़ा गया है, जिसमें टेक ऑफ, मद्रास कैफ़े और आईबी 71 जैसी फिल्में हैं। इस पेशकश की शुरुआत बहुप्रतीक्षित जासूसी थ्रिलर सलाकार से होगी, जो बहादुरी, बलिदान और राष्ट्रीय पहचान की गहराईयों को दिखाने वाली कहानियों का माहौल तय करेगी। सफ़ेद रंग को त्याग और हिम्मत की भावनाओं से भरी कहानियों के रूप में दिखाया जाएगा, जैसे नीरजा, मंगल पांडे: द राइजिंग और चंद्रशेखर जैसी फिल्में। हरा रंग हमारी सांस्कृतिक विरासत और गर्व से जुड़ी कहानियों में नजर आएगा जैसे सरज़मीन, केसरी 2 और एयरलिफ्ट फिल्में आदि। ये सभी कहानियां मिलकर देश को एक भावपूर्ण और खास सम्मान देती हैं। ये सब 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर फ्री में देखने के लिए उपलब्ध होंगी।

इस अभियान के बारे में बात करते हुए, मिनाक्षी अचन, हेड - ब्रांड और क्रिएटिव, जियोस्टार ने बताया कि, ÷जियो हॉटस्टार हमेशा से कहानी कहने के ज़रिए अनगिनत संभावनाओं को पेश करता है, जहां दर्शकों को यह आज़ादी मिलती है कि वे क्या देखना चाहते हैं, कब देखना चाहते हैं और कैसे उससे जुड़ते हैं। 'ऑपरेशन तिरंगा' उसी सोच का विस्तार है। यह एक ऐसा अभियान है जो स्वतंत्रता दिवस की भावना का जश्न मनाता है और देखने की सभी रुकावटें हटाकर हर दर्शक को ऐसी कहानियों से परिचित होने का मौका देता है, जो देश के साहस, हिम्मत और पहचान की झलक हैं।÷

ऑपरेशन तिरंगा का प्रचार विभिन्न कंज्यूमर टचपॉईंट्स से किया जाएगा, जिसमें इन-ऐप टेकओवर से प्राईम टाइम टीवी स्पॉट, अल्ट्रोक विज़िबिलिटी वाले आउटडोर, डिजिटल, सोशल मीडिया और ब्रांड्स के साथ गठबंधन शामिल हैं। इस अभियान के लिए भारत के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के साथ साझेदारी की जाएगी ताकि मनोरंजन, शिक्षा और राष्ट्रीय गर्व के साथ झंडा फहराने के आचरण के बारे में जागरुकता बढ़ाई जा सके।

## बीएलएस ई-सेवाएं लिमिटेड ने पहली तिमाही एफवाई26 के लिए वित्तीय और परिचालन प्रदर्शन की रिपोर्ट जारी की

**लखनऊ।** बीएलएस ई-सेवाएं लिमिटेड (बीएलएसई), एक प्रौद्योगिकी-सक्षम डिजिटल सेवा प्रदाता, ने 30 जून 2025 को समाप्त तिमाही के लिए अपने समेकित वित्तीय परिणामों की घोषणा की।प्रदर्शन और हालिया अद्यतनों के बारे में बोलते हुए, बीएलएस ई-सेवाएं लिमिटेड के अध्यक्ष श्री शिखर अग्रवाल ने कहा हमें एफवाई26 की मजबूत शुरुआत करने में प्रसन्नता है, क्योंकि हमारी क्यू1 प्रदर्शन हमारी व्यावसायिक मॉडल की गहराई और लचीलापन को दर्शाता है। तिमाही के लिए कुल आय में 205.3% की महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है, जो हमारे व्यवसायों में स्वस्थ गति और आदिविडिलिस सॉल्यूशंस के एकीकरण के कारण है। परिचालन अनुशासन और मूल्य-आधारित सेवा वितरण पर हमारा ध्यान भी EBITDA में 33.5% की वृद्धि का कारण बना, जबकि हमारे कर के बाद लाभ में 38.7% की वृद्धि हुई, जो हमारे प्लेटफॉर्म की मापनीयता और ताकत की पुष्टि करता है।मुझे यह साझा करने में उत्साह है कि इस तिमाही के दौरान, हमने एसबीआई और एचडीएफसी बैंक के ग्राहक सेवा बिंदुओं को एक रणनीतिक स्लम बिक्री में अधिग्रहित करने के लिए सब-के इम्पैक्ट सॉल्यूशंस लिमिटेड के साथ एक निश्चित समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जो सामान्य अनुमोदनों के अधीन है। यह अधिग्रहण आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, महाराष्ट्र, ओडिशा और कर्नाटक में हमारे सीएसपी नेटवर्क को मजबूत करेगा, जिससे लगभग 50 लाख ग्राहकों को सेवा प्रदान की जा सकेगी। हमारे बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट और बिजनेस फैसिलिटेटर मॉडल वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना जारी रखते हैं। हमने 10,000 से अधिक खुदरा विक्रेताओं को ऑनबोर्ड किया है, बजाज फिनसर्व और एचडीएफसी बैंक के साथ रणनीतिक साझेदारी की है, और रेकवाइसी, माइक्रोएटीएम, और ओडिशा में सीएसपी प्लस की शुरुआत जैसे नवाचारों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी पहुंच को और गहरा किया है।

## OPPO ने कूलिंग फैन के साथ भारत का एकमात्र स्मार्टफोन- OPPO K13 Turbo Pro 5G और OPPO K13 Turbo 5G लॉन्च किया



**नई दिल्ली।** OPPO India ने OPPO K13 Turbo Series 5G पेश की है। इस सीरीज़ में दो स्मार्टफोन हैं, OPPO K13 Turbo Pro 5G और OPPO K13 Turbo 5G ये बिल्ट-इन कूलिंग फैन के साथ आने वाले भारत के पहले स्मार्टफोन हैं, जो स्मार्टफोन थर्मल मैनेजमेंट में नए मानक स्थापित कर रहे हैं। इन्हें शानदार परफॉर्मेंस और मल्टीटास्किंग के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसलिए, यह सीरीज़ गेमिंग, हैवी मल्टीटास्किंग, और लंबे समय तक आउटडोर इस्तेमाल के लिए उत्तम है। इसमें आधुनिक एक्टिव और पैसिव थर्मल डिज़ाइन, शक्तिशाली प्रोसेसर, और 80वॉट सुपरवूक फास्ट चार्जिंग के साथ 7,000mAh की दमदार बैटरी दी गई है। यह 120हर्ट्ज़ आई-फ्रेंडली ई-स्पोर्ट्स लेवल की फ्लैट स्क्रीन के साथ आता है। K13 Turbo Series भारी टास्क के लिए भी सतत और हाई-परफॉर्मेंस अनुभव प्रदान करती है। इसलिए, यह आज के डायनामिक और परफॉर्मेंस पर केंद्रित युवाओं के लिए उत्तम सीरीज़ है। इस सीरीज़ के 8जीबी+128जीबी वैरिएंट शुरुआती मूल्य 27,999 रुपये तथा 8जीबी+256जीबी वैरिएंट का शुरुआती मूल्य 29,999 रुपये है।

## 2025 हंटर 350 नए ग्रेफाईट ग्रे कलर वैरिएंट में लॉन्च

मिड-साईज़ मोटरसायकल सेगमेंट में ग्लोबल लीडर, रॉयल एनफील्ड ने 2025 हंटर 350 का नया ग्रेफाईट ग्रे रंग का वैरिएंट लॉन्च किया है। इस नए रंग के साथ मिड वैरिएंट में कुल तीन नए रंग हो गए हैं, जिनमें अन्य दो रंग, रियो व्हाईट और डैपर ग्रे हैं। इसके बाद हंटर 350 कुल सात रंगों में उपलब्ध हो गई है।सड़कों पर शुद्ध ऊर्जा से प्रेरित 2025 हंटर 350 का नया ग्रेफाईट ग्रे वैरिएंट उन राईडर्स के लिए बनाया गया है, जो शहर की सड़कों पर आत्मविश्वास और अपने विशेष स्टाईल के साथ चलना चाहते हैं, जो उनका बोल्ड अंदाज पेश करे। मैट फिनिश और स्ट्रीमलाईंड फॉर्म में उपलब्ध यह मोटरसाईकल आधुनिक होने के साथ मिनिमलिस्ट भी है। यह उन लोगों के लिए बेहतरीन है, जो तीव्रता के साथ बढ़त पसंद करते हैं। इस मोटरसाईकल में दिए गए नियॉन यलो एक्सेंट स्ट्रीट ग्रैफिटी आर्ट से प्रेरित हैं।इससे पहले इस साल व्यापक अपग्रेड करते हुए तीन नए स्ट्रीट-इंस्पायर्ड रंग पेश किए गए थे। मुख्य मैकेनिकल और सौंदर्य के अपग्रेड भी किए गए। इसके बाद अब यह नया रंग हंटर 350 का आकर्षण और अधिक बढ़ाते हुए उसे विविधतापूर्ण बना रहा है।हंटर 350 ने अपने लॉन्च के बाद पूरी दुनिया के लगभग आधे मिलियन ग्लोबल राईडर्स का समर्पित समुदाय बना लिया है। यह रॉयल एनफील्ड के सबसे तेजी से बढ़ते हुए मॉडलों में से एक है।

## एयरटेल पेमेंट्स बैंक का वार्षिक राजस्व बढ़कर 3,000 करोड़ रुपये से अधिक हुआ

**नई दिल्ली।** आज एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने 30 जून, 2025 को समाप्त हुई तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणाम जारी कर दिए। इस तिमाही में भी बैंक का प्रदर्शन काफी मजबूत रहा। बैंक का वार्षिक राजस्व 3,000 करोड़ रुपये को पार कर गया, जिससे यह देश में सबसे ज्यादा तेजी से विकसित होते हुए डिजिटल बैंकों की कतार में आ गया। वित्तवर्ष 2026 की पहली तिमाही के लिए एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने 27.5 प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि के साथ 777.4 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया, वहीं शुद्ध लाभ 44.4 प्रतिशत बढ़कर 10.4 करोड़ रुपये तक पहुँच गया। मजबूत ऑपरेटिंग परफॉर्मेंस और ग्राहकों के बीच तेज एडॉप्शन के चलते EBITDA 30 प्रतिशत साल-दर-साल वृद्धि दर्ज करते हुए बढ़कर 81.8 करोड़ रुपये हो गया। ग्राहक जमा राशि में साल-दर-साल 27.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 3,743 करोड़ रुपये तक पहुँच गई। बैंक की वार्षिक ग्रॉस मर्चेंडाईज़ वैल्यू 4,260 बिलियन डॉलर हो गई। एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने यूज़र बेस के आधार पर भारत में तीसरे सबसे बड़े मोबाईल बैंक के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत कर ली है, जिससे शहरी और ग्रामीण सेगमेंट्स में ग्राहकों की गहरी सहभागिता प्रदर्शित होती है।

## एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने न्यू बिजनेस ग्रोथ में 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की

**लखनऊ।** वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में विकास की अपनी गति को बनाए रखते हुए एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने न्यू बिजनेस ग्रोथ (इंडीविजुअल एडजस्टेड फर्स्ट ईयर प्रीमियम) में 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। कंपनी का इंडीविजुअल एडजस्टेड फर्स्ट ईयर प्रीमियम 1,553 करोड़ रुपये रहा। इससे कंपनी का प्राइवेट मार्केट शेयर 121 आधार अंक बढ़कर 10 प्रतिशत पर पहुंच गया। समीक्षाधीन अवधि में नई रिटेल पॉलिसी की संख्या 10 प्रतिशत बढ़ गई। नए बिजनेस की ग्रोथ को एन्यूटी में 40 प्रतिशत, रिटेल प्रोटेक्शन एंड हेल्थ में 36 प्रतिशत और एनपीएआर-सेविंग्स में 41 प्रतिशत की मजबूती से समर्थन मिला है। इसके अतिरिक्त, एक्सिस मैक्स लाइफ ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 15 नए पार्टनर्स जोड़े, जिनमें 8 रिटेल और 7 ग्रुप बिजनेस पार्टनर हैं। एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड को पहले मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नाम से जाना जाता था।

एक्सिस मैक्स लाइफ के सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर प्रशांत त्रिपाठी ने कहा, 'हमने इस वित्त वर्ष की शुरुआत सकारात्मक नतीजों के साथ की है।

बीती तिमाही में इंडीविजुअल एडजस्टेड फर्स्ट ईयर प्रीमियम में सालाना आधार पर 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। बैलेंस्ड प्रोडक्ट मिक्स, व्यापक पहुंच और विविधापूर्ण डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क तथा ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए इनोवेशन पर लगातार फोकस से यह विकास संभव हुआ है। पहली तिमाही में हमारे न्यू बिजनेस मार्जिन में 20.1 प्रतिशत, जबकि वैल्यू ऑफ न्यू बिजनेस (वीएनबी) में 32 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह नतीजा सक्रिय एवं रणनीतिक कदम की झलक दिखाता है।

# निसान ने 5-स्टार रेटिंग वाली नई निसान मैग्नाइट के लिए लॉन्च किया सेगमेंट का पहला 10 साल का एक्सटेंडेड वारंटी प्लान




**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया ने आज नई निसान मैग्नाइट के लिए अपनी तरह का पहला 10 साल का एक्सटेंडेड वारंटी प्लान लॉन्च किया। यह सेगमेंट में अपनी तरह का पहला प्लान है, जो गुणवत्ता, भरोसे और मन के सुकून को लेकर ब्रांड की लॉन्ग-टर्म कमिटमेंट (प्रतिबद्धता) को दर्शाता है। एओपी (एडल्ट ऑक्युपेंट सेफ्टी) में परफेक्ट 5-स्टार रेटिंग के साथ ओवरऑल पैसेंजर सेफ्टी में नई निसान मैग्नाइट को 5-स्टार रेटिंग मिलने की सफलता के बाद कंपनी ने इस एक्सटेंडेड प्लान का एलान किया है। इसमें 3 साल की स्टैंडर्ड वारंटी के साथ 10 साल तक की एक्सटेंडेड वारंटी का फ्लेक्सिबल प्लान मिलेगा, जिससे पूरे 10 साल तक ड्राइविंग कॉन्फिडेंस और प्रोटेक्शन सुनिश्चित होगा। इस प्लान में 10 साल/2 लाख किलोमीटर तक के लिए 22 पैसे प्रति किलोमीटर या 12 रुपये प्रति दिन के किफायती दाम पर सुरक्षा मिल सकेगी। इस 10 साल के एक्सटेंडेड वारंटी प्लान को ग्राहकों को ज्यादा आत्मविश्वास और मन का सुकून देने के लिए डिजाइन किया गया है। यह निसान के कस्टमर सर्विस प्रॉमिस का हिस्सा है, जिसमें मूल्य एवं भरोसे के साथ सर्विस प्रदान की जाती है और इसका लक्ष्य निसान के ग्राहकों के लिए सतत भविष्य सुनिश्चित करना है। यह जापानी डीएनए, गुणवत्ता मानकों, मजबूत भरोसे और प्रीमियम क्राफ्टमैनशिप व टेक्नोलॉजी के निसान के वैश्विक वादे को मजबूती देने वाला कदम है। निसान के 10 साल के एक्सटेंडेड वारंटी प्लान के साथ ग्राहकों को 10 साल मन का पूरा सुकून मिलेगा। कम्प्रेहेंसिव कवरेज के तहत देशभर में निसान के किसी भी ऑथराइज्ड सर्विस वर्कशॉप पर कैशलेस रिपेयर की सुविधा मिलेगी, जिसमें क्लेम की संख्या या वैल्यू की कोई सीमा नहीं होगी।

## शॉपर्स स्टॉप ने ग्राहक अनुभव को सीमाओं से परे पहुँचाया टॉप शॉपर को यूरोप भेजा

**लखनऊ।** भारत के अग्रणी फैशन, लाइफस्टाइल और गिफ्टिंग डेस्टिनेशन शॉपर्स स्टॉप ने एक ग्राहक की वेडिंग शॉपिंग यात्रा को जीवनभर के अनुभव में बदल दिया। अपने बेहद सफल इंडिया वेड्स अभियान के तहत, शॉपर्स स्टॉप ने लखनऊ के श्री नितिन अग्रवाल को यूरोप की ड्रीम हॉलीडे के लिए विजेता घोषित किया।

लखनऊ स्थित शॉपर्स स्टॉप स्टोर में आयोजित सम्मान समारोह को बेहद खूबसूरती से सजाया गया था, जिसमें नितिन की उपलब्धि का जश्न स्टाइल के साथ मनाया गया। फूलों की सजावट और रेड कार्पेट स्वागत के साथ, इस समारोह में फोटो ज़ोन, केक कटिंग और प्रतीकात्मक चेक का अनावरण शामिल था जिसने इस पल को अविस्मरणीय बना दिया और शॉपर्स स्टॉप की ग्राहकों के साथ जुड़ाव की भावना को दर्शाया। यह इंडिया वेड्स अभियान की सटीक झलक थी एक प्रमुख पहल जो शॉपर्स स्टॉप को भारत के वेडिंग ट्राइब के लिए वन-स्टॉप प्रीमियम डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करती है। हल्दी से लेकर रिसेप्शन तक, यह अभियान दर्शाता है कि ब्रांड कैसे हर कदम पर ग्राहकों के साथ चलता है, फैशन, ब्यूटी और गिफ्टिंग को एक ही छत के नीचे पेश करता है।

# स्कोडा ऑटो ने कायलाक, कुशाक और स्लाविया के लिमिटेड एडिशन के साथ अपनी 25वीं वर्षगांठ मनाई



**नई दिल्ली।** भारत में अपनी 25वीं वर्षगांठ और वैश्विक स्तर पर 130 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाते हुए, स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपने सबसे अधिक बिकने वाले मॉडल्सरू कुशाक, स्लाविया और कायलाक के लिमिटेड एडिशन उतारे हैं। ख़ास, लिमिटेड एडिशन में ख़ास डिज़ाइन एन्हांसमेंट्स और प्रीमियम फ़ीचर्स शामिल हैं, साथ ही स्पेशल 25वीं वर्षगांठ का बैज भी है जो इस अहम पड़ाव और भारतीय बाज़ार के लिए ब्रांड की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। लिमिटेड एडिशन मौजूदा हाई-स्पेसिफिक ट्रिम्स पर आधारित हैं, जैसे कुशाक और स्लाविया के लिए मोंटे कार्लो, तथा कायलाक के लिए प्रेस्टीज और सिग्नेचर.

ब्रांड की 25वीं वर्षगांठ और इन नए लिमिटेड एडिशन मॉडलों के लॉन्च के बारे में बात करते हुए, स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक आशीष गुप्ता ने कहा हम कायलाक, कुशाक और स्लाविया के लिमिटेड एडिशन के साथ भारत में स्कोडा ऑटो के 25 शानदार वर्षों का जश्न मना रहे हैं।

## एम्ब्रियो पूलिंग से गर्भधारण के चांस बढ़ सकते हैं : डॉ. सौम्या कुलश्रेष्ठ

**लखनऊ।** कई दंपतियों के लिए आईवीएफ का सबसे कठिन हिस्सा उसका निश्चित न होना है। हफ्तों तक इंजेक्शन, स्कैन और एग रिट्रीवल जैसी प्रक्रियाओं से गुज़रने के बाद भी कभी-कभी साइकिल सफल नहीं होती या पर्याप्त एम्ब्रियो नहीं मिलते। डॉ. सौम्या कुलश्रेष्ठ, फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट, बिर्ला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, लखनऊ, बताती हैं कि ऐसे में एम्ब्रियो पूलिंग एक बेहतर तरीका साबित हो सकती है। एम्ब्रियो पूलिंग का मतलब है एक से अधिक स्टिमुलेशन साइकिल से एम्ब्रियो इकट्ठा करना, उन्हें फ्रीज़ करना और बाद में सबसे बेहतर एम्ब्रियो ट्रांसफर करना। एक सिंगल साइकिल में जो परिणाम मिलते हैं, उन पर निर्भर रहने के बजाय धीरे-धीरे एम्ब्रियो का एक 'स्टॉक' तैयार किया जाता है ताकि ट्रांसफर के समय सफलता की संभावना ज्यादा हो। यह तरीका हर एक के लिए ज़रूरी नहीं होता, लेकिन कुछ स्थितियों में फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट इसे सुझाते हैं। कब की जाती है एम्ब्रियो पूलिंग? लो ओवेरियन रिज़र्वः अगर महिला के पास अंडों की संख्या कम है, तो हर आईवीएफ साइकिल में सिर्फ 1-2 एम्ब्रियो या कभी-कभी एक भी नहीं मिलता। ऐसे में कई साइकिल के दौरान एम्ब्रियो इकट्ठा करने से स्वस्थ एम्ब्रियो मिलने की संभावना बढ़ जाती है।

# रिलायंस रिटेल ने वित्त वर्ष 2025 में दी 40,000 से ज़्यादा नौकरियाँ

**मुंबई।** भारत की सबसे बड़ी खुदरा कंपनी, रिलायंस रिटेल ने वित्त वर्ष 2024-25 में 40 हजार से अधिक नौकरियाँ पैदा की हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की वित्त वर्ष 2025 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 31 मार्च, 2025 तक रिलायंस रिटेल में 2,47,782 कर्मचारी काम कर रहे थे। एक साल पहले यह तादाद 2,07,552 थी। रिटेल सेगमेंट में रिलायंस रिटेल सबसे अधिक नौकरियां देने वाली कंपनियों में से एक है। रोज़गार में वृद्धि की यह कहानी, कंपनी के रिटेल सेगमेंट में निरंतर विस्तार से जुड़ी है। इस वित्त वर्ष रिलायंस रिटेल ने 2,602 नए स्टोर खोले, इसके साथ ही देश भर में रिलायंस रिटेल के कुल स्टोर्स की संख्या 19,340 हो गई है। यह स्टोर्स 7 करोड़ 74 लाख वर्ग फुट से अधिक में फैले हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कंपनी के विित्तय नतीजों की घोषणा पर कहा था ÷वित्त वर्ष 2025 में, हमने स्टोर नेटवर्क में रणनीतिक सुधारों पर ध्यान केंद्रित किया, जिसका उद्देश्य ऑपरेटिंग कार्यकुशलता को बढ़ाना और दीर्घकालिक स्थिरता को मजबूती देना था।

विस्तार के साथ रिलायंस रिटेल अपनी क्षमता बढ़ाने पर भी ज़ोर दे रही है। कंपनी ने बताया कि वह ग्राहकों की संतुष्टि बढ़ाने के लिए अपने कर्मचारियों और तकनीक में लगातार निवेश कर रही है। उन्नत प्रशिक्षण मॉड्यूल से लेकर कर्मचारियों को डिजिटल उपकरणों से लैस करने तक, रिलायंस रिटेल एक बेहतरीन, भविष्य के लिए तैयार और ग्राहक केंद्रित कार्यबल तैयार कर रही है। किराना, फैशन, इलेक्ट्रॉनिक्स, सौंदर्य और फार्मेसी तक के सभी कर्मचारियों को व्यक्तिगत और कुशल सेवा प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

# रेमेडियम लाइफकेयर ने FY26 की पहली तिमाही में कमाया 464.88 लाख का मुनाफा

**मुंबई।** फार्मास्यूटिकल सप्लाई चेन और स्पेशलिटी केमिकल्स सेक्टर में तेजी से उभरता हुई कंपनी रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड, ने 30 जून 2025 को पूरी हुई तिमाही के वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं, जिसमें कंपनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुनाफे में जबरदस्त सुधार दर्शाया है। कंपनी ने Q1FY26 में 464.88 लाख का प्रोफिट आफ्टर टेक्सेशन दर्ज किया, जबकि पिछली तिमाही Q4FY25 में कंपनी को 204.60 लाख का घाटा हुआ था। खास बात यह भी है कि सिर्फ पहली

REMEDIUM LIFECARE

तिमाही का मुनाफा ही पूरे FY25 के कुल मुनाफे 212.94 लाख से दोगुना है जो कंपनी का मजबूत ओपरेशनल मोमेन्टम और प्रोफिट में बड़े सुधार को दर्शाता है। इस तिमाही के दौरान रेमेडियम लाइफकेयर का ओपरेशन्स से राजस्व 11,336.67 लाख रहा, जबकि प्रोफिट बिफोर टेक्स 571.23 लाख तक पहुंच गया। यह उपलब्धि कोस्ट मेनेजमेन्ट और ओपरेशनल एफिशियेन्सी पर कंपनी के द्वारा किये गए फोकस को दर्शाता है। कंपनी ने अपनी रणनीति के द्वारा आने वाले समय के लिए सतत विकास की नींव रख दी है।

## उत्तर प्रदेश में कृषि की अप्रयुक्त क्षमता के सदुपयोग के लिए अच्छी गुणवत्ता के कृषि इनपुट की भूमिका'

**लखनऊ।** एक अग्रणी कृषि इनपुट कंपनी धानुका एग्रीटेक लिमिटेड ने 'उत्तर प्रदेश में कृषि की अप्रयुक्त क्षमता के सदुपयोग के लिए अच्छी गुणवत्ता के कृषि इनपुट की भूमिका' पर रोशनी डाली तथा राज्य के कृषि क्षेत्र में मौजूद अवसरों और चुनौतियों पर भी ज़ोर दिया, जिन पर जल्द से जल्द ध्यान देने की ज़रूरत है। देश की सबसे उपजाऊ ज़मीन होने के बावजूद भी उत्तर प्रदेश में फसल उत्पादकता में काफी असमानता देखने को मिलती है। उदाहरण के लिए राज्य में गन्ने की औसत उत्पादकता लगभग 84 टन प्रति हेक्टेयर है, जबकि कुछ विशेष क्षेत्रों में यह 284 टन प्रति हेक्टेयर तक भी है। इससे स्पष्ट है कि राज्य में बहुत अधिक क्षमता है जिसका सही उपयोग किया जा सकता है। इसी तरह यूपी में गेंहू की औसत उत्पादकता 50 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है, जबकि पंजाब में यह 67.4 क्विंटल है, यानि प्रदेश में गेंहू का उत्पादन 2-3 गुना बढ़ाया जा सकता है। हाल ही में आयोजित सीआईआई शुगरटेक कार्यक्रम के दौरान माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में कृषि की अत्यधिक अप्रयुक्त क्षमता पर ज़ोर देते हुए कहा कि बेहतर तरीकों और अच्छी गुणवत्ता के इनपुट से कृषि में बदलावकारी परिणाम हासिल किए जा सकते हैं।

## सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, शहीद पथ, लखनऊ— नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर

**लखनऊ।** सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, शहीद पथ, लखनऊ, अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन, जिम्मेदार नेतृत्व, तकनीकी नवाचार और सतत प्रयासों के लिए आज एक मिसाल बन चुका है।

हाल ही में अर्जित की गई उपलब्धियों को साझा करने के लिए मंगलवार, 12 अगस्त को विद्यालय प्रांगण में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस अवसर पर सेठ आनंदराम जयपुरिया ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष श्री शिशिर जयपुरिया ने नेतृत्व किया। उनके साथ स्कूल और आईटी निदेशक श्री हरीश संदुजा, प्रधानाचार्या सुश्री पूनम कोचिट्टी तथा उप- प्रधानाचार्य श्री पंकज राठौर उपस्थित रहे।

नेतृत्व टीम ने बताया कि मात्र 9 वर्षों के भीतर विद्यालय ने शहर के अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों में अपनी पहचान बनाई है और हाल ही में कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किए हैं।

विद्यालय को अपनी कार्यसंस्कृति, शिक्षक-अनुकूल वातावरण और विकास के अवसरों के लिए टी4 एजुकेशन द्वारा 'काम करने के लिए सर्वश्रेष्ठ स्कूल' के रूप में प्लेटिनम प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान लखनऊ में केवल इसी विद्यालय को प्राप्त हुआ है। टी4 एजुकेशन, जो 165 देशों के 2 लाख से अधिक शिक्षकों का वैश्विक समुदाय है, ने विद्यालय को 95.2त्न के समग्र स्कोर और 81.8 के नेट प्रमोटर स्कोर के आधार पर यह रेटिंग प्रदान की।


इसके साथ ही, विद्यालय को क्यूएस आई-गेज द्वारा डायमंड रेटिंग भी प्राप्त हुई है। यह सम्मान पूरे लखनऊ में केवल इसी विद्यालय को मिला है। मूल्यांकन में शिक्षण और अधिगम, योग्यता विकास, सामाजिक उत्तरदायित्व, संसाधन और सुविधाएँ, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, जीवन कौशल, व्यावसायिक विकास और कला एवं संस्कृति जैसे कई मानदंड शामिल थे।

# जावा येज़्दी मोटरसाइकिल्स ने येज़्दी रोडस्टर 2025 की घोषणा की



जावा येज़्दी मोटरसाइकिल्स ने येज़्दी रोडस्टर 2025 की घोषणा की है, येज़्दी ब्रांड कीयहनवीनतम बाइकक्लासिक सेगमेंट में एक सच्चा भारतीय चैलेंजरहै और इसका डिजाइन बॉर्न आउट ऑफ लाइन है। इसकी कीमत 2.09 लाख रुपये से शुरु होती है। येज़्दी रोडस्टर पुराने तौर-तरीकों को चुनौती देतीहै और अपनी खासपहचान के साथ आगे बढ़ती है। यह अपने बोल्ड डिज़ाइन, दमदारपरफॉर्मेंसऔर 50 से ज़्यादा कंबीनेशनविकल्पों वाले छह फ़ैक्टरी कस्टम कंबीनेशनके साथ आती है। जावा येज़्दी मोटरसाइकिल्स के सह-संस्थापक अनुपम थरेजा ने कहा येज़्दी रोडस्टर भेड़िये की खाल में छिपा भेड़िया है। भारतीय सड़कों परदौड़ती और दिलों में बसी येज़्दी की यादें कभी नहीं मिटती। कूल पिता और लड़के वास्तविक सड़कों पर, असली बाइक पर सवारहोकर असल कहानियों की रचना करते हैं। उनकी पहली नौकरी, पहला अनुभव, पहला प्यार, सब कुछ येज़्दी के साथ हुआ। येज़्दी शुरू से ही एक जीवनचर्या, एक नज़रिया, एक विचार रही है, जिसका जन्म किसी के एकाधिकारवाद को चुनौती देने के लिए हुआ है। जिन बागियोंने अपना रास्ता खुद बनाने की हिम्मत की, उन्होंने येज़्दी को चुना। नई रोडस्टर नए ज़माने के सभी वाइल्डकार्ड के लिए भेड़िये की ललकारबनने के लिए बॉर्न आउट ऑफ़ लाइन है। एक बोल्ड डिज़ाइन, दमदार परफॉर्मेंस और टूरिंग-रेडी इंजीनियरिंग के साथ, येज़्दी रोडस्टर उन लोगों के लिए एक रणभेरीहै जो अपना रास्ता खुद बनाते हैं, आपके लोग आपको बुला रहे हैं। इसका बॉर्न आउट ऑफ़ लाइन डिज़ाइन, अनुमानों को झुठलाकर किए गए जबर्दस्त बदलाव कोदर्शाता है, जो एक आकर्षक नए सिल्हूट, शानदारईंधन टैंक और ज्यादाचौड़े पिछले टायरों वाली मशीन का निर्माण करता है। ट्विन-बैरल एग्जॉस्ट यज़्दी कोअनूठी पॉप और धमाकेदार आवाज़ प्रदान करते हैं, जबकि चॉप्डरियर फेंडर और बोल्ड 69 डेकल्स ब्रांड की प्योरमोटरसाइकिलिंग की शानदारविरासत को ट्रिब्यूटदेते प्रतीत होते हैं।

## विश्व अंगदान दिवस पर मेदांता का आह्वानः 'जिंदगी देने का सबसे बड़ा संकल्प लें



**लखनऊ।** विश्व अंगदान दिवस पर मेदांता लखनऊ के चिकित्सकों ने लोगों से अंगदान के लिए आगे आने की अपील की है। विशेषज्ञों का कहना है कि एक व्यक्ति का सही समय पर लिया गया एक फ़ैसला कई लोगों को नई जिंदगी दे सकता है, लेकिन देश में अंगों की ज़रूरत और उपलब्धता के बीच का अंतर अब भी बहुत बड़ा है। प्रतिवर्ष लगभग 02 लाख लोगों को किडनी की आवश्यकता होती है लेकिन इसकी उपलब्धता महज 08 हजार है। इसी तरह लगभग 50 हजार लिवर की प्रतिवर्ष आवश्यकता होती है लेकिन इसकी उपलब्धता सिर्फ 1,700 से 1,800 है। माना जाता है कि प्रतिवर्ष लगभग 5 लाख लोग दिल, लिवर, किडनी या फेफड़े जैसे अंगों के ट्रांसप्लांट के इंतज़ार के कारण अपनी जान गंवा देते हैं। जागरूकता बढ़ने के बावजूद, भ्रांतियां और संकोच अब भी लोगों को अंगदान से रोकते हैं।वहीं अगर उत्तर प्रदेश की बात की जाए तो प्रतिवर्ष 25,000 लोगों की रोड एक्सीडेंट में जान चली जाती है। इसमें ब्रेन डेड हुए लोगों के विभिन्न अंग दान किए जा सकते हैं, जिससे इस अंतर को कम किया जा सकता है।

## एचसीएल टेक ने एचसीएल समूह की 49वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पूरे भारत में 49,000 पौधे लगाए



**लखनऊ।** एचसीएल फाउंडेशन, जो वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी एचसीएल टेक की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी पहलों को आगे बढ़ाती है, ने आज एचसीएल समूह की 49वीं वर्षगांठ के अवसर पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया, जिसके तहत पूरे भारत में 49,000 पौधे लगाए गए। यह पहल नोएडा, नागपुर, पुणे, बेंगलुरु और लखनऊ सहित प्रमुख शहरों में आयोजित की गई। एचसीएल टेक के एसवीपी, ग्लोबल सीएसआर और डायरेक्टर, एचसीएल फाउंडेशन डॉ. निधि पुंधीर ने कहा जब हम नवाचार और प्रभाव के 49 वर्ष मना रहे हैं, यह वृक्षारोपण अभियान हमारे पर्यावरण संरक्षण का एक सशक्त प्रतीक है। 3.2 मिलियन से अधिक पौधे लगाए जाने, 73,000 एकड़ भूमि के पुनर्स्थापन और 107 अरब लीटर पानी के संरक्षण के साथ, हम इस विश्वास को दोहराते हैं कि तकनीक और स्थिरता को साथ-साथ चलना चाहिए, जो केवल प्रगति ही नहीं, बल्कि एक समृद्ध ग्रह और सशक्त समुदायों का पोषण करे। हर उस व्यक्ति का धन्यवाद, जिसने हमारे साथ एक हरित भविष्य को विकसित करने में सहयोग किया इस पहल में एचसीएल टेक के कर्मचारियों, उनके परिवारों, गैर-लाभकारी साझेदारों, महिला समूहों और समुदाय के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस सामूहिक प्रयास ने साझा जिम्मेदारी और समावेशी कार्रवाई की भावना को दर्शाया, साथ ही एचसीएल टेक की सतत विकास और पारिस्थितिक जिम्मेदारी के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया।

# देशप्रेम की भावना से जिले भर में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराने की अपील**

**अवधनामा ब्यूरो**


बाइक रैली को हरि झंडी दिखाते डीएम व एसपी

**कुशीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवाह्न पर हर घर तिरंगा अभियान को लेकर बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत होकर मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन से लेकर सुभाष चौक तक निकलने वाली बाईक रैली/एवं रविन्द्र नगर चौराहे तक तिरंगा पद यात्र का शुभारंभ बीज विकास निगम के उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा व मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

इस दौरान बाइक रैली में पुलिस कर्मी, खेल विभाग सहित पंचायतीराज एवं ग्राम्य विकास द्वारा निकाली गई जो पुलिस लाइन से सुभाष चौक पडरौना तक एवं तिरंगा यात्रा अंतर्गत आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों स्कूली छात्र छात्राओं सहित स्काउट गाइड द्वारा पैदल तिरंगा यात्रा पुलिस लाइन से रविन्द्र नगर चौराहे तक निकाली गई।

13 अगस्त से 15 अगस्त तक प्रत्येक घरों पर तिरंगा फहराने हेतु की गई अपील स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा रैली में तिरंगे लिए आम जनमानस को घरों में तिरंगा फहराने हेतु प्रेरित भी किया गया। स्काउट गाइड, एनसीसी कैडेट अपने बैंड के साथ, शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के अवसर पर अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक, डीडीओ, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ जिला सचिव स्काउट गाइड एवम जिला व्यायाम शिक्षक अनिल मिश्र, जिला स्काउट मास्टर नीरज बंका आदि उपस्थित रहे।



सुकरौली में तिरंगा यात्रा निकालते अध्यक्ष व अन्य

## तिरंगा यात्रा गौरव का प्रतीक : राजनेति

**सुकरौली, कुशीनगर।** हर घर तिरंगा यात्रा अभियान के दौरान नगर पंचायत सुकरौली में पूर्व जिलाध्यक्ष जयप्रकाश शाही के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाल शहीदों को नमन किया।

बता दें पीएम मोदी व सीएम योगी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम में मंगलवार को नगर पंचायत सुकरौली में पूर्व जिलाध्यक्ष जयप्रकाश शाही के नेतृत्व में नगर में तिरंगा यात्रा निकालकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। श्री शाही ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा शहीदों की सच्ची श्रद्धांजलि है। शहीदों के कुर्बानी का देन है जो हम लोग आज चैन की नीद सो रहे है। इनके बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इस मौके पर चेयरमैन राजनेति कश्यप ने कहा कि तिरंगे के सम्मान में उठाया हर कदम, हमारे राष्ट्र की एकता और गौरव का प्रतीक है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष ज्ञान विक्रम सिंह, भाजपा नेता डॉ रविश सिंह, भागवत चौहान, महेंद्र पासवान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पीस पार्टी ने मुस्लिम अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षण की मांग की, ज्ञापन सौंपा

**अवधनामा ब्यूरो**


एडीएम न्यायिक को ज्ञापन सौंपते पीस पार्टी के पूर्वांचल प्रदेश अध्यक्ष हाजी डॉ. इस्लाम

**कुशीनगर।** पीस पार्टी उत्तर प्रदेश पूर्वांचल प्रदेश अध्यक्ष हाजी डॉ. इस्लाम की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम के हवाले एडीएम न्यायिक प्रेम शंकर राय को सौंपा। मांग की है कि मुस्लिम में जो पिछड़ी जातियां हैं जो अनुसूचित जाति हैं उन्हें अलग से आरक्षण देने की व्यवस्था की जाए।

पूर्वांचल प्रदेश अध्यक्ष हाजी डॉ. इस्लाम ने कहा कि ब्रिटिश शासनकाल में 1936 तक तथा स्वतंत्रता के पश्चात् अनुसूचित जातियों में सभी धर्मों के लोगों को शिक्षा और सरकारी नौकरियों में आरक्षण का लाभ प्रदान किया जाता था। स्वतंत्रता के बाद, भारत सरकार द्वारा 10 अगस्त 1950 के संवैधानिक आदेश में अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षण को जारी रखा गया, किंतु इसमें हिंदू शब्द जोड दिया गया, जो ब्रिटिश शासनकाल में नहीं था। यह मुस्लिम समुदाय के साथ एक बड़ा संवैधानिक अन्याय था। उन्होंने कहा कि 1950 में सिख धर्म और 1990 में बौद्ध धर्म की अनुसूचित जातियों को आरक्षण की श्रेणी में शामिल किया गया। जस्टिस सच्चर समिति (2006) और जस्टिस रंगनाथ मिश्रा समिति (2007) की रिपोर्ट में मुस्लिम समुदाय की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को अनुसूचित जातियों से भी बदतर बताया गया। इन समितियों ने मुस्लिम अनुसूचित जातियों को तत्काल सरकारी सहायता प्रदान करने की सिफारिश की थी। उन्होंने तत्कालीन सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि दुर्भाग्यवश तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने इन सिफारिशों पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की। वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा 2023 में गठित जस्टिस केजी बालकृष्णन आयोग ने भी इस मुद्दे को नजरअंदाज कर दिया है। सामाजिक न्याय की बात करने वाली राजनीतिक पार्टियां मुस्लिम समुदाय को केवल वोट बैंक के रूप में देखती हैं, उनके कल्याण के प्रति उनकी कोई चिंता नहीं दिखाई देती।

# सड़क पर गिरे युवक को तेज रफ्तार कार ने कुचला, हुई मौत

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** पडरौना नगर के बस स्टेशन के सामने रामकोला रोड पर गिरे युवक को कार चालक कुचलते हुए निकल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार में फंसा युवक लगभग दस मीटर तक घसीटता रहा। लोगों के शोर मचाने पर चालक फरार हो गया। खून से लथपथ व अचेत पड़े युवक को एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना शुक्रवार रात पौने दस बजे की है। इसका वीडियो शनिवार को इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ।

युवक की पहचान नगर के ही आंबेडकर नगर के 40 वर्षीय राकेश पासवान के रूप में हुई है। युवक नशे का आदी बताया जा रहा। पुलिस कार की पहचान में जुटी है। प्रसारित वीडियो में घटना के समय सुभाष चौक की तरफ से आया युवक बस स्टेशन के सामने रुका और कुछ ही क्षणों में रामकोला रोड पर गिर पड़ा। लगभग पांच मीटर की दूरी पर खड़ी कार का चालक युवक को कुचलते हुए सुभाष चौक की ओर निकल गया। कार में फंसा युवक बस स्टेशन के पूर्वी गेट तक घसीटता रहा। यह देख लोग शोर मचाते हुए सड़क पर आ गए। भीड़ देख चालक ने कार की गति तेज कर दी और फरार हो गया। चौकी पुलिस को सूचना दी।

### खड़ी स्कॉर्पियो में ट्रैक ने मारी टक्कर

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुकरौली के भैरो चौराहे पर खड़ी एक स्कॉर्पियो में कसया की तरफ से तेज रफ्तार आ रहीं ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर से स्कार्पियो के आगे-पीछे के हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के समय स्कार्पियो में सवार सभी यात्री पहले ही उतर चुके थे। कुछ लोगों को मामूली चोटें आईं।

## सलेमपुर युवा उद्योग व्यापार मंडल की कमेटी हुई गठित

**देवरिया।** सलेमपुर नगर मे युवा उद्योग व्यापार मण्डल की एक आवश्यक बैठक साई वस्त्रालय पर सम्पन्न हुयी जिसमे मुख्य रूप से हरिश्चन्द्र जायसवाल पूर्व अध्यक्ष एवं जिला उपाध्यक्ष सुधाकर गुप्ता की मोजूदगी प्रमुख मुख्य रूप से रही।

रवि रौनियार पूर्व युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष, के सहयोग से तहसील अध्यक्ष शिवाकांत तिवारी जी के निर्देश पर कमेटी का गठन सर्वसम्मति से किया गया जिसमें अध्यक्ष युवा उद्योग व्यापार मंडल के पद पर कर्मवीर नाथ रौनियार जी को मनोनीत किया गया तथा तहसील मे वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित सिंह जी युवा उद्योग की कमेटी मे संजीव रौनियार, उपाध्यक्ष भरत जी रौनियार, अशोक गुप्ता,धीरज सिंह, गोविंद गुप्ता, सतीश गुप्ता, मो.रसूल महामंत्री रामप्रताप यादव एव वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव रौनियार पप्पु गुप्ता तथा संगठन मंत्री विनय तिवारी जी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संगठन में दिया गया।

# सीएचसी अधीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित हुई साप्ताहिक समीक्षा बैठक



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिठवल मे अधीक्षक डॉ राजीव कुमार रंजन के अध्यक्षता मे समस्त ए एन एम और सी एच ओ की उपस्थिति में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक मे टीकाकरण, आभा आई डी, एन सी डी फीडिंग के लिए सभी को निर्देशित किया गया।

समस्त ए एन एम को टीकाकरण शत प्रतिशत करने हेतु ब्लॉक रेस्पॉन्स टीम का भी सहयोग लेने हेतु जानकारी दी गयी सभी को इंकार बच्चों के टीकाकरण की लिस्ट से सभी बच्चों का टीकाकरण इस माह मे हो जाय इसका लक्ष्य दिया गया है। गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व सभी जांचे हो जाय और ई कवच पर शत प्रतिशत फीडिंग हो जाय। सभी सी एच ओ की भी समीक्षा की गयी इसके सभी के रिकॉर्ड देखे गए और इनके द्वारा किए गए एन सी डी स्क्रीनिंग भी चेक किया गया। अभी वर्तमान मे चल रहे सम्भव अभियान मे चिन्हित किए गए सैम मैम बच्चों का ई कवच पर फीडिंग और उनका प्रबंधन की भी समीक्षा की गयी। म्यूचुअल स्थानांतरण मे आए ए एन एम और सी एच ओ को सख्त चेतावनी दी गयी है कि कार्य मे कोई भी लापरवाही न बरते।

# बेकाबू स्कूली बस पुल के रेलिंग से टकराई मची चीख पुकार, बच्चों को सुरक्षित निकाला

**स्टेयरिंग फेल होने से बताया जा रहा घटना, नहर में गिरने से बची बस**

**अवधनामा ब्यूरो**


रेलिंग से लटकी स्कूली बस

**कुशीनगर।** फाजिलनगर स्थित एक निजी विद्यालय की बस के साथ मंगलवार सुबह बड़ा हादसा होते-होते बचा। बिहार प्रांत के कटेया थाना क्षेत्र के सहजनवा बड़ी नहर के पुल पर पहुंचते ही बस का स्टेयरिंग अचानक फेल हो गई, जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए अटक गई और नहर में गिरने से बाल-बाल बची। घटना सुबह करीब साढ़े आठ बजे की है। बस में उस समय कुल छह बच्चे सवार थे।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि फाजिलनगर कस्बे के द हर्मिटेज एकेडमी की यह बस रोज की तरह बच्चों को उनके घर से लेने जा रही थी। चालक भरत प्रसाद ने कहा कि बस में गंगुआ बाजार के दो, पिपरा बघेल के दो और बिहार प्रांत के सहजनवा गांव के दो बच्चे सवार थे। अन्य बच्चों को लेने के लिए बस पकड़ियार जा रही थी, तभी यह हादसा हुआ। स्टेयरिंग फेल होते ही बच्चों में चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर दौड़े। भीड़ में मौजूद तीन-चार युवकों ने बिना समय गंवाए बस में चढ़कर एक-एक कर सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। उनकी त्वरित कार्रवाई से संभावित बड़ी त्रासदी टल गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर बस में अधिक बच्चे होते या वह नहर में गिर जाती, तो स्थिति भयावह हो सकती थी।

**बस की फिटनेस पर लोगों ने उठाए सवाल :** लोगों ने सवाल उठाया कि विद्यालय प्रबंधन ने बस की फिटनेस की समय पर जांच क्यों नहीं कराई और संबंधित विभाग ने इस पर ध्यान क्यों नहीं दिया।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकली तिरंगा रैली, 5000 बच्चों ने बढ़ाया गौरव



**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत नोडल बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, देवरिया से हुआ।

रैली की शुरुआत में राजकीय इंटर कॉलेज एवं बेसिक शिक्षा विभाग, देवरिया के लगभग 5000 बच्चों ने 133 फीट लंबे तिरंगे के साथ कतारबद्ध होकर भाग लिया। प्रधानाचार्य रामकिंकर मिश्रा के नेतृत्व में स्काउट और एनसीसी के कैडेट हाथों में तिरंगा एवं उद्घोष बैंड लेकर उपस्थित रहे। इस रैली में बेसिक शिक्षा के महाराणा प्रताप संविलयन विद्यालय, बेगम रहमत नूरी विद्यालय तथा अंजुमन इस्लामिया विद्यालय सहित विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया। रैली का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष पं0 गिरीश चंद्र तिवारी एवं नगर पालिका परिषद बरहज की अध्यक्ष श्वेता जायसवाल ने फीता काटकर तथा हरी झंडी दिखाकर किया। देशभक्ति नारों और गीतों के साथ रैली राजकीय इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर जिलाधिकारी आवास, कलेक्ट्रेट होते हुए स्व. रविंद्र किशोर शाही स्टेडियम में संपन्न हुई।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक शिवनारायण सिंह, ग्रामीण विकास अभियंत्रण विभाग के परियोजना निदेशक अनिल कुमार, उपायुक्त स्व-रोजगार आलोक पांडेय, खंड शिक्षा अधिकारी देवरिया सदर देव मुनि वर्मा, जिला व्यायाम शिक्षक संजय सिंह, जिला स्काउट मास्टर संजय मिश्र, संजय तिवारी, आलोक पांडेय, नरेंद्र मोहन सिंह, कंचन लता मिश्र, नूतन तिवारी, नीतू सिंह सहित सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि ÷हर घर तिरंगा÷ कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय में तिरंगा रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सभी विद्यालय अपने-अपने ग्राम सभा अथवा वार्ड में रैली निकालेंगे, जिससे राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को और मजबूत किया जा सके। अंत में सभी का आभार व्यक्त करते हुए रैली का समापन हुआ।

# सेवाओं की गुणवत्ता के लिए प्रशिक्षण जरूरी : सीएमओ




**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** क्वालिटी एश्योरेंस प्रोग्राम के तहत मंगलवार को सीएमओ डॉ अनिल कुमार की अध्यक्षता में हर ब्लॉक के एमओआईसी, बीसीपीएम, सीएचओ और एलटी को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सीएमओ नेकहा कि उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने की एक प्रक्रिया है। यह प्रशिक्षण सुनिश्चित करता है कि कर्मचारी गुणवत्ता मानकों को समझें और उनका पालन करें, जिससे ग्राहकों की संतुष्टि और कंपनी की प्रतिष्ठा में सुधार हो।

ट्रेनर जशवंत कुमार मल्ल ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मी समुदाय को गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देंते हैं तो नेशनल क्वालिटी इंश्योरेंस स्टैंडर्ड के अंतर्गत भारत सरकार की टीम द्वारा उनका असेसमेंट होता है। फैसिलिटी सर्टिफाइड हो जाती है तो उसमें इंसेंटिव मिलता है। इस तरह के प्रशिक्षण से दो लाभ है एक लाभार्थी और मरीज को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिलती हैं और चिकित्सा इकाई सर्टिफाइड हो जाता है। भारत सरकार के द्वारा उसमें कुछ इंसेंटिव मनी दिया जाता है जिससे फैसिलिटी की चिकित्सा इकाई की और भी गुणवत्ता सेवाएं बढ़ाई जा सके।

प्रशिक्षण मे संभागीय कार्यक्रम प्रबंधक अरविंद पांडे, जिला गुणवत्ता सलाहकारडॉ. मोइनुद्दीन अंसारी सहित चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत निकाली गई तिरंगा रैली



**अमेठी।** मंगलवार को हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा विकासखंड तिलोई, सिंहपुर, अमेठी और जामों में तिरंगा रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में युवाओं, स्वयंसेवकों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला युवा कल्याण अधिकारी काशीनाथ ने बताया कि रैली का उद्देश्य जनसामान्य को 13 से 15 अगस्त 2025 के बीच अपने-अपने घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना है। जिससे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति का संदेश घर-घर तक पहुंचे। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति से ओत-प्रोत नारों के साथ लोगों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और सही तरीके से फहराने के महत्व से अवगत कराया।

# कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय तिवारी डीह में निकला तिरंगा रैली



**अवधनामा संवाददाता**

**उसका बाजार सिद्धार्थनगर।** विकास खंड उसका बाजार अंतर्गत स्थित कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय तिवारी डीह हथिवडताल में मंगलवार को प्रधानाध्यापक हरिशंकर सिंह के नेतृत्व में तिरंगा रैली निकाली गई।

बच्चे स्कूल से कतारबद्ध होकर गांव के विभिन्न मोहल्लों में नारा लगाते हुए पहुंचे। राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत नारा पंडित जवाहर लाल नेहरू अमर रहे, सुभाष चंद्र बोस अमर रहे। बच्चो के गगन भेदी नारे से ग्रामीण राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत हो गए। बच्चो को देश के स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के बारे में विस्तार से बताया गया। राष्ट्रीय कर्त्तव्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा सर्वकल्याण का मार्ग है।

इस अवसर पर प्रधानाध्यापक हरिशंकर सिंह सहित सहायक अध्यापक सुधीर श्रीवास्तव, निलेश शुक्ला, राकेश गुप्ता, आशीष श्रीवास्तव एवं स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे।

# कृषि आर्थिक और सामाजिक विकास की रीढ : जिलाधिकारी

**कृषि विज्ञान केन्द्र कठौरा में हुई वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक**

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र, कठौरा में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की तृतीय बैठक आयोजित हुई। बैठक में कृषि वैज्ञानिक, प्रशासनिक अधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे। बैठक में जनपद के किसानों के बीच उन्नत कृषि तकनीकी का प्रसार, मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा, पशुपालन का विकास, नर्सरी स्थापना, व्यावसायिक प्रशिक्षण और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ किसानों तक पहुंचाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि वैज्ञानिक एवं प्रशासनिक अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए शासन की योजनाओं और नवीनतम कृषि तकनीकी को सीधे किसानों के दरवाजे तक पहुंचाएं।

उन्होंने विशेष रूप से मोटे अनाज (मिलेट्स) की खेती पर जोर देते हुए कहा कि इससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि यह पोषण सुरक्षा एवं जलवायु अनुकूल कृषि को भी बढ़ावा देगा। उन्होंने निर्देश दिया कि जो किसान पहले से मोटे अनाज की खेती कर रहे हैं, वे अन्य किसानों को भी इसके लिए प्रेरित करें और उनकी आवश्यकता अनुसार बीज एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराएं। पशुपालन को बढ़ावा देने पर भी विशेष चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिक से अधिक किसानों को पशुपालन के लिए प्रोत्साहित किया जाए और उन्हें आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, ताकि वे अपनी आय के अतिरिक्त स्रोत विकसित कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को समय-समय पर नवीनतम कृषि आधारित प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि वे बदलते मौसम और बाजार की मांग के अनुसार खेती में सुधार कर सकें।

साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं–जैसे कि फसल बीमा, सिंचाई, उर्वरक, यांत्रिकरण और बागवानी योजनाओं–की जानकारी किसानों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाई जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने एक समन्वय समिति गठित करने के निर्देश दिए, जिसमें कृषि वैज्ञानिक, कृषि क्षेत्र से जुड़े प्रशासनिक अधिकारी एवं किसानों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

इस समिति की मॉनिटरिंग मुख्य विकास अधिकारी द्वारा की जाएगी। समिति का दायित्व होगा कि जनपद के सभी क्षेत्रों में किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता और शासन की योजनाओं की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए। बैठक में उपस्थित कृषि वैज्ञानिकों ने विभिन्न तकनीकी समाधानों और नवीन प्रयोगों की जानकारी साझा की। इनमें जलवायु अनुकूल फसलों का चयन, कीट एवं रोग नियंत्रण के जैविक तरीके, आधुनिक सिंचाई पद्धतियां और फसल विविधीकरण के लाभ शामिल थे। नर्सरी स्थापना, समूह प्रदर्शन और नवयुवक-युवतियों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण पर भी विस्तृत चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि कृषि केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि यह जनपद के आर्थिक एवं सामाजिक विकास की रीढ़ है। ऐसे में कृषि से जुड़े सभी विभाग और वैज्ञानिक मिलकर कार्य करें, ताकि किसानों को वास्तविक लाभ मिले और उनकी उत्पादन क्षमता एवं आय में सतत वृद्धि हो।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के प्रसार निदेशक डॉ राम बटुक सिंह, उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. जी.के. शुक्ला, जिला उद्यान अधिकारी रणवीर सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष नवनीत कुमार मिश्र, सीटेड के निदेशक संजय सिंह सहित अन्य अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक एवं किसान मौजूद रहे।

# अमेठी में सामान्य से अधिक हुई बारिश, बाढ़ से निपटने की तैयारी में जुटा प्रशासन, कंट्रोल रूम स्थापित

**खतरे के निशान से 3.150 मीटर नीचे बह रही है गोमती**

**संजीव भारती**



**अमेठी।** जिले में सामान्य से अधिक वर्षा होने और गोमती नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि के दृष्टिगत जिला प्रशासन ने संभावित बाढ़/आपदा से निपटने की तैयारी शुरू कर दी है। कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया है।एस डी एम नितेश राज को प्रभारी अधिकारी के रूप में तैनात किया गया है।

जनपद में सामान्य से अधिक वर्षा हुई है। वर्षा के मामले में जनपद अमेठी उत्तर प्रदेश में 46वें स्थान पर है। जिले से होकर गुजरने वाली गोमती नदी खतरे के निशान से 3.150मी नीचे बह रही है। पिछले पन्द्रह दिनों के भीतर अतिवृष्टि के कारण सैकड़ों मकान धाराशाई हो गये है। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अर्पित गुप्ता ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद में बाढ़ एवं अन्य आपदाओं से निपटने के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यह कंट्रोल रूम दूरभाष नंबर 05368-298052 पर 24 घंटे संचालित रहेगा। ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को समय पर उपस्थित रहकर प्राप्त शिकायतों, समस्याओं व सूचनाओं को पंजीकृत करते हुए संबंधित विभागों को तत्काल सूचित करने तथा उनका समुचित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि ड्यूटी से अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। कंट्रोल रूम में प्रभारी अधिकारी के रूप में उप जिलाधिकारी नितेश राज को नियुक्त किया गया है।

वर्तमान वर्षा काल में जुलाई का अंतिम और अगस्त का प्रथम सप्ताह भारी बारिश की पहचान बना हुआ है। प्रयागराज जिले में बाढ का पानी लोगों के मकानों में घुस रहा है। मौसम विभाग की ओर से जारी बारिश के ताजा आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश के 48 जिलों में 120 फीसदी से अधिक बारिश हुई।

## बांदा में भव्य तिरंगा यात्रा, सैकड़ों लोगों की देशभक्ति से गूंजा शहर

**बांदा।** आज प्रातः 8 बजे जिला प्रशासन द्वारा पुलिस लाइन, बांदा से भव्य एवं विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल, बांदा श्री अजीत कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। तिरंगा यात्रा पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर विकास भवन, महाराणा प्रताप चौराहा और पं. जे.एन.पी.जी. कॉलेज होते हुए पुनः पुलिस लाइन में संपन्न हुई। यात्रा में जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस उप महानिरीक्षक राजेश एस, जिलाधिकारी जे. रीभा, पुलिस अधीक्षक श्री पलाश बसल, नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला, क्षेत्राधिकारी पुलिस, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मालती बासु गुप्ता, जिलाध्यक्ष भाजपा श्री कल्लू सिंह राजपूत, श्री अमित सेठ भोलू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए। रैली में राजकीय इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज, आदर्श शिक्षा निकेतन, खानकाह इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सहित विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्राएं और शिक्षक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। यात्रा के दौरान देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा और लोगों ने राष्ट्रीय ध्वज के प्रति गर्व और एकता का संदेश दिया।

# डीएम अक्षय त्रिपाठी ने तहसील नानपारा का किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व शासन के निर्देशानुसार राजस्व वादों के समयबद्ध निस्तारण के साथ-साथ जनशिकायतों व समस्याओं का समयबद्ध रूप से गुणवत्तापरक निस्तारण, तहसील आने वाले फरियादियों की सुविधाओं, अभिलेखों के रख-रखाव, पार्किंग, सुरक्षा, सी.सी.टी.वी. कैमरों की स्थापना, तहसील भवन व परिसर की साफ-सफाई इत्यादि का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह के साथ तहसील नानपारा का निरीक्षण किया। तहसील के निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने तहसील अधिवक्ता संघ के शिष्टमण्डल के साथ शिष्टाचार भेंट भी की। तहसील के निरीक्षण के दौरान डीएम श्री त्रिपाठी ने तहसील परिसर व तहसील भवन की साफ-सफाई व्यवस्था का जायज़ा लिया। तहसील के विभिन्न पटलों का निरीक्षण करते हुए डीएम ने अभिलेखों के रख-रखाव की जानकारी लेते हुए धारा-24 से सम्बन्धित वाद रजिस्टर, उपयोगिता प्रभार रजिस्टर, वसूली रजिस्टर, अंश निर्धारण, भू लेख रजिस्टर, ऑन लाइन पोर्टल पर राजस्व ग्राम सम्पत्ति रजिस्टर, निर्वाचन, बैंक बंधक परवाना इत्यादि अभिलेखों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान डीएम ने आये हुए फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई भी की तथा अन्त में तहसील सभागार में डीएम ने तहसील अधिवक्ता संघ के शिष्ट मण्डल के साथ शिष्टाचार भेंट करते हुए न्यायिक प्रक्रिया में बार-बेंच के बीच परस्पर सहयोग बनाये रखने का आहवान किया।

## जेल अधीक्षक ने निभाया भाई का फर्ज

**शाहजहांपुर।** जेल में रक्षाबंधन के अवसर पर एक अलग ही नजारा देखने को मिला। जिन महिला बंदियों के या तो भाई मिलने नहीं आए या उनके कोई भाई नहीं है, उन महिला बंदियों के भाई का फर्ज वरिष्ठ जेल अधीक्षक मिजाजी लाल ने निभाया और मायूस और निराश महिला बंदियों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरी। रक्षाबंधन के अवसर पर जहां 1100 से अधिक बहनों ने जेल में बंद अपने भाइयों को राखी बांधी और रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। वहीं वरिष्ठ जेल अधीक्षक मिजाजीलाल को अनेक महिला बंदी निराशा और मायूस दिखाई दी उनके चेहरे उतरे हुए थे। कारण पूछने पर उन्होंने सभी महिला बंदियों का भाई बनने की बात कही और आनन फानन राखी मिष्ठान एवं आरती मंगाकर 26 महिला बंदियों से राखी बंधवाई, मुंह मीठा कराया। सभी महिला बंदियों ने हंसी-खुशी के माहौल में वरिष्ठ जेल अधीक्षक मिजाजी लाल की बहन बनकर आरती उतारी। इनमें नूरजहां शबनम जुलफीसा, मेहनाज सनीम बानो मुस्लिम महिलाएं एवं रमनदीप कौर ब्रिटिश नागरिक शामिल थी। साथ ही साथ अपने पति के चर्चित हत्याकांड में जेल में बंद महिला बंदी गायत्री भी शामिल हैं। वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने भी भाई का फर्ज निभाया और रीति के अनुसार उन्हें उनके मनपसंद मंहगे मंहगे उपहार भेंट किए।

# सुरक्षा बल के साथ डीएम व एसपी ने रूपईडीहा में किया रूट मार्च

**अवधनामा संवाददाता**




**बहराइच।** आसन्न त्यौहारों के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने भारत-नेपाल सीमा स्थित रूपईडीहा क्षेत्र का भ्रमण किया। सर्वप्रथम डीएम व एसपी ने थाना रूपईडीहा पहुंचकर थाने पर मौजूद संभ्रान्तजन व मीडिया प्रतिनिधियों से परिचयात्मक भेंट कर क्षेत्रीय गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। डीएम व एसपी ने सभी सम्बन्धित से अपील की कि आसन्न त्यौहारों के अवसर पर साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने में जिला प्रशासन को सहयोग प्रदान करें। इसके उपरान्त डीएम व एसपी ने सुरक्षा बल के साथ भारत-नेपाल सीमा स्थित प्रवेश द्वार तक रूटमार्च किया। डीएम व एसपी ने एसएसबी चेकपोस्ट के निकट स्वास्थ्य विभाग द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन हेतु सामूहिक दवा सेवन के लिए लगाये स्टाल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि अपने समक्ष की लोगों को दवा खिलायें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नानपारा लालधर यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रद्युम्न सिंह, एसएसबी के डिप्टी कमाण्डेन्ट दिलीप यादव, थानाध्यक्ष रमेश सिंह रावत सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# अमेरिका का भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत टैरिफ भारत के सम्मान पर सीधा प्रहार

**अवधनामा संवाददाता**

■ **अब देश करेगा आर्थिक पलटवार, स्वदेशी का होगा प्रचार : मनीष साहू**

**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल की जनपद इकाई के सुपर मार्केट स्थित प्रतिष्ठान पर आज एक संक्षिप्त बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मनीष साहू ने कहा कि जिस तरह से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारतीय वस्तुओं के निर्यात पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने का निर्णय केवल एक व्यापारिक नीति नहीं बल्कि यह भारत की आर्थिक ताकत, स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता को कमजोर करने का एक सुनियोजित प्रयास है। यह कदम भारत-अमेरिका के दशकों पुराने विश्वास व सहयोग के रिश्तों को ठेस पहुंचाता है और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के नियमों व भावना के पूरी तरह खिलाफ है। श्री साहू ने कहा कि भारत सरकार इसको आर्थिक अन्याय व अघोषित आर्थिक युद्ध मानती है। हमारा देश किसी भी व्यापारिक दबाव को सहन नहीं करेगा। यह केवल भारत के निर्यातकों के लिए ही नहीं बल्कि हमारे किसानों, कारीगरों और उद्योगों और करोड़ों मेहनतकश भारतीयों के लिए एक चुनौती है।

श्री साहू ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा शुरू से ही अपने दूसरे कार्यकाल में अपनी गरिमा के विपरीत बयान व नीतियां घोषित की जा रही है जिसका नुकसान आने वाले समय में अमेरिका के आयातकों व उपभोक्ताओं को भी होगा। उन्होंने आहवान किया कि अब समय आ गया है कि भारतीय बाजार से अमेरिकी सामानों का बहिष्कार किया जाये और अमेरिकी ब्रान्डस व उनके सामानों का उपयोग बन्द किया जाए।

अपने स्वदेशी उत्पाद को बढ़ाये जाने के लिए वोकल फार लोकल और मेक इन इंडिया को मजबूत करते हुए हर क्षेत्र में भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता दी जाए। श्री साहू ने कहा कि यह केवल सरकार की लडाई नहीं है बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सामूहिक उत्तरदायित्व है। जैसे स्वतंत्रता संग्राम में विदेश वस्त्रों का बहिष्कार हुआ था वैसे ही हमें अमेरिका वस्तुओं का बहिष्कार करना होगा। अब हर भारतीय को नो टू अमेरिका का संदेश देना होगा तभी अमेरिका को अपनी गलती का अहसास होगा। साथ ही हमें इस बात का भी प्रचार करना होगा कि स्वदेशी अपनाओं अमेरिकी सामान हटाओ- भारत पहले अमेरिका बाद में। जो देश हमारे साथ नही उसका सामान हमारे पास नहीं। उन्होंने कहा कि अमेरिकी उत्पादों में प्रमुख रूप से देशवासियों को व प्रमुख उपभोक्ताओं को कोलाकोला, फैन्टा, थम्पअप, पेप्सी, मैकडान्ल्स, डोमिनो%ज पीजा, बर्गर किंग सबवे, केएफसी, पिजाहट आदि वस्तुओं का बहिष्कार करना होगा। श्री साहू ने प्रत्येक भारतीय से अपील की कि वे अपने परिवार, दोस्तों व बच्चों को इन अमेरिकी ब्रांडों से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लें।

बैठक में प्रमुख रूप से जिलाउपाध्यक्ष अंजनी जायसवाल, आतमजीत सिंह टीटू,प्रमोद अग्रवाल,सजनलाल कसौधन,वरिष्ठ जिला महामंत्री नरेंद्र बरनवाल,जिला महामंत्री सतनाम सिंह बग्गा,जिलासंगठन मंत्री संजय कुमार गुप्ता,जिलामंत्री पल्लव खेतान,शचीन्द्र शुक्ला, अजय सिंह फौजी,अजय वर्मा,फूलचंद्र अग्रहरि,युवा जिलाध्यक्ष प्रांशु जायसवाल, युवा जिला कोषाध्यक्ष दीपक कसौंधन, जिला मीडिया प्रभारी अंजनी कसौंधन शामिल रहे।

# आयुक्त अजीत कुमार का औचक निरीक्षण, कई विभागों में लापरवाही उजागर

**अवधनामा संवाददाता**

**बांदा।** आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल, बांदा श्री अजीत कुमार ने आज विकासखंड बड़ोखर खुर्द के ग्राम जौरही और ग्राम दोहा में विभिन्न शासकीय संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएँ और लापरवाहियाँ सामने आई, जिन पर संबंधित अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। ग्राम जौरही के उच्च प्राथमिक विद्यालय में शिक्षण कार्य, मिड-डे-मील और साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई, लेकिन परिसर में बड़ी-बड़ी घास उगी हुई थी। प्रधानाध्यापक को तत्काल घास कटवाने के निर्देश दिए गए। आयुष्मान आरोग्य मंदिर, जौरही में 6 में से एलटी संविदा कर्मी सचिन कुमार (आकस्मिक अवकाश) और एएनएम श्रीमती संगीता तिवारी अनुपस्थित पाए गए। भवन की स्थिति जर्जर थी और छत की सरिया तक दिखाई दे रही थी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अनुपस्थित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण लेने और भवन का अनुरक्षण कराने को कहा गया। पशु सेवा केंद्र, जौरही बंद और ताले में मिला। ग्रामीणों के अनुसार, यह कई महीनों से नहीं खुला है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा गया। बी पैक्स, जौरही में सचिव अनुपस्थित पाए गए। इस पर सहायक निबंधक, सहकारिता, बांदा से स्पष्टीकरण तलब किया गया। पंचायत भवन, जौरही भी बंद मिला। ग्रामीणों ने बताया कि सचिव, पंचायत सहायक और रोजगार सेवक यहाँ कभी उपस्थित नहीं रहते। मुख्य विकास अधिकारी को सभी संबंधित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने को कहा गया। ग्राम दोहा में सामुदायिक शौचालय बंद और अक्रियाशील पाया गया, साथ ही पास स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सामने गंदगी और कूड़े के ढेर मिले। ग्रामीणों ने बताया कि शौचालय कभी नहीं खोला जाता, जबकि कार्मिक को नियमित वेतन मिलता है। इस पर जिला पंचायतराज अधिकारी से तत्काल स्पष्टीकरण तलब किया गया।

## भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई



**फिरोजाबाद।** स्कूल के बच्चों द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई, यह तिरंगा यात्रा तिलक इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर सुभाष चौराहे होते हुए गांधी पार्क पहुंची, इस तिरंगा यात्रा में डी0ए0वी0 इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, एमजी बालिका इंटर कॉलेज, तिलक इंटर कॉलेज, किड्स कॉर्नर और दाऊ दयाल कॉलेज के बच्चों ने प्रतिभाग किया, सभी बच्चों के मुख से भारत माता की जय के नारे का उद्घोष हो रहा था, इसमें बच्चों के साथ-साथ स्कूल के अध्यापकों अधिकारियों, संभ्रान्त नागरिकों ने भी प्रतिभाग किया।

## सघन चैकिंग अभियान चलाया गया



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में एंटी-सैबोटाज (ठ्ठल्ह्न-स्ड्डढ्ढश्चह्लड्डद्द) टीम फिरोजाबाद द्वारा, अपने उपकरणों एवं स्निफर डॉग टीम के साथ, शहर के विभिन्न संवेदनशील, महत्वपूर्ण एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। आगामी स्वतंत्रता दिवस एवं निकट भविष्य में आने वाले त्यौहारों के दृष्टिगत रेलवे स्टेशन, विभिन्न कार व बाइक पार्किंग स्थलों, प्रमुख भीड़-भाड़ वाले बाजारों आदि में चैकिंग की गई। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों एवं छोड़े गए सामान की बारीकी से जांच की गई तथा आमजन को सतर्क एवं जागरूक रहने हेतु भी अपील की गई। इसके अतिरिक्त शहर के प्रवेश/निकास मार्गो पर भी सघन चैकिंग कर सुरक्षा के सभी बिंदुओं को सुनिश्चित किया गया, जिससे कोई भी असामाजिक तत्व जनपद की शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था में व्यवधान न डाल सके।

# बाढ़ आपदा प्रबंधन हेतु रेडक्रॉस सचिव ने एडीएम से की मुलाकात

**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के निर्देशों के क्रम में स्थानीय स्तर पर रेडक्रॉस के सचिव डॉ. विजय जौहरी ने अपर जिलाधिकारी अरविंद कुमार से उनके ऑफिसर कॉलोनी स्थित सरकारी आवास कैंप कार्यालय में मुलाकात कर आपदा प्रबंधन में रेडक्रॉस के सहयोग का पत्र दिया। अपर जिलाधिकारी को जानकारी देते हुए डॉ. जौहरी ने बताया कि 06 अगस्त को लखनऊ स्थित रेडक्रॉस भवन में बृजेश पाठक, उपमुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार की अध्यक्षता में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी राज्य शाखा उत्तर प्रदेश की प्रबंध समिति की वर्चुअल बैठक आयोजित की गई, जिसमें रेडक्रॉस के अतिरिक्त रेडक्रॉस द्वारा जिला स्तर पर बाढ़-आपदा से प्रभावित जिलों को प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी, जिसके लिए जिला स्तर से राज्य मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा जाना है। वर्तमान में वर्षा-आपदा से प्रभावित जरूरतमंद लोग, जिनके कच्चे, खपरैल व झोपड़ीनुमा मकान वर्षा के कारण टपक रहे हैं तथा जिनके परिवार के सदस्यों को असुविधा हो रही है, ऐसे लोगों को रेडक्रॉस द्वारा शीघ्र ही तिरपाल उपलब्ध कराए जाएंगे, जो प्राप्त किए जा सकते हैं।इसके अतिरिक्त, यह भी संज्ञान में लाया गया कि यदि स्थानीय स्तर पर तत्काल आपदा प्रबंधन हेतु रेडक्रॉस से सहयोग की आवश्यकता हो, तो जिलाधिकारी/अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी शाखा-शाहजहाँपुर के अनुमोदन के पश्चात रेडक्रॉस के उद्देश्यों के अंतर्गत आवश्यकतानुसार सहयोग प्राप्त किया जा सकता है।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर तत्काल दें सुरक्षा की थपकी: यातायात प्रभारी

**शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक नगर देवेन्द्र कुमार व क्षेत्राधिकारी नगर पंकज पंत के नेतृत्व में प्रभारी यातायात विनय कुमार पाण्डेय द्वारा पंचायत राज इंटर कॉलेज बड़ा गांव पुंवाया में छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। प्रभारी यातायात द्वारा लोगों को जागरूक करते हुए बताया गया कि आप सभी लोगों से अपील है कि दोपहिया वाहन पर यात्रा करते समय हेल्मेट पहने तथा चार पहिया वाहनों पर सीट बेल्ट अवश्य लगाएं। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग विल्कुल भी न करें। ट्रिपल राइडिंग, ओवर स्पीडिंग व स्टंट न करें और न ही करने हेतु प्रेरित करें। वाहन चालक के नशे की हालत मे होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें तथा वाहन से उतर लें। दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय से हॉस्पिटल पहुंचाकर गुड सैमेरिटन बने। यदि आप अपने वाहन चालक को लापरवाही करते देखे तत्काल पीठ थपथपाकर सुरक्षा की थपकी दें। कार्यक्रम में प्रभारी यातायात विनय कुमार पाण्डेय के साथ आरक्षी यातायात सोनू व कॉलेज के प्रिंसिपल अनिल कुमार वर्मा, शिक्षक शिवकुमार, रामनरेश, उमाकांत तिवारी, रंजन कुमार राय, जितेंद्र कुमार यादव, मुनीश कुमार, अजय कुमार, श्रीमती पूजा चौहान व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अदीबा शहाब आबदी Adeeba Shahab Abidi पुत्री श्री शहाबुद्दीन (Shahabuddin) R/O 396/112 अंगूरी बाग कश्मीरी मोहल्ला लखनऊ।
मेरे सभी अभिलेखों में मेरे पिता का नाम (Shahabuddin) है किन्तु मेरे हाईस्कूल और इंटर की मार्कशीट में (Shahabudin) हो गया है जोकि गलत है।
अतः मेरे पिता का नाम (Shahabuddin) से जाना व पहचाना जाए।

## कोर्ट नोटिस

समन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय मा. चतुर्थ अपर सिविल जज जूनियर डिविजन सहारनपुर .मूलवाद संख्या 419 सन 2003, दि को-ऑपरेटिव एश्योरेन्स कम्पनी लि0 रजिस्टर्ड ऑफिस अम्बाला रोड, सहारनपुर (बनाम) निखिल त्यागी! दि को-ऑपरेटिव एश्योरेन्स कम्पनी लि0 रजिस्टर्ड ऑफिस अम्बाला रोड, सहारनपुर द्वारा डायरेक्टर श्री आशीष राज पुत्र स्व0 श्री जनक राज, निवासी अम्बाला रोड, सहारनपुर। वादी...(बनाम).... निखिल कुमार त्यागी पुत्र राज कुमार, निवासी भवन संख्या 45/12, गत्ता मिल कालोनी,अम्बाला रोड, सहारनपुर(प्रतिवादी)....हरगाह वादी ने प्रतिवादी के नाम एक नालिश दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 26 माह 08 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या माफत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल् उमरात अहम मुतालिका मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो कि जवान ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा की करे और उसी रोज अपने जुमला गवाहों को जिनकी शहादत पर तमाम दस्तावेज जो आप अपनी जवा बदेही में इस्तेमाल करना चाहते थे पेश करें आपको इत्तला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके समात और फैसला होगा बब्जत मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 11 माह 08 सन 2025 को जारी हुआ।

**आज्ञा से मुंसरिम**

## कोर्ट नोटिस

न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज कक्ष सं-14, सहारनपुर प्रकीर्ण वाद सं0 297/21, अतीक अहमद बनाम नरेन्द्र कुमार आदि ..... बनाम......6-मंगल सेन पुत्र भूषण समस्त निवासीगण ग्राम राजुपुर परगना तहसील देवबन्द जिला सहारनपुर 7-रमेश पुत्र केशू (मृतक) 7/1- अमरीश कुमार उर्फ बब्बू पुत्र स्व0 रमेश 7/2- कु0 गुड्डी पुत्री अमरीश कुमार उर्फ बब्बू 7/3-हंसकुमार 7/4-कन्हैया पुत्रगण अमरीश कुमार उर्फ बब्बू 7/5-दुर्गेश कुमार, 7/6-श्रीमति सुनिता बेवा टीटू उर्फ सुनील कुमार, 7/7-कु0 जूली पुत्री टीटू उर्फ सुनील कुमार समस्त निवासी गण ग्राम राजुपुर प0 व तहसील देवबन्द जिला सहारनपुर

हरगाह वादी ने आपके विरूद्ध एक नालिश बाबत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आर्डर 41 रूल 19 दफा 151जा0दी0 के इस न्यायालय में दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप असालतन या वकालतन दिनांक 29/8/ 2025 को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब देही दावा करें। हुक्म होता है कि आप अपने जवाब की ताईद में जो दस्तावेज एवं शाहदतें पेश करना चाहें वो भी उसी दिन प्रस्तुत करें।आपको हुक्म होता है कि अगर आप तारीख मुकर्रर पर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके समात एवं फैसला होगा। दिनांक 9/07/2025 को न्यायालय की मुद्रा एंव मेरे हस्ताक्षर सहित जारी किया गया।

**आज्ञा से**
**मुंसरीम.. अपर ज़िला जज कक्ष स0 14 सहारनपुर**

## उत्तर रेलवे

### ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
|---|---|
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-SLN-TW-163-25-1 (Parking TW) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.08.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.08.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.08.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-PFM-MX-157-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.08.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.08.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.08.2025 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-CIL-MX-148-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.08.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.08.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.08.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

2461/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## लखनऊ नगर निगम

3, त्रिलोकनाथ मार्ग, लालबाग, लखनऊ. ई-मेल: nnlko@up.nic.in

संख्या: 91 / मु0अ0 / 2025-26 दिनांक: 12.08.2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर निगम, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु 26.08.2025 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 25.08.2025 तक अपरान्ह 02 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं या नगर निगम की वेबसाइट lmc.up.nic.in से टेण्डर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 26.08.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे तक जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मण्डलायुक्त लखनऊ के कार्यालय कक्ष में तथा मुख्य अभियन्ता के कार्यालय कक्ष में रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को उसी तिथि को अपरान्ह 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्यदिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्पूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर होना आवश्यक है।

| क्र सं. | वार्ड का नाम | कार्य का नाम | आगणन धनराशि रू॰ में | जमानत धनराशि रू॰ में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कुल निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गीतापल्ली | आजाद नगर में श्री शंकर एग सेन्टर के बगल से शुक्ला जी के मकान तक नाली व इंटरलाकिंग का पुर्ननिर्माण कार्य। | 572865.00 | 57287.00 | 02 माह | 573.00 | 104.00 | 677.00 |
| 2 | गीतापल्ली | गोपालपुरी में कृष्णा यादव के मकान से शशांक त्रिपाठी के मकान तक नाली व सी0सी0 सड़क का पुर्ननिर्माण कार्य। | 715060.00 | 71506.00 | 02 माह | 716.00 | 129.00 | 845.00 |
| 3 | सरोजनी नगर प्रथम | हनुमानपुरी गली नं0–04 में रूई गोदाम के सामने से मनोज पाल के घर तक नाली की मरम्मत का कार्य। | 165891.00 | 16590.00 | 02 माह | 166.00 | 30.00 | 196.00 |
| 4 | सरोजनी नगर द्वितीय | आजाद नगर में मास्टर हाफिज के घर से मो0 जाबिर के घर तक नाली व सी0सी0 रोड का नवनिर्माण कार्य। | 845087.00 | 84509.00 | 02 माह | 846.00 | 153.00 | 999.00 |
| 5 | सरोजनी नगर द्वितीय | आजाद नगर में श्री राजन के घर से कुन्ज विहारी सिंह के मकान तक नाली व सी0सी0 रोड का नव निर्माण कार्य। | 760378.00 | 76038.00 | 02 माह | 761.00 | 137.00 | 898.00 |
| 6 | चित्रगुप्त नगर | भोला खेड़ा में श्री अनुज यादव के मकान से श्री शिव प्रसाद यादव ललित रस्तोगी के मकान से अमित कुमार के मकान तक एवं लाल चन्द्र वाली गली में नाली व इंटरलाकिंग का पुर्ननिर्माण कार्य। | 618205.00 | 81821.00 | 02 माह | 619.00 | 112.00 | 731.00 |
| 7 | चित्रगुप्त नगर | जाफर खेड़ा में दीपा चौधरी के मकान से ओम दीक्षित व शिव कुमार पाण्डेय के मकान से होते हुए विनोद गौतम के मकान तक नाली व इंटरलाकिंग का पुर्न निर्माण कार्य। | 733868.00 | 73387.00 | 02 माह | 734.00 | 133.00 | 867.00 |
| 8 | चित्रगुप्त नगर | भोला खेड़ा में श्री पी.एन. पाठक के मकान से श्री ओम प्रकाश पाल व श्री जगदीश प्रसान्त वर्मा के मकान से जुगुल किशोर दीक्षित के मकान तक सीसी सड़क व नाली का पुर्ननिर्माण कार्य। | 832227.00 | 83223.00 | 02 माह | 833.00 | 150.00 | 983.00 |
| 9 | चित्रगुप्त नगर | भोला खेड़ा में श्री सौरभ कुमार के मकान से प्रेमा कुमार के मकान से प्रेमा हरि भवन से होते हुए नरेश यादव राम चन्द्र लोधी के मकान तक नाली व इंटरलाकिंग का पुर्ननिर्माण कार्य। | 774579.00 | 77458.00 | 02 माह | 775.00 | 140.00 | 915.00 |
| 10 | गुरू गोविन्द सिंह | आदर्श नगर में गुरूद्वारा के सामने से आर्य समाज मंदिर के पास स्थित बड़े नाले तक व मनीष जोशी के घर के सामने 450 एमएम भूमिगत पाइप लाइन का निर्माण कार्य। | 838906.00 | 83891.00 | 02 माह | 839.00 | 152.00 | 991.00 |
| 11 | गुरू गोविन्द सिंह | फतेह अली चौराहे से यदुनाथ चौराहे जाने वाले मार्ग पर अजय थापा के मकान सं0–29 सी के सामने सड़क किनारे साइड पटरी व कच्चे मार्ग एवं किनारे स्थित नाला मरम्मत व पत्थर रखने का कार्य। | 426442.00 | 42645.00 | 02 माह | 427.00 | 77.00 | 504.00 |
| 12 | गुरू गोविन्द सिंह | आनंद नगर में कल्याण मंडप पार्क कील बाउन्ड्रीवाल की रंगाई पुताई एवं दीवाल उच्चीकरण व पाथवे तथा झूला लगाने का कार्य। | 803197.00 | 80320.00 | 02 माह | 804.00 | 145.00 | 949.00 |
| 13 | गुरू गोविन्द सिंह | बड़ा बरहा में रामलली वर्मा के मकान से तालाब तक गहरी नाली व श्री कृष्णा यादव के मकान से त्रिदेवी मंदिर के पीछे ट्रांसफार्मर तक 450 एमएम भूमिगत पाइप लाइन का निर्माण कार्य। | 825939.00 | 82594.00 | 02 माह | 826.00 | 149.00 | 975.00 |
| 14 | बाबू कुन्ज विहारी ओमनगर | मो0 सुजानपुरा कोरियाना में श्री राजेश श्रीवास्तव के मकान से श्री राजू जायसवाल व श्री राजेश प्रसाद श्रीवास्तव के मकान से होते हुए अशोक जनरल स्टोर एवं श्री ए0के0 श्रीवास्तव के मकान तक 300एमएम भूमिगत पाइप एवं नाली व इंटरलाकिंग का पुर्ननिर्माण कार्य। | 832175.00 | 83218.00 | 02 माह | 833.00 | 150.00 | 983.00 |
| 15 | बाबू कुन्ज विहारी ओमनगर | मो0 सुजानपुरा कोरियाना में माया ज्वैलर्स से मेराज जनरल स्टोर व आनंदेश्वर मंदिर होते हुए पुष्प अपार्टमेन्ट तक इंटर लाकिंग सड़क पर पैच व नाली मरम्मत का कार्य। | 825792.00 | 82580.00 | 02 माह | 826.00 | 149.00 | 975.00 |
| 16 | बाबू कुन्ज विहारी ओमनगर | मो0 ओमनगर भिलांवा में प्रजापति प्रदर्श से सरगम लाइट व श्री जितेन्द्र कुमार के मकान से होते हुए जय दुर्गा कैटर्स तक एवं राज जनरल स्टोर से ओम प्रकाश पाठक के मकान तक इंटरलाकिंग सड़क पर पैच व नाली मरम्मत का कार्य। | 826512.00 | 82652.00 | 02 माह | 827.00 | 149.00 | 976.00 |
| 17 | बाबू कुन्ज विहारी ओमनगर | मो0 ओमनगर भिलांवा में संगीत बैण्ड से उर्मिला सोनी व नवयुग पब्लिक स्कूल एवं गुरूधाम होते हुए रवि कुमार के मकान तक इंटर लाकिंग सड़क पर पैच व नाली मरम्मत का कार्य। | 774266.00 | 77427.00 | 02 माह | 775.00 | 140.00 | 915.00 |

**शर्तें**:- (01) निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नही है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। (आवेदक निविदादाता को शासनदेश सं0–3890/नौ–5–19–149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। (2) शासनादेश सं0–6738/23–7–06–176(सा0)/06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10.00 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। शासनादेश सं0–692/23–07–2024 दिनांक 09.08.2024 के अनुसार यदि न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृति (बी0ओ0क्यू0) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम (Below) है, तो 10 प्रतिशत से अधिक कमी (Below) के सापेक्ष 1 प्रतिशत कम (Below) दर पर अतिरिक्त परफार्मेस सिक्योरिटी ली जायेगी, जिसे ठेकेदार से अनुबंध गठन के समय जमा कराया जायेगा। अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी ऑनलाइन इण्टरनेट बैंकिंग/आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0/ड्यूली प्लेज्ड एफ0डी0आर0/बैंक गारन्टी के माध्यम से स्वीकार की जायेगी। (3) कार्य हेतु 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड पूर्ण होने के उपरान्त ही कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा। (4) 15 प्रतिशत से अधिक की न्यून दर की निविदाओं में अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने एवं कार्य संतोषजनक पाये जाने पर अवमुक्त की जायेगी। (5) किसी कार्य में एक से अधिक निविदादाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा। (6) 15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ–पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्ययोजना/बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा स्वीकृति/अस्वीकृत पर निर्णय लिया जायेगा।

**मुख्य अभियन्ता**

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय ध्वज के साथ नगर में किया मार्च




अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/दुद्धी।** दुद्धी मण्डल में हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता दिवस से पूर्व हाथों में झंडा लेकर तिरंगा यात्रा निकाली। दुद्धी नगर पंचायत स्थित रामलीला मैदान से शुरू हुई भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की तिरंगा यात्रा का शुभारंभ भाजपा जिला प्रभारी अनिल सिंह ने तिरंगा झंडा दिखाकर किया। दुद्धी में दो किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाओं, युवाओं व वरिष्ठ नागरिकों ने भागीदारी की तिरंगा यात्रा रामलीला मैदान से शुरू होकर दुद्धी नगर भ्रमण करते हुए पुनः रामलीला मैदान पर पहुंच कर सम्पन्न हुई।तिरंगा यात्रा के समापन पर जिला प्रभारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश को साझा किया। उन्होंने बताया 10 से 12 अगस्त तक पूरे जिले में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही उसी क्रम में आज दुद्धी मण्डल में भी यह यात्रा निकली है तथा 13 से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा फहराना है। यह अभियान सभी के लिए है, चाहे वह अमीर हो या गरीब,नेता हो या आम नागरिक।वही दुद्धी नगर पंचायत चेयरमैन कमलेश मोहन ने अपने पूरे कर्मचारी व सभासद के साथ इस यात्रा में सहभागिता की इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक मनीष जायसवाल मण्डल अध्यक्ष दीपक शाह ने कहा कि 15 अगस्त को शाम को तिरंगे को सम्मानपूर्वक उतार कर सुरक्षित रखना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत 2047 में विश्व गुरु विकसित राष्ट्र बनेगा। उन्होंने सभी नागरिकों से अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की तथा आये हुए समस्त कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर इस तिरंगा यात्रा में दुद्धी उप जिलाधिकारी निखिल यादव खण्ड विकास अधिकारी रामविशाल चौरसिया सहायक विकास अधिकारी आशुतोष श्रीवास्तव जिलामंत्री दिलीप पांडे पूर्व मण्डल अध्यक्ष मनोज सिंह बबलू सुमित सोनी कार्यक्रम सह संयोजक विनोद जायसवाल धर्मेंद्र पाल संजू तिवारी अनिल हलुवाई प्रबुद्ध प्रकोष्ठ जितेंद्र चन्द्रवंशी शिवशंकर प्रसाद युवामोर्चा अजय चन्द्रवंशी विकास सोनी विकास मद्धेशिया सूरजदेव प्रसाद मण्डल महामंत्री अंशुमान राय प्रेमनारायण सिंह मोनू गोरखनाथ अग्रहरी आयुष कुमार दीपक जौहरी प्रवीण जायसवाल दीवान सिंह मीरा सिंह गोंड़ कलावती देवी सभासद धीरज जायसवाल आमेश सिंह सहित दुद्धी नगरवासी उपस्थित रहें।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत डाला मंडल में निकली यात्रा

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/डाला।** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में हर घर तिरंगा अभियान के तहत डाला मंडल के नगर पंचायत डाला बाजार में मंडल अध्यक्ष संदीप सिंह पटेल की अध्यक्षता में स्थानीय रामलीला मैदान से शहीद स्मारक स्थल तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मीनू चौबे, विशिष्ट अतिथि के रूप में जनजाति मोर्चा प्रदेश मंत्री नागेश्वर गौड़ एवं जिला उपाध्यक्ष मंडल प्रभारी उदयनाथ मौर्य मौजूद रहे। यात्रा के अंत में शहीद स्मारक स्थल पर सभा का आयोजन हुआ। सभा के दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान प्रत्येक भारतीय को तिरंगा घर लाने और हमारे देश की स्वतंत्रता के उत्सव में गर्व से फहराने के लिए प्रोत्साहित करता है। अपने घरों में झंडा लगाकर हम सिर्फ स्वतंत्रता दिवस नहीं मना रहे हैं, हम राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की एक ठोस अभिव्यक्ति को अपना रहे हैं। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि हर घर तिरंगा पहल प्रत्येक नागरिक के भीतर देशभक्ति की गहरी भावना को प्रतियोगित करने और हमारे राष्ट्रीय ध्वज के महत्व की अधिक समझ को बढ़ावा देने का प्रयास करती है। बताया कि 13 से 15 अगस्त तक सभी घरों और प्रतिष्ठानों में तिरंगा फहराया जाएगा। 14 अगस्त को विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस होगा। अंत में मंडल अध्यक्ष संदीप सिंह पटेल द्वारा सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा किया। यात्रा के उपरांत सभा का संचालन मंडल महामंत्री बृजेश पांडेय ने किया।

इस मौके पर संतोष कुमार बबलू, दीपक दुबे, धीरेंद्र प्रताप सिंह, शंभू सिंह गोड़, विशाल गुप्ता, मनीष तिवारी, चंद्रावती देवी, श्याम नारायण सिंह गौड़, अमरेश उपाध्याय, राजेश पटेल, ग्राम पंचायत सदस्य कोटा हीरावती, कृपा शंकर पांडेय, संतोष कुशवाहा, अवनीश पांडे आदि मौजूद रहे।

# अधिशाषी अधिकारी के कार्यों से नगर में खुशी की लहर



अवधनामा संवाददाता

नगर में पहली बार अधिशाषी अधिकारी भ्रमण करते दिखे

**सोनभद्र/डाला।** नगर पंचायत डाला बाजार इन दिनों अधिशाषी अधिकारी के कार्यों से सुर्खियों में है। पद धारण के बाद से नगर की निगरानी, नगर की व्यस्थाओं की भली भांति जांच व देख रेख सराहनीयता की मिसाल बन गया। नवसृजित नगर पंचायत डाला बाजार में नवनियुक्त अधिशाषी अधिकारी ने नगर का भार सम्भालते ही हर वार्डों में स्वयं जा जाकर जांच करना, नगर की समस्याओं को सुनना, नगर वाशियों से मिलना नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है। वही कुछ मानिंद महानुभावों को रास नही आ रहा। नगर में यह भी चर्चा है कि इसके पहले जो भी अधिशाषी अधिकारी रहे कभी भी नगर की हाल जानने का प्रयास नही किया। वर्तमान अधिशाषी अधिकारी ने नगर में निरीक्षण किया और वार्ड का हाल जाना, नगर पंचायत डाला बाजार के नवागत अधिशाषी अधिकारी ने डाला बाजार के वार्ड नंबर 8 में निरीक्षण कर समस्याओं को आम जनता से जाना एवं समाधान का दिया आश्वासन, डाला बाजार में पटरी किनारे जल जमाव की निकासी के लिए दिया आश्वासन, प्राथमिक विद्यालय रेक्सहवा के पास लगे टंकी से पानी जल जमाव के समाधान, सिंह लाल के घर के सामने से गणेश पांडे की पुलिया तक गड्ढा युक्त सड़क को पाटने का भी दिया आश्वासन एवं सेक्टर बी शंकर जी के मंदिर के पास पानी टंकी का हफ्तों से खराब समरसेबल को भी तत्काल चालू कराया, वार्ड में सभी सफाई कर्मी सुपरवाइजर अपने कार्य पर मौजूद पाए गए। मौके पर किशन कुमार सुपरवाइजर, संतोष कुमार सुपरवाइजर, भोला ठाकुर, रामू, सुरेश कुमार मौजूद रहे।

# डीएपी व यूरिया खाद की उपलब्धता की डीएम ने की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जनपद के सभी सहकारी समितियों एवं निजी खाद केन्द्रों पर डीएपी व यूरिया की उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा बैठक की। बैठक में जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि अब तक जिले में 10,671 मीट्रिक टन यूरिया और 4,599 मीट्रिक टन डीएपी प्राप्त हुई है, जिसमें से 5,208 मीट्रिक टन यूरिया और 2,927 मीट्रिक टन डीएपी का वितरण हो चुका है। वर्तमान में सभी केन्द्रों पर 5,463 मीट्रिक टन यूरिया और 1,672 मीट्रिक टन डीएपी शेष है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक खाद केन्द्र पर रेट और स्टॉक की जानकारी प्रतिदिन बोर्ड पर प्रदर्शित की जाए, किसानों से खतौनी लेकर फसल और जोत के अनुसार खाद वितरित हो, तथा नैनो डीएपी जबरन टैग न की जाए। यदि केन्द्र बंद है तो कारण बोर्ड पर लिखा जाए। उन्होंने नकली खाद निर्माण, ओवररेटिंग और कालाबाजारी पर सख्त चेतावनी दी। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी और एआर कॉपरेटिव को खाद वितरण व्यवस्था में लापरवाही पर स्पष्टीकरण देने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला कृषि अधिकारी डॉ. हरिशंकर, एआर कॉपरेटिव रमाकांत दुबे, जिला प्रबंधक पीसीएफ शरद यादव सहित बी-पैक्स सचिव और उर्वरक बिक्री केन्द्र प्रभारी मौजूद रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत डाला मंडल में निकली यात्रा

**सोनभद्र/डाला।** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में हर घर तिरंगा अभियान के तहत डाला मंडल के नगर पंचायत डाला बाजार में मंडल अध्यक्ष संदीप सिंह पटेल की अध्यक्षता में स्थानीय रामलीला मैदान से शहीद स्मारक स्थल तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मीनू चौबे, विशिष्ट अतिथि के रूप में जनजाति मोर्चा प्रदेश मंत्री नागेश्वर गौड़ एवं जिला उपाध्यक्ष मंडल प्रभारी उदयनाथ मौर्य मौजूद रहे। यात्रा के अंत में शहीद स्मारक स्थल पर सभा का आयोजन हुआ। सभा के दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान प्रत्येक भारतीय को तिरंगा घर लाने और हमारे देश की स्वतंत्रता के उत्सव में गर्व से फहराने के लिए प्रोत्साहित करता है। अपने घरों में झंडा लगाकर हम सिर्फ स्वतंत्रता दिवस नहीं मना रहे हैं, हम राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की एक ठोस अभिव्यक्ति को अपना रहे हैं।

# META में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर 'आजादी क्वेस्ट 2025' का आयोजन

अवधनामा संवाददाता




**मौदाहा।** भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मौदाहा एजुकेशनल ट्रस्ट बाय अलीम्स (META) 15 अगस्त को दोपहर 2:00 बजे से META लाइब्रेरी सेंटर में 'आजादी क्रेस्ट 2025' का भव्य आयोजन करेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी में देशभक्ति की भावना जगाना, बौद्धिक विकास को बढ़ावा देना और स्वतंत्रता के महत्व से जोड़ना है।

इस अवसर पर विभिन्न आयु वर्ग के विद्यार्थियों के लिए चार प्रमुख प्रतियोगिताएँ होंगी। इनमें कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों के लिए स्वतंत्रता सेनानियों की वीरता और एकता की कहानियाँ विषय पर कहानी सुनाने की प्रतियोगिता आयोजित होगी। कक्षा 6 से 8 के छात्रों के लिए सभी के लिए शिक्षा: प्रगति की ओर एक कदम विषय पर भाषण प्रतियोगिता होगी। वरिष्ठ वर्ग (कक्षा 9 से 12) के लिए सोशल मीडिया लोकतंत्र को सशक्त बनाता है या उसे खतरे में डालता है? विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा 75+ वर्ष की स्वतंत्रताः विज्ञान, तकनीक और अंतरिक्ष में भारत की यात्रा विषय पर पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता होगी। पंजीकरण की अंतिम तिथि 14 अगस्त 2025 तय की गई है। पंजीकरण META लाइब्रेरी सेंटर में शाम 5:00 बजे तक होगा। आयोजन के दिन मौके पर पंजीकरण केवल समय मिलने पर ही स्वीकार किया जाएगा।

META के प्रतिनिधियों ने बताया कि विजेताओं को आगामी सर सैयद डे 2025 पर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन बच्चों को अतीत के बलिदानों को समझने, वर्तमान की प्रगति की सराहना करने और उज्ज्वल भविष्य की कल्पना का अवसर देगा।

META ने क्षेत्र के सभी अभिभावकों, विद्यार्थियों और नागरिकों से इस आयोजन में सम्मिलित होकर इसे सफल बनाने का आग्रह किया है।

## एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन




**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष अंशु गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध प्रदर्शन कर अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष अंशु गुप्ता ने कहा कि निर्वाचन आयोग के द्वारा डिजिटल वोटर लिस्ट हमारे नेता राहुल गांधी को जब तक नहीं मिलता, हमारा संघर्ष जारी रहेगा। सड़क से लेकर सदन तक विरोध प्रदर्शन किया जा जाएगा। गणेश विश्वकर्मा ने कहा कि प्रकार हमारे नेता राहुल गांधी के द्वारा किसानों, मजदूरों, गरीबों, नौजवानों की समस्याओं को लेकर संघर्ष किया जा रहा है, उनके हौसले को हम गिरने नहीं देंगे। अफजल खान ने कहा कि जिस तरीके से देश में भ्रष्टाचार और वोटचोरी छिपाने के लिए सरकार और चुनाव आयोग द्वारा डिजिटल वोटर लिस्ट की वेबसाइट बंद की गई है, उसे पूरा देश देख रहा है। इस मौके पर विवेक मद्धेशिया, आयु पांडेय, शनि गुप्ता, रोहित भारती, सचिन कुमार, सतीश विश्वकर्मा, अशरफ हाशमी, अदिल, अली कुरैशी, राजन सिंह आदि मौजूद रहे।

## चेक डैम में नहाते समय 14 वर्षीय किशोर डूबा



**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** जरिया थाना क्षेत्र के परछा गांव में मंगलवार को 14 वर्षीय अजय पुत्र बंशीधर अहिरवार चेक डैम में नहाते समय डूब गया। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी और परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी सरीला, क्षेत्राधिकारी सरीला, थानाध्यक्ष जरिया, पुलिस बल और राठ से पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने मौके पर गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू की। देर रात तक जारी खोजबीन के बावजूद किशोर का कोई सुराग नहीं मिल सका। प्रशासन ने बचाव कार्य तेज कर दिया है और किशोर को जल्द ढूंढ निकालने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। घटना को लेकर पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सी.डी. रेशियो की ग्रोथ को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए: डीएम

डीएम बोले सरकारी बैंक की तुलना में प्राइवेट बैंक अच्छा कार्य कर रहे है

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में जिला बैंकर्स समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम बताया कि जनपद इटावा का सी.डी.रेशियो 51.09 है, जो कि प्रदेश के खराब जनपद में से एक है। उन्होंने कहा कि बैंक के सभी अधिकारीगण द्वारा सी.डी. रेशियो की ग्रोथ को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

उन्होंने कहा कि जनपद का विकास सी. डी. रेशियो पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि एम. एस. एम. ई. सेक्टर में अधिक से अधिक लोन स्वीकृत करके ज्यादा से ज्यादा लोगों को लोन दिया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत लक्ष्य के सापेक्ष ज्यादा से ज्यादा लाभ दिया जाए। उन्होंने 60 प्रतिशत से कम सी. डी. रेशियो वाली बैंक्स को स्टेटजी बनाकर काम करने एवं सी. डी. रेशियो की ग्रोथ को बढ़ाने हेतु निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सरकारी बैंक की तुलना में प्राइवेट बैंक अच्छा कार्य कर रहे है एवं सी. डी. रेशियो का टारगेट पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड फिशरीज़ एवं एनिमल हसबेंडरी के लिए जारी किया जाए साथ ही उन्होंने कहा कि हॉर्टिकल्चर स्कीम में पेंडिंग लोन पर ध्यान दिया जाए एवं उनका वितरण कराया जाए। उन्होंने लंबित प्रकरणों को देखा एवं जल्द निस्तारण हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सी. एम. युवा व आर. सेटी. के रोजगारों को ट्रेनिंग दी जाए। उन्होंने कहा कि सी. एम. युवा के अंतर्गत कस्टमर को गाइड किया जाए, उन्हें ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया बताई जाए साथ ही यह भी कहा कि किसी भी कस्टमर को आवेदन करने के लिए मना नहीं किया जाएगा एवं मना करने वालों पर कार्यवाही की जाएगी। पब्लिक सेक्टर में सबसे खराब सी. डी. रेशियो इंडियन ओवरसीज बैंक का पाया गया एवं प्राइवेट सेक्टर में सबसे कम सी. डी. रेशियो आई. डी. बी. आई. बैंक का पाया गया। उन्होंने अनुपस्थित पाए जाने वाली बैंक को लेकर नाराजगी व्यक्त की एवं नोटिस जारी करने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक को नए काउंटर बढ़ाने हेतु निर्देश दिए साथ ही कहा कि ज्यादा से ज्यादा आधार अपडेट किए जाएं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण शाखाओं एवं अर्ध शहरी शाखाओं में सी. डी. रेशियो में सुधार हुआ है। उन्होंने एन. आर. एल. एम. के अंतर्गत बताया कि एस. बी. आई. में सबसे ज्यादा एप्लीकेशन पेंडिंग हैं, उसपर ध्यान दिया जाए। उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत हर हफ्ते 2 कैंप लगाए जा रहे है एवं अब तक 533 का वितरण किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि बैंक में ओ. डी. ओ. पी. से सम्बन्धित लंबित एप्लीकेशन स्वीकृत कराए जाएं साथ ही बताया कि सी. एम. युवा एवं ओ. डी. ओ. पी. राज्य सरकार की बहुत महत्वपूर्ण स्कीम है। उन्होंने कहा कि के. सी. सी. में नए लोगों को आच्छादित किया जाए एवं के. सी. सी. कैंप का स्केड्यूल बनाया जाए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार, एल. डी. एम. एवं सभी बैंकर्स सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# निकाली गई तिरंगा बाइक रैली

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज़ादी के अमृत काल महोत्सव में जनपद की सदर विधानसभा में भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता के नेतृत्व में व पंकज कुशवाहा के संयोजन में शहर में तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया। भारत माता की जयकारे लगाते युवाओं के जोश एवं डीजे पर बजते देशभक्ति के गानों से पूरा शहर देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया। तिरंगा बाइक रैली शहर के शास्त्री चौराहे से प्रारंभ होकर नौरंगाबाद चौराहा, नगरपालिका चौराहा, पुरबिया टोला, पक्का तालाब चौराहा, नुमाइश चौराहा होते हुए शहीद स्मारक नुमाइश मैदान पर जाकर समापन हुआ। तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि तिरंगा हमारा आन बान शान है और आज तिरंगा की शान केवल भारत में ही नहीं हमारे प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया में बढ़ी है, पूरे देश में 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी व्यक्ति आजादी के इस महापर्व के अवसर पर अपने घरों पर तिरंगा अवश्य लगाए एवं औरों को भी प्रेरित करें। तिरंगा हाथ में लेकर हमारे वीर सपूतों ने देश को आजाद कराया था। तिरंगा हाथ में लेकर हमारे वीर सैनिक बॉर्डर पर खड़े होकर भारत माता की सुरक्षा करते हैं और उमड़ा हुआ जनसैलाब बता रहा है कि हमारे दिलों में तिरंगे के लिए वही प्यार वही सम्मान है। तिरंगा देश के लिए कुछ कर गुजरने को प्रेरित करता है। तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवमहेश दुबे, पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, मोर्चा व मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मध्यस्थता केंद्र में दो सिविल विवादों का निपटारा



**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर में संचालित मध्यस्थता केंद्र में आज दो सिविल विवादों का निस्तारण किया गया। वाद संख्या 68/23 रफतसमी बनाम सईदा बेगम और वाद संख्या 248/20 विश्वास बनाम शशि विनोद में नियुक्त मध्यस्थ अधिवक्ता राजनारायण निगम ने राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान के तहत दोनों पक्षों से वार्ता कर आपसी सुलह कराई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने दोनों पक्षों को बधाई दी और नियुक्त मध्यस्थ अधिवक्ता के कार्य पर संतोष व्यक्त किया। यह समझौता समय और संसाधनों की बचत के साथ आपसी विश्वास को भी मजबूत करता है।

## हमीरपुर में 'हर घर तिरंगा' के तहत तिरंगा बाइक रैली, डीएम ने दिखाई हरी झंडी



**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चल रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को भव्य तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली को जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने लक्ष्मीबाई तिराहा से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। निर्धारित रूट प्लान के अनुसार रैली लक्ष्मीबाई तिराहा से शुरू होकर यमुना घाट, कालपी चौराहा, रमेड़ी तिराहा, महिला थाना, पशु चिकित्सालय, बस स्टैंड, कोतवाली, हाथी दरवाजा, राजकीय इंटर कॉलेज, आकिल तिराहा, पंजाब नेशनल बैंक सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से स्वतंत्रता दिवस के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। रैली में सीडीओ अरुण कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित कई जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।

## विकास कार्यों में गिरावट पर डीएम सख्त, तीन विभागों के अफसरों का वेतन रोका

**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** सी.एम. दर्पण पोर्टल पर जुलाई माह की समीक्षा में विकास कार्यों में जनपद हमीरपुर की रैंकिंग में आई भारी गिरावट पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कड़ा रुख अपनाते हुए विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग और मत्स्य विभाग के तीन अधिशासी अभियंताओं एवं उपनिदेशक मत्स्य का वेतन रोकने के आदेश जारी किए हैं।

# यूपीयूएमएस में मना राष्ट्रीय रैगिंग विरोध दिवस

वहाज अली निहाल



कुलपति ने एंटी रैगिंग सप्ताह (12-18 अगस्त) का किया शुभारंभ

**सैफई, इटावा।** हर वर्ष 12 अगस्त को राष्ट्रीय रैगिंग विरोध दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई में एंटी रैगिंग समिति के तत्वावधान में राष्ट्रीय रैगिंग विरोधी दिवस का आयोजन किया गया। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माननीय कुलपति प्रो.डॉ. अजय सिंह ने एंटी रैगिंग सप्ताह(12से18 अगस्त)का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि एंटी रैगिंग दिवस केवल एक दिन या सप्ताह का जागरूकता अभियान नहीं है, बल्कि पूरे वर्ष बेहतर कार्यशैली के माध्यम से रैगिंग के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना, छात्रों को रैगिंग के खतरों के बारे में शिक्षित करना और संस्थान में छात्र-गुरु परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सम्मान एवं सद्भाव की संस्कृति को प्रोत्साहित करना हमारे संस्थान का प्रमुख उद्देश्य है। कुलपति ने छात्रों से कहा कि किसी भी समस्या के समाधान के लिए वे निःसंकोच अपनी बात रख सकते हैं, क्योंकि छात्र और गुरुओं के बीच सफल संवाद ही एक सशक्त पारिवारिक वातावरण का निर्माण करता है। उन्होंने अपने सुझावों में संस्थान में मेंटर-मेंटी व्यवस्था और वेलनेस क्लिनिक की स्थापना पर चर्चा की और इसे लागू करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने सभी संकाय सदस्यों से छात्रों के साथ आत्मीयतापूर्ण व्यवहार करने का आग्रह किया, ताकि छात्र खुलकर अपनी बात रख सकें और उनकी समस्याओं का बेहतर समाधान हो सके। एंटी रैगिंग समिति के अध्यक्ष डॉ.सोमेंद्र पाल ने कहा कि रैगिंग एक निंदनीय कृत्य है, जिसका हमारे संस्थान में कोई स्थान नहीं है। उन्होंने आश्वस्त किया कि विश्वविद्यालय में हर छात्र सुरक्षित है। डॉ.पाल ने बताया कि रैगिंग के सामाजिक, शारीरिक, राजनीतिक, आर्थिक, शैक्षणिक और मनोवैज्ञानिक पहलू होते हैं, जिनके प्रति छात्रों को जागरूक करने के लिए सप्ताहभर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम के अंत में डॉ.नंद किशोर ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन एमबीबीएस के छात्र अभिषेक और एसोसिएट प्रो.डॉ.शवाना ने किया। इस अवसर पर प्रतिकुलपति प्रो.डॉ. रमाकांत, संकायाध्यक्ष प्रो.डॉ.आदेश कुमार, स्टूडेंट वेलफेयर डीन प्रो.डॉ. आलोक दीक्षित, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ एसपी सिंह सभी संकायाध्यक्ष, संकाय सदस्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# डीबीए इटावा के नवीनीकृत सभागार का उद्घाटन जनपद न्यायाधीश रजत सिंह जैन ने किया

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** जिला बार एसोसिएशन के ऐतिहासिक सभागार का नवीनीकरण व आधुनिकीकरण कराया गया तथा नवीनीकृत सभागार का उद्घाटन जनपद न्यायाधीश रजत सिंह जैन ने किया। इस मौके पर पीठासीन अधिकारी एम ए सी टी श्री रामचंद्र यादव(प्रथम)तथा प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अजय कृष्ण व प्रथम अतिरिक्त जिला जज अखिलेश कुमार गुप्ता स्पेशल जज एंटी डकैती आलोक श्रीवास्तव स्पेशल जज ई सी एक्ट अंकुर शर्मा अशोक कुमार दुबे पू डी जे व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अश्विनी कुमार उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित एवं रूपेन्द्र सिंह चौहान ने संयुक्त रूप से बताया कि सभा को संबोधित करते हुए एम ए सी टी जज ने कहा कि बार एसोसिएशन के हाल का जो नवीनीकरण कराया गया है वह वास्तविकता का सुंदर नमूना है, अति सुंदर कार्य है। जनपद न्यायाधीश ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं यह चाहता था कि मेरी पोस्टिंग इटावा में हो उन्होंने नवीनीकृत सभागार की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि न्याय के क्षेत्र में उनसे जो अपेक्षा की गई है उस पर वह खड़े उतरेंगे उन्होंने यह भी कहा कि जूनियर्स के लिए बहुमंजिला अधिवक्ता भवन बनाए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है अति शीघ्र अधिवक्ताओं हेतु चैम्बर्स बनाए जाएंगे। सभा की अध्यक्षता करते हुए जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार गौर ने कहा कि अधिवक्ताओं के हित में जो भी कार्य किया जा सकता था वह किया गया। सभागार को अनुकूलित बनाने के लिए 6 अधिवक्ता योगेंद्र प्रताप सिंह, अभिषेक वर्मा, प्रशांत कुमार, रेखा यादव, राजीव कुमार व राणा यादव का विशिष्ट सहयोग है उनको सम्मानित कर धन्यवाद दिया। अध्यक्ष श्री गौर ने यह कहा कि इस सभागार की नींव 4 फरवरी 1949 को संयुक्त प्रांत के प्रधानमंत्री श्री पंडित गोविंद बल्लभ पंत ने रखी थी तथा सभागार का उद्घाटन 1 फरवरी 1970 को भारत वर्ष की तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने किया था श्री गौर ने यह भी कहा कि मैं अपने सीनियर की डाली गई स्वस्थ परंपराओं का निर्वाहन किया है, ज्ञात हो उद्घाटन के पचपन वर्ष बाद सभागार की काया पलट गई है और उसे वातानुकूलित और आधुनिक किया गया है। सभा का संचालन जिला बार एसोसिएशन के महामंत्री देवेंद्र पाल ने किया। सभा को वरिष्ठ अधिवक्ता कृपानंद बाजपेई विद्याराम भारतीय ने भी संबोधित किया।

# योगी सरकार ने अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विवि हैदराबाद के लखनऊ परिसर हेतु स्थायी भूमि हस्तांतरित की

- उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने किया हस्ताक्षर
- यह परिसर विभिन्न भाषाओं के पाठ्यक्रम चलाएगा
- सरकार युवाओं को वैश्विक स्तर की भाषाई शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध
- विश्वविद्यालय को यह भूमि एक रुपये प्रतिवर्ष की लीज पर दी गई



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** अंग्रेजी एवं अन्य विदेशी भाषाओं की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से योगी सरकार द्वारा अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विश्वविद्यालय, हैदराबाद (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) के लखनऊ परिसर की स्थापना के लिए स्थायी परिसर निर्माण हेतु भूमि हस्तांतरित की गई। यह परिसर बी.ए. (ऑनर्स) अंग्रेजी, एम.ए. अंग्रेजी, एम.ए. भाषाविज्ञान, एम.ए. अंग्रेजी साहित्य, पीजीडीटीई और पीएच.डी. जैसे नियमित कार्यक्रमों के साथ-साथ फ्रेंच, जर्मन, रूसी और स्पेनिश भाषाओं के अंशकालिक पाठ्यक्रम भी संचालित करेगा। वर्तमान में विश्वविद्यालय अस्थायी रूप से आरटीटीसी कॉम्प्लेक्स, कानपुर रोड, लखनऊ में संचालित है।भूमि हस्तांतरण समारोह उच्च शिक्षा मंत्री के लखनऊ स्थित आवास पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय उपस्थित रहे। उनके साथ उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी, सरोजिनी नगर विधानसभा के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह, उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव एम.पी. अग्रवाल, विशेष सचिव निधि श्रीवास्तव सचिव अमित त्रिपाठी, अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एन. नागराजू, कुलसचिव प्रो. एम. हरिप्रसाद, निदेशक (लखनऊ परिसर) प्रो. रजनीश अरोड़ा तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि योगी सरकार प्रदेश के युवाओं को वैश्विक स्तर की भाषाई शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। यह विश्वविद्यालय भाषाई शिक्षा, साहित्य और भाषाविज्ञान के क्षेत्र में नए अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि स्थायी परिसर के निर्माण से शिक्षा की गुणवत्ता और सुविधाओं में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एन. नागराजू ने उत्तर प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह भूमि हस्तांतरण संस्थान के दीर्घकालिक विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आश्वासन दिया कि लखनऊ परिसर को भाषाई शिक्षा और अनुसंधान का उत्कृष्ट केंद्र बनाया जाएगा।जिलाधिकारी लखनऊ द्वारा ग्राम चकौली, परगना बिजनौर, तहसील सरोजनी नगर, जनपद लखनऊ में कुल 2.3239 हेक्टेयर भूमि को इस परियोजना के लिए चिन्हित किया गया था। प्रारंभिक मूल्यांकन के अनुसार भूमि का मूल्य 9,29,56,000 रूपए तथा मालगुजारी 34,858.50 रूपए वार्षिक आंका गया। विश्वविद्यालय द्वारा भूमि क्रय करने में असमर्थता व्यक्त करने के बाद, योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने मंत्री परिषद से अनुमोदन प्राप्त कर इस भूमि को उच्च शिक्षा विभाग के नाम निःशुल्क हस्तांतरित करते हुए विश्वविद्यालय को 1 रूपए प्रतिवर्ष की लीज पर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया। अनुमोदन के क्रम में राजस्व अभिलेखों में भूमि दर्ज कर ली गई तथा 12 अगस्त 2025 को औपचारिक लीज डीड निष्पादित की गई।

## शिक्षा का मूल उद्देश्य ही विश्व एकता है

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम द्वितीय कैम्पस के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय 'इण्टरनेशनल इण्टरफेथ कान्फ्रेन्स' के दूसरे दिन का उद्घाटन आज मुख्य अतिथि श्री स्वतन्त्र देव सिंह, कैबिनेट मंत्री, जल शक्ति, उ.प्र. ने सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री स्वतन्त्र देव सिंह ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ ज्ञान अर्जन ही नहीं अपितु विश्व एकता है और इसी प्रकार धर्म का उद्देश्य सामाजिक समरसता, प्रेम व शान्ति है। उन्होंने भावी पीढ़ी का आह्वान किया कि धर्म के मर्म को समझकर एकता व शान्ति की भावना से राष्ट्रनिर्माण में योगदान दें।

विदित हो कि इस अन्तर्राष्ट्रीय धार्मिक समन्वय सम्मेलन में इजिप्ट, अमेरिका, लेबनान, ब्राजील एवं भारत के विभिन्न प्रान्तों से पधारे विद्वजन प्रतिभाग कर रहे हैं। सम्मेलन के दूसरे दिन आज विभिन्न धर्मों के अनुयाइयों, विचारकों, दार्शनिकों, धर्माचार्यों व शिक्षाविदों की एक मंच पर उपस्थिति ने सर्वधर्म समभाव का अनूठा आलोक बिखेरा।

# दिव्यांगजन हेतु रोजगार मेला आयोजित

- रोजगार मेला में 25 कंपनियों ने भाग लिया और 172 दिव्यांग प्रतिभागियों को नौकरी के ऑफर दिए गए
- मेले में दिव्यांगजनों के लिए सहायक यंत्रों का प्रदर्शन और स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी भी दी गई



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** दिव्यांगजन को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से दिव्यांगजन रोजगार अभियान के अंतर्गत आज डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ में दिव्यांगजन हेतु रोजगार मेला आयोजित किया गया। यह अभियान 6 से 13 अगस्त 2025 तक प्रदेशभर में चलाया जा रहा है।

मेले का शुभारंभ उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक पुलकित खरे ने मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन की उपस्थिति में फीता काटकर किया। मिशन निदेशक ने मेले की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और प्रतिभागियों से संवाद कर उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि मिशन का प्रयास है कि दिव्यांगजन को बराबरी के अवसर मिलें और वे सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें। ऐसे मेले उन्हें अपने हुनर को पहचानने और सही अवसर प्राप्त करने में मदद करते हैं। उन्होंने नियोक्ताओं से आह्वान किया कि दिव्यांगजनों को भी सामान्य युवाओं की तरह क्षमतावान मानते हुए अधिक से अधिक संख्या में सेवायोजित किया जाए।

रोजगार मेले में समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास, पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण केंद्र (ब्ब्) ने दिव्यांगजन सहायक यंत्रों का प्रदर्शन किया और पुनर्वास सेवाओं की जानकारी दी। इसके अलावा डैडम् विभाग ने दिव्यांगजनों के लिए उपलब्ध स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी और आवेदन प्रक्रिया का मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्यक्रम में आई.टी.आई. अलीगंज के प्रधानाचार्य एवं जिला समन्वयक राज कुमार यादव, सहायक सेवायोजन अधिकारी प्रज्ञा त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रतिभागियों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई।

# सभी जनपदों में चलेगा अभियान 'समझदारी की बात, सबके साथ'

- अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय से हुई शुरुआत, रंगारंग कार्यक्रम व लघु नाटिका के माध्यम से छात्रों को किया जागरूक
- सभी जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सघन जागरूकता अभियान के संचालन के लिए जारी हुए निर्देश

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को एचआईवी/एड्स के बारे में जागरूक करने के लिए विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम हुए। उत्तर प्रदेश राज्य एड्स कंट्रोल सोसाएटी (यूपीसैक्स) के अपर परियोजना निदेशक रविंद्र कुमार और विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर मनुका खन्ना ने प्रदेशस्तर पर शुरू होने जा रहे सघन जागरूकता अभियान समझदारी की बात, सबके साथ का अनावरण किया। यह अभियान अगले दो महीने प्रदेश के सभी जिलों में चलेगा।

अपर परियोजना निदेशक ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से प्रदेश के 10 हजार से ज्यादा गांवों में घर-घर जाकर एचआईवी/एड्स के बारे में बताएंगे और उन गांवों के प्रधान, आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत मित्र, सचिव आदि के सहयोग से खुली बैठकें आयोजित करेंगे। इसके अलावा ब्लॉक स्तर और जिले स्तर पर विशेष स्वास्थ्य शिविर, लोक कला कार्यक्रम, स्कूल आउटरीच प्रोग्राम और युवा छात्रों के लिए विशेष महाविद्यालय स्तर के कार्यक्रम भी शामिल किए जाएंगे। सभी जिलाधिकारियों व मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को इसके बावत निर्देश जारी किए गए हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति के बिना किसी भी समाज, प्रदेश और देश का विकास संभव नहीं है।

# रोजगार मिशन के अधीन राज्य कार्यकारी समिति की बैठक संपन्न



- प्रदेश एवं देश में भी किया जाएगा अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाने का कार्य

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अधीन प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन विभाग की अध्यक्षता में गठित राज्य कार्यकारी समिति की बैठक गत दिवस आहूत की गयी। सर्वप्रथम प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में अन्तर्राष्ट्रीय रोजगार राज्य की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण कारक के रूप में उभरा है। इसी प्रक्रिया के अन्तर्गत इजराइल में श्रम एवं सेवायोजन विभाग द्वारा 5978 निर्माण श्रमिकों को इजराइल भेजा जा चुका है, जिसकी चर्चा प्रदेश में एवं अन्य देशों में हो रही है। इस कार्य की महत्ता को देखते हुए सेवायोजन विभाग के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन का गठन किया गया।

उन्होंने बताया कि मिशन के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय रोजगार के साथ-साथ प्रदेश एवं देश में भी अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाने का कार्य किया जाना है। मिशन के मुख्य उदेश्यों में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न रोजगार के अवसरों को पता लगाना, स्किलगैप का अध्ययन कर उसको दूर कराना, रोजगार कार्यक्रम संचालित करना, कॅरियर काउन्सिलिंग कराना तथा राज्य के रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों एवं अल्परोजगार युवाओं को पोस्ट प्लेसमेन्ट स्पोर्ट प्रदान करना है जिसमें घरेलू एवं विदेशी प्लेसमेन्ट द्वारा राज्य सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि हो। उक्त कार्यो के अर्न्तगत विदेश में नौकरी के लिए युवाओं को तैयार करने के उद्देश्य से युवाओं को प्रोफेशनल रूप से तैयार किया जायेगा तथा बाजार मांग के अनुरूप ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किये जायेगे। चर्चा में अवगत कराया गया कि वर्तमान में जर्मनी, जापान व इजराइल से नर्स एवं केयर गिवर की रिक्तियॉ प्राप्त हुयी है, जिसमें लगभग 1.50 लाख रूपये तक का वेतन मिलेगा, साथ ही खाड़ी देशों से भी विभिन्न सेक्टर की रिक्तियों की प्राप्ति सम्भावित है। उक्त समस्त प्रक्रिया के संचालन एवं निगरानी हेतु ऑनलाइन व्यवस्था विकसित की गयी है।

# लाल किले पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के 178 श्रमिक आमंत्रित

- प्रधानमंत्री द्वारा लाल किले पर किये जाने वाले सम्बोधन के साक्षी बनेंगे
- दिल्ली प्रवास के दौरान श्रमिक विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग भी करेंगे

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के लाल किले, जहाँ से प्रधानमंत्री राष्ट्र को सम्बोधित करेंगे, उस समारोह में प्रदेश के 178 श्रमिक, जिन्हें बंधुआ श्रम की परिस्थितियों से मुक्त कराया गया है, भी प्रतिभाग करेंगे। इसमें 89 महिला श्रमिक भी सम्मिलित हैं। प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन, उ0प्र0 शासन डॉ0 एम0के0 शन्मुगा सुन्दरम द्वारा बताया गया कि इस वर्ष उत्तर प्रदेश से 89 ऐसी महिला श्रमिक, जिन्हें बंधुआ श्रमिकों को विभिन्न कार्यस्थालों से अवमुक्त कराकर पुनर्वासित कराया गया है, को 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले पर होने वाले समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है, इनके साथ इनके पति या पिता भी प्रतिभाग करेंगे। यह सभी 178 श्रमिक 13 अगस्त की सुबह जनपद अलीगढ़, संभल, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर सहारनपुर एवं बागपत जनपदों से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। उन्होने बताया कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, गृह मंत्रालय व रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संयुक्त रूप से इन श्रमिकों को लाने व ले जाने की व्यवस्था की गयी है। यह सभी श्रमिक 16 अगस्त तक नई दिल्ली में प्रवास करेंगे तथा पूर्व निर्धारित विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे, जिसमें उनका दिल्ली भ्रमण भी सम्मिलित है। यह सभी श्रमिक 15 अगस्त को प्रधानमंत्री द्वारा लाल किले पर किये जाने वाले सम्बोधन के भी साक्षी बनेंगे। श्रम आयुक्त, उ0प्र0 मार्कण्डेय शाही ने बताया कि यह सभी श्रमिक अपने जीवन में प्रथम बार इस आयोजन में आमंत्रित किये जाने पर बहुत ही उत्साहित है।

## शीतला देवी मंदिर के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्याकरण निर्माण की मांग की

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य मुकेश शर्मा ने मॉनसून सत्र के दूसरे दिन सदन में राजधानी लखनऊ स्थित मंदिरों के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्याकरण के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश भर में मंदिरों में सुविधाओं का विस्तार एवं सौन्दर्याकरण कार्य को बढ़ावा दिया जा रहा है।

श्री शर्मा ने विशेष रूप से राजाजीपुरम स्थित शीतला देवी मंदिर का उल्लेख करते हुए बताया कि यह आस्था का एक प्रमुख केंद्र है, जहाँ प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन हेतु आते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं मंदिर की गरिमा बनाए रखने के लिए मंदिर का जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्याकरण आवश्यक है।

उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इस लोकमहत्व के विषय पर संज्ञान लेते हुए शीतला देवी मंदिर में आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने और जीर्णोद्धार कार्य को शीघ्र प्रारंभ किया जाए।

# हर घर तिरंगा अभियान: निकाली तिरंगा यात्रा



अवधनामा ब्यूरो

**काकोरी लखनऊ।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मंगलवार को काकोरी मंडल में एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा काकोरी के शीतला देवी मंदिर प्रांगण से शुरू हुई, जो काकोरी कस्बे के मुख्य मार्ग से होते हुए विकासखंड काकोरी मुख्यालय पर समाप्त हुई। इस यात्रा का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना को जागृत करना और हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

इस भव्य तिरंगा यात्रा का नेतृत्व जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख नीतू यादव और काकोरी नगर पंचायत के अध्यक्ष रोहित साहू ने किया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में इसमें शामिल हुए। लोगों के हाथों में तिरंगा झंडा, स्वदेशी अपनाओ के पोस्टर थे और वे भारत माता की जय के उद्घोष के साथ पूरे उत्साह के साथ आगे बढ़ रहे थे, जिससे पूरा माहौल देशभक्ति से सराबोर हो गया था।

तिरंगा यात्रा में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा विकास किशोर, मंडल अध्यक्ष विपिन राजपूत, महिला मोर्चा की जिला महामंत्री प्रतिभा वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष रवि राज लोधी, मंडल प्रभारी संजेश सिंह, सुनील कनौजिया, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अनिल सिंह चौहान सहित मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। यह यात्रा हर घर तिरंगा अभियान की सफलता का एक बड़ा प्रमाण थी और इसने क्षेत्र में एक सकारात्मक संदेश दिया।

## महिला आयोग की अध्यक्ष करेंगी विभिन्न चिकित्सालयों का निरीक्षण

**लखनऊ।** लखनऊ में 13 अगस्त 2025 को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ0 बबीता सिंह चौहान (राज्यमंत्री स्तर प्राप्त) द्वारा लखनऊ जनपद का भ्रमण किया जाएगा। इस दौरान वह प्रातः 11:30 बजे वीरांगना अवंतीबाई महिला चिकित्सालय (डफरिन), कैसरबाग एवं दोपहर 1रू00 बजे क्वीन मैरी महिला चिकित्सालय, किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, चौक का निरीक्षण करेंगी। निरीक्षण के उपरांत अपराह्न 2रू30 बजे आयोग मुख्यालय, गोमती नगर, लखनऊ में आगमन होगा। अध्यक्ष द्वारा महिला स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, सुविधाओं की उपलब्धता एवं महिला हितों से जुड़े मुद्दों की समीक्षा की जाएगी।

## चौक कोतवाली में स्कूली बच्चों ने पुलिस कर्मियों को बांधी राखी



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक इंटर कॉलेज चौक के नर्सरी व पहली कक्षा की छात्राओं ने सोमवार को चौक कोतवाली में इंस्पेक्टर नागेश उपाध्याय समेत तमाम पुलिस कर्मियों को राखी बांधी। इस दौरान छोटी-छोटी छात्राओं के साथ स्कूल की प्रभारी कृष्णा दीक्षित व फैजा फातिमा और शिक्षिका साइमा बेग भी मौजूद रहीं। इस मौके पर पुलिस की तरफ से भी बच्चों को रिर्टन गिफ्ट दिया गया। कुछ पुलिस कर्मियों ने दो से तीन छात्राओं को सौ-सौ रुपए दिया। इंस्पेक्टर नागेश ने सभी बच्चों को गिफ्ट में स्टेशनरी का बॉक्स व चॉकलेट समेत रिफ्रेशमेंट में बच्चों व स्कूल के स्टॉफ को खस्ता व पानी की बोतलें दी।

# हर घर को जल-नल योजना: जागरूकता और सामुदायिक भागीदारी कार्यक्रम संपन्न

- शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देश पर लखनऊ नगर निगम ने वार्ड-32 में पेयजल योजना के लिए किया विशेष कार्यक्रम




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत सरकार के शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देशन में लखनऊ नगर निगम ने पेयजल डिस्ट्रिक्ट-डी क्षेत्र के आलम नगर वार्ड-32 में एक महत्वपूर्ण जागरूकता और सामुदायिक भागीदारी कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। यह कार्यक्रम पार्षद कार्यालय पर वार्ड की सम्मानित जनता के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसका मुख्य उद्देश्य शहरों को जल-सुरक्षित बनाना और हर घर को नल से जल का कनेक्शन प्रदान करना है।

इस योजना का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि शहर के हर नागरिक को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो। कार्यक्रम में जल निगम के सहायक अभियंता (ए.ई.) गौरी शंकर गुप्ता और जूनियर अभियंता (जे.ई.) जावेद खान विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने जनता को इस योजना की बारीकियों, इसके क्रियान्वयन की प्रक्रिया और इसके दीर्घकालिक लाभों के बारे में विस्तार से समझाया।

उन्होंने बताया कि यह योजना न केवल पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी, बल्कि जलजनित बीमारियों को रोकने में भी सहायक होगी। कार्यक्रम के दौरान, क्षेत्र के निवासियों ने भी अपनी जिज्ञासाओं और सुझावों को अधिकारियों के सामने रखा। अधिकारियों ने सभी सवालों का संतोषजनक जवाब दिया और जनता की भागीदारी के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर, वार्ड के पार्षद ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि वे सदैव उनकी सेवा में समर्पित हैं और इस योजना को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि यह सरकार की एक सराहनीय पहल है, जो सीधे तौर पर आम जनता के जीवन स्तर को बेहतर बनाएगी। कार्यक्रम में उपस्थित जनता ने भी इस पहल का स्वागत किया और इसके सफल क्रियान्वयन में अपना पूरा सहयोग देने का वादा किया।

# इस्लाम गदीर में मुकम्मल हुआ और कर्बला में महफूज



### मजलिसे शबे चेहलुम कल

लखनऊ। इमामबाड़ा शकील रिजवी अब्बास नगर मुफ्तीगंज में बृहस्पतिवार को रात 9.15 बजे मजलिस को मौलाना अरशद हुसैन मूसवी खिताब करेंगे। इसके बाद शहर की अनेक अंजुमनें नौहाख्वानी व सीनाजनी करके कर्बला के शहीदों का गम मनायेंगी। इमामबाड़ा रियासत हुसैन मंसूर नगर में रजा अब्बास की ओर से होने वाली मजलिस को मौलाना शब्बर हुसैन रात 9.30 बजे खिताब करेंगे। महिलाओं की मजलिस बृहस्पतिवार को सुबह 11 बजे होगी।

### इमामबाड़ा नाजिम साहब से निकलेगा जुलूस

लखनऊ । कर्बला के शहीदों का चेहलुम 15 अगस्त को मनाया जायेगा। इस मौके पर शहर के विभिन्न इलाकों में मजलिस व नज्रों का आयोजन होगा। जिसको लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इस सिलसिले में इमामबाड़ा नाजिम साहब विक्टोरिया स्ट्रीट में जोहर की नमाज के बाद मजलिस होगी। इसके बाद शहर की करीब दो सौ अंजुमनें अपने अलम के साथ नौहाख्वानी व सीनाजनी करती हुई अकबरी गेट, नक्खास, टूरियागंज, हैदरगंज, बुलाकी अड्डा होते हुए कर्बला ताल कटोरा अपने अलम ले जायेगी। अंजुमन के लोगों ने अलम सजाने के लिए कपड़े के आकर्षक व विभिन्न डिजाइनों के पटके, छड़ और अलम की खरीदारी शुरू कर दी है। इसके अतिरिक्त अलम को सजाने के लिए फूलों के तरह-तरह के पटकों के आर्डर दे रहे हैं। कुछ अंजुमनें ड्राई फ्रूट के पटके भी बनवा रही हैं तो कुछ अजादार फ्रूट के पटके बनायेंगे।

### मातमदारों को नि:शुल्क केवड़ा वितरण

चेहलुम के मौके पर कमा और जंजीर का मातम करनी वाली सभी अंजुमनों और जो अजादार कमा व जंजीर का मातम करते हैं उनके लिए बारगाह-ए-उम्मुल बनीन मंसूरनगर में बुधवार से नि-शुल्क केवड़ा का वितरण किया जायेगा रहा है। मातमदार केवड़ा हासिल कर सकते हैं।

### शहीदाने कर्बला की याद में मजलिसें आज

इमामबाड़ा सैयद दबीर आगा छावनी हसनुद्दीन खां नूरबाड़ी में बुधवार को रात 8 बजे मौलाना हसन जहीर मजलिस को खिताब करेंगे। मजलिस के बाद अंजुमने नौहाख्वानी व मातम करेंगी। अजाखाना जव्वार हुसैन मरहूम हसन पुरिया में सैफी नकी रात 8.30 बजे मजलिस को खिताब करेंगे। मजलिस के बाद अंजुमन गुंचाए मजलूमियां नौहाख्वानी करेगी। इमामबाड़ा मकबूल हुसैन मरहूम जनाब वाली गली में रात 9.30 बजे मौलाना अदील हसन मजलिस को खिताब करेंगे। यहां अंजुमन जफरूल इमान नौहाख्वानी करेगी।

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कर्बला अजमतउद्दौला बहादुर मेंहदीगंज में मंगलवार को मौलाना सैयद मोहम्मद अस्करी ने मजलिस को खिताब किया। उन्होंने कहा कि इस्लाम गदीर में मुकम्मल हुआ और कर्बला में महफूज हुआ। अगर इमाम हुसैन (अ.स.) कर्बला के मैदान में अपनी अजीम कुर्बानिया नहीं देते तो आज इस्लाम न होता। बृहस्पतिवार की मजलिस को मौलाना कल्बे जव्वाद रात 8.30 बजे खिताब करेंगे। मजलिस के बाद आग पर मातम और शबिहों की जियारत होगी। इसके बाद मातमी अंजुमनें नौहाख्वानी व सीनाजनी करेंगी। कार्यक्रम का आयोजन कर्बला कमेटी ने किया है। इमामबाडा उम्मुल बनीन मंसूर नगर में मौलाना सैयद शाकिर हुसैन ने मजलिस को खिताब किया। मजलिस के बाद अंजुमन गुंचाए मजलुमिया ने नौहाख्वानी की। इमामबाड़ा सैयद मोहसिन अली त्रिवेणीगंज में आयोजित मजलिस को मौलाना शबाब वास्ती ने खिताब किया। मौलाना ने हजरत जैनब (स.अ.) और हजरत सकीना (स.अ.) पर पड़ी मुसिबतों को बयान किया। तो अजादार रोने लगे।

# आलमपुर में मजलिस-ए-अज़ा का आयोजन




अवधनामा संवाददाता

**आलमपुर बाराबंकी।** पिछले साल की तरह इस साल भी अज़ाख़ाना-ए-ग़मख्वार हुसैन आलमपुर में एक मजलिस-ए-अज़ा का आयोजन किया गया। मौलाना आयाज़ हुसैन आलमपुरी ने मजलिस की शुरुआत तिलावत-ए-कुरान-ए-पाक से की। इसके बाद अंजुमन रौनक-ए-अज़ा के साहिब-ए-बेयाज़ ज़ामिन आलमपुरी ने नज़राना-ए-अक़ीदत पेश किया और मौलाना सुहैल बाराबंकी ने मजलिस को खिताब किया। अंजुमन ज़ीनतुल अज़ा रजिस्टर्ड आलमपुर, अंजुमन रौनक-ए-अज़ा रजिस्टर्ड आलमपुर और अंजुमन फ़रोग़-ए-अज़ा रजिस्टर्ड देवरा सादात बाराबंकी ने नौहा ख्वानी और सीनाज़नी की। इसके बाद मजलिस में शिरकत करने वाले सभी मोमिनीन ने नज़र-ए-मौला में भी हिस्सा लिया और फिर तबर्रुक़ का वितरण किया गया। बानी-ए-मजलिस अहमद रज़ा आलमपुरी ने मजलिस में शिरकत करने वाले सभी मोमिनीन का शुक्रिया अदा किया।